प्रारूप प्रकाशन हेतु योजना काल वर्ष 2035 रखा गया है। योजना काल की जनसंख्या का आंकलन कर नगर विकास की भावी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मिश्रित भूमि उपयोग प्रस्तावित किये गये हैं। मिश्रित भूमि उपयोग के अंतर्गत आवासीय, वाणिज्यिक तथा सार्वजनिक एवं अर्द्ध–सार्वजनिक उपयोगों को एक साथ रखा गया है, जो वर्तमान में नगरीय विकास की आवश्यकता भी है।

इस योजना को तैयार करने में सुदूर संवेदन तकनीक एवं भौगोलिक सूचना प्रणाली का उपयोग किया गया है। इस विकास योजना में पारम्परिक भूमि उपयोग निर्धारित ना करते हुए नगर की आवश्यकता के अनुरूप मिश्रित उपयोग प्रस्तावित किये गए हैं। यह योजना सर्वसाधारण एवं संस्थाओं से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित करने हेतु प्रकाशित की जा रही है। मुझे आशा है कि नागरिकगण अपने व्यवहारिक, सृजनशील एवं रचनात्मक सुझावों को प्रस्तुत करेंगे ताकि हम उनके सक्रिय योगदान से इस योजना को अंतिम रूप देकर और अधिक प्रभावशील करने में सफल हो सकें।

(अजीत कुमार)
आयुक्त सह संचालक
संचालनालय, नगर तथा ग्राम निवेश
मध्य प्रदेश शासन

सतना विकास योजना 2035

सतना विकास योजना 2035 (प्रारूप) : योजना दल

संयुक्त संचालक

नीरज आनंद लिखार डॉ. अमित कुमार गजभिये राजेश नागल

सहायक संचालक

इन्दु त्रिपाठी नागेश पन्द्रो

कर्मचारीगण

अजय पाटकर
प्रकाश कुमार विश्वकर्मा
मीना वर्मा
अंशुल गुप्ता
उदित पाण्डेय
जयंत शील
अनिल सक्सेना
अरविंद सक्सेना
सर्वेश पिडिहा
सरिता ठाकुर
मानसी गुज्जेवार

म.प्र. विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी परिषद् (भूमि उपयोग एवं शहरी सर्वेक्षण प्रभाग) का दल

डॉ. विवेक कटारे
प्रमुख
भूमि उपयोग एवं शहरी सर्वेक्षण प्रभाग,
आरएसएसी, एमपीसीएसटी, भोपाल

डॉ. देवानु भट्नागर
परियोजना समन्वयक अमृत
भूमि उपयोग एवं शहरी सर्वेक्षण प्रभाग,
आरएसएसी, एमपीसीएसटी, भोपाल

अजेन्द्र मिश्रा
शोध सहयोगी

डॉ. जगदीश चन्द्र पलसावदिया
शोध सहयोगी

विषय सूची

प्रस्तावना i

योजना दल iii

विषय सूची v

सारणी सूची xiii

मानचित्र सूची xvii

अध्याय– 1 नगर परिचय, नियोजन एवं विकास संदर्भ 1

1.1 नगर परिचय 1

1.1.1 ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि एवं भौतिक विकास 1

1.1.2 क्षेत्रीय एवं उपक्षेत्रीय संदर्भ 2

1.2 अध्ययन क्षेत्र एवं स्थिति 3

1.2.1 भौतिक स्वरूप 3

1.2.2 प्राकृतिक जल निकास 3

1.2.3 जलवायु 4

1.2.4 वायु दिशा 4

1.2.5 भू–आकृति 4

1.2.6 भू–गर्भीय संरचना एवं खनिज संपदा 4

1.3 नियोजन हेतु प्रयास 4

1.4 नियोजन प्रस्ताव 5

1.5 निवेश क्षेत्र 6

1.6 नगर पालिक निगम क्षेत्र 8

अध्याय– 2 विकास योजना पुनर्विलोकन कार्यप्रणाली एवं नियोजन दृष्टिकोण 9

2.1 विकास योजना पुनर्विलोकन हेतु सूदूर संवेदन एवं भौगोलिक सूचना प्रणाली का उपयोग .. 9

2.1.1 अमृत योजना 10

2.1.2 सुदूर संवेदन 10

2.1.3 भौगोलिक सूचना प्रणाली 12

2.2 विकास योजना पुनर्विलोकन कार्यप्रणाली 13

2.2.1 उद्देश्य 14

2.2.2 कार्यप्रणाली 14

2.3 अमृत मानकों की व्याख्या 16

2.3.1 थिमेटिक मानचित्रीकरण (Thematic Mapping) 16

2.3.1.1 यातायात संरचना 16

2.3.1.2 भूमि उपयोग/भूमि आच्छादन 16

2.3.1.3 ग्राम/वॉर्ड सीमा 18

2.3.1.4 ढलान 19

2.3.1.5 मृदा 20

2.3.1.6 डिजिटल एलिवेशन मॉडल (DEM) 20

2.3.1.7 कंटूर (Contour) 20

2.3.1.8 लिथोलॉजी 21

2.3.1.9 भू–जल संभावनाएं 21

2.3.1.10 जलाशय 21

2.3.1.11 भूकम्प आपदा परिक्षेत्र 22

2.3.1.12 शासकीय भूमि 22

2.3.1.13 भूमि मूल्य 22

2.3.1.14 भू–आकृति विज्ञान (जियोमॉर्फोलॉजी) उपखण्ड 26

2.3.1.15 जल स्त्रोत बफर 26

2.3.1.16 भूमि अवक्रमण (Land Degradation) 27

2.3.1.17 मार्ग संरचना बफर 27

2.3.1.18 रेलवे स्टेशन 28

2.4 नगरीय भूमि उपयोग उपयुक्तता 28

2.4.1 नगरीय भूमि उपयुक्तता विकल्प 29

2.5 भूमि उपयोग का आवंटन 35

अध्याय– 3 विकास योजना पुनर्विलोकन हेतु अध्ययन एवं विश्लेषण 37

3.1 कियान्वयन परिदृश्य 37

3.2 विकास योजना के कियान्वयन का मूल्यांकन 37

3.2.1 आवासीय 40

3.2.2 वाणिज्यिक 40

3.2.3 औद्योगिक 42

3.2.4 मिश्रित 43

3.2.5 सार्वजनिक एवं अर्ध सार्वजनिक/सार्वजनिक उपयोगिताएं एवं सुविधायें....43
3.2.6 आमोद–प्रमोद....43
3.2.7 यातायात एवं परिवहन....44
3.2.8 नगरीय परिभ्रमण संरचना....46
3.3 योजना कालावधि....46
3.4 अधिनियम की धारा 23–क (1) अंतर्गत उपांतरण....47
3.5 असंगत भूमि उपयोग....47
3.6 जन सांख्यिकी एवं सामाजिक आर्थिक विश्लेषण....49
3.6.1 जनसंख्या विश्लेषण....49
3.6.2 जनसंख्या लिंगानुपात....54
3.6.3 शिशु जनसंख्या....54
3.6.4 अनुसूचित जाति एवं जनजाति जनसंख्या....55
3.6.5 साक्षरता....56
3.6.6 कार्यशील जनसंख्या....56
3.6.7 जनसंख्या घनत्व....57
3.6.8 व्यवसायिक संरचना....59
3.6.9 जनसंख्या परिवर्तन....60
3.7 नगर के मुख्य कार्यकलाप....61
3.8 नगरीय विस्तार....62
3.9 अनुमानित जनसंख्या....63
3.9.1 नगरीय क्षेत्र की अनुमानित जनसंख्या....63
3.9.2 ग्रामीण क्षेत्र की अनुमानित जनसंख्या....63
3.9.3 निवेश क्षेत्र की अनुमानित जनसंख्या....64
3.10 गंदी बस्तियॉं....65
3.11 आवासीय इकाईयों की भावी आवश्यकता....67
3.11.1 आवासों का प्रकार....69
3.12 अनुमानित व्यवसायिक संरचना....69
3.13 भैतिक अधोसंरचना....69
3.13.1 जल प्रदाय....69
3.13.2 जल–मल निकास एवं स्वच्छता....70
3.13.3 वर्षा जल निकासी....71

3.13.4 विद्युत प्रदाय 71
3.13.5 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन 71
3.14 सामाजिक अधोसंरचना 72
3.14.1 शासकीय कार्यालय 72
3.14.2 स्वास्थ्य सुविधाएँ 72
3.14.3 शैक्षणिक संस्थाएँ 73
3.14.4 शमशान घाट एवं कब्रिस्तान 73
3.14.5 अग्निशमन सेवा केन्द्र 73
3.14.6 क्रीडांगन/खेल परिसर 74
3.14.7 डेयरी फार्म/कुक्कुट पालन 74
3.14.8 स्लॉटर हाउस 74
3.14.9 पिकनिक स्थल 74
3.14.10 मेला स्थल 74
3.14.11 प्रदर्शनी स्थल 75
3.14.12 तरण ताल 75
3.14.13 भू–जल संवर्धन 75
3.14.14 ए.टी.एम. 75
3.14.15 अन्य सेवाएं–सुविधाएं 76
अध्याय– 4 प्रस्तावित परिभ्रमण योजना 77
4.1 यातायात संरचना 77
4.2 यातायात की वर्तमान स्थिति 77
4.3 अंर्तनगरीय यातायात 78
4.3.1 रेल मार्ग 78
4.3.2 सड़क मार्ग 78
4.3.3 सीधा यातायात 78
4.4 नगरीय यातायात 78
4.5 मार्गो का श्रेणी क्रम एवं मार्गो की प्रस्तावित चौडाई 79
4.5.1 क्षेत्रीय मार्ग 79
4.5.2 नगरीय मार्ग 79
4.5.3 मार्गो की प्रस्तावित चौडाई 80
4.6 यातायात अवसान केन्द्र (माल/यात्री) 89

4.6.1 आवसान केन्द्र (यात्री) 89
4.7 पार्किंग प्रस्ताव 89
4.8 यातायात प्रबंधन योजना 90
4.8.1 चौराहों का विकास 90
अध्याय– 5 विकास योजना प्रस्ताव–2035 91
5.1 विकास योजना 2021 का पुनर्विलोकन 91
5.2 योजना अवधारणा 91
5.3 विकास योजना में अतिरिक्त क्षेत्र की आवश्यकता 92
5.4 भूमि उपयोग 2035 92
5.4.1 आवासीय 93
5.4.2 वाणिज्यिक 93
5.4.3 औद्योगिक 94
5.4.4 मिश्रित 94
5.4.5 सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक 94
5.4.6 सार्वजनिक उपयोगिता एवं सेवा–सुविधाएं 94
5.4.7 आमोद–प्रमोद 94
5.4.8 यातायात एवं परिवहन 94
5.5 निवेश इकाईयॉ 94
5.6 अनौपचारिक सेक्टर 96
5.7 गंदी बस्ती क्षेत्र 96
5.8 आमोद–प्रमोद स्थल 97
5.8.1 खुला स्थल प्रणाली 97
5.8.2 नगर उद्यान 97
5.8.3 स्टेडियम तथा खेल परिसर 97
5.9 पुनर्विकास नीति 97
5.10 ग्राम आबादी विस्तार 98
5.11 कमजोर आय वर्ग के लिए प्रावधान 98
अध्याय– 6 विकास नियमन 99
6.1 प्रवृत्तशीलता 99
6.2 क्षेत्राधिकार 99
6.3 परिभाषाएँ 102

6.4 भूमि उपयोग परिक्षेत्र 103
6.4.1 आवासीय उपयोग परिक्षेत्र 106
6.4.2 वाणिज्यिक उपयोग परिक्षेत्र 109
6.4.2.1 वर्तमान वाणिज्यिक क्षेत्र 110
6.4.2.2 वर्तमान मार्गों पर वाणिज्यिक गतिविधियाँ 111
6.4.3 औद्योगिक उपयोग परिक्षेत्र 114
6.4.4 मिश्रित उपयोग परिक्षेत्र 114
6.4.5 सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक उपक्षेत्र 115
6.4.6 सामुदायिक सुविधाएं तथा अन्य उपखण्डीय आवश्यकताओं के मापदंड 115
6.5 अन्य नियमन 117
6.5.1 12.5 मीटर से ऊँचे भवनों संबंधी नियमन 117
6.5.2 बहुविध बहुमंज़िली इकाई निर्माण 117
6.5.3 फार्म हाउस एवं कृषि पर्यटन सुविधा 117
6.5.4 अनौपचारिक वर्ग के लिए प्रावधान 118
6.5.5 ईंधन भराव एव भराव सह–सेवा केन्द्र के मानक 118
6.5.6 यातायात नगर/मैकेनिक नगर के मानक 119
6.5.7 शॉपिंग मॉल/खुला मॉल 119
6.5.8 वर्तमान विकसित क्षेत्रों के मापदण्ड 119
6.5.9 होस्टल, वर्किंग वूमन होस्टल, रेस्ट/गेस्ट हाउस, लाजिंग/बोर्डिंग 119
6.5.10 मैरिज गार्डन 120
6.5.11 बारात घर/मांगलिक भवन/कल्याण मण्डपम/कम्युनिटी हाल 120
6.5.12 शीतकेन्द्र/वेयर हाउस /गोदाम/अन्य भण्डारण केन्द्र के लिये मापदण्ड 120
6.5.13 छविगृहों के लिए मापदण्ड 120
6.5.14 मल्टीप्लेक्स 120
6.5.15 उद्यान 121
6.6 संवेदनशील क्षेत्रों हेतु नियमन 121
6.7 उपयोग परिक्षेत्रों में स्वीकृत उपयोग परिसर 122
6.8 अन्य सुविधाएँ 126
6.9 विकास योजना के प्रस्तावों की प्राप्ति हेतु प्रक्रिया 126

अध्याय– 7 विकास योजना क्रियान्वयन 127

7.1 विकास योजना का क्रियान्वयन 127

7.2 योजना क्रियान्वयन की नीति 128

7.3 पर्यावरण प्रबंधन एवं संरक्षण कार्यक्रम 129

7.4 नगरीय अधोसंरचना एवं सेवा योजना 129

7.5 विकास नियमन हेतु व्यापक दृष्टिकोण 131

7.6 योजना एवं कार्यक्रम 131

7.7 संस्थाओं के प्रयास संबंधी मुख्य तत्व 132

7.8 प्रथम चरण कार्यक्रम 132

7.9 संसाधन गतिशीलता 133

7.10 योजना पर्यवेक्षण तंत्र 134

7.11 योजना की व्याख्या 135

अनुसूची 137

परिशिष्ट– 1 149

परिशिष्ट– 2 151

परिशिष्ट– 3 152

परिशिष्ट– 4 153

परिशिष्ट– 5 154

परिशिष्ट– 6 155

परिशिष्ट– 7 156

सतना विकास योजना 2035

सारणी सूची

सारणी 1–सा–1 सतना से अन्य नगरों की दूरी	3
सारणी 1–सा–2 सतना निवेश क्षेत्र	7
सारणी 2–सा–1 उपग्रह चित्रों के मानक	11
सारणी 2–सा–2 स्पेशियल लेयर्स की क्लासेस एवं सब–क्लासेस	12
सारणी 2–सा–3 जियो स्पेशियल डाटा	16
सारणी 2–सा–4 बिल्डिंग फुटप्रिंट एवं जियो स्पेशियल डाटा	17
सारणी 2–सा–5 सीमाओं का वर्गीकरण	19
सारणी 2–सा–6 ढलान की विभिन्न श्रेणी के अन्तर्गत क्षेत्रफल	19
सारणी 2–सा–7 मृदा विश्लेषण	20
सारणी 2–सा–8 लिथोलॉजी	21
सारणी 2–सा–9 भू–जल संभावनाएं	21
सारणी 2–सा–10 जलाशयों का वर्गीकरण	22
सारणी 2–सा–11 विभिन्न भूमि मूल्य श्रेणी अन्तर्गत क्षेत्र (वर्ष 2018–2019)	23
सारणी 2–सा–12 भू–आकृति विज्ञान उपखण्ड एवं क्षेत्रफल	26
सारणी 2–सा–13 जल स्त्रोत बफर क्षेत्रफल	26
सारणी 2–सा–14 भूमि अवक्रमण	27
सारणी 2–सा–15 मार्ग संरचना बफर क्षेत्रफल	27
सारणी 2–सा–16 Weighted Index For Composite Land Suitability	30
सारणी 2–सा–17 Land Suitability Area	34
सारणी 3–सा–1 विकास योजना 2021 के क्रियान्वयन का मूल्यांकन	38
सारणी 3–सा–2 विकास योजना 2021 के क्रियान्वयन का मूल्यांकन	39
सारणी 3–सा–3 वाणिज्यिक कार्य केन्द्र कियान्वयन	41
सारणी 3–सा–4 औद्योगिक कार्य केन्द्र कियान्वयन	43

सारणी 3–सा–5 आमोद–प्रमोद क्रियान्वयन	44
सारणी 3–सा–6 यातायात एवं परिवहन क्रियान्वयन	45
सारणी 3–सा–7 भूमि उपयोग उपान्तरण	47
सारणी 3–सा–8 भूमि उपयोग उपान्तरण	47
सारणी 3–सा–9 असंगत भूमि उपयोगों की पुनर्स्थापना	48
सारणी 3–सा–10 राज्य एवं संभाग में जनसंख्या विवरण एवं लिंगानुपात	50
सारणी 3–सा–11 वॉर्ड वार कुल जनसंख्या	51
सारणी 3–सा–12 वॉर्ड जनसंख्या लिंगानुपात	54
सारणी 3–सा–13 शिशु जनसंख्या	55
सारणी 3–सा–14 अनुसूचित जाति, जनजाति जनसंख्या	55
सारणी 3–सा–15 साक्षरता प्रतिशत	56
सारणी 3–सा–16 सतना कार्यशील (सहभागिता) जनसंख्या 2011	57
सारणी 3–सा–17 जनसंख्या घनत्व	58
सारणी 3–सा–18 व्यवसायिक संरचना 2011	60
सारणी 3–सा–19 वर्ष 2011 अनुसार निवेश क्षेत्र की जनसंख्या	60
सारणी 3–सा–20 नगरीय क्षेत्र दशक वृद्धि दर	61
सारणी 3–सा–21 ग्रामीण जनसंख्या दशक वृद्धि दर	61
सारणी 3–सा–22 नगरीय विस्तार एवं क्षेत्रफल	62
सारणी 3–सा–23 नगरीय क्षेत्र जनसंख्या का आंकलन	63
सारणी 3–सा–24 ग्रामीण क्षेत्र जनसंख्या का आंकलन	63
सारणी 3–सा–25 सतना निवेश क्षेत्र की अनुमानित जनसंख्या (वर्ष 2035)	64
सारणी 3–सा–26 गंदी बस्तियाँ	65
सारणी 3–सा–27 आवासीय इकाईयों की कमी (वर्ष 2011)	67
सारणी 3–सा–28 अनुमानित परिवारों की संख्या एवं आवास आवश्यकताएँ	68

सारणी 3–सा–29 आय समूह अनुसार आवासीय इकाईयों की आवश्यकता	69
सारणी 3–सा–30 विद्युत खपत	71
सारणी 4–सा–1 मध्य क्षेत्र में मार्गो की चौड़ाई	80
सारणी 4–सा–2 मार्ग की प्रस्तावित चौड़ाई	83
सारणी 4–सा–3 प्रस्तावित मार्गो की चौड़ाई	88
सारणी 5–सा–1 वर्ष 2035 के लिए भूमि उपयोग वितरण	93
सारणी 5–सा–2 निवेश इकाईयाँ	95
सारणी 6–सा–1 मुख्य उपयोग परिक्षेत्र	104
सारणी 6–सा–2 आवासीय भूखण्ड विकास नियमन	107
सारणी 6–सा–3 आवासीय विकास हेतु भू–खण्ड का आकार एवं निर्मित क्षेत्र	108
सारणी 6–सा–4 वाणिज्यिक क्षेत्रों के विकास मापदण्ड	109
सारणी 6–सा–5 वाणिज्यिक विकास हेतु अभिन्यास के मानक	110
सारणी 6–सा–6 वर्तमान वाणिज्यिक क्षेत्र में मार्गों की चौड़ाई एवं फर्शी क्षेत्रानुपात	112
सारणी 6–सा–7 सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक हेतु विकास नियमन	115
सारणी 6–सा–8 सामुदायिक सुविधाएं तथा अन्य उपखण्डीय आवश्यकताओं के मापदंड	116
सारणी 6–सा–9 अनौपचारिक वर्ग के लिए प्रावधान	118
सारणी 6–सा–10 उपयोग परिक्षेत्रों में स्वीकृत उपयोग	122
सारणी 7–सा–1 योजना क्रियान्वयन की लागत	128
सारणी 7–सा–2 प्रथम चरण के विकास संबंधी घटक	132
सारणी 7–सा–3 प्रथम चरण क्रियान्वयन की लागत	133

सतना विकास योजना 2035

मानचित्र सूची

क्रमांक	मा. क्र.	शीर्षक	पृ. क.
1	2	3	4
1	1.1	Regional Setting	2A
2	1.2	Location Map of Planning Area	2B
3	1.3	Planning Area	6A
4	2.1	Satellite Images	10A
5	2.2	Building Footprint	18A
6	2.3	Slope	20A
7	2.4	Soil Texture	20B
8	2.5	DEM	20C
9	2.6	Contour	20D
10	2.7	Lithology	22A
11	2.8	Groundwater Prospects	22B
12	2.9	M.P. Earthquakes Zones	22C
13	2.10	Government Land	22D
14	2.11	Land Value	26A
15	2.12	Geomorphology	26B
16	2.13	Waterbody Buffer	26C
17	2.14	Land Degradation	28A
18	2.15	Road Buffer	28B
19	2.16	Land Suitability (Model-1)	34A
20	2.17	Land Suitability (Model-2)	34B
21	2.18	Land Suitability (Model-3)	34C
22	3.1	Ward	54A
23	3.2	Ward Wise Sex Ratio	54B
24	3.3	Ward Wise Child Population (0-6)	56A
25	3.4	Ward Wise Child Sex Ratio	56B
26	3.5	Ward Wise SC/ST Population	56C
27	3.6	Ward Wise Literacy	56D
28	3.7	Ward Wise Work Participation	58A
29	3.8	Ward Wise Population Density	60A
30	3.9	Urban Sprawl	62A
31	3.10	Existing Water Supply Network	70A
32	3.11	Existing Sewerage Network	70B
33	3.12	Community Toilet	70C
34	3.13	Power Supply Network	72A
35	3.14	ATM	76A
36	4.1	Existing Transport Network	78A

सतना विकास योजना 2035

क्रमांक	मा. क्र.	शीर्षक	पृ. क.
1	2	3	4
37	4.2	Proposed Transport Network	88A
38	4.3	Bus Stop	90A
39	5.1	Existing Landuse	92A
40	5.2	Proposed Landuse	94A
41	5.3	Planning Unit	96A
42	7.1	First Phase Implementation	134A

अध्याय– 1 नगर परिचय, नियोजन एवं विकास संदर्भ

1.1 नगर परिचय

1.1.1 ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि एवं भौतिक विकास

सतना नगर का बसाव बरदाडीह स्थान से प्रारंभ होता है, जो नगर के उत्तर में लगभग तीन कि.मी. पर स्थित है। यह बस्ती पूर्वकाल में बरदाडीह बाजार के नाम से जानी जाती थी, बाद में सन् 1863 में रीवा के महाराजा श्री रघुराज सिंह द्वारा यह भूमि रेलवे टाउनशिप हेतु अर्जित की जाने पर इसको रघुराजनगर के नाम से संबोधित किया गया। 19वीं सदी के अंत में यहां स्थापित सतना स्टोन लाइम कम्पनी के कारण भी सतना नाम को जनप्रिय होने में मदद मिली। एक किवदन्ती यह भी प्रचलित है कि वर्तमान आबादी से 15 कि.मी. दूरी पर सतना नदी के किनारे सुतीक्षण मुनि का आश्रम होने के कारण भी इस नगर को सतना नाम से संबोधित किया जाने लगा।

सन् 1900 तक:–

गहाराजा रीवा द्वारा धवारी नाग की बस्ती ब्राम्हणों को आवंटित की गई थी। यह बस्ती 1735 से अभी तक नगर के एक हिस्से के रूप में है। नगर का एक अन्य सबसे पुरातन क्षेत्र डाली बाबा है, जो पहले इटौरा नाम से जाना जाता था। जगतदेव तालाब भी सन् 1868 में अकाल पीड़ित शरणार्थियों के सहायतार्थ खोले गये राहत कार्यों के रूप में बनाया गया था। वास्तव में इस नगर का विकास सन् 1867–68 के दशक में रेल लाइन निर्मित होने के पश्चात् ही शुरू हुआ। शुरूआत में छोटे दुकानदार, ग्वाले, कुम्हार एवं अन्य मजदूर यहां आ बसे, बाद में महाराजा रघुराज सिंह के विशेष प्रयत्नों से बुन्देलखण्ड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, कच्छ एवं गुजरात से भी लोग आ बसे। इस क्षेत्र में रीवा रियासत सहित क्षेत्र का प्रमुख रेलवे स्टेशन होने से यह अनाज, तिलहन, कपड़ा एवं किराना का बड़ा व्यापार केन्द्र बन गया।

नगर में 1883 में टेलीग्राफ आफिस निर्मित होने से संचार व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण कड़ी स्थापित हुई। सन् 1893 में सतना में सतना स्टोन एण्ड लाइम कम्पनी की स्थापना होने से नगर का वाणिज्यिक आधार मजबूत हुआ। सन् 1896 में नगर में आंखों का चिकित्सालय स्थापित हुआ। सन् 1897 में नगर में पंचायत एवं न्यायालय की स्थापना हुई तथा इसी वर्ष नया तालाब का निर्माण हुआ।

सन् 1900 से 1950 तक:–

इस शताब्दी के प्रारम्भ में सतना को नगर के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त हुई। शतक पूर्वार्द्ध में नगर का विकास रेलवे स्टेशन के आसपास तक ही सीमित था। सन् 1915 में प्रथम आइल मिल की स्थापना होने से यहां कृषि उपज पर आधारित उद्योगों हेतु वातावरण निर्मित हुआ। सन् 1920 में सतना एवं रीवा नगरों के बीच बस सेवा शुरू होने से नगर विकास हेतु महत्वपूर्ण भूमिका प्रारंभ हुई। सन् 1912 में नगर पालिका की स्थापना हुई।

सन् 1941 में नगर में "मार्तण्ड टाकीज" प्रथम सिनेमा गृह निर्मित हुआ। द्वितीय विश्व युद्ध के समय में नगर के समीप हवाई पट्टी का निर्माण हुआ, जिसका उपयोग सेना द्वारा युद्धबंदियों को लाने हेतु किया जाता रहा। सन् 1948 में जिला मुख्यालय बनने से यहां सिविल लाईन्स में बहुत से कार्यालय स्थापित हुये।


1950 से 1980 तक:–


सन् 1956 में राज्य पुर्नगठन के समय विन्ध्य प्रदेश का, नवीन मध्यप्रदेश में विलीनीकरण होने के पश्चात् यह नगर बघेलखण्ड क्षेत्र के लिये प्रवेश द्वारा बन गया। सतना नगर को विविध गतिविधियों का स्वरूप प्राप्त होता रहा है। सन् 1958 से नगर में नलों द्वारा जल प्रदाय शुरू हआ। जहां तक औद्योगिक विकास का प्रश्न है, नगर में सन् 1959 में सीमेन्ट कारखाने की तथा सन् 1964 में केबल फैक्ट्री की स्थापना हुई। नगर की दिनों–दिन बढ़ती हुई विद्युत आवश्यकताओं को देखते हुये नगर को सन् 1966 में अमरकंटक ग्रिड से जोड़ा गया। यातायात की समुचित व्यवस्था हेतु सन् 1970 में रेल ओवर ब्रिज का निर्माण हुआ।

1.1.2 क्षेत्रीय एवं उपक्षेत्रीय संदर्भ

सतना नगर विन्ध्य क्षेत्र का प्रवेश द्वार होने से व्यवसायिक एवं औद्योगिक विकास के साथ ही क्षेत्रीय परिवेश में कृषि उत्पाद विक्रय, ऐतिहासिक तथा पर्यटक स्थलों के सुगम यातायात का प्रमुख केन्द्र है। परिक्षेत्रीय स्तर पर खनिज संसाधनों की उपलब्धता जैसे लाईमस्टोन, बाक्साइड, रामरज, गेरू आदि प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। सतना नगर रेल मार्ग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 एवं 135–बीजी से जुड़ा होने से सीधी, पन्ना, रीवा, सिंगरौली एवं मैहर आदि नगरों को जोड़ता है। शैक्षणिक एवं औद्योगिक विकास तथा वृहद, मध्य एवं लघु तथा कुटीर उद्योगों के विकसित हो जाने से इस क्षेत्र के आर्थिक व औद्योगिक विकास में काफी परिवर्तन आने की संभावना है।

सतना नगर रेल लाईन से देश के प्रमुख नगरों से जुड़ा हुआ है, जिसके कारण इसका एक विशिष्ट स्थान हैं। प्रमुख औद्योगिक संस्थान सतना सीमेंट वर्क्स, यूनिवर्सल केबिल्स फैक्ट्री, बिरला सीमेंट फैक्ट्री, कमल स्पंज प्लान्ट, प्रिज्म सीमेंट आदि के संचालन से यहाँ पर रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं, जिससे जनसंख्या का दबाव तीव्रगति से बढ़ रहा है। यहाँ पर उपलब्ध शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का उपक्षेत्रीय स्तर पर विकास में महत्वपूर्ण योगदान है।


SATNA
1.1 REGIONAL SETTING
Legend
City Centre
National Highway
Railway Line
Madhya Pradesh District Boundary
Waterbody
Forest
Scale
0 10 20 40 60 80 Km
Planning Area
Orissa
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source: Survey of India, Toposheet
UTTAR PRADESH
BIHAR
CHHATTISGARH
MADHYA PRADESH
PRAYAGRAJ
CHITRAKOOT
REWA
SIDHI
SATNA
PANNA
CHHATARPUR
UMARIA
KATNI
SHAHDOL
ANUPPUR
JABALPUR
SAGAR
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal


1.2 Location of Planning Area
Satna
India
Bundelkhand Baghelkhand Pradesh
Madhya Pradesh
Legend
National Highway
Major District Road
Bypass
Roads
Railway Line
Builtup Area
Waterbody
Planning Area Boundary
To Rewa
To Bharjuna
To Prayagraj
To Chitrakoot
To Karahi
To Panna
To Malhar
N
0 0.5 1 1.5 2 2.5 3 3.5 4 Km
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal
SINGRAULI
SIDHI
REWA
SATNA
PANNA
CHHATARPUR
TIKAMGARH
NIWARI

सतना शहर से अन्य नगरों की दूरी

सारणी 1–सा–1

क्र.	समीपस्थ नगर	सड़क मार्ग से दूरी (कि.मी.)
1.	2.	3.
1.	पन्ना	75
2.	छतरपुर	142
3.	कटनी	112
4.	जबलपुर	208
5.	सागर	269
6.	रीवा	56
7.	प्रयागराज (उ.प्र.)	193
8.	शहडोल	203
9.	उमरिया	171
10.	अनूपपुर	247

1.2 अध्ययन क्षेत्र एवं स्थिति

1.2.1 भौतिक स्वरूप

सतना नदी के किनारे स्थित होकर यह नगर टमस नदी के मैदान में दक्षिणी ढ़ाल पर स्थित है। नगर की स्थलाकृति समान्य रूप से सपाट है तथा नगर के दक्षिण में स्थित सतना नदी को छोड़कर नगर विस्तार हेतु कोई अन्य प्राकृतिक बाधा नही है।

1.2.2 प्राकृतिक जल निकास

नगर का ढ़ाल सामान्यतः दक्षिण की ओर है। वर्तमान विकसित क्षेत्र का प्राकृतिक ढ़ाल उत्तर से पूर्व और दक्षिण–पूर्व की ओर है। कुछ हिस्सों में ढ़ाल पश्चिम और दक्षिण–पश्चिम की ओर भी है। मध्य रेखा उत्तर–पूर्व से दक्षिण–पश्चिम की ओर है। रीवा मार्ग के उत्तर से एक बड़ा नाला प्रारंभ होकर जगतदेव तालाब के निकट से होता हुआ नगर के मध्य क्षेत्र से बहता हुआ सतना नदी में मिलता है। बरसात के पानी के साथ–साथ अन्य मौसम में भी कच्ची–पक्की नालियों व सड़को का पानी सड़कों के किनारे से उत्तर से दक्षिण की ओर बहने वाले प्रमुख नाले से मिलता है। इस प्रमुख नाले से घरेलू तथा अन्य उद्योगों द्वारा निष्कासित पानी आ मिलने से कभी–कभी वर्षाकाल में बाढ़ से नगर के निचले क्षेत्रों की बस्तियां भी प्रभावित होती हैं। नगर में बरसात के पानी के निकास की कोई व्यवस्था न होने से तथा भूमिगत नालियां न होने से वर्षा का पानी तथा अन्य गंदा पानी खुली नालियों से बहने से अस्वास्थ्यकारक स्थिति बनी रहती है। जगतदेव तालाब का उचित प्रकार से भू–दृश्यीकरण होने पर नगर के मध्य भाग में एक अच्छा मनोरंजन केन्द्र निर्मित हो सकेगा।

1.2.3 जलवायु

सतना नगर की जलवायु शुष्क है। ग्रीष्मकाल में आकाश स्वच्छ दिखाई देता है। ग्रीष्मकाल में अधिकतम तापमान 47^0 सेंटीग्रेड तक पहुँच जाता है। शीतकाल में तापमान 26^0 सेंटीग्रेड के आसपास होता है तथा शीतकाल में रात का न्यूनतम तापमान 3^0 सेंटीग्रेड तक पहुँच जाता है। वर्षाकाल जून से मध्य अक्टूबर तक रहता है, औसतन वर्षा लगभग 1092 मि.मी. होती है।

1.2.4 वायु दिशा

मार्च से सितम्बर तक तेजी से पश्चिम से पूर्व की तरफ हवायें बहती है। अक्टूबर से फरवरी तक हवायें दक्षिण–पश्चिम से उत्तर पूर्व की तरफ सुबह की बेला में एवं पूर्व से उत्तर की ओर शाम के समय बहती है। वर्षाकाल में हवा की गति लगभग 40 कि.मी. से 50 कि.मी. प्रति घण्टा होती है।

1.2.5 भू–आकृति

सतना क्षेत्र की स्थलाकृति सामान्य रूप से सपाट है। सतना नदी के किनारे स्थित होकर यह नगर टमस नदी के मैदान में दक्षिणी ढाल पर स्थित है।

1.2.6 भू–गर्भीय संरचना एवं खनिज संपदा

सतना निवेश क्षेत्र में खनिज संसाधन जैसे लाईमस्टोन, बॉक्साइड, रामरज, गेरू आदि प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। यह क्षेत्र सामान्यतः भू–गर्भीय हलचलों से प्रभावित नहीं है।

1.3 नियोजन हेतु प्रयास

सतना विकास योजना–2001 (प्रारूप) का प्रकाशन, मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 18(1) के प्रावधान अन्तर्गत जनसामान्य से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित करने हेतु दिनांक 29.08.1986 को किया गया। नागरिकों को प्रारूप योजना के प्रस्तावों को स्पष्ट करने के लिये, सहायक संचालक नगर तथा ग्राम निवेश सतना, जिलाध्यक्ष, जिला सतना एवं नगरपालिक निगम, सतना के कार्यालयों में दिनांक 30.08.1986 से 30 दिन की कालावधि तक प्रदर्शित किया गया। प्रारूप योजना पर कुल 104 आपत्ति/सुझाव प्राप्त हुए। जनसामान्य, संस्थाओं, शासकीय विभागों एवं संगठनों से प्राप्त आपत्ति/सुझावों की सुनवाई संचालक नगर तथा ग्राम निवेश मध्यप्रदेश, द्वारा की गई।

सभी आपत्तियों/सुझावों पर समुचित विचारोपरांत तद्नुसार संशोधित विकास योजना, राज्य शासन के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत की गई। प्रस्तुत विकास योजना में राज्य शासन ने मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 19(1)(2) के अंतर्गत सूचना कमांक 480/434/32–1/88, दिनांक 10.02.1988 (मध्यप्रदेश राजपत्र असाधारण

क्रमांक 51, दिनांक 11.02.1988) तथा सूचना क्रमांक 2716/3080/32–2/88, दिनांक 08.09.1988 (मध्यप्रदेश राजपत्र असाधारण क्रमांक 335,दिनांक 14.09.1988) द्वारा कतिपय उपांतरण प्रस्तावित कर, जन सामान्य से 30 दिन की कालावधि के भीतर आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये। उक्त उपांतरणों पर प्राप्त आपत्ति/सुझावों की राज्य शासन ने विधिवत सुनवाई कर अधिनियम की धारा 19(3) में कुल 15 उपांतरणों की पुष्टि करते हुए सतना विकास योजना को अधिसूचना क्रमांक एफ–1 (66) 32–86, दिनांक 18.04.1991 (मध्यप्रदेश राजपत्र असाधारण क्रमांक 334, दिनांक 25.04.1991) द्वारा अनुमोदित की गई है। सतना विकास योजना 2001 की प्रक्षेपित जनसंख्या 2.20 लाख मानकर तैयार की गई थी।

विकास योजना–2001 के कियान्वयन एवं मूल्यांकन के पूर्व हुए विकास के आधार पर वर्ष 2021 की प्रक्षेपित जनसंख्या 4.60 लाख के आधार पर योजना तैयार की गई है। योजना का उद्देश्य विभिन्न उपयोगों हेतु युक्तियुक्त भूमि उपयोगों का निर्धारण नगर का बहुआयामी केन्द्र के रूप में विकास नगर के मध्यवर्ती क्षेत्र में यातायात दबाव को कम करने हेतु बाह्य क्षेत्र में विकास के प्रस्ताव, मूलभूत सेवा सुविधाओं के साथ स्वसक्षम निवेश इकाईयों का विकास, आवासीय क्षेत्रों की कार्य केन्द्रों से समीपता आदि के साथ ही नगर के भावी औद्योगिक विकास हेतु प्रस्ताव दिये गये हैं।

सतना विकास योजना 2021 म0प्र0 नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 19(1) के अंतर्गत आवास एवं पर्यावरण विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ–3–32–2009–बत्तीस दिनांक 30.03.2010 के द्वारा अनुमोदित होकर उक्त अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन दिनांक 16.04.2010 से प्रभावशील है।

1.4 नियोजन प्रस्ताव

नियोजन की अवधारणा में, समयानुसार बदलाव आया है एवं विकास योजना तैयार करना, अब संतुलित विकास पर केन्द्रित है। सतना विकास योजना तैयार करते समय, अमृत योजना की रूपरेखा एवं मानकों के आधार पर सामाजिक एवं आर्थिक आकड़ों का संकलन एवं विश्लेषण कर प्रस्ताव किये गये है। सतना विकास योजना 2035 में निम्न उद्देश्यों/लक्ष्यों को ध्यान में रखा गया है:–


1. भूमि का समुचित एवं सक्षम उपयोग
2. नगरीय केन्द्र को रेलवे स्टेशन एवं बस स्टेन्ड इन दो यातायात केन्द्रों के बीच एक सम्पूर्ण कड़ी के रूप में विकसित करना।
3. यत्र–तत्र विकसित बस्तियों तथा भविष्य में विकसित होने वाली बस्तियों को समन्वित रूप में बसाहट का निर्माण करना ताकि अधोसंरचना के निर्मित होने पर मितव्ययता रहकर लोगों को आवागमन में समय की बचत हो सके।
4. कुशल परिवहन व्यवस्था का निर्माण करना ताकि अन्तर्नगरीय एवं नगरान्तर्गत यात्री एवं सामान का आवागमन सुचारू रूप से हो सके।

5. उद्योगों हेतु भूमि का विकास एवं शासन की नवीन औद्योगिक नीति के अंतर्गत विकसित किये जा रहे औद्योगिक क्षेत्र की विकास योजना से संबद्वता स्थापित करना।
6. प्राकृतिक भू–दृश्यीकरण एवं पर्यावरण संरक्षण एवं नदी के तटों पर सौन्दर्यीकरण।
7. पुराने ऐतिहासिक/धार्मिक मन्दिर एवं पुरातत्वीय महत्व की धरोहरों का संरक्षण ।
8. वाहन विराम स्थलों के प्रावधान ।
9. आपदा प्रबंधन हेतु सुझाव ।

1.5 निवेश क्षेत्र

सतना के विकास को सुनियोजित प्रतिरूप देने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 13(1) के प्रावधानों के अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन, नगर एवं ग्रामीण नियोजन की अधिसूचना क्रमांक 904/एफ–1–31/तैंतीस/74 भोपाल, दिनांक 18 मार्च 1974 को सतना निवेश क्षेत्र का गठन किया गया। जिसमें सतना नगर निगम क्षेत्र सहित 33 ग्रामों को शामिल किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर की महत्वपूर्ण सीमेंट उत्पादक कंपनियां, हवाई पट्टी का विकास, सतना के समीपवर्ती क्षेत्रों में होने के कारण विकास गति में और अधिक तीव्रता आई, जिसको दृष्टिगत रखते हुये अधिनियम की धारा 13(2) के तहत सतना निवेश क्षेत्र की संशोधित सीमाऐं, म.प्र. शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग की अधिसूचना क्रमांक–6577–32, भोपाल दिनांक 16.10.1981 द्वारा अधिसूचित की गई थी। सतना विकास योजना 2001 अनुसार ग्राम बदखर, घूरड़ांग, बरदाड़ीह तथा डेलौरा का अंश भाग नगर निगम में शामिल था किन्तु उक्त ग्रामों के संपूर्ण क्षेत्र को शामिल करते हुए अतिरिक्त 10 ग्रामों को और सम्मिलित कर लिये जाने से कुल 14 ग्राम नगर निगम सीमा मे सम्मिलित हैं। वर्तमान में निवेश क्षेत्र की कुल जनसंख्या 302759 एवं कुल क्षेत्रफल (राजस्व अनुसार) 11210.93 हेक्टेयर हैं।


SATNA
1.3 PLANNING AREA
Legend
National Highway
Major District Road
Bypass
Roads
Railway Line
Railway Station
Bus Stand
Airstrip
Builtup Area
Waterbody
Planning Area Boundary
Village Boundary
Municipal Area Boundary
Municipal Area
Scale 0 0.5 1 1.5 2 2.5 3 3.5 4 Km
District - Satna
Planning Area
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source: Department of Town & Country Planning
29
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal
To Rewa
To Rewa
To Rewa
To Samariya
To Bharjuna
To Prayagraj
To Chitrakoot
To Karahi
To Patna
To Maihar
To Maihar
NH 135 BG
Satna River
NIMI
KOHPALPUR
BARHAR
KATIYA
SEJHATA
SONOURA
BELAVRIT
BATHIYA KHURD
BATHIYA KALAN
KAMARDTHAR
QURDANG
BAMU RANA
KAIRA UMARLA
HARDI ADPUR
BHIKLA
BAGHAIA
KHARA
KAIRI HARIBALLA
RAMUDHA KALAN
RAMUDHA KHURD
MAJHERA
DHAWARI
BAGHEDI
GIDURI
CHANDAUDI
SONVARSHA
DILOURA

सतना विकास योजना 2035

सतना निवेश क्षेत्र

सारणी 1–सा–2

क्रमांक	नगर/ग्राम का नाम	क्षेत्रफल जी.आई.एस. अनुसार (हेक्टेयर में)	जनसंख्या 2011
1	2	4	5
(अ) नगर पालिक निगम			
1	नगर पालिक निगम	6421.38	282977
(ब) ग्रामीण क्षेत्र			
1.	नीमी	77.55	456
2.	नैना	394.83	3402
3.	बेला वृत	294.62	1501
4.	बठिया कलां	500.48	4138
5.	बठिया खुर्द	246.09	734
6.	कैमा कोठार	236.65	822
7.	कैमा उन्मूलन	145.32	1076
8.	हरबदपुर	59.16	30
9.	करही हरमल्ला	156.21	114
10.	गिदुरी	127.20	448
11.	चकबन्दी	70.64	117
12.	बघेड़ी	121.50	12
13.	सोनवर्षा	226.07	1080
14.	सेजहटा	358.20	1959
15.	बेलहटा	493.30	2404
16.	सोनौरा	268.48	261
17.	कटिया	111.93	500
18.	खैरा	88.46	192
19.	बैरिहा	26.43	449
20.	अमौधा कलां (आंशिक)	116.92	87
21.	बदखर कोठार (आंशिक)	64.31	-
22.	बगहा (आंशिक)	364.42	-
23.	बमुरहा (आंशिक)	117.25	-
24.	डिलौरा (आंशिक)	96.17	-
25.	घुरडांग (आंशिक)	36.9	-
26.	कृपालपुर (आंशिक)	155.39	-

क्रमांक	नगर/ग्राम का नाम	क्षेत्रफल जी.आई.एस. अनुसार (हेक्टेयर में)	जनसंख्या 2011
1	2	4	5
27.	महदेवा (आंशिक)	9.78	-
28.	सोनौरा चेक उतैली (आंशिक)	14.42	-
योगः –		**4978.68**	**19782**
निवेश क्षेत्र (अ+ब)		**11400.06**	**302759**

स्त्रोतः भारत की जनगणना वर्ष 2011 एवं जी.आई.एस. विश्लेषण

टीपः सतना निवेश क्षेत्र हेतु प्रभावशील विकास योजना–2021 भौतिक सर्वेक्षण से तैयार की गई थी। विकास योजना 2021 हेतु निवेश क्षेत्र में सम्मिलित ग्रामों का क्षेत्रफल राजस्व अभिलेखों के अनुसार 4064.73 हेक्टेयर अंकित किया गया था। विकास योजना 2035 हेतु निवेश क्षेत्र का कुल क्षेत्रफल राजस्व अभिलेख अनुसार 11210.93 हेक्टेयर है। वर्तमान में विकास योजना 2035 हेतु सेटेलाइट इमेज एवं ग्राम सीमा के डिजिटल मानचित्र के आधार पर निवेश क्षेत्र के कुल वास्तविक क्षेत्र को प्रगणित किया गया है, जिसके अनुसार निवेश क्षेत्र का कुल क्षेत्रफल 11400.06 हेक्टेयर होता है। यह विकास योजना जी.आई.एस. पद्धति पर स्थल की वास्तविक स्थिति अनुसार तैयार की गई है, इसीलिए विकास योजना तैयार करने के उद्देश्य से 11400.06 हेक्टेयर क्षेत्रफल को मान्य करते हुए विकास योजना के प्रस्ताव दिए गए हैं। निवेश क्षेत्र अंतरगर्त आने वाले कुछ ग्रामो की आबादी नगर पालिक निगम क्षेत्र में शामिल होने से जनसँख्या अत्यंत निम्न अथवा शुन्य है।

1.6 नगर पालिक निगम क्षेत्र

रीवा रियासत के आदेश कमांक 475 दिनांक 31 मई, 1921 द्वारा सतना नगर हेतु नगरपालिका गठित की गई, लेकिन नगर को नगरीय स्वरूप, देश की आजादी के पश्चात् ही मिलना शुरू हुआ। सन् 1951–61 के दशक में अप्रत्याशित जनसंख्या वृद्धि के कारण शासन द्वारा नगरपालिका की सीमाओं में आदेश कमांक 179–अठारह–दो, दिनांक 30 जून 1964 द्वारा वृद्धि की गई तथा इस संबंध में मध्यप्रदेश राजपत्र, भाग–2 दिनांक 24 जुलाई 1964 द्वारा अधिसूचना जारी की गई। तात्कालिक समय में सतना नगर पालिक निगम का कुल क्षेत्रफल 2109 हेक्टेयर था।

सतना नगर पालिक निगम की वर्तमान सीमा को म0प्र0 शासन स्थानीय शासन विभाग की अधिसूचना कमांक 117–अठारह–तीन–1994 भोपाल, दिनांक 12 अगस्त 1994 द्वारा अधिसूचित किया गया, जिसका प्रकाशन म0प्र0 राजपत्र (असाधारण) कमांक 383 दिनांक 12 अगस्त 1994 में किया गया। शासन की अधिसूचना के अनुसार तत्कालीन नगर निगम क्षेत्र के अतिरिक्त निकटवर्ती 14 ग्रामों को नगर निगम सीमा में सम्मिलित किया गया, जिसके अनुसार नगर निगम का कुल क्षेत्रफल (जी.आई.एस. अनुसार) 6960.48 हेक्टेयर है, जिसको 46 वार्डो में विभाजित किया गया है। नगर पालिक निगम द्वारा एक अन्य वार्ड कमांक 00 निरूपित किया गया है, जिसके अंतगर्त हवाई पट्टी परिक्षेत्र आता है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार नगर पालिक निगम की जनसंख्या 282977 है।

अध्याय– 2 विकास योजना पुनर्विलोकन कार्यप्रणाली एवं नियोजन दृष्टिकोण

2.1 विकास योजना पुनर्विलोकन हेतु सूदूर संवेदन एवं भौगोलिक सूचना प्रणाली का उपयोग

सम्पूर्ण पर्यावरण में भूमि भी एक घटक है एवं मानव जीवन यापन हेतु, मानव बस्तियाँ बसाने हेतु भूमि की आवश्यकता होती है। नगर की बसाहट एवं उसका विस्तार होने से संलग्न भूमि पर प्रभाव पड़ता है, जिससे भूमि उपयोग/प्रयोजन परिवर्तन होता है। पर्यावरण के इस महत्वपूर्ण घटक, अर्थात भूमि का उपयोग मानव सभ्यता, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए नियोजित दृष्टिकोण से किया जाना चाहिए। नगरीय क्षेत्र के अध्ययन एवं विश्लेषण से स्पष्ट है कि, द्रुतगति से एवं नियोजन सिद्धांतों के विपरीत नगरीय क्षेत्र का अव्यवस्थित फैलाव का मुख्य कारण जनसंख्या वृद्धि का दबाव है। सतना नगर में वर्तमान परिपेक्ष्य में अधोसंरचना सुविधाओं की कमी हुई है। सतना नदी के किनारे स्थित होकर यह नगर टमस नदी के मैदान में दक्षिणी ढाल पर स्थित है, नगर की स्थलाकृति सामान्य रूप से सपाट है तथा नगर के दक्षिण में स्थित सतना नदी को छोडकर नगर विस्तार हेतु कोई अन्य प्राकृतिक बाधा नहीं है, पश्चिम की ओर स्थित रेल लाईन के कारण नगर का विकास कुछ सीमा तक रुका है यह कहा जा सकता है कि पश्चिम में स्थित रेल लाईन के कारण ही पूर्व में विकास हुआ है।

भारत सरकार आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा **"Atal Mission for Rejuvenation & Urban Transformation" (AMRUT)** योजना की शुरूआत जून 2015 में हुई। अमृत योजना का लक्ष्य राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में देश के सभी शहरों में परिवारों को बुनियादी सेवायें अर्थात जल–आपूर्ति, सीवरेज कनेक्शन, बिजली, शहरी परिवहन, हरितक्षेत्र इत्यादि मुहैया कराने एवं सेवा–सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अधोसंरचना का सृजन करना है, जिससे सभी व्यक्तियों, विशेषतः गरीबों और वंचितों के जीवन स्तर में सुधार होगा। इस योजना की उपयोजना के अन्तर्गत मध्य–प्रदेश के चयनित 34 शहरों की विकास योजना में सुदूर संवेदन (रिमोट सेंसिंग) एवं भौगोलिक सूचना पद्धति (जी.आई.एस.तकनीकी) का उपयोग कर, विकास योजना तैयार करने के मापदण्ड (Design & Standards) दिये गये हैं।

विकास योजनाओं को तैयार करने हेतु सुदूर संवेदन (रिमोट सेंसिंग) एवं भौगोलिक सूचना पद्धति (जी.आई.एस. तकनीक) का महत्वपूर्ण योगदान है। इन पद्धतियों से भूमि उपयोग सर्वेक्षण तथा विभिन्न प्रकार के आँकड़ों का संकलन तथा विश्लेषण कम समय में, विश्वसनीय एवं वैज्ञानिक तरीके से किया जा सकता है एवं भावी नियोजन हेतु विभिन्न प्रकार के विकल्प उपलब्ध कराए जा सकते हैं। इनके आधार पर नियोजकों को सर्वश्रेष्ठ

विकल्प का चयन कर भावी विकास हेतु भूमि उपयोगों के अनुसार प्रयोजन व गतिविधियों को प्रस्तावित करने में, तथा विकास मापदण्डों को निर्धारित करने में आसानी होती है।


2.1.1 अमृत योजना

"Atal Mission for Rejuvenation & Urban Transformation" (AMRUT) योजना की उपयोजना के मुख्य उद्देश्य हैं:

1. भौगोलिक सूचना प्रणाली का उपयोग करते हुए भूमि उपयोग मानचित्र एवं जियोरिफरेंस आधार पर मानचित्र तैयार करना।
2. अमृत योजना के अन्तर्गत चयनित शहरों की जी.आई.एस. आधारित विकास योजना तैयार करना।
3- Urban and Regional Development Plans Formulation and Implementation (URDPFI) गाईडलाईन के मानकों को समाहित करना।

2.1.2 सुदूर संवेदन

इस अध्ययन तकनीक के अंतर्गत राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केन्द्र हैदराबाद से प्राप्त वर्ल्ड व्यू.II (World View-II) उच्च आवर्धन उपगृह चित्रों का उपयोग, थीमेटिक मानचित्र तैयार करने हेतु किया गया है। उपग्रह चित्रों का उपयोग, अमृत योजना के अन्तर्गत आधार मानचित्र 1:4000 पैमाने पर तैयार करने हेतु किया गया। अमृत योजना में उपग्रह चित्रों के मानक, सारणी क्रमांक–2–सा–1 में दर्शाये गये हैं।


LISS-III, 2006
CARTOSAT, 2016
LISS-III, 2012
WORLDVIEW-II, 2016
SATNA
2.1 SATELLITE IMAGES
Legend
Planning Area Boundary
SENSOR RESOLUTION (in Meters)
WORLD VIEW-II, 0.5
CARTOSAT, 2.5
LISS-III, 23.5
Note: Satellite Images are Depicted in True Colour Composite
Scale
0 1 2 3 4 5 6 7 8 Km
N
District - Satna
Planning Area
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source: MPCST & NRSC
34

उपग्रह चित्रों के मानक

सारणी 2–सा–1

S. No.	Description	Value	Remarks
1	2	3	4
1.	Spatial Resolution	0.5 metres or better	
2.	Spectral Resolution	PAN Sharpened (Bands: Panchromatic, Red, Green, Blue and Near Infrared)	IR band is optional
3.	Band to Band registration	Less than 1/4th of pixel size	
4.	Radiometry	10 bit or better	
5.	Image Resampling	Nearest Neighbourhood	
6.	Monoscopic/ Stereoscopic	Plain Areas: Monoscopic Highly Hilly areas: Stereoscopic	Need of Stereoscopic to be reviewed case by case. If the city is built on terrain slope more than 15 degrees.
	Monoscopic data View angle	Less than 10 degree from nadir	In specific cases, maximumof upto 15 degrees view angle shall be allowed
	Stereoscopic	One of the stereo image view angle should be less than 10 degrees from nadir	Base to Height(B/H) ratio: 0.6
7.	Product type	Image data should be associated with corresponding Rational Polynomial Coefficients (RPCs)	Ortho - kit data with RPCs

स्त्रोतः एन.आर.एस.सी. हैदराबाद

2.1.3 भौगोलिक सूचना प्रणाली

यह प्रणाली कम्प्यूटराईज पद्धति से सभी भौगोलिक स्थितियों की जानकारियों को संयुक्त रूप से उपलब्ध कराती है, जिसका वैज्ञानिक विश्लेषण संभव है। भौगोलिक सूचना प्रणाली, प्राकृतिक संसाधन, पर्यावरण के व्यवस्थापन, क्षेत्रीय योजना प्रस्ताव एवं अन्य भौगोलिक संदर्भ में निर्णय लेने हेतु उपयोगी है। अमृत योजना में विभिन्न स्पेशियल लेयर्स (spatial layers) को क्लासेस एवं सब–क्लासेस (classes and sub classes) में विभाजित किया गया है। इनका उपयोग विकास योजना तैयार करने में किया गया है जो कि सारणी 2–सा–2 में दर्शाया गया है।

स्पेशियल लेयर्स की क्लासेस एवं सब–क्लासेस

सारणी 2–सा–2

S. No.	Spatial Layers	Source for spatial data generation	Classification based on Use & Attributes	
			Classes	Sub Classes
1	2	3	4	5
1.	Base layers	Very high resolution satellite data	3	16
	Road			
	Bridges			
	Water Bodies			
2.	Urban Land Use/ Land Cover	Very high resolution satellite data	22	48
3.	Building Footprints	Very high resolution satellite data	16	46
4.	Digital Elevation Model (DEM) Type: Digital Terrain Model (DTM)	CARTO DEM – NRSC, ISRO	1	1
5.	Cadastral Layer	State Revenue Department	1	
6.	Boundaries			
	Planning Boundaries	Town & Country Planning	1	1
	Municipal Boundaries	Urban Local Bodies	1	1
	Hazard Prone Areas	NHDC, Department of Seismology	1	

स्त्रोतः एन.आर.एस.सी. हैदराबाद

2.2 विकास योजना पुनर्विलोकन कार्यप्रणाली

विकास योजना प्रस्ताव तैयार करने का मुख्य उद्देश्य स्थायी एवं पूर्ण क्षमता युक्त नगरीय विकास हेतु उपलब्ध क्षेत्र का विकास करना है। तकनीकी दृष्टि से सुदृढ़ एवं पर्यावरण की दृष्टि से सुसंगत विकास योजना तैयार करने हेतु पर्यावरण के सभी घटकों पर विचार किया जाना आवश्यक है, अर्थात् नैसर्गिक पर्यावरण एवं भविष्य में होने वाली बसाहट जो कि विद्यमान है। भूमि उपयोग मानचित्र के प्रावधान लचीले होना आवश्यक है, जिससे कि बदलती परिस्थितियों का समायोजन हो सके। अतः स्थायी एवं पूर्ण क्षमता युक्त भूमि उपयोग तैयार करने में नगर एवं परिक्षेत्र हेतु प्राकृतिक, भौगोलिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विशेषताओं पर विचार किया जाना आवश्यक है। इसके साथ ही यह भी लक्ष्य रखा गया है कि प्रस्ताव भूमि उपयोग क्षमता के आधार पर रखे जाएँ। एकीकृत विकास योजना तैयार करने हेतु निम्नलिखित घटकों के संबंध में विस्तृत जानकारी आवश्यक है:

- **धरातल विशेषताएँ** :–

भौतिक स्थिति, कंटूर, सामान्य अथवा अत्याधिक ढलान, भूगर्भ विशेषताएँ, मिट्टी की विशेषताएँ एवं गहराई, भूमिगत जल स्त्रोत, जलप्लावित क्षेत्र, कृषि भूमि, वन क्षेत्र, जलीय जीवन, तापमान, हवा, बारिश एवं सूर्य के प्रवास का मार्ग।

- **भूमि उपयोग वितरण** :–

नगरीय विस्तार, कृषि एवं अनुपयोगी भूमि, वन क्षेत्र के अधीन भूमि, उत्तम भू–दृश्यीकरण, स्थल, नगरीय भूमि उपयोग जैसे आवासीय, वाणिज्यिक, सार्वजनिक एवं अर्द्ध–सार्वजनिक, आमोद प्रमोद, यातायात, आदि, रिक्त क्षेत्र जो आगामी विकास हेतु उपलब्ध है, प्रत्येक उपयोगों के प्रकार एवं सघनता।

- **जनसंख्या विशेषताएँ** :–

आयु समूह, लिंगानुपात, आर्वजन वितरण, भावी जनसंख्या, जनसंख्या घनत्व, मजदूर एवं गैर मजदूर तथा व्यवसायिक संरचना।

- **आर्थिक गतिविधियाँ** :–

कृषि, उद्यानिकी एवं अन्य भूमि आधारित गतिविधियाँ, आर्थिक धरातल समस्याएँ एवं संभावनाएँ, वाणिज्यिक क्षेत्र का वितरण, व्यापार का आकार, स्थानीय संस्था की वित्तीय स्थिति, संस्थाएँ एवं आगामी विकास हेतु संभावनाएँ।

- **यातायात विशेषताएँ** :–

वर्तमान सेवाओं के प्रकार एवं क्षमताएँ, माल वाहन, निजी वाहन, सार्वजनिक वाहन, सायकल पथ, पादचारी पथ, रेलवे, वायु सेवा, केन्द्रीय सुविधाएँ एवं यातायात संरचना।

- **आवास विशेषताएँ** :–

उपलब्ध संख्या एवं भवनों की स्थिति, सक्रीय आवश्यकता, झुग्गीवासियों की आवश्यकताएँ एवं उसका निराकरण, भूमि तथा वित्तीय स्थिति।

- **सार्वजनिक सेवाएँ :–**

पेयजल वितरण एवं आवश्यकता, मल निकास प्रणाली, विद्युत प्रदाय, संचार सेवाएँ

- **सार्वजनिक सुविधाएँ :–**

शैक्षणिक संस्थाएँ, आमोद–प्रमोद क्षेत्र, स्वास्थ्य सेवाएँ, वाणिज्यिक क्षेत्र, धार्मिक/पूजा/अर्चना स्थल।

अतः जो जानकारी एकत्रित की गयी, वह एकीकृत प्रक्रिया के अंतर्गत वर्ल्ड व्यू II (World View II) उपग्रह चित्रों के आधार पर अमृत योजनानुसार निम्नलिखित उद्देश्य पर निर्धारित है, जिसमें Urban and Regional Plan Formulation and Implementation (URDPFI) गाईडलाईन के अन्तर्गत समावेशी नियोजन अवधारणा सम्मिलित है।

2.2.1 उद्देश्य

भूमि उपयोग मानचित्र तैयार करनाः वर्ल्ड व्यू II (World View II) उच्च आवर्धन उपग्रह द्वारा प्राप्त जानकारी से, जो श्रेणी II को दर्शाती है, नगरीय भूमि उपयोग का मानचित्र तैयार करना, जिसमें आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक, सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक, आमोद प्रमोद एवं यातायात भूमि उपयोग अंकित हों।


- बसाहट के विस्तार का मानचित्रः विभिन्न स्थितियों में उपग्रह से उपलब्ध जानकारी के आधार पर नगर का विकास क्रमशः किस विभिन्न समयावधि में हुआ है, उसका मानचित्र तैयार करना।
- संपूर्ण सतना नगर के लिए यातायात मानचित्र तैयार करना।
- नैसर्गिक आपदाओं का, जैसे बाढ़, भूमि कटाव, भूकम्प से संबंधित क्षेत्र इत्यादि का मानचित्र तैयार करना।
- जल स्त्रोत, नैसर्गिक जल प्रवाह प्रणाली, जलाशय, ढलान, मिट्टी के प्रकार का मानचित्र तैयार करना।
- नगरीय विकास हेतु उपयुक्त भूमि का मानचित्र तैयार करना, एवं जिस भूमि को संरक्षित किया जाना है, उसका मानचित्र पर अंकन करना।
- प्रस्तावित भूमि उपयोग मानचित्र तैयार करना

जनगणना के आँकड़ेः सतना निवेश क्षेत्र का गठन वर्ष 1991–2001 के बीच किया गया। अतः अनुमानित जनसंख्या का निर्धारण करने हेतु जनगणना वर्ष 2001 एवं 2011 के आँकड़ों का विकास योजना में उपयोग किया गया है।

2.2.2 कार्यप्रणाली

सतना नगर की अमृत योजना के अनुसार जी.आई.एस. आधारित विकास योजना तैयार करने हेतु अंगीकृत कार्यप्रणाली नीचे दी गई है। अमृत योजना के अन्तर्गत एन.आर. एस.सी. हैदराबाद से प्राप्त स्थल मानचित्र जिसमें उपग्रह चित्र के साथ बिल्डिंग फुटप्रिंट अंकित थे, का स्थल पर सत्यापन कर, अमृत मानकों के अनुसार आँकड़े एकत्रित कर

सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण के आधार पर जी.आई.एस. आधारित विकास योजना हेतु आधार मानचित्र तैयार किया गया। विकास योजना तैयार करने हेतु कार्यप्रणाली विवरण निम्नानुसार है:–



2.3 अमृत मानकों की व्याख्या

अमृत मानकों के अुनसार शहर के विभिन्न विभागों से आँकड़े एकत्रित किए गए। इन आँकड़ों में शहर की भौगोलिक जानकारी, जनसांख्यिकी आँकड़े, औद्योगिक पहलू, अधोसंरचना जिसमें शैक्षणिक, स्वास्थ्य, संचार, जल प्रदाय, जल–मल निकास, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, आपदा प्रबंधन, परिवहन, पर्यावरण, पर्यटन एवं राजस्व से संबधित इत्यादि जानकारी सम्मिलित है।

2.3.1 थिमेटिक मानचित्रीकरण (Thematic Mapping)

विकास योजना तैयार करने हेतु किए जाने वाले विश्लेषण में उपयोग किए जाने हेतु विभिन्न थिमेटिक मानचित्र तैयार किए गए हैं जिनकी कार्यप्रणाली बिन्दु क्रमांक 2.2.2 में स्पष्ट की गई है।

2.3.1.1 यातायात संरचना

अमृत योजना के मानकों के आधार पर उपग्रह चित्र आधारित वर्तमान यातायात मानचित्र तैयार किया गया, जिसमें निम्न मानकों को आधार मान वर्गीकृत किया गया है, जिसे सारणी 2–सा–3 में दर्शाया गया है।

जियो स्पेशियल डाटा

सारणी 2–सा–3

S. No.	Code	Class	Sub Class
1	2	3	4
1.	01-09	Road	Major City Road
	01-11		Other Public Road
	01-12		Other Private Road
	01-15		Village Road
	01-16		Foot Path
2.	03-01	Bridges	Culvert
	03-03		Bridge across River

2.3.1.2 भूमि उपयोग/भूमि आच्छादन

राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केन्द्र (एन.आर.एस.सी.) हैदराबाद से प्राप्त उच्च आवर्धन उपग्रह चित्रों पर आधारित बिल्डिंग फुटप्रिंट के उपयोग को आधार मानकर, सतना शहर का वर्तमान भूमि उपयोग मानचित्र स्थल सत्यापन के उपरांत तैयार किया गया। भूमि उपयोग मानचित्र तैयार करते समय अमृत योजना में दी गई वर्गीकरण प्रणाली को अंगीकृत किया गया। अमृत योजना के अंतर्गत नगरीय भूमि उपयोग वर्गीकरण प्रणाली सारणी 2–सा–4 में उल्लेखित है।

सतना विकास योजना 2035

बिल्डिंग फुटप्रिंट एवं जियो स्पेशियल डाटा

सारणी 2–सा–4


S. No.	Code	Class	Sub Class
1	2	3	4
1.	06-04	Residential	House
	06-05		Group of Houses
2.	07-01	Commercial	Retail
	07-03		General Business
	07-04		Hotel / Lodge / Restaurant
	07-13		Hostel
3.	08-01	Industrial	Manufacturing
	08-08		Agro based & Food Processing
	08-09		Obnoxious
	08-10		Cottage & Household
	08-11		Other Industries
4.	09-01	Mixed	Residential, Commercial & Public Semi Public
5.	10-01	Educational	School
			Anganwadi
	10-05		College
			Polytechnic
6.	11-01	Health Services	Govt. Hospital
	11-02		Private Hospital
	11-04		Clinic/ Dispensary
7.	12-01	Central Govt. Property	Office
	12-02		Quarter
8.	13-01	State Govt. Property	Office
9.	15-02	Public & Semi- public	Banks
	15-05		Police Station
	15-06		Cantonment/Battalion
	15-08		Crematorium/ Burial Ground /Graveyard
	15-09		Guesthouse/ Resthouse
	15-11		Dharmashala
	15-12		Tourist Facility Centre
	15-15		Museum
	15-16		Public Library
	15-25		Public/ Community Toilet
	15-28		Old Age Home
	15-30		Fire Station

S. No.	Code	Class	Sub Class
1	2	3	4
10.	16-01	Religious	Temple
	16-05		Gurudwara
	16-09		Aashram/ Math/ Bhojanshala
11.	17-01	Recreational	Garden
12.	18-01-01	Public Utilities	Water Treatment Plant
	18-01-02		Water Pumping Station
	18-03-01		Sewage Treatment Plant
	18-04-02		Electric Sub-Station
13.	21-01	Heritage	Monuments
	21-02		Fort
	21-03		Archaeological Site
14.	24-01	Transportation	Bus stand/ Terminus
15.	25-04	Traffic related	Multi-Level Parking
16.	26-02	Rural	House
	26-03		Group of Houses
17.	33-09	Others	Farm House
	33-10		Dairy Farm
	33-17		Gaushala

2.3.1.3 ग्राम/वॉर्ड सीमा

भू अभिलेख एवं बंदोबस्त विभाग द्वारा प्रदेश के भू अभिलेखों को कम्प्यूटरीकृत किया गया है। भू अभिलेख एवं बंदोबस्त विभाग से प्राप्त डिजिटल खसरा मानचित्रों का उपयोग कर ग्राम सीमा मानचित्र तैयार किया गया। भौगोलिक सूचना प्रणाली का उपयोग कर ग्राम मानचित्रों से निवेश क्षेत्र की सीमा निर्धारित की गई। नगर निगम से प्राप्त वॉर्ड मानचित्रों के आधार पर नगर निगम सीमा का वॉर्ड मानचित्र तैयार किया गया। अन्य सीमाओं हेतु भारतीय सर्वेक्षण विभाग के 1:30000 तथा 1:25000 मापमान पर तैयार टोपोशीट का उपयोग किया गया। उक्त मानचित्र का उपयोग एकीकृत वॉर्ड आधारित विभिन्न जानकारी तैयार करने में किया गया है। जनसंख्या के आँकड़ें जो भारत की जनगणना 2011 से प्राप्त किए गए, उनका ग्राम मानचित्रों से संबंद्ध स्थापित किया गया।

थीमेटिक मानचित्र भौगोलिक सूचना प्रणाली के अंतर्गत उपग्रह चित्रों के विश्लेषण के आधार पर सुदूर संवेदन (रिमोट सेंसिंग) का उपयोग कर डिजीटाईज कर सतना निवेश क्षेत्र के साथ समन्वित किए गए हैं। क्षेत्र के सांख्यिकी आँकड़े भौगोलिक सूचना प्रणाली के


SATNA
2.2 BUILDING FOOTPRINT
Legend
Residential
Mixed
Commercial
Industrial
Recreational
Public & Semi-public
Educational
Health Services
Central/ State Govt. Property
Religious
Railway
Transportation
National Highway
Roads
Railway Line
Waterbody
Village Boundary
Scale
Planning Area
District - Satna
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source: Building Footprint Geospatial Data-AMRUT,
Survey by MPCST & T&CP
SATNA
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal

माध्यम से ही ज्ञात किये गए हैं। अमृत योजना के अंतर्गत विभिन्न सीमाओं की वर्गीकरण प्रणाली सारणी 2–सा–5 में उल्लेखित है।

सीमाओं का वर्गीकरण

सारणी 2–सा–5

S. No.	Code	Class	Sub Class
1.	2.	3.	4.
1.	37-05	Administrative Boundaries	Village Boundary
	37-06		Forest Boundary
	37-07		Revenue Boundary
2.	38-01	Planning Boundaries	Planning Area Boundary
	38-04		Controlled Area Boundary
3.	37-05	Municipal Boundaries	Municipal Boundary
	37-06		Ward Boundary
	37-07		Zone Boundary

2.3.1.4 ढलान

भारतीय सर्वेक्षण विभाग से प्राप्त टोपोशीट के आधार पर, एवं मेप आई.टी. (Madhya Pradesh Agency for Promotion of Information Technology) से प्राप्त Carto-DEM के आधार पर ढलान मानचित्र तैयार किया गया है जिसे मानचित्र कमांक 2.3 में दर्शाया गया है। ढलान के निर्धारण हेतु ग्रिड पद्धति एवं निम्नलिखित समीकरण इसका आधार है।

ढलान का प्रतिशत = (ऊँचाई में अंतर/दूरी में अंतर) X 100

निवेश क्षेत्र में प्राकृतिक संरचना के अन्तर्गत ढलान के विशिष्ट पहलुओं का अध्ययन भूमि उपयुक्तता निर्धारण करने में महत्वपूर्ण है। ढलान की विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत क्षेत्रफल सारणी 2–सा–6 में दिया गया है।

ढलान की विभिन्न श्रेणियों के अन्तर्गत क्षेत्रफल

सारणी 2–सा–6

S. No.	ढलान (प्रतिशत)	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	क्षेत्रफल (प्रतिशत)
1.	2.	3.	4.
1.	0-1%	11203.42	98.28
2.	1-3%	196.64	1.72
Total		**11400.06**	**100**

स्त्रोतः जी.आई.एस. विश्लेषण

2.3.1.5 मृदा

संपूर्ण जिले की मिट्टी के प्रकार का मानचित्र मृदा और भूमि उपयोग सर्वेक्षण विभाग Soil & Land use Survey of India (SLUSI), जो मृदा के सर्वेक्षण का कार्य करती है, से जानकारी प्राप्त कर तैयार किया गया। उक्त मानचित्र तैयार करने में सुदूर संवेदन प्रणाली एवं मृदा प्रोफाईल के विश्लेषण के आधार पर मिट्टी की उपयोगिता निर्धारित की गई है। मृदा के विभिन्न घटकों के आधार पर भूमि का कटाव मानचित्र, मिट्टी की बनावट का मानचित्र तथा मिट्टी की गहराई का मानचित्र तैयार किया गया है जिसे मानचित्र क्रमांक 2.4 में दर्शाया गया है।

सतना निवेश क्षेत्र में मिट्टी की जानकारी एम.पी.आर.एस.ए.सी. भोपाल (स्त्रोत एन. बी.एस.एस. एवं एल.यू.पी.) द्वारा अध्ययन कर प्रत्येक प्रकार की मिट्टी को विभाजित किया गया। इससे मिट्टी का संरचना संबंधी मानचित्र तैयार किया गया। मृदा विश्लेषण निम्नानुसार सारणी 2–सा–7 में दर्शित है।

मृदा विश्लेषण

सारणी 2–सा–7

S. No.	SOIL TEXTURE	AREA (ha)
1	2	3
1.	Fine	466.13
1.	Fine Loamy	1478.87
2.	Fine Silty	4313.82
3.	Laomy	2231.89
4.	Loamy Skeletal	89.78
5.	Builtup	2574.39
6.	Waterbody	245.18
7.	**TOTAL**	**11400.06**


स्त्रोतः जी.आई.एस. विश्लेषण


2.3.1.6 डिजिटल एलिवेशन मॉडल (DEM)


डिजिटल एलिवेशन मॉडल (डी.ई.एम.) एक जी.आई.एस. आधारित थ्री–डी मॉडल है, जिससे धरातल की ऊंचाई–निचाई/भू आकृति को प्रदर्शित किया जाता है। इस मानचित्र के आधार पर निवेश क्षेत्र में स्थित भूमियों का नगर नियोजन के लिए निर्धारण किया जाता है जिसे मानचित्र कमांक 2.5 में दर्शाया गया है। ।


2.3.1.7 कंटूर (Contour)

कंटूर मानचित्र के माध्यम से निवेश क्षेत्र में स्थित किसी भी भूमि की समुद्र सतह से ऊंचाई की जानकारी प्राप्त की जा सकती है, जिसे मानचित्र क्रमांक 2.6 में दर्शाया गया है।


SATNA
2.3 SLOPE
Legend
Slope (Percent)
High
Low
1 - 3
<1
National Highway
Major District Road
Bypass
Roads
Railway Line
Builtup Area
Waterbody
Planning Area Boundary
N
Scale
0 0.5 1 1.5 2 2.5 3 3.5 4 Km
District - Satna
Satna
Planning Area
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source: Carto DEM, MAPIT
To Rewa
To Rewa
To Rewa
To Bharjuna
To Prayagraj
To Chitrakoot
To Karabi
To Panna
To Maihar
To Maihar
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal


SATNA
2.4 SOIL TEXTURE
Legend
Soil Texture
Loamy Skeletal
Laomy
Fine Loamy
Fine Silty
Fine
National Highway
Major District Road
Bypass
Roads
Railway Line
Builtup Area
Waterbody
Planning Area Boundary
Scale
0 0.5 1 1.5 2 2.5 3 3.5 4 Km
N
District - Satna
Planning Area
Satna
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source: Soil and Landuse Survey of India
To Rewa
To Rewa
To Rewa
To Bharjuna
To Prayagraj
To Chitrakoot
To Karahi
To Panna
To Maihar
To Maihar
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal


SATNA
2.5 DIGITAL ELEVATION MODEL (DEM)
Legend
Height (Meter)
High : 340
Low : 285
National Highway
Major District Road
Bypass
Roads
Railway Line
Waterbody
Planning Area Boundary
N
Scale
0 0.5 1 1.5 2 2.5 3 3.5 4 Km
District - Satna
Satna
Planning Area
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source: Carto DEM, MAPIT
To Rewa
To Rewa
To Rewa
To Semariya
To Bharjuna
To Prayagraj
To Chitrakoot
To Karahi
To Panna
To Maihar
To Maihar
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal


SATNA
2.6 CONTOUR
Legend
Contour (285m - 340m)
National Highway
Major District Road
Bypass
Roads
Railway Line
Waterbody
Planning Area Boundary
Scale
0 0.5 1 1.5 2 2.5 3 3.5 4 Km
N
District - Satna
Satna
Planning Area
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source: Carto DEM, MAPIT
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal
To Rewa
To Rewa
To Rewa
To Semariya
To Bharjuna
To Prayagraj
To Chitrakoot
To Karahi
To Patna
To Maihar
To Maihar
NH 135 BG
NH 135 BG
NH-39
Satna River
Dhaura

2.3.1.8 लिथोलॉजी

सतना निवेश क्षेत्र में चट्टानो की संरचना की जानकारी का अध्ययन कर दो भागों में विभाजित कर चट्टानो कि संरचना संबंधी मानचित्र तैयार किया गया है जिसे मानचित्र कमांक 2.7 में दर्शाया गया है। चट्टानो कि संरचना निम्नानुसार सारणी 2–सा–8 में दर्शित है।

लिथोलॉजी

सारणी 2–सा–8

S. No.	LITHOLOGY CLASS	AREA (ha)
1	2	3
1.	Sirbu Shale/Limestone Within Shale	9759.15
2.	Lime stone/Shale	1640.91
TOTAL		11400.06

स्त्रोतः जी.आई.एस. विश्लेषण

2.3.1.9 भू–जल संभावनाएं

लिस–IV (LISS-IV), सैट–2 (SAT-2) के उच्च आवर्धन उपग्रह चित्रों का लिथोलॉजी, भू–आकृति विज्ञान (जियोमॉर्फोलॉजी) एवं जल विज्ञान (हाइड्रोलॉजी) से समाकलन कर भू–जल संभावना का मानचित्र तैयार किया गया है है जिसे मानचित्र कमांक 2.8 में दर्शाया गया है। भू–जल संभावनाएं निम्नानुसार सारणी 2–सा–9 में दर्शित है।

भू–जल संभावनाएं

सारणी 2–सा–9

S. No.	GROUNDWATER PROSPECTS CLASS	AREA (ha)
1	2	3
1.	Good to Moderate	8697.48
2.	Moderate	1559.66
3.	Moderate to Poor	898.12
4.	Water bodies	244.80
TOTAL		11400.06

4. कार्य केन्द्रों एवं आबादी क्षेत्र के बीच सम्पर्क मार्गों का निर्माण कर परिवहन व्यवस्था सृदृढ़ करना।

4.3 अंर्तनगरीय यातायात

4.3.1 रेल मार्ग

सतना नगर रेल यातायात से मुम्बई–प्रयागराज रेल लाइन पर स्थित होने के कारण देश के विभिन्न क्षेत्रों से जुडा हुआ है, जिससे इसकी क्षेत्रीय यातायात की आवश्यकता की पूर्ति वर्तमान में हो सकेगी। वर्तमान में सतना रेल्वे स्टेशन विकसित हैं।

4.3.2 सड़क मार्ग

सतना राष्ट्रीय राजमार्ग सतना राष्ट्रीय राजमार्ग 39 एवं 135–बीजी पर स्थित है जो शहर को सीधी, पन्ना, रीवा, सिंगरौली एवं मैहर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 30 से जोड़ते हैं। अतः माल का आयात–निर्यात मार्ग यातायात द्वारा देश एवं प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से होता है। इस प्रकार क्षेत्रीय मार्गो पर यातायात का काफी दबाव रहता है। क्षेत्रीय यातायात के दबाव को दृष्टिगत रखते हुये बायपास मार्ग का निर्माण किया गया हैं।


4.3.3 सीधा यातायात

सतना नगर से गुजरने वाले मार्गो पर सीधा यातायात गुजरता है, अतः इन मार्गो पर बढते हुये यातायात के दबाव को देखते हुये इन मार्गो को पर्याप्त रूप से सक्षम बनाया जाना प्रस्तावित है।

4.4 नगरीय यातायात

नगरीय यातायात की परिभ्रमण संरचना वर्तमान एवं प्रस्तावित दोनो ही प्रकार के प्रमुख कार्य केन्द्रों तथा यातायात अवसान केन्द्रो को दृष्टिगत रखते हुये प्रस्तावित की गई है, इसके द्वारा क्षेत्रीय यातायात एवं नगरीय यातायात का पृथक्करण हो सकेगा। प्रस्तावित परिभ्रमण संरचना से नगर के प्रमुख कार्य केन्द्र जैसे– कलेक्ट्रेट, कृषि उपज मण्डी, यातायात नगर, औद्योगिक क्षेत्र वाणिज्यिक केन्द्र से सीधा सम्पर्क हो सकेगा। प्रस्तावित यातायात संरचना हेतु अपनाई गई नियोजन नीति निम्न बिन्दुओं पर आधारित है –

(अ) नगर के आबादी क्षेत्रों एवं मुख्य गतिविधि क्षेत्रों तक सुविधाजनक एवं सुरक्षित यातायात प्रणाली का विकास ।


SATNA
4.1 EXISTING TRANSPORT NETWORK
Legend
National Highway
Major District Road
Bypass
Major City Road
Minor City Road
Other Public Road
Village Road
Bridge
Railway Line (Broad Gauge)
Railway Station
Bus Stand
Airport
Parking
Transport Nagar
Waterbody
Planning Area Boundary
Village Boundary
Municipal Area Boundary
Scale
0 0.5 1 1.5 2 2.5 3 3.5 4 Km
District - Satna
Planning Area
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source: Worldview-II Satellite data
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal
To Rewa
To Bharjuns
To Prayagraj
To Chitrakoot
To Karahi
To Patna
To Malhar
NH 135 BG
Satna River

(ब) मुख्य कार्य केन्द्रो जैसे– यातायात केन्द्र, वाणिज्यिक केन्द्र, शैक्षणिक आदि केन्द्रों में पदचारी मार्गो का विकास ।

(स) विभिन्न संरचना इकाईयों के मध्य प्रभावी परिवहन तंत्र का विकास ।

(द) समस्याग्रस्त क्षेत्रों के यातायात एवं प्रबंधन की तकनीकी पहल ।

(इ) नगर की भावी जनसंख्या हेतु दक्ष एवं सुदृढ परिवहन प्रणाली की व्यवस्था।

4.5 मार्गो का श्रेणी कम एवं मार्गो की प्रस्तावित चौडाई :–

4.5.1 क्षेत्रीय मार्ग

सतना नगर से राष्ट्रीय राजमार्ग कमांक 39 एवं 135–बीजी गुजरता है, जिसके फलस्वरूप नगर का विभिन्न नगरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्क स्थापित होता है ।

4.5.2 नगरीय मार्ग

(अ) बायपास मार्ग

सतना नगर के आंतरिक यातायात दबाव एवं दुर्घटनाओं को कम करने हेतु बायपास मार्ग का विकास किया गया है, जिसकी चौडाई 36.00/60.00 मीटर प्रस्तावित की गई है।

(ब) प्रमुख नगर मार्ग

नगर का प्रमुख यातायात नगर केन्द्र, प्रमुख कार्य केन्द्र, शिक्षा संस्थायें, स्वास्थ्य केन्द्र इन्ही मार्गो पर स्थित होने से इन मार्गो की यातायात क्षमता को दृष्टिगत रखते हुये चौडाई 30.00–40.00 मीटर प्रस्तावित की गई है ।

(स) वृत्तखण्ड मार्ग

यह मार्ग आवासीय खण्डों एवं भूमि उपयोग क्षेत्रों की सीमा पर प्रस्तावित किये गये है, ये विभिन्न आवासीय क्षेत्रों के मध्य परस्पर संबध स्थापित करेगे, इनकी चौडाई 24.00–30.00 मीटर प्रस्तावित की गई है।

(द) उप वृत्तखण्ड मार्ग

इन मार्गो द्वारा खण्ड में स्थित आबादी की यातायात विषयक आवश्यकतायें पूरी होती रहेगी, तथा इन मार्गो को वृत्त खण्ड स्तरीय मार्गो से जोडा जाएगा । इन मार्गो की चौडाई 18.00–24.00 मीटर प्रस्तावित की गई है ।

(इ) स्थानीय मार्ग

यह मार्ग मुख्यतः आवासीय खण्डों में परिभ्रमण उपलब्ध करवाने हेतु प्रस्तावित है, इन मार्गो के किनारें पुटपाथ, भूमिगत मल निकास एवं विद्युत प्रदाय हेतु लाईन का प्रावधान होता है। इनकी चौडाई 09.00 से 12.00 मीटर की 10 स्थानीय मार्ग प्रस्तावित की गई है ।

4.5.3 मार्गो की प्रस्तावित चौडाई

यातायात के प्रकार व उनकी विशेषता के अनुरूप एवं भविष्य की आवश्यकता को देखते हुये मार्गो की चौडाई निर्धारित की गई है, सारणी 4–सा–1 में नगर के विकास हेतु विभिन्न क्षेत्रीय मार्गो की प्रस्तावित चौडाई एवं सारणी 4–सा–2 में विद्यमान नगरीय मार्गो की प्रस्तावित चौड़ाई निर्धारित की गई है।

मध्य क्षेत्र में मार्गो की चौड़ाई

सारणी 4–सा–1

क्रमांक	प्रमुख मार्ग का नाम	उप मार्ग	विकास योजना 2021 में चौड़ाई (मीटर में)	विकास योजना 2035 में प्रस्तावित चौड़ाई (मीटर में)	मार्ग की श्रेणी
1	2	3	4	5	6
1.	स्टेशन मार्ग (पश्चिमी वृत्त मार्ग)	सर्किट हाउस चौक से स्टेशन मार्ग होकर गौशाला चौक तक	15.00–18.00	18.00	वाणिज्यिक मार्ग
2.	गौशाला चौक से खेरमाई नाला तक (दक्षिण वृत्त मार्ग)	गौशाला चौक से पूर्व की ओर नाले तक	9.00	12.00	वाणिज्यिक मार्ग
3.	नया तालाब एवं कंवरराम टाकीज मार्ग (पूर्वी वृत्त मार्ग)	(अ) दक्षिण मार्ग के मिलान बिन्दु से नव दुर्गा चौक तक	15.00–18.00	18.00	वाणिज्यिक मार्ग
		(ब) नव दुर्गा चौक से पुराने गल्ला मंडी तिराहा होकर जगत देव तालाब चौक तक	15.00–18.00	18.00	वाणिज्यिक मार्ग

सतना विकास योजना 2035

क्रमांक	प्रमुख मार्ग का नाम	उप मार्ग	विकास योजना 2021 में चौड़ाई (मीटर में)	विकास योजना 2035 में प्रस्तावित चौड़ाई (मीटर में)	मार्ग की श्रेणी
1	2	3	4	5	6
		(स) जगतदेव तालाब चौक से पशु चिकित्सालय तक	12.00–15.00	18.00	वाणिज्यिक मार्ग
		(द) पशु चिकित्सालय सं सेमरिया चौक तक	15.00–24.00	24.00	वाणिज्यिक मार्ग
4.	राष्ट्रीय राजमार्ग (उत्तरी वृत्त मार्ग)	सेमरिया चौक से सर्किट हाउस चौक तक	35.00	36.00	वाणिज्यिक मार्ग
5.	अस्पताल मार्ग	स्टेशन मार्ग से जगतदेव तालाब तक	18.00	18.00	वाणिज्यिक मार्ग
6.	गल्ला मंडी मार्ग (टिकुरिया टोला मार्ग)	जय स्तम्भ चौक से पुरानी गल्ला मंडी तिराहा तक	12.00–15.00	18.00	वाणिज्यिक मार्ग
7.	महावीर मार्ग	पुराना नगर निगम कार्यालय से हनुमान चौक होकर गौशाला चौक तक	12.00–15.00	18.00	वाणिज्यिक मार्ग
8.	महावीर भवन मार्ग	अस्पताल चौक से जय स्तंभ चौक तक	–	12.00	वाणिज्यिक मार्ग
9.	पुराना पावर हाउस मार्ग	स्टेशन मार्ग से पुराना पावर हाउस चौक तक	12.00–15.00	12.00	वाणिज्यिक मार्ग
10.	चौक बाजार	वीनस लाज तिराहे से शराब कारखना तक	12.00–15.00	12.00	वाणिज्यिक मार्ग
11.	पुरानी सब्जी मंडी मार्ग	स्टेशन मार्ग से बिहारी चौक लालता चौक होकर सब्जी मंडी क	12.00	12.00	वाणिज्यिक मार्ग

सतना विकास योजना 2035

क्रमांक	प्रमुख मार्ग का नाम	उप मार्ग	विकास योजना 2021 में चौड़ाई (मीटर में)	विकास योजना 2035 में प्रस्तावित चौड़ाई (मीटर में)	मार्ग की श्रेणी
1	2	3	4	5	6
12.	प्रणामी मंदिर मार्ग	फूलचंद भजियावाला चौक से लालता चौक होकर दक्षिणी वृत्त मार्ग तक	12.00	12.00	वाणिज्यिक मार्ग
13.	हनुमान चौक मार्ग	स्टेशन मार्ग से हनुमान चौक होकर नया तालाब मार्ग तक	—	12.00	वाणिज्यिक मार्ग
14.	खेरमाई रोड़	होटल प्रताप के सामने से जगतदेव तालाब तक	12.00	18.00	वाणिज्यिक मार्ग
15.	आयुष्मान अस्पताल मार्ग	खेरमाई मार्ग से स्टेशन मार्ग तक	9.00–12.00	12.00	वाणिज्यिक मार्ग
16.	सहकारी भवन मार्ग	खेरमाई मार्ग से स्टेशन मार्ग तक	9.00–12.00	12.00	वाणिज्यिक मार्ग

सतना विकास योजना 2035

मार्ग की प्रस्तावित चौड़ाई

सारणी 4–सा–2

क्रमांक	मार्ग	मार्ग खण्ड	विकास योजना 2021 में चौड़ाई (मीटर में)	पुनर्विलोकन उपरांत प्रस्तावित चौड़ाई (मीटर में)
1	2	3	4	5
1.	राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–39 (पन्ना–रीवा मार्ग)	(अ) प्रस्तावित वृत्तीय मार्ग (रीवा की ओर) से प्रस्तावित वृत्तीय मार्ग (पन्ना की ओर) तक	35.00	36.00
		(ब) प्रस्तावित वृत्तीय मार्ग (रीवा एवं पन्ना की ओर) से आगे	60.00	60.00
2.	क्षेत्रीय मार्ग			
	1. मैहर मार्ग	(अ) गौशाला चौक से डाली बाबा चौक तक	18.00	18.00
		(ब) डाली बाबा चौक से वृत्तीय मार्ग तक	30.00	30.00
		(स) वृत्तीय मार्ग से आगे मैहर मार्ग की ओर	60.00	60.00
	2. चित्रकूट मार्ग	(अ) सिविल लाइन तिराहा से वृत्तीय मार्ग तक	30.00	30.00
		(ब) वृत्तीय मार्ग से आगे	45.00	45.00
	3. सेमरिया मार्ग	(अ) सेमरिया चौक से वृत्त मार्ग तक	35.00	36.00
		(ब) वृत्त मार्ग से आगे सेमरिया की ओर	60.00	60.00
3.	वृत्त मार्ग (प्रस्तावित)	(अ) उत्तरी वृत्त मार्ग (रीवा मार्ग से पन्ना मार्ग तक)	60.00	60.00
		(ब) दक्षिण वृत्त मार्ग (रीवा मार्ग से मैहर मार्ग होकर पन्ना मार्ग तक)	60.00	60.00
4.	प्रमुख नगरीय मार्ग	1. सिटी कोतवाली से धवारी तिराहा होकर भरहुत होटल सिविल लाइन तिराहा तक	24.00	24.00

सतना विकास योजना 2035

क्रमांक	मार्ग	मार्ग खण्ड	विकास योजना 2021 में चौड़ाई (मीटर में)	पुनर्विलोकन उपरांत प्रस्तावित चौड़ाई (मीटर में)
1	2	3	4	5
		2. राष्ट्रीय राजमार्ग करही चौक से समरिटन अस्पताल चौक होकर महादेवा तक।	12.00 / 15.00	15.00
		3.(अ) धवारी मार्ग पर जवाहर मैदान से पश्चिम की ओर नाले तक	12.00	12.00
		(ब) नाले से समरिटल अस्पतान चौक तक	15.00 / 18.00	18.00
		4. (अ) स्टेडियम चौक से धवारी बस्ती होकर वनवासी सरस्वती स्कूल मोड़ तक	12.00	12.00
		(ब) सरस्वती स्कूल तिराहे से महादेवा की ओर	18.00	18.00
		5. (अ) करही तिराहा से इंजीनियरिंग कालेज मार्ग गोदाम तक (विस्तार उत्तर–पूर्व तरफ)	15.00	15.00
		(ब) गोदाम से आगे	18.00	18.00
		6. प्रेम नर्सिंग होम तिराहा से अन्डर ब्रिज होकर रेल्वे क्रासिंग तक	15.00 / 18.00	18.00
		7. रेल्वे क्रासिंग से चित्रकूट मार्ग तक	18.00 / 24.00	24.00
		8. सर्किट हाउस चौक से झंकार टाकीज होकर स्वामी चौराहा तक	15.00 / 18.00	18.00
		9. (क) बरदाडीह चौक से शुक्ला ग्राम की ओर	15.00 / 18.00	18.00

सतना विकास योजना 2035

क्रमांक	मार्ग	मार्ग खण्ड	विकास योजना 2021 में चौड़ाई (मीटर में)	पुनर्विलोकन उपरांत प्रस्तावित चौड़ाई (मीटर में)
1	2	3	4	5
		जाने वाला मार्ग प्रस्तावित वृत्तीय मार्ग तक		
		(ख) प्रस्तावित वृत्तीय मार्ग के आगे	30.00	30.00
		10. भरहुत नगर तिराहा से पुराना आर0टी0ओ0 कार्यालय तक	18.00	18.00
		11. बस स्टैण्ड फायर ब्रिगेड से बैंक कालोनी तक	9.00 / 12.00	12.00
		12. काईस ज्योति स्कूल के सामने से कृष्ण नगर मार्ग को क्रास कर सरस्वती स्कूल तक	9.00 / 12.00	12.00
		13. बांस नाका से लखन चौराहा होकर वर्तमान वायपास तक	18.00	18.00
		14.डाली बाबा चौक से डाली बाबा मंदिर होकर लखन चौक तक	12.00	12.00
		15. (अ) सेमरिया मार्ग से गल्ला मण्डी तक	35.00	36.00
		(ब) मंडी से आगे पॉलीटेक्नीक कालेज होकर प्रस्तावित वृत्तीय मार्ग तक	25.00	25.00
		16.सीता राम पेट्रोल पम्प से शिव मंदिर होकर बांधवगढ़ कालोनी यादव पेट्रोल पम्प तक।	15.00 / 18.00	18.00
		1. सेमरिया मार्ग पर दीनदयाल गेट से शिव चौक तक	18.00	18.00

सतना विकास योजना 2035


क्रमांक	मार्ग	मार्ग खण्ड	विकास योजना 2021 में चौड़ाई (मीटर में)	पुनर्विलोकन उपरांत प्रस्तावित चौड़ाई (मीटर में)
1	2	3	4	5
		2. कोलगवां कोतवाली के सामने दीनदयाल गेट से सिन्धी धर्मशाला तक	18.00	18.00
		3. राष्ट्रीय राजमार्ग से जेल तक	30.00	30.00
		4. बढैया चौक से बांधवगढ़ कालोनी तक	18.00	18.00
		5. गहरानाला से सरस्वती आवासीय विद्यालय होकर वायपास तक	18.00	18.00
		6. वर्तमान वायपास मार्ग से बेलहटा की ओर।	24.00	24.00
	वृत्त खण्ड मार्ग	निवेश ईकाई के अंदर आवागमन	12.00 / 18.00	24.00
	उपवृत्त खण्ड मार्ग	क्षेत्र के अंदर आवागमन	9.00 / 15.00	18.00
	स्थानीय मार्ग	क्षेत्र के अंदर आवागमन	9.00 / 12.00	12.00
	पदचारी मार्ग	क्षेत्र के अंदर आवागमन	3.00 / 5.00	3 / 5.00
	ग्रामीण पहुँच मार्ग	ग्रामीण क्षेत्र में आवागमन	—	18.00
	प्रधानमंत्री सड़क मार्ग	—	—	24.00
5.	प्रमुख मार्ग			
	एम.आर. नं. 1	उत्तरी रिंग रोड से इंजीनियरिंग कॉलेज होकर चित्रकूट मार्ग तक	35.00	36.00
	एम.आर. नं. 2	भरजुना मार्ग से पश्चिम की ओर रेल्वे लाइन तक।	35.00	36.00
	एम.आर. नं. 3	औद्योगिक क्षेत्र से गल्ला मंडी को जोड़ने वाले प्रस्तावित मार्ग से उत्तरी रिंग रोड़ तक	35.00	36.00

क्रमांक	मार्ग	मार्ग खण्ड	विकास योजना 2021 में चौड़ाई (मीटर में)	पुनर्विलोकन उपरांत प्रस्तावित चौड़ाई (मीटर में)
1	2	3	4	5
	एम.आर. नं. 4	डिलौरा बायपास से प्रस्तावित दुग्ध डेयरी उद्योग बेलहटा मार्ग तक	35.00	36.00
	एम.आर. नं. 5	ग्राम उतैली बायपास से प्रस्तावित रिंग रोड़ तक	35.00	36.00
	एम.आर. नं. 6	ग्राम उमरी राष्ट्रीय राजमार्ग से महादेवा प्रस्तावित मार्ग तक	35.00	36.00

प्रस्तावित मार्गो की चौड़ाई

सारणी 4–सा–3

क्रमांक	मार्ग	मार्ग खण्ड	विकास योजना 2035 में प्रस्तावित चौड़ाई (मीटर में)
1	2	3	5
1.	**वृत्तखण्ड स्तरीय मार्ग (Sector Road)**		
(1)	एस.आर. 1	मैहर बायपास मार्ग से एस.आर. 2	24.00
(2)	एस.आर. 2	एम.आर. 4 से प्रस्तावित मैहर बायपास मार्ग	24.00
(3)	एस.आर. 3	मैहर बायपास मार्ग से एस.एस.आर. 1	24.00
2.	**उप वृत्तखण्ड स्तरीय मार्ग (Sub-Sector Road)**		
(1)	एस.एस.आर. 1	एम.आर. 4 से प्रस्तावित मैहर बायपास मार्ग	18.00
(2)	एस.एस.आर. 2	नारायण तालाब से मैहर बाईपास होकर एम. आर. 4 तक	18.00
(3)	एस.एस.आर. 3	सतना डिग्री कॉलेज के पास से मैहर बाईपास मार्ग तक	18.00
(4)	एस.एस.आर. 4	ट्रांसपोर्ट नगर से रीवा पन्ना मार्ग तक	18.00
(5)	एस.एस.आर. 5	प्रस्तावित उत्तरी बाईपास मार्ग से एस.एस. आर. 4 तक	18.00
(6)	एस.एस.आर. 6	बायपास मार्ग से कुशवाहा मार्ग	18.00
(7)	एस.एस.आर. 7	नीमी मार्ग से कुशवाहा मार्ग तक	18.00
(8)	एस.एस.आर. 8	घुरड़ांग चौराहे से पश्चिम की ओर भरजुना मार्ग तक	18.00
(9)	एस.एस.आर. 9	बिरला सीमेंट प्लांट से भरजुना मार्ग तक	18.00
(10)	एस.एस.आर. 10	एम.आर. 1 से उत्तरी बायपास मार्ग	18.00
(11)	एस.एस.आर. 11	महदेवा मार्ग से सतना रेलवे स्टेशन तक	18.00
(12)	एस.एस.आर. 12	एस.एस.आर. 11 से धवारी–महदेवा मार्ग तक	18.00
(13)	एस.एस.आर. 13	डाली बाबा मार्ग से मैहर बायपास तक	18.00


SATNA
4.2 PROPOSED TRANSPORT NETWORK
Legend
TRANSPORTATION
परिवहन
Bypass
बायपास मार्ग
Major Road
मुख्य मार्ग
Sector Road
खण्डीय मार्ग
Sub Sector Road
उप वृत्तखण्ड मार्ग
Local Road
स्थानीय मार्ग
Scale
0 0.5 1 1.5 2 2.5 3 3.5 4 Km
N
Planning Area
District - Satna
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source: WV II Satellite 2016 Data & Archieve Master Plan
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal
To Rewa
To Bharjuna
To Prayagraj
To Chitrakoot
To Karahi
To Panna
To Malhar
NH 135 BG
Bichia River
BATHIYA KHURD
BATHIYA KALAN
BELAVRIT
BADKHAR
KRIPALPUR
KATTYA
SEJHATA
BELHATA
SONVARSHA
SONKURA
GURDAND
BAKULA
BAGAHA
KARHI HARIVALLA
PHARA
AMJHOLA KHURD
AMJHOLA KALAN
UMRI
MAHDEWA
SATNA
PHAWARI
BAGRESDI

4.6 यातायात अवसान केन्द्र (माल/यात्री)

(अ) रेल्वे गुड्स यार्ड

भविष्य की आवश्यकता के मान से वर्तमान में रेल्वे विभाग का गुड्स यार्ड हेतु स्थान पर्याप्त है ।

(ब) यातायात नगर

सतना नगर के मध्य क्षेत्र में व्याप्त यातायात समस्याओं के निदान हेतु यातायात नगर रीवा मार्ग पर विकसित हैं।

4.6.1 आवसान केन्द्र (यात्री)

(अ) रेल्वे स्टेशन

वर्तमान में सतना रेल्वे स्टेशन नगर के मध्य में स्थित है, नगर के मध्य से व अन्य क्षेत्र से पहुंच मार्ग उपलब्ध है । रेल्वे स्टेशन पर यात्रियों हेतु पर्याप्त सुविधा उपलब्ध है ।

(ब) क्षेत्रीय बस स्टेण्ड एवं बस डिपो

सतना नगर में वर्तमान में बस स्टेण्ड नगर के मध्य में स्थित है। जो कि रेल्वे स्टेशन के नजदीक एवं मुख्य मार्ग पर स्थित है।

4.7 पार्किंग प्रस्ताव

वर्तमान में पार्किंग की समस्या नगर के मध्य क्षेत्र एवं अन्य कार्य केन्द्रो के समीप बहुत अधिक है । आने वाले समय में यह समस्या ओर भी बढेगी, इसका एक मात्र हल यही होगा कि प्रभावी परिवहन व्यवस्था विकसित की जावे एवं यातायात के प्रबंधन हेतु कार्य योजना तैयार की जावे । साथ ही स्थायी निराकरण के लिये यह आवश्यक है कि पार्किंग की विस्तृत योजना बनाई जाकर उसका कियान्वयन किया जावे । पार्किंग योजना तैयार होने तक निम्न व्यवस्था प्रस्तावित है ।

(i) मध्य क्षेत्र में फुटपाथ की चौडाई 1.5 मीटर रखी जाकर उसके अंदर ही ड्रेनेज निकाली जाये तथा सडक की शेष भूमि का पार्किंग के लिये उपयोग किया जावे ।

(ii) चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों के लिये पृथक–पृथक पर्किंग क्षेत्र का निर्धारण ।

(iii) नगर के क्षेत्रीय मार्गो एवं कार्यकेन्द्रो के समीप पार्किंग के स्थान हेतु भूमि आरक्षित करना।


(iv) स्वीकृत मानचित्रों मे पार्किंग के लिये प्रस्तावित क्षेत्र का स्थानीय प्रशासन द्वारा समय सीमा में कियान्वयन सुनिश्चित करना।

4.8 यातायात प्रबंधन योजना

विगत दशक में सतना में पंजीकृत वाहनों की में काफी वृद्धि हुई है। अतः नगर के मध्य क्षेत्र में स्थित कार्यकेन्द्रो के बढते स्वरूप तथा विद्यमान मार्ग संरचना की सीमित क्षमता को दृष्टिगत रखते हुये यातायात प्रबंधन योजना तैयार की जाकर उसका कियान्वयन किया जाना आवश्यक है । यातायात प्रबंधन योजना के घटकों में मार्ग संगमों पर ट्रेफिक सिंग्नल, रोटरी, ज्यामितिय संरचना, मार्ग विभाजन, जन परिवहन वाहनों को यातायात में प्राथमिकता, पैदल यात्रियों के लिये फुटपाथ, चौराहों पुटपाथ पर रेलिंग व्यवस्था, सडकों पर यातायात के लिये चिन्ह अंकित करना, नागरिकों को यातायात की जानकारी, स्कूल एवं कॉलेजो में यातायात प्रशिक्षण आदि को सम्मिलित किया जाना आवश्यक है ।

4.8.1 चौराहों का विकास

नगर के व्यस्तम मार्ग संगमों पर यातायात सिंग्नल लगाये जाकर उन्हें सिन्क्रोनाइज किया जावे तथा इनके नियंत्रण हेतु केन्द्रीय यातायात नियंत्रण योजना तैयार की जाना प्रस्तावित है । भविष्य की आवश्यकताओं, यातायात दबाव तथा स्थल विशेष की वर्तमान परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुये प्रमुख मार्ग संगमों पर फ्लाय ओवर, निर्मित किया जाना प्रस्तावित है।


SATNA
4.3 EXISTING BUS STOP
Legend
Bus Stop
National Highway
Major District Road
Bypass
Roads
Railway Line
Waterbody
Village Boundary
Scale
0 0.2 0.4 0.8 1.2 1.6 Km
N
District - Satna
Planning Area
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source: Ground Verification
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal

अध्याय– 5 विकास योजना प्रस्ताव–2035

5.1 विकास योजना 2021 का पुनर्विलोकन

सतना विकास योजना 2021 प्रस्तावित जनसंख्या 4.60 लाख हेतु दिनांक 16.04.2010 से प्रभावशील की गई थी। भारत सरकार द्वारा चयनित मध्य–प्रदेश के 34 शहरों में से सतना नगर को अमृत गाईड लाईन के अनुसार विकास योजना तैयार करने हेतु चयनित किया गया एवं सतना विकास योजना 2021 की समयावधि खत्म होने के पूर्व विकास योजना 2021 का पुनर्विलोकन किया जाकर वर्ष 2035 के लिए अनुमानित जनसंख्या 5.50 लाख हेतु तैयार की गई है। जिसमें वर्तमान विकसित क्षेत्र को समाहित कर नवीन प्रस्ताव दिये गये हैं, जो नगर के विकास के साथ नगरीय जीवन स्तर के उन्नयन एवं आर्थिक विकास हेतु उपयोगी होंगे।

5.2 योजना अवधारणा

सतना नगर का वर्तमान भौतिक स्वरूप एवं आकार नगर में स्थित तालाब, पहाड़ियों पर आधारित है। भौतिक बंधनों के कारण नगर का वर्तमान स्वरूप निम्न क्षेत्रों में हो रहे विकास पर आधारित है।

1. पुराना नगर (मध्य क्षेत्र)।

2. सेमरिया मार्ग (ग्राम बदखर)।

3. रीवा–पन्ना मार्ग (ग्राम कृपालपुर)।

4. चित्रकूट–मैहर मार्ग (ग्राम बगहा, डिलौरा)।

वर्तमान में हो रहे विकास की दिशा को दृष्टिगत रखते हुये नगर का भावी विकास एवं स्वरूप का निर्धारण किया गया है, फलस्वरूप विभिन्न क्षेत्रों को सार्वजनिक एवं अर्धसार्वजनिक सुविधाओं की दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त क्षेत्रों को प्रस्तावित परिभ्रमण संरचना एवं यातायात के द्वारा समुचित रूप में जोड़े जाने की भी आवश्यकता है, ताकि इन सभी क्षेत्रों में आपसी सह–संबंध एवं युक्तियुक्त सामंजस्य स्थापित किया जा सके। इस प्रकार नगर का विकास एकीकृत रूप से हो सकेगा। वर्तमान में मुख्य मार्गों को शहर से गुजरने के कारण यातायात एवं पर्यावरण की समस्या को दृष्टिगत रखते हुये प्रमुख मार्गों को प्रस्तावित बायपास मार्ग के द्वारा आपस में जोड़ा गया है, जिससे ईंधन व समय की बचत के अतिरिक्त सीधे यातायात का नगरीय यातायात से पृथक्करण संभव हो सके।

नगर के मध्य क्षेत्र में वाणिज्यिक एवं आवासीय दबाव को कम करने की दिशा में प्रस्तावित विभिन्न क्षेत्र में इस हेतु मिश्रित उपयोग हेतु उचित प्रावधान किये जाने की

आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुये नवीन प्रस्ताव रखे गये हैं, ताकि मध्य क्षेत्र में इन गतिविधियों का विकेन्द्रीकरण हो सके। नगर के क्षेत्रीय महत्व को दृष्टिगत रखते हुये नगरीय सुविधाओं के अतिरिक्त क्षेत्रीय स्तर पर सुविधाओं को प्रस्तावित किया गया है। नगर के भावी औद्योगिक विकास को दिशा प्रदान करने की दृष्टि से कृषि आधारित एवं अन्य उद्योगों हेतु उचित प्रावधान किया गया है।

5.3 विकास योजना में अतिरिक्त क्षेत्र की आवश्यकता


सतना विकास योजना 2021 के अनुसार सतना निवेश क्षेत्र की, वर्ष 2020 में जनसंख्या 4.00 लाख के आस–पास रहेगी एवं वर्ष 2035 तक औसतन जनसंख्या 5.50 लाख अनुमानित की गई है।

विकसित क्षेत्र में आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक, मिश्रित, सार्वजनिक एवं अर्ध सावर्जनिक, सावर्जनिक सुविधाएं एवं सेवाऐं, आमोद–प्रमोद एवं परिवहन क्षेत्र में सम्मिलित हैं। रिक्त भूमि, जलाशय, वन क्षेत्र एवं कृषि भूमि सम्मिलित नहीं है।

यू.आर.डी.पी.एफ.आई. मानक अनुसार मध्यम श्रेणी के नगरों के लिए 125 व्यक्ति प्रति हेक्टेयर जनसंख्या घनत्व अनुशंसित है। इस संदर्भ में वर्ष 2035 तक सतना निवेश क्षेत्र में विकास योजना प्रस्ताव निर्धारित करने हेतु क्षेत्रफल की गणना की गई है एवं इस गणना के अनुसार लगभग 7271.06 हेक्टेयर भूमि कुल 5.50 लाख जनसंख्या (वर्ष 2035) के लिये आवश्यक होगी। सतना निवेश क्षेत्र में प्रस्तावित उपयोग हेतु भूमि का चयन करने हेतु समन्वित भूमि उपयोग उपयुक्तता का विश्लेषण किया गया है, जिसका मुख्य आधार भौगोलिक विशेषताएँ एवं पर्यावरणीय घटकों का संयुक्त रूप से "Multicriteria Index" के माध्यम से विश्लेषण है।

5.4 भूमि उपयोग 2035

सतना विकास योजना 2035 में नगर के संतुलित एवं नियोजित विकास को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तावित क्षेत्र में 13.22 हेक्टेयर प्रति हजार व्यक्ति की भू–उपयोग दर से नगरीय विकास प्रस्तावित है। विकास योजना 2021 में 13.14 हेक्टेयर प्रति हजार भू–उपयोग दर प्रस्तावित की गई थी। जबकि वर्तमान में यह दर 8.62 हेक्टेयर प्रति हजार ही प्राप्त हुई है।


SATNA
5.1 EXISTING LANDUSE
Legend
Scale
0 0.5 1 1.5 2 2.5 3 3.5 4 Km
District - Satna
Planning Area
Satna
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source: World View-II,2018 Satellite Data & Ground Verification
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal
To Rewa
To Bharjuna
To Prayagraj
To Chitrakoot
To Karahi
To Panna
To Malhar
NH-135 BG
NH-39
NH-30
BATHIYA KHURD
BATHIYA KALAN
BELAVRIT
BADKHAR
KRIPALPUR
KATIYA
BELHATA
DILDURA
SUNWAHA
SRUKLA
RAGAHA
UMRI
KHAIRA
KARHI NARWALLA
MAHDEVA
DHAWARI
GIDURI
CHHAMAMEI
BAGHORI

वर्ष 2035 के लिए भूमि उपयोग वितरण

सारणी 5–सा–1

क्र.	भू– उपयोग	विकास योजना 2021 में प्रस्तावित क्षेत्र (हेक्टेयर में)	वर्तमान विकसित क्षेत्र 2019			कुल प्रस्तावित क्षेत्र 2035 (वर्तमान विकसित क्षेत्र सहित)		
			क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	प्रतिशत	भमि उपयोगिता दर	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) वर्तमान + प्रस्तावित	प्रतिशत	प्रस्तावित भूमि उपयोगिता दर
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	आवासीय	3327.38	1633.55	47.37	4.08	3656.91	50.29	6.65
2.	वाणिज्यिक	325.14	179.95	5.22	0.45	353.14	4.86	0.64
3.	औद्योगिक	449.78	283.02	8.21	0.71	426.88	5.87	0.78
4.	मिश्रित	-	106.28	3.08	0.27	537.84	7.40	0.98
5.	सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक	416.81	264.24	8.06	0.69	383.86	5.52	0.73
	सार्वजनिक सेवाएँ एवं सुविधाएँ		13.64			17.68		
6.	आमोद–प्रमोद	581.98	226.38	6.56	0.57	913.38	12.56	1.66
7.	यातायात एवं परिवहन	943.51	741.45	21.50	1.85	981.37	13.50	1.78
	योग	**6044.60**	**3448.51**	**100**	**8.62**	**7271.06**	**100**	**13.22**

5.4.1 आवासीय

आवासीय उपयोग के प्रस्ताव वर्तमान आवासीय को समाहित करते हुये नगर के चारों दिशाओं में दिये गये हैं, ताकि नगर का संतुलित विकास हो सके। आवासीय उपयोग के अंतर्गत वर्तमान आवासीय सहित 3656.91 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है जो कि कुल प्रस्तावित क्षेत्र का 50.29 प्रतिशत है।

5.4.2 वाणिज्यिक

वाणिज्यिक उपयोग के प्रस्ताव वर्तमान वाणिज्यिक को यथावत् रखते हुये मुख्य मार्गों प्रस्तावित आवासीय क्षेत्रों के समीप प्रस्तावित किये गये हैं, ताकि विकसित हो रहे आवासीय क्षेत्र को वाणिज्यिक गतिविधियों की सुविधा प्राप्त हो सके। वाणिज्यिक उपयोग के अंतर्गत वर्तमान वाणिज्यिक सहित 353.14 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है, जो कि प्रस्तावित क्षेत्र का 4.86 प्रतिशत है।

5.4.3 औद्योगिक

नगर में औद्योगिक विकास, स्थानीय खनिज, वनोपज एवं कृषि उपज के आधार पर स्थापित होने वाले प्रदूषण रहित औद्योगिक इकाईयों के रूप में प्रस्तावित है। इन औद्योगिक इकाईयों के लिए वर्तमान औद्योगिक क्षेत्रों के समीप कुल 426.88 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है। औद्योगिक उपयोग के लिए प्रस्तावित भूमि का 5.87 प्रतिशत है।

5.4.4 मिश्रित

मिश्रित उपयोग के अंतर्गत वर्तमान सहित 537.84 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है, जो कि कुल प्रस्तावित क्षेत्र का 7.40 प्रतिशत है।

5.4.5 सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक

सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक उपयोग के अंतर्गत वर्तमान सहित 383.86 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है, जो कि कुल प्रस्तावित क्षेत्र का 5.28 प्रतिशत है।

5.4.6 सार्वजनिक उपयोगिता एवं सेवा–सुविधाएं

सार्वजनिक उपयोगिता एवं सेवा–सुविधाएं उपयोग के अंतर्गत वर्तमान सहित 17.68 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है, जो कि कुल प्रस्तावित क्षेत्र का 0.24 प्रतिशत है।

5.4.7 आमोद–प्रमोद


विकास योजना में आमोद–प्रमोद के अन्तर्गत 913.38 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित है, जो कुल प्रस्तावित क्षेत्र का 12.56 प्रतिशत है। प्रस्तावित क्षेत्र में वर्तमान विकसित क्षेत्र भी सम्मिलित है। इस उपयोग के अन्तर्गत नालों के किनारे भूमि विकास नियमानुसार निर्धारित सीमा तथा तालाबों के जलग्रहण क्षेत्र के चारों ओर निर्धारित सीमा तक वृक्षारोपण भी प्रस्तावित है।

5.4.8 यातायात एवं परिवहन

विकास योजना में यातायात क्षेत्र के अन्तर्गत 981.37 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है, यह भूमि विकास के लिए प्रस्तावित भूमि का 13.50 प्रतिशत है। यातायात एवं परिवहन उपयोग के अन्तर्गत नगरीय मार्गों के विस्तार के साथ बायपास मार्ग के निर्माण तथा स्थानीय मार्गों की यातायात संरचना पदानुक्रम में विकास के लिए प्रस्तावित की गई है।

5.5 निवेश इकाईयॉ

सतना विकास योजना 2021 में निवेश क्षेत्र को 4 निवेश इकाईयों में विभक्त किया गया था। विकास योजना 2035 में भी पूर्व निवेश इकाईयों के क्षेत्र को यथावत रखा गया है। निवेश इकाई का विस्तृत विवरण सारणी में दर्शाया गया है।


SATNA
5.2 DEVELOPMENT PLAN (DRAFT 2035)
Proposed Landuse
Legend
Scale
Planning Area
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source: WV II Satellite 2016 Data & Archieve Master Plan
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal
To Rewa
To Bharjuna
To Prayagraj
To Chitrakoot
To Karahi
To Panna
To Malhar
NH-135
NH-39

सतना विकास योजना 2035

निवेश इकाईयाँ

सारणी 5–सा– 2

क्र.	निवेश इकाईयाँ	कुल क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)
1	2	3
1.	निवेश इकाई कमांक–1	1254.47
2.	निवेश इकाई कमांक–2	4920.22
3.	निवेश इकाई कमांक–3	1673.44
4.	निवेश इकाई कमांक–4	3551.92

निवेश इकाई कमांक–1

इस इकाई में निवेश क्षेत्र का दक्षिणी–पश्चिमी भाग सम्मिलित है, जिसमें रेलवे कॉलोनी सहित पुराना मध्यवर्ती क्षेत्र का हिस्सा शामिल है। इस इकाई के उत्तर में पन्ना, रीवा मार्ग, दक्षिण–पश्चिम में निवेश क्षेत्र सीमा एवं पूर्व में खेरमाई मार्ग, मध्य क्षेत्र का पूर्वी भाग एवं रेल्वे लाइन स्थित है। इस इकाई का कुल क्षेत्रफल 1254.47 हेक्टेयर है।

निवेश इकाई कमांक–2

इस निवेश इकाई में सिविल लाइन का क्षेत्र, मुख्तयार गंज, सिद्धार्थनगर, बस स्टेण्ड, सीमेन्ट एवं केबिल्स फेक्ट्री आदि क्षेत्र शामिल है। इसकी सीमाएं त्रिभुजाकार आकृति में होकर दक्षिण में पन्ना–रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग, पूर्व में सेमरिया मार्ग तथा उत्तर एवं पश्चिम में निवेश क्षेत्र की सीमा तक है। इस इकाई का कुल क्षेत्रफल 4920.22 हेक्टयर है।

निवेश इकाई कमांक–3

इस निवेश इकाई की सीमा में दक्षिण में राष्ट्रीय राजमार्ग, उत्तर–पश्चिम में सेमरिया मार्ग तथा पूर्व में पूर्वी निवेश क्षेत्र तक का क्षेत्र आता है। इसमें सीमेन्ट फैक्ट्री का आवासीय भाग, अस्पताल एवं स्टेडियम क्षेत्र, बांधवगढ़ कॉलोनी, सिन्धी कैम्प, नई बस्ती, अनाज मण्डी, डिग्री कॉलेज, आद्योगिक क्षेत्र स्थित है। इसका कुल क्षेत्रफल 1673.44 हेक्टयर है।

निवेश इकाई कमांक–4

इस निवेश इकाई की सीमा उत्तर में राष्ट्रीय राजमार्ग, पश्चिम में खेरमाई मार्ग, मध्यवर्ती क्षेत्र का पूर्वी वृत्त मार्ग एवं रेल्वे लाईन तथा दक्षिण एवं पूर्व में निवेश क्षेत्र सीमा तक है। इस इकाई में टिकुरिया टोला उतैली, संग्राम कॉलोनी, कृष्ण नगर, जीवन ज्योति कॉलोनी आदि प्रमुख आवासीय क्षेत्र शामिल है। इसका कुल क्षेत्रफल 3551.92 हेक्टेयर है।

5.6 अनौपचारिक सेक्टर

बेरोजगार एवं सीमित रूप से रोजगार से जुड़े कर्मी जो रोजगार की तलाश में हैं अथवा आर्थिक उन्नति के लिये आशान्वित है, अनौपचारिक वर्ग के अंतर्गत आते हैं। ये वर्ग शहर की आर्थिक गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं तथा आवासीय क्षेत्र के लिये सेवा जनसंख्या के रूप में भी कार्य करते हैं।

अनौपचारिक गतिविधियां मुख्य रूप से कार्य केन्द्रों, वाणिज्यिक केन्द्रों, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के बाहर, यातायात केन्द्रों एवं बड़े आवासीय समूहों के आस–पास स्थापित हो जाती है। चूंकि आर्थिक गतिविधियों में उनकी एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिये औपचारिक वर्ग के साथ–साथ अनौपचारिक गतिविधियों के लिये भी विकास योजना में प्रस्ताव रखे गये हैं।

अनौपचारिक गतिविधि क्षेत्रों की योजना, व्यापार एवं विभिन्न प्रकार के उपयोग परिक्षेत्र के नियंत्रित विकास में समाहित एवं सम्मिलित कर निम्नलिखित क्षेत्रों में प्रस्तावित है:–


- सामान्य वाणिज्यिक क्षेत्र में सेवा प्रदान करने हेतु फुटकर दुकानों का प्रावधान करना जैसे – नगर केन्द्र खण्ड स्तरीय दुकानें व सुविधा दुकान क्षेत्र।
- थोक व्यापार एवं यातायात नगर क्षेत्र में सेवा प्रदान करना।
- संस्थागत क्षेत्रों, आमोद–प्रमोद, औद्योगिक क्षेत्रों एवं अवसान केन्द्रों पर खाद्य सेवा प्रदान करने वाली सेवा दुकानें उपलब्ध कराना।
- आवासीय क्षेत्रों के निकट सेवा दुकानें।
- निर्माण स्थलों के समीप अस्थाई रहवास की व्यवस्था करना।

अनौपचारिक सेक्टर को नियोजित आवासीय विकास क्षेत्र में निम्नानुसार समाहित किया जाना प्रस्तावित है:–

- परिक्षेत्रिक योजना बनाते समय अनौपचारिक सेक्टर के लिये प्रस्तावित आवासीय विकास हेतु भूमि सुरक्षित रखना।
- अभिन्यास स्वीकृति के समय अनौपचारिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का प्रावधान भी समय–समय पर शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप किया जाना प्रस्तावित है।
- अनौपचारिक सेक्टर इकाई का विकास क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप किया जावे।

5.7 गंदी बस्ती क्षेत्र

सतना नगरीय क्षेत्र में नगर पालिक निगम द्वारा अधिसूचित 53 गंदी बस्तियां हैं। गंदी बस्तियों के पर्यावरण सुधार हेतु यह आवश्यक है कि इनकी रोकथाम, विकास,


SATNA
5.3 PLANNING UNIT
Legend
Planning Unit (Area in ha)
Planning Unit Boundary (1254.47)
Planning Unit Boundary (4920.22)
Planning Unit Boundary (1673.44)
Planning Unit Boundary (3551.82)
National Highway
Major District Road
Bypass
Road
Railway Line (Broad Gauge)
Waterbody
Planning Area Boundary
Village Boundary
Municipal Area Boundary
Scale
District - Satna
Planning Area
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source: Department of Town & Country Planning
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal
To Rewa
To Bharjuna
To Prayagraj
To Chitrakoot
To Karahi
To Panna
To Maihar
1
2
3
4

निर्मूलन एवं पुनर्स्थापना हेतु एकीकृत कार्यक्रम चलाया जावे। इस हेतु निम्नानुसार प्रयास किया जाना प्रस्तावित है।

1. भवन निर्माण उपविधियों में संशोधन एवं परिक्षेत्रिक नियमों का निर्धारण एवं उनका पालन।
2. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु आरक्षित भूमि का निष्चित समय सीमा में उसी वर्ग के लिये विकास।
3. गंदी बस्ती क्षेत्र में पर्यावरण सुधार हेतु सार्वजनिक सुविधाओं का विकास।
4. जिन गंदी बस्ती क्षेत्रों को वर्तमान स्थान पर पर्यावरण सुधार कर रखा जाना संभव न हो, उनको स्थानांतरित कर नवीन स्थल पर पुनर्स्थापना करना।

5.8 आमोद–प्रमोद स्थल

5.8.1 खुला स्थल प्रणाली

विकास योजना ऐसे खुले स्थलों की प्रणाली को प्रस्तावित करती है जो वर्तमान प्राकृतिक संरचनाओं के भू–दृश्यीकरण विकास के साथ–साथ आमोद–प्रमोद एवं पर्यावरणीय कार्यकलापों को पूर्ण करने में विशिष्टता रखती है। योजना में शहर के प्रमुख खुले स्थलों को प्राकृतिक जल निकास गलियारों के साथ और वर्तमान भू–दृश्यीकरण उप आकृतियों के नये विकास के साथ समाहित करते हुये प्रस्तावित किया है।

5.8.2 नगर उद्यान

शहर में वर्तमान में कुल 55 उद्यान हैं।

5.8.3 स्टेडियम तथा खेल परिसर

वर्तमान में सतना नगर में तीन स्टेडियम विद्यमान हैं। इसमें स्थानीय स्तर की खेल गतिविधियां आयोजित की जाती है।

5.9 पुनर्विकास नीति

शहर की विकास प्रक्रिया के कारण कुछ वर्तमान निर्मित क्षेत्र शहरी विकास की दृष्टि से केन्द्रीय स्थिति प्राप्त कर लेते हैं जिससे इनका भू–मूल्य अधिक हो जाता है। ऐसे क्षेत्रों को पुनर्विकास क्षेत्र के रूप में चयनित किया जावेगा। ऐसे क्षेत्रों की विकास नीति निम्नलिखित बिन्दुओं के द्वारा संचालित की जावेगी :–

1. उच्च मूल्य वाली अकार्यक्षम भू–उपयोग अंतर्गत भूमि/क्षेत्र जिस भूमि का अन्य सक्षम उपयोग हेतु मांग अधिक है, उन्हें पुनर्घनत्वीकरण/पुनर्विकास क्षेत्रों के रूप में चयनित किया जावे।

2. पुनर्विकास परियोजना को विशेष परियोजना के रूप में माना जावेगा। इन परियोजनाओं का रूपांकन, नगरीय रूपांकन के दृष्टिकोण के आधार पर करने के पश्चात निवेश प्रस्ताव तैयार किये जावेंगे।

3. उपयोग एवं गतिविधियों का निर्धारण, निष्पादन स्तर एवं अनुकूलता स्तर जिन्हें आसपास के उपयोग द्वारा प्रभावित किया गया है, निर्धारित होगा जिसकी परियोजना को परिक्षेत्र की योजना के रूप में तैयार किया जाना प्रस्तावित है।

4. स्वीकार्य विकास का घनत्व उपयोगिता एवं अधोसंरचना का यातायात दबाव की वाहन क्षमता और इसका समीकरण क्षेत्र के प्रभाव द्वारा निर्धारित होगा।

यदि मध्य क्षेत्र में उन्नत पर्यावरण एवं यातायात सुधार की दृष्टि से पुनर्विकास योजना तैयार की जाती है तो उस स्थिति में फर्शी क्षेत्र अनुपात उस क्षेत्र हेतु निर्धारित फर्शी क्षेत्र अनुपात से 0.25 अधिक मान्य किया जा सकेगा।

भू–स्वामी अपने भूखण्ड में से कुछ भूखण्डीय क्षेत्र सार्वजनिक उपयोग जैसे–सड़क, फुटपाथ, पार्किंग इत्यादि हेतु छोड़ता है तो उसे शेष भूखण्ड में सामान्य स्वीकार्य एफ.ए.आर. एवं सार्वजनिक उपयोग हेतु छोड़ी जाकर स्थानीय संस्था को समर्पित किये गये भूखण्ड क्षेत्र की भूमि को दो गुना तक फर्शी क्षेत्र अनुपात में जोड़ा जा सकेगा।

5.10 ग्राम आबादी विस्तार

सतना निवेश क्षेत्र में स्थित ग्राम आबादी जो विकास योजना के कृषि क्षेत्र में स्थित है, उनका विस्तार (जिसमें सामाजिक एवं भौतिक अधोसंरचना का विकास भी सम्मिलित है) वर्तमान ग्राम आबादी क्षेत्र के आसपास 200 मीटर की परिधि में सक्षम अधिकारी की अनुज्ञा से किया जा सकेगा।

5.11 कमजोर आय वर्ग के लिए प्रावधान

कमजोर आय वर्ग के लिए प्रत्येक आवासीय कालोनी में छोटे भूखण्डों का प्रावधान किया जाता है। यह वर्ग प्रायः रोजगार अस्थायी ठेला, गुमटी आदि की स्थापना के माध्यम से प्राप्त करता है। अतः कमजोर आय वर्ग के लिए मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 में उल्लेखित प्रावधान तथा शासन द्वारा समय–समय पर इन वर्गों के लिए दिए गए दिशा–निर्देशों के अनुसार किया गया प्रावधान स्वीकार होगा। यह संबंधित उपयोग परिक्षेत्रों के संदर्भ में निर्धारित किया जावेगा।

अध्याय– 6 विकास नियमन

6.1 प्रवृत्तशीलता

इन नियमनों का उद्देश्य निवेश क्षेत्र के नगरवासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। ये नियमन निम्न गतिविधियों पर लागू होंगेः

1. निवेश क्षेत्र के अंदर समस्त विकास।
2. भूमि के स्वरूप में परिवर्तन, जिसमें भूमि का उप विभाजन, संयुक्तिकरण, संविलियन, उपांतरण एवं भूमि का उपयोग शामिल है।
3. समूह आवासीय परियोजनाओं का सम्मिलित संस्थागत विकास।
4. किसी भी प्रकार के भवन जिसमें भवन की ऊँचाई सम्मिलित हो।
5. ऐसे क्षेत्र में, जो निवेश क्षेत्र सीमा के अंदर है, भूमि का विकास, भवनों का निर्माण/परिवर्तन एवं तोड़ना।

6.2 क्षेत्राधिकार

1. इस अध्याय में वर्णित विकास नियमन राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 13 के अंतर्गत गठित निवेश क्षेत्र पर लागू होंगे, तथा जो नियमन इस अध्याय में वर्णित नहीं हैं, वे म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 में निहित प्रावधानों एवं शासन द्वारा नियमों में किए जाने वाले संशोधन के अनुरूप लागू होंगे।

2. इस अध्याय में वर्णित सक्षम प्राधिकारी से तात्पर्य है संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश या उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी जो विकास योजना में विभिन्न उपयोगों के अन्तर्गत स्वीकार्य गतिविधियों हेतु विकास अनुज्ञा देने में सक्षम हो।

3. विकास योजना प्रस्तावों का विस्तृतीकरण परिक्षेत्रिक योजना में किया जाता है। यह संभावना है कि विकास योजना में परिभ्रमण एवं उपयोग परिक्षेत्रों के निर्धारण संबंधी, प्रस्तावों के क्रियान्वयन संबंधी एवं यांत्रिकी आवश्यकताओं के परिप्रेक्ष्य में संशोधन करना पड़े। ऐसे संशोधनों के संबंध में सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्णय लिया जा सकेगा। यदि कोई विवाद/विरोधाभास की स्थिति निर्मित होती है तो उस दशा में राज्य शासन का निर्णय अंतिम होगा जो कि योजना प्रस्तावों का एकीकृत भाग माना जायेगा।

4. विकास योजना पुस्तक के मानचित्र में चिन्हित प्रस्ताव सांकेतिक एवं स्थूल स्वरूप के हैं, तथा उक्त प्रस्ताव नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 17 के आधार पर चिन्हित किए गए हैं। उदाहरणार्थ आवासीय परिक्षेत्र, जो विकास योजना मानचित्र में दर्शाया गया है, उसमें आंतरिक मार्ग, खुले तथा हरित क्षेत्र, नागरिकों के लिए आवश्यक शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं हेतु क्षेत्रफल, तथा नगरीय विकास हेतु अनुपयोगी भूमि,

वर्तमान वृक्ष समूहों द्वारा व्याप्त भूमि आवासीय क्षेत्र के अभिन्न अंग के रूप में सम्मिलित हैं। इस कारण उक्त क्षेत्र विकास योजना मानचित्र में नहीं दर्शाए गए हैं।

5. वर्तमान भूमि उपयोग को अंगीकृत विकास योजना में दर्शाए अनुसार खसरा मानचित्र पर वास्तविक उपयोग अनुसार हस्तांतरित किया जाएगा।

6. आस–पास विद्यमान/निर्मित एवं धारा–30 में स्वीकृत मार्गों का समन्वय कर म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश, अधिनियम 1973 की धारा–27, 28 व 29 में प्राप्त प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। निवेश क्षेत्र में ऐसे निर्मित मार्ग जो मौके पर विद्यमान हैं, परन्तु जिनके प्रस्ताव विकास योजना में उपदर्शित नहीं हैं अथवा उपदर्शित हैं, परन्तु चौड़ाई का उल्लेख नहीं है, ऐसे मार्गों की उनकी मौके पर उपलब्ध चौड़ाई अनुसार निरंतरता समन्वय के साथ सुनिश्चित की जाएगी।

7. विकास योजना मानचित्र में निर्धारित किसी भी उपयोग परिक्षेत्र में सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदाय विकास अनुज्ञा, स्वीकृत वर्तमान भवन, वर्तमान अवस्था में तथा वर्तमान अधिभोग हेतु क्रियान्वित होने पर यथावत रहेंगे।

8. किसी भी उपयोग परिक्षेत्र में उपयोगिता अधोसंरचना से संबंधित निर्माण अथवा गतिविधि, जो स्थल पर आवश्यकता के अनुरूप उपयुक्त अधोसंरचना नियोजन एवं रूपांकन के अनुरूप तथा सक्षम अधिकारी द्वारा अनुमोदित हो स्वीकार्य होगी।

9. संचालक द्वारा अनुमोदित अभिन्यास की समयावधि, यदि विकास योजना प्रकाशन की तिथि पर वैध है, तो उस दशा में स्वीकृत अभिन्यास का व्यापक भूमि उपयोग मान्य किया जाएगा।

10. अपरिहार्य परिस्थितियों तथा सार्वजनिक हित में राज्य शासन नगर जनसंख्या को सामूहिक लाभ देने वाली राष्ट्रीय, राज्य अथवा नगर स्तर की गतिविधि हेतु विकास अनुज्ञा पर विचार कर सकती है, भले ही वह विकास योजना में उल्लेखित न हो।

11. ऐसे क्षेत्र जहाँ जन सुरक्षा की दृष्टि से प्रतिबंध लगाया जाना आवश्यक हो, उसके लिए आदेश जारी करने हेतु राज्य शासन सक्षम होगी।

12. विकास अनुज्ञा के लिए प्रस्तुत मानचित्र में अगर कोई सुधार आवश्यक हो तो सक्षम अधिकारी द्वारा मानचित्र सुधार कर पुनः प्रस्तुत करने हेतु आवेदक को वापिस किया जाएगा।

13. विभिन्न उपयोग परिसरों की पार्किंग की आवश्यकताएँ उसी उपयोग परिसर के अन्दर ही आवश्यक रूप से करना होंगी। उक्त पार्किंग की व्यवस्था यदि समस्त भूखण्डों को प्रगणित करते हुए एकीकृत अथवा समूह में अभिन्यास स्तर पर की गई हो तो परिसर के अंदर पृथक से पार्किंग की बाध्यता नहीं होगी।

14. नगर में निर्मित होने वाले फ्लाय ओवर/स्काय वॉक के नीचे के स्थान को पार्किंग एवं अन्य जनहित उपयोगी गतिविधियों में उपयोग की अनुमति स्थल विशेष की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए दी जाएगी, परंतु ऐसी गतिविधि हेतु सक्षम अधिकारी से पूर्व अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होगा।

15. विकास योजना में नदी/नालों के दोनों ओर दर्शाया गया हरित क्षेत्र सांकेतिक स्वरूप का है। नदी के दोनों किनारों पर उच्चतम जल स्तर से न्यूनतम 50 मीटर तक, एवं नालों की स्थिति में मध्य प्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 50(ख) में निहित प्रावधानों के अनुसार खुला क्षेत्र रखना अनिवार्य होगा। इस भूमि पर मार्ग तथा सार्वजनिक सेवा एवं सुविधा का निर्माण स्वीकार्य होगा।

16. झुग्गियों में रहने वाले निवासी नगरीय केन्द्र की विभिन्न गतिविधियों में सेवा कार्य से जुड़े होते हैं। यदि झुग्गी–झोपड़ी का किसी स्थान पर विस्थापन कर उसे विकसित किया जाना है, तो उस दशा में जल स्त्रोतों, आमोद–प्रमोद तथा प्रस्तावित मार्ग के क्षेत्र को छोड़कर शेष भूमि उपयोग परिक्षेत्रों में झुग्गी–झोपड़ी का विस्थापन ग्राह्य होगा।

17. विकास योजना मानचित्र जो पुस्तक के साथ संलग्न है, वह मशीन द्वारा छोटा /बड़ा किया गया मानचित्र है। इस कारण उक्त मानचित्र के आधार पर भूमि की न तो लंबाई–चौड़ाई नापी जाए, न ही इस मानचित्र के क्षेत्रफल को नापा जाए। लंबाई–चौड़ाई एवं क्षेत्रफल नापने तथा भू–उपयोग की जानकारी की कार्यवाही हेतु सर्वे मानचित्र जो 1:4000 की माप पर तैयार किया गया है, उसके आधार पर किया जाए। विकास योजना में दर्शित वर्तमान भूमि उपयोग स्थल की वास्तविक स्थिति के अनुसार ही खसरा मानचित्र पर अंकित किया जाए, तथा इस संबंध में स्थल निरीक्षण/अभिलेख का परीक्षण कर अंतिम निर्णय लिया जा सकेगा।

18. परिक्षेत्रिक योजना तैयार करने की पद्धति विकास योजना तैयार करने के ही समान है। विकास के स्वरूप के अनुसार अलग–अलग विकास नियमन, परिक्षेत्रिक नियमनों की आवश्यकता हो सकती है, किन्तु परिक्षेत्रिक योजना के प्रकाशित एवं प्रभावशील होने तक इस अध्याय में वर्णित नियमनों के आधार पर विकास अनुज्ञा दी जाएगी।

19. प्रत्येक उपयोग परिसर की परिक्षेत्रिक योजना/विस्तृत अभिन्यास में दी गई स्थिति एवं सीमाएँ, स्थल पर विद्यमान वर्तमान मार्ग/गाड़ी मार्ग एवं अन्य भौतिक स्वरूपों को संदर्भ माना जाएगा।

20. विकास योजना में दर्शित वर्तमान उपयोग स्थल पर विकसित एवं उक्त के राजस्व अभिलेख में दर्ज अनुसार ही मान्य होगा। उससे लगकर स्थित भूमि पर संस्पर्शी भूमि उपयोग अधिमान्य होंगे।

21. विकास योजना में विभिन्न भूमि उपयोगों के विकास हेतु नियमन दिए गए हैं। नियमनों में यदि किसी प्रकार के विरोधाभास की स्थिति निर्मित होती है, अथवा किसी व्याख्या की आवश्यकता होती है तो इस संबंध में राज्य शासन का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

22. शासकीय विभागों द्वारा धारित भूमि एवं उससे संलग्न भूमि के भूमि उपयोग का निर्धारण एवं सत्यापन स्थल की स्थिति के अनुसार मान्य होगा, तथा विकास योजना में मुद्रित मानचित्र के आकार से भिन्न होने पर खसरों के आधार पर ही किया जाएगा।

23. नियमन में वर्णित गतिविधि के समानार्थी गतिविधि जिसका उल्लेख नियमनों में नहीं है, समानता के आधार पर मान्य किए जा सकेंगे।

24. विकास योजना मानचित्र में निर्दिष्ट भू उपयोग व पुस्तक में वर्णित किसी लेख में विरोधाभास की स्थिति पर पुस्तक में वर्णित लेख मान्य होंगे।

6.3 परिभाषाएँ

1. उपयोग परिक्षेत्रः मुख्य भू–उपयोग से संबंधित प्रस्तावित विशिष्ट नगरीय कार्यकलापों में से किसी एक कार्यकलाप का क्षेत्र।
2. उपयोग परिसरः ऐसा परिसर जो कि उपयोग परिक्षेत्र के उपविभाजन का एक भाग हो, एवं जिसे की अभिन्यास तैयार करते समय एक विशिष्ट मुख्य उपयोग या गतिविधि के लिए स्पष्ट किया गया हो।
3. अभिन्यासः उपविभाजित योजना जिसमें उपयोग परिसर के सभी आकार एवं प्रकार दिए हों।
4. भूमि उपयोग मानचित्रः सभी उपयोग परिक्षेत्रों को दर्शाने वाला मानचित्र
5. परिक्षेत्रिक योजनाः निवेश क्षेत्र के एक परिक्षेत्र की योजना जिसमें नियोजन के प्रावधानों का विस्तार, सामाजिक अधोसंरचना, उद्यान, खुले क्षेत्र एवं यातायात तंत्र संबंधी विस्तृत जानकारी प्रावधानित हो।
6. नगरीय ग्रामः भूमि उपयोग मानचित्र में दर्शाए एवं प्रस्तावित उपयोग परिक्षेत्रों के अंतर्गत आने वाली ग्रामीण आबादी
7. नगरीय विरासत का क्षेत्रः ऐसा परिसर जिसमें पुरातत्व महत्व के ऐतिहासिक भवन एवं उसके आसपास का परिसर सम्मिलित हो।
8. विकसित क्षेत्रः विकास योजना के रंगीन मानचित्र में दर्शित वर्तमान उपयोग।
9. एकल/संयुक्त परिवार हेतु भूखण्डीय विकासः परिवार हेतु भूखंडीय विकास (अभिन्यास) का भूखंडों में उप–विभाजन, जिसका नगरीय उपयोग प्रमुखतः एकल परिवार/संयुक्त परिवार के आवास हेतु किया जाना हो।
10. मिश्रित उपयोगः इस उपयोग परिक्षेत्र में आवासीय, वाणिज्यिक तथा सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक परिक्षेत्र तथा उनमें स्वीकार्य गतिविधियाँ मान्य होंगी।

11. ऊँचे भवनों का विकासः म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 2 के उपनियम (38) सहपठित नियम 42 के अनुसार नियंत्रित।
12. फर्शी क्षेत्रानुपातः म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 2 (30) के अनुसार।
13. भवन की ऊँचाईः म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 2 (9) के अनुसार।
14. संवेदनशील क्षेत्रः परिस्थितिजन्य, पर्यावरणीय, ईकोलॉजिकल एवं विरासत के आधार पर सीमांकित क्षेत्र। इनके अंतर्गत नदी, तालाबों के निकटवर्ती क्षेत्र भी सम्मिलित होंगे।

अन्य परिभाषाएं व नियमन म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 में निहित प्रावधानों के अनुरूप लागू होंगे।

6.4 भूमि उपयोग परिक्षेत्र

उपयोग परिक्षेत्रों में तत्संबंधी विभिन्न स्वीकृत एवं स्वीकार्य गतिविधियों को दृष्टिगत रखते हुए उपयोग परिक्षेत्रों को निम्नलिखित तालिका में दर्शाए अनुसार उपपरिक्षेत्रों में विभक्त किया गया है। प्रत्येक उपयोग परिक्षेत्र आगे विभिन्न उपयोग परिसरों के रूप में उपविभाजित किए गए हैं। निर्धारित मुख्य भू–उपयोगों के अनुरूप ही उपयोग परिक्षेत्र रहेंगे, यथा आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक, आमोद–प्रमोद, सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक, विशेष प्रयोजन, यातायात एवं परिवहन, सार्वजनिक उपयोगिता एवं सेवाएँ, जलाशय एवं कृषि। उपयोग परिक्षेत्रों का विभाजन एवं उपयोग श्रेणियों का विवरण सारणी 6–सा–1 में दिया गया है। एवं नगर की आवश्यकतानुसार उपयोग की गई श्रेणियों का विवरण सारणी 6–सा–2 में उल्लेखित है।

मुख्य उपयोग परिक्षेत्र

सारणी 6–सा–1

क्र.	भू–उपयोग परिक्षेत्र	भू–उपयोग उपपरिक्षेत्र	नाम पद्धति
1	2	3	4
1.	आवासीय	आवासीय	(आर 1)
		भू–तल पर दुकानों की कतारों सहित आवासीय	(आर 2)
		मध्यम घनत्व	(आर 3)
		निम्न घनत्व	(आर 4)
2.	वाणिज्यिक	शहर केन्द्र	(सी 1)
		उपनगर केन्द्र	(सी 2)
		सामुदायिक केन्द्र	(सी 3)
		स्थानीय व्यावसायिक केन्द्र	(सी 4)
		सुविधा व्यावसायिक केन्द्र	(सी 5)
		मण्डी	(सी 6)
		वर्गीकृत बाजार	(सी 7)
3.	औद्योगिक	सेवा उद्योग	(आई 1)
		सामान्य उद्योग	(आई 2)
		विशेष उद्योग	(आई 3)
4.	मनोरंजन	उद्यान	(जी 1)
		हरित क्षेत्र या उपरोक्त वर्णित क्षेत्र	(जी 2)
		क्षेत्रीय उद्यान (प्राणिशास्त्रीय या वनस्पतिशास्त्रीय उद्यान)	(जी 3)
		प्राकृतिक क्षेत्रों या भू–दृश्य क्षेत्रों का संरक्षण	(जी 4)
		खेल मैदान	(जी 5)
		स्टेडियम	(जी 6)
		झील के सामने का विकास	(जी 7)
		प्रदर्शनी मैदान	(जी 8)
5.	सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक	सार्वजनिक संस्थान और प्रशासनिक क्षेत्रों / शिक्षा और अनुसंधान / स्वास्थ्य / सामाजिक / सांस्कृतिक संस्थागत गतिविधियाँ	(पी)
6.	विशेष प्रयोजन	पर्यटन प्रबंधन परिक्षेत्र	(एस पी 1)
		संरक्षित परिक्षेत्र	(एस पी 2)
		ड्राय पोर्ट या कंटेनर डिपो	(एस पी 3)
		तेल डिपो या ज्वलनशील पदार्थ डिपो	(एस पी 4)
		भवन निर्माण सामग्री यार्ड	(एस पी 5)

सतना विकास योजना 2035

क्र.	भू–उपयोग परिक्षेत्र	भू–उपयोग उपपरिक्षेत्र	नाम पद्धति
1	2	3	4
		प्रदूषणकारी उद्योग	(एस पी 6)
		सेज (एस.ई.जेड)	(एस पी 7)
		खनन क्षेत्र	(एस पी 8)
		आरक्षित वन या राष्ट्रीय उद्यान या वन्यजीव अभ्यारण्य	(एस पी 9)
		अन्य	(एस पी 10)
7.	परिवहन	बस स्टैण्ड या टर्मिनस	(टी 1)
		बस पिकअप स्टेशन	(टी 2)
		सड़कें	(टी 3)
		रेल्वे स्टेशन	(टी 4)
		रेल्वे लाइन	(टी 5)
		बस डिपो	(टी 6)
		ट्रांसपोर्ट नगर	(टी 7)
		हैलीपेड/हवाई अड्डा	(टी 8)
		मेट्रो रेल स्टेशन	(टी 9)
8.	सार्वजनिक उपयोगिताएँ और सुविधाएँ	जल शोधन संयंत्र	(पीयूएफ 1)
		मल शोधन संयंत्र/आक्सीकरण ताल	(पीयूएफ 2)
		विद्युत सब स्टेशन	(पीयूएफ 3)
		ट्रेंचिंग ग्राउण्ड्स	(पीयूएफ 4)
		ट्रंकलाइन कॉरीडोर, जल/मल, अतिरिक्त वोल्टेज विद्युत लाइनें, पाइप लाइनें और संबंधित संरचनाएँ	(पीयूएफ 5)
		रेडियो/टी.वी. स्टेशन	(पीयूएफ 6)
		दूरसंचार केन्द्र	(पीयूएफ 7)
		अग्नि नियंत्रण स्टेशन	(पीयूएफ 8)
		ठोस अपशिष्ट निपटान संयंत्र/ अपघटन संयंत्र	(पीयूएफ 9)
		कब्रिस्तान/श्मशान घाट	(पीयूएफ 10)
9.	जल निकाय	नदियाँ	(डब्ल्यू 1)
		झील/तालाब/जलाशय	(डब्ल्यू 2)
		नाला/नहर	(डब्ल्यू 3)
		बाढ़ प्रभावित क्षेत्र	(डब्ल्यू 4)
10.	कृषि	कृषि भूमि	(ए 1)
		ग्राम आबादी विस्तार	(ए 2)

सतना निवेश क्षेत्र की आवश्यकता के अनुसार उपरोक्त उपयोग परिक्षेत्रों को निम्न सारणी में दर्शाए अनुसार उपपरिक्षेत्रों में विभक्त कर प्रस्ताव दिए गए हैं। प्रत्येक उपयोग परिसर में विशिष्ट उपयोग, गतिविधियों की शर्तों या बिना शर्तों के स्वीकार्य होगी। ऐसे क्षेत्र

जिसका कि निर्धारित अभिन्यास स्वीकृत नहीं है, उसका नियंत्रण विकास योजना/परिक्षेत्रिक योजना के भू–उपयोग/प्रस्तावों के अधीन निर्धारित होगा।

6.4.1 आवासीय उपयोग परिक्षेत्र

6.4.1.1 नवीन आवासीय क्षेत्र हेतु विकास नियमन

नवीन आवासीय क्षेत्र हेतु विकास नियमन म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के मापदण्डों के अनुसार नियंत्रित होंगे। आवासीय क्षेत्र हेतु विकास नियमन सारणी 6–सा–2 में दिए गए हैं।

1. इन नियमन का उद्देश्य परिक्षेत्रों के अभिन्यास तैयार करने में मार्गदर्शन देना है। इन नियमों में परिभ्रमण संरचना एवं सुविधाओं के प्रावधानों के मानक सम्मिलित हैं। ऐसे अभिन्यासों से जुड़े सेवा प्रावधान जैसे भौतिक संरचनाएँ, जल प्रदाय, जल–मल निकास आदि संबंधित नियमों के अनुरूप होंगे।
2. सामान्यतः भूखण्ड की चौड़ाई एवं गहराई का अनुपात 1:1.5 से 1:3 होना चाहिए, किन्तु स्थल की स्थिति के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा इसके अतिरिक्त अनुपात का निर्णय लिया जाएगा।
3. भवन निर्माता/वास्तुविदों को अपने भवन नियोजन हेतु आवासीय विकास के संदर्भ में भूखण्ड आकार, भूखण्ड प्रकार, फर्शी क्षेत्रानुपात, भू–तल आच्छादन, भवन की ऊँचाई तथा स्वीकार्य आवासीय इकाईयों के मानकों की आवश्यकता होती है। नीचे दी गई सारणी में आवासीय क्षेत्रों के आच्छादन तथा सीमान्त खुला क्षेत्र वर्णित हैं, एवं सारणी में दर्शाए भूखण्ड स्वीकृत अभिन्यास का भाग होना आवश्यक हैं।
4. म.प्र. नगर पालिका (कॉलोनाईज़र का रजिस्ट्रीकरण, निर्बंधन एवं शर्तें) नियम, 1998 एवं मध्य प्रदेश ग्राम पंचायत (कॉलोनियों का विकास) नियम, 2014 के प्रावधानों के अनुरूप अल्प आय वर्ग एवं कमजोर आय वर्ग हेतु प्रावधान किए जाएँगे।
5. म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 99 (परिशिष्ट–ञ) में निहित प्रावधानों के अनुरूप विशेषतः अल्प आय वर्ग का अभिन्यास तैयार किया जाना चाहिए।
6. मार्ग की चौड़ाई 12 मीटर से अधिक होने पर उससे लगी भूमि पर मार्ग चौड़ाई से दोगुनी गहराई तक मिश्रित उपयोग की अनुमति दी जा सकेगी।

सतना विकास योजना 2035

सतना: आवासीय भूखण्ड विकास नियमन

सारणी 6–सा–2

क्र.	भूखण्ड का आकार (मी. में)	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) न्यूनतम	विकास का प्रकार	भू–आच्छादन क्षेत्र प्रतिशत में	एफ.ए.आर. अधिकतम	एम.ओ.एस. (मी.) में				भूखण्ड के सामने मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई (मी.में)	अधिकतम ऊँचाई (मी. में)	एक भूखण्ड पर अधिकतम स्वीकार्य आवासीय ईकाइयाँ
						अग्र	पार्श्व	आजू	बाजू			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
1.	4.0X8.0	32	पंक्ति	60	1.25	3.0	0.0	0.0	0.0	6.0	9.5	2
2.	4.0X12.0	48	पंक्ति	60	1.25	3.0	1.5	0.0	0.0	6.0	9.5	2
3.	5.0X15.0	75	पंक्ति	60	1.25	3.0	1.5	0.0	0.0	6.0	9.5	2
4.	7.0X15.0	105	पंक्ति	50	1.25	3.0	1.5	0.0	0.0	7.5	9.5	2
5.	9.0X15.0	135	अर्धपृथक्कृत	50	1.25	3.0	1.5	2.5	0.0	7.5	12.5	3
6.	11.10X18.0	200	अर्धपृथक्कृत	50	1.25	3.0	2.5	2.5	0.0	9.0	12.5	4
7.	12.0X18.0	216	अर्धपृथक्कृत	42	1.25	3.5	2.5	3.0	0.0	9.0	12.5	4
8.	12.0X24.0	288	पृथक्कृत	40	1.25	4.5	2.5	3.5	1.5	9.0	12.5	4
9.	12.0X24.0	360	पृथक्कृत	35	1.25	6.0	2.5	3.0	3.0	12.0	12.5	5
10.	15.0X27.0	405	पृथक्कृत	35	1.25	6.0	3.0	3.5	3.0	12.0	12.5	5
11.	18.0X30.0	540	पृथक्कृत	33	1.25	6.0	3.0	4.0	3.0	12.0	12.5	7
12.	20.0X30.0	600	पृथक्कृत	33	1.25	6.0	3.0	4.5	3.0	12.0	12.5	7
13.	25.0X30.0	750	पृथक्कृत	30	1.25	6.0	4.5	4.5	4.5	12.0	12.5	7
14.	30.0X33.0	990	पृथक्कृत	30	1.25	6.0	4.5	4.5	4.5	12.0	12.5	7

नोट:

1. उपरोक्त तालिका सांकेतिक स्वरूप की है जिसे मार्गदर्शिका के रूप में उपयोग किया जा सकेगा।
2. मिश्रित उपयोग के अंतर्गत ऐसे भूखण्ड जिसमें न्यूनतम भूखण्ड क्षेत्रफल की अर्हता पूर्ण होती है, उनमें भी उपरोक्त मापदण्ड लागू होंगे। (आवासीय इकाई छोड़कर)
3. सारणी के अनुक्रमांक 9 से 14 में दर्शाए भूखण्ड आकार को केवल प्रस्तावित आवासीय क्षेत्रों में बहुईकाई भूखण्डीय विकास के रूप में मान्य किया जा सकता है।
4. वे भूखण्ड जिनका क्षेत्र सारणी में दर्शाई श्रेणियों के मध्य का है, उनको पूर्व की श्रेणी के एम.ओ.एस., आच्छादन तथा एफ.ए.आर. के अनुसार, अथवा नियोजन अनुज्ञा में वर्णित अनुसार स्वीकृति दी जानी चाहिए। ऐसे आच्छादित क्षेत्र अथवा एम.ओ.एस. निर्धारित करते समय यदि कतिपय भिन्नता आती है तो आच्छादित क्षेत्र अथवा एम.ओ.एस. में से किसी एक को निश्चित कर स्वीकृति दी जाएगी, किन्तु भवन रेखा निर्धारित करने के पश्चात्।

5. सार्वजनिक उपयोगिताओं, सेवाओं एवं सुविधाओं के निर्धारण के उद्देश्य से घनत्वीय गणना हेतु एक आवासीय इकाई में औसतन 4.8 व्यक्ति तथा कर्मचारी आवास में औसतन 2.4 व्यक्ति का रहवास माना जाएगा।
6. वाहन विराम स्थल की गणना म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के अनुसार की जाएगी।
7. झुग्गियों की पुर्नस्थापना की दशा में 32 वर्गमीटर से कम क्षेत्रफल के भूखण्ड स्वीकार्य होंगे।
8. अनुक्रमांक 9 से 14 के भूखण्डों के समक्ष 12 मीटर से कम चौड़ा मार्ग होने पर केवल 4 आवासीय ईकाइयाँ मान्य होंगी।
9. आवासीय भवन का निर्माण 2.4 मीटर ऊँचाई के स्टिल्ट पर स्वीकार्य ग्राउण्ड कवरेज की सीमा तक किया जाता है, तो स्टिल्ट फ्लोर की ऊँचाई, तथा ऐसे निर्मित क्षेत्र की गणना, भवन ऊँचाई तथा एफ.ए.आर. में नहीं की जाएगी। स्टिल्ट पार्किंग हेतु भूखण्ड के आकार/क्षेत्रफल का बंधन नहीं होगा।

6.4.1.2 वर्तमान आवासीय क्षेत्र

वर्तमान आवासीय क्षेत्रों में विकास सारणी 6–सा–3 में दर्शित मापदण्डों से नियंत्रित होगा:

आवासीय विकास हेतु भू–खण्ड का आकार एवं निर्मित क्षेत्र

सारणी 6–सा–3

भूखण्ड का क्षेत्र	आच्छादित क्षेत्र	फर्शी क्षेत्रनुपात
1	2	3
90 वर्गमीटर से कम	75%	1.25
90 से 180 वर्गमीटर तक	66%	1.00
180 वर्गमीटर से	60%	1.00

टीप: मार्ग की चौड़ाई 9.00 मीटर से अधिक होने की दशा में 180 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र वाले भूखण्डों के लिए फर्शी क्षेत्रानुपात 1.25 तक अनुज्ञेय होगा।

6.4.1.3 आवासीय विकसित कॉलोनियों हेतु मापदण्ड

जिन कॉलोनियों में किसी मार्ग पर 75 प्रतिशत भवन निर्मित हो गए हों, उस क्षेत्र को वर्तमान आवासीय क्षेत्र माना जाएगा। ऐसे मार्गों पर स्थित रिक्त भूखण्डों पर भवनों के निर्माण हेतु उस मार्ग पर स्थित अन्य भवनों के निर्माण हेतु अपनाए गए मापदण्ड लागू होंगे, जबकि कॉलोनी के अन्य मार्गों पर विकास/निर्माण के लिए नवीन आवासीय क्षेत्र के लिए निर्धारित मापदण्ड लागू होंगे।

6.4.2 वाणिज्यिक उपयोग परिक्षेत्र

वाणिज्यिक क्षेत्रों के विकास मापदण्ड

सारणी 6–सा–4

क्र.	भूखण्ड का आकार (मी. में)	क्षेत्र (वर्ग मी. में)	मार्ग की चौड़ाई (मी. में)	भवन रेखा (मी. में मार्ग के मध्य से)	अग्र कॉरीडोर	भू–आच्छादन	फर्शी क्षेत्रानुपात
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	6.0 X 9.0	54	12 या अधिक	9.0	3.0	80	1.5
2.	9.0 X 15.0	135	12 या अधिक	9.0	3.0	80	1.5
3.	9.0 X 15.0	135	12 या अधिक	9.0	3.0	80	1.5
4.	12.0 X 18.0	216	12 या अधिक	9.0	3.0	60	1.5
5.	12.0 X 18.0	216	12 या अधिक	9.0	3.0	60	1.5
6.	18.0 X 30.0	540	12 या अधिक	9.0	3.0	60	1.5
7.	30.0 X 33.0	990 से अधिक	12 या अधिक	9.0	3.0	40	1.5

टीप:

1. 18 मीटर तथा उससे अधिक चौड़े मार्गों के लिए मार्ग की चौड़ाई के अनुसार एफ.ए.आर. देय होगा।

   - 18 मीटर तक 1.75
   - 24 मीटर से अधिक 2.0

2. यह मापदण्ड सभी वाणिज्यिक क्षेत्रों में लागू होंगे। सारणी 6–सा–4 में दर्शाए गए क्षेत्रफल से कम होने की स्थिति में उसके पूर्व सरल क्रमांकों के मानक लागू होंगे।

3. अभिन्यास में पार्किंग हेतु प्रावधान एकीकृत रूप से समस्त भूखण्डों की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए पार्किंग लॉटरूप में दिए जाने की स्थिति में

प्रत्येक परिसर हेतु पार्किंग की बाध्यता नहीं होगी। वाहन विराम स्थल की गणना म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के अनुसार की जाएगी।

4. 12.0 मीटर से अधिक चौड़े मार्गों पर भवन रेखा निम्नानुसार निर्धारित की जायेंगी,

मार्ग चौड़ाई	भवन रेखा (मार्ग मध्य से)
12.0 मीटर	09.0 मीटर
18.0 मीटर	13.5 मीटर
24.0 मीटर	15.0 मीटर

5. अग्र कॉरिडोर की भूमि का किसी अन्य प्रयोजन हेतु उपयोग निषेध होगा।
6. वाणिज्यिक विकास हेतु अभिन्यास के मानक सारणी 6–सा–5 में वर्णित हैं।

वाणिज्यिक विकास हेतु अभिन्यास के मानक

सारणी 6–सा–5

क्र.	वर्ग	कुल क्षेत्र का प्रतिशत
1	2	3
1.	भूखण्डों का क्षेत्र	अधिकतम 50 प्रतिशत
2.	परिभ्रमण एवं वाहन विराम स्थल का क्षेत्र	अधिकतम 40 प्रतिशत
3.	खुले स्थानों को सम्मिलित कर सुविधाओं का क्षेत्र	न्यूनतम 10 प्रतिशत
4.	**मार्गों की चौड़ाई**	
	बाजार से गुजरने वाले मुख्य सीधे मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई	12 मीटर
	दुकानों के सामने ट्रकों के खड़े एवं मुड़ने के लिए न्यूनतम चौड़ाई	18 मीटर
	दुकानों के सामने पादचारी की न्यूनतम चौड़ाई	7.5 मीटर
5.	दुकानों के आकार	मार्ग सर्वेक्षण एवं प्रोजेक्शन के आधार पर
6.	विराम स्थल	म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के अनुसार

6.4.2.1 वर्तमान वाणिज्यिक क्षेत्र

निम्नलिखित शर्तों के अधीन वाणिज्यिक क्षेत्रों में पुनर्निमाण एवं परिवर्तन की अनुज्ञा दी जा सकेगी:

1. मार्गों की चौंड़ाई, विकास योजना में प्रस्तावित मापदण्डों के अनुरूप होगी।
2. अन्य तल यदि आवासीय उपयोग में हों, तो आवासीय क्षेत्र, भू–तल पर प्रस्तावित कुल फर्शी क्षेत्र के 3/4 से अधिक नहीं होगा।

3. प्रस्तावित फर्शी क्षेत्र अनुपात को ध्यान में रखते हुये फर्शी क्षेत्र निर्धारित होगा।
4. वाणिज्यिक विकास की गहराई, भवन जिस मार्ग पर हो, उस मार्ग की चौड़ाई के 1.5 गुना या 30 मीटर, जो भी कम हो, उससे अधिक नहीं होगी।

वर्तमान वाणिज्यिक क्षेत्रों में, वाणिज्यिक परिसरों के लिये अधिकतम निर्मित क्षेत्र निम्नानुसार रहेगा।

1. 25 वर्गमीटर से कम क्षेत्रफल वाले भू–खण्ड	100 प्रतिशत
2. 25 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले भू–खण्ड	80 प्रतिशत
3. फर्शी क्षेत्र अनुपात	1:1.50

टीपः

1. वर्तमान भवन रेखा यथावत रखी जाएगी।
2. किसी भूखण्ड के स्वामी द्वारा अपने भू–खण्डों में से मार्ग, फुटपाथ आदि सार्वजनिक उपयोग हेतु भूमि छोड़ी जाती है तो ऐसी दशा में उक्त भू–खण्ड का निर्माण किए जा रहे भवन में सार्वजनिक उपयोग हेतु छोड़ी गई भूमि का दुगना फर्शी क्षेत्र अनुपात अतिरिक्त रूप से स्वीकार होगा। इससे भवन के आगे सार्वजनिक उपयोग हेतु भूमि छोड़ने को प्रोत्साहन मिलेगा तथा छोड़ी गई भूमि की क्षतिपूर्ति भी हो सकेगी।

6.4.2.2 वर्तमान मार्गों पर वाणिज्यिक गतिविधियाँ

वर्तमान विकसित क्षेत्र में अधिकतम वाणिज्यिक गतिविधियाँ मार्गों पर संचालित हैं, अतः इन मार्गों को उनके उपयोग के अनुसार निम्न दो श्रेणियों में रखा गया हैः

1. वाणिज्यिक मार्ग
2. वाणिज्यिक सह आवासीय मार्ग

उपरोक्त श्रेणी के अंतर्गत मार्ग चौड़ाई एवं फर्शी क्षेत्र अनुपात सारणी 6–सा–6 में दर्शाए गए हैं।

सतना विकास योजना 2035

वर्तमान वाणिज्यिक क्षेत्र में मार्गों की चौड़ाई एवं फर्शी क्षेत्रानुपात

सारणी 6–सा–6

कमांक	प्रमुख मार्ग का नाम	उप मार्ग	विकास योजना 2035 में प्रस्तावित चौड़ाई (मीटर में)	अधिकतम फर्शी क्षेत्रानुपात
1	2	3	4	5
1.	स्टेशन मार्ग (पश्चिमी वृत्त मार्ग)	सर्किट हाउस चौक से स्टेशन मार्ग होकर गौशाला चौक तक	18.00	2.00
2.	गौशाला चौक से खेरमाई नाला तक (दक्षिण वृत्त मार्ग)	गौशाला चौक से पूर्व की ओर नाले तक	12.00	2.00
3.	नया तालाब एवं कंवरराम टाकीज मार्ग (पूर्वी वृत्त मार्ग)	(अ) दक्षिण मार्ग के मिलान बिन्दु से नव दुर्गा चौक तक	18.00	2.00
		(ब) नव दुर्गा चौक से पुराने गल्ला मंडी तिराहा होकर जगत देव तालाब चौक तक	18.00	2.00
		(स) जगतदेव तालाब चौक से पशु चिकित्सालय तक	15.00	2.00
		(द) पशु चिकित्सालय सं सेमरिया चौक तक	24.00	2.00
4.	राष्ट्रीय राजमार्ग (उत्तरी वृत्त मार्ग)	सेमरिया चौक से सर्किट हाउस चौक तक	36.00	2.00
5.	अस्पताल मार्ग	स्टेशन मार्ग से जगतदेव तालाब तक	18.00	2.00
6.	गल्ला मंडी मार्ग (टिकुरिया टोला मार्ग)	जय स्तम्भ चौक से पुरानी गल्ला मंडी तिराहा तक	15.00	2.00
7.	महावीर मार्ग	पुराना नगर निगम	15.00	2.00

सतना विकास योजना 2035

कमांक	प्रमुख मार्ग का नाम	उप मार्ग	विकास योजना 2035 में प्रस्तावित चौड़ाई (मीटर में)	अधिकतम फर्शी क्षेत्रानुपात
1	2	3	4	5
		कार्यालय से हनुमान चौक होकर गौशाला चौक तक		
8.	महावीर भवन मार्ग	अस्पताल चौक से जय स्तंभ चौक तक	12.00	2.00
9.	पुराना पावर हाउस मार्ग	स्टेशन मार्ग से पुराना पावर हाउस चौक तक	12.00	2.00
10.	चौक बाजार	वीनस लाज तिराहे से शराब कारखना तक	12.00	2.00
11.	पुरानी सब्जी मंडी मार्ग	स्टेशन मार्ग से बिहारी चौक लालता चौक होकर सब्जी मंडी क	12.00	2.00
12.	प्रणामी मंदिर मार्ग	फूलचंद भजियावाला चौक से लालता चौक होकर दक्षिणी वृत्त मार्ग तक	12.00	2.00
13.	हनुमान चौक मार्ग	स्टेशन मार्ग से हनुमान चौक होकर नया तालाब मार्ग तक	12.00	2.00
14.	खेरमाई रोड़	होटल प्रताप के सामने से जगतदेव तालाब तक	18.00	2.00
15.	आयुष्मान अस्पताल मार्ग	खेरमाई मार्ग से स्टेशन मार्ग तक	12.00	2.00
16.	सहकारी भवन मार्ग	खेरमाई मार्ग से स्टेशन मार्ग तक	12.00	2.00

नोटः

1. भू–खण्ड का क्षेत्रफल 200 वर्गमीटर या उससे अधिक होने पर कम से कम 4.5 मीटर अग्र खुला क्षेत्र वाहन विराम हेतु खुला छोड़ना होगा।
2. वाणिज्यिक एवं वाणिज्यिक–सह–आवासीय मार्गों एवं वाणिज्यिक उपयोग, प्रस्तावित मार्ग की चौंड़ाई से दो गुना या 30 मीटर गहराई तक, जो भी कम हो स्वीकार्य होगा।

निर्मित क्षेत्र

वाणिज्यिक उपयोग हेतु भू–तल पर अधिकतम निर्मित क्षेत्र की गणना निम्नानुसार की जायेगी।

अधिकतम 200 वर्ग मीटर तक	–66 प्रतिशत
200 वर्ग मीटर से अधिक 400 वर्गमीटर तक	–60 प्रतिशत
400 वर्गमीटर से अधिक	–50 प्रतिशत

6.4.3 औद्योगिक उपयोग परिक्षेत्र

औद्योगिक विकास के मानक म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के अनुसार होंगे।

6.4.4 मिश्रित उपयोग परिक्षेत्र

6.4.4.1 मिश्रित उपयोग नियमन

मिश्रित उपयोग पारंपरिक नगर नियोजन तथा भारतीय सामाजिक–आर्थिक–सांस्कृतिक परिवेश पर आधारित है। बाजार के आर्थिक आवश्यक बल के कारण सार्वजनिक एवं वाणिज्यिक गतिविधियों का विकास आवासीय परिसरों में हुआ है। इसी प्रकार वाणिज्यिक उपयोग हेतु निर्धारित क्षेत्र में आवासीय तथा सार्वजनिक/अर्द्धसार्वजनिक गतिविधियों का विकास हुआ है। आवासीय परिसरों में वाणिज्यिक गतिविधियों की मांग बढ़ने के कारण वास्तविकता को नियोजन की दृष्टि से अनदेखा नहीं किया जा सकता। अतः अब ऐसी नीति बनाने की आवश्यकता है जिसके फलस्वरूप नागरिकों की वास्तविक आवश्यकता, सुविधा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के मध्य संतुलन बना रहे। इस हेतु आवासीय परिसरों में मिश्रित उपयोग स्वीकार्य करने हेतु स्पष्ट सिद्धांत एवं प्रक्रिया का निर्धारण आवश्यक है।

6.4.4.2 मिश्रित उपयोग के मार्गदर्शी सिद्धांत

1. मिश्रित उपयोग का आशय आवासीय/वाणिज्यिक/सार्वजनिक अर्द्धसार्वजनिक परिक्षेत्र से संबंधित गतिविधि किए जाने से है।
2. ऐसे कार्यकलापों की सामाजिक एवं आर्थिक आवश्यकता तथा आवासीय क्षेत्र में उक्त कार्यकलापों से पर्यावरण पर पड़ने वाले संभावित विपरीत प्रभाव के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है।
3. मिश्रित उपयोग से अलग–अलग मोहल्लों में निकटतम क्षेत्र में व्यावसायिक सुविधाएँ प्राप्त हो सकेंगी जिससे आवागमन में कमी आएगी, किन्तु इससे रिहायशी इलाकों में भीड़ भाड़ बढ़ने, पार्किंग की असुविधा एवं अन्य पर्यावरणीय दुष्प्रभाव पड़ना भी संभावित है। प्रस्तावित नियमन से इन प्रभावों का प्रबंधन एवं नियंत्रण संभव होगा।

6.4.4.3 मिश्रित उपयोग की सामान्य शर्तें

1. मिश्रित उपयोग हेतु विकास नियंत्रण के उपयोग परिक्षेत्र में लागू मापदण्ड (एफ.ए.आर. ग्राउण्ड कवरेज इत्यादि) मिश्रित उपयोग के लिए भी लागू रहेंगे।
2. मिश्रित उपयोग के यह नियमन नवीन प्रस्तावित क्षेत्रों में लागू होंगे तथा पार्किंग हेतु मानक उपयोग परिसर के अनुसार मान्य होंगे। विकसित क्षेत्र में पुनर्विकास की दशा में भी मिश्रित उपयोग स्वीकार्य किए जा सकेंगे।
3. 12.00 मीटर एवं अधिक चौड़े मार्ग पर ही गैर आवासीय गतिविधियाँ जैसे, वाणिज्यिक तथा सार्वजनिक अर्द्ध सार्वजनिक गतिविधियाँ मान्य की जा सकेंगी।

6.4.5 सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक उपक्षेत्र

सार्वजनिक तथा अर्द्ध सार्वजनिक हेतु विकास नियमन सारणी 6–सा–7 में दर्शाए गए हैं।

सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक हेतु विकास नियमन

सारणी 6–सा–7

क्र.	विवरण	आच्छादित क्षेत्र	फर्शी क्षेत्रानुपात
1	2	3	4
1.	महाविद्यालय	30 प्रतिशत	1.00
2.	उच्चतर माध्यमिक शाला	30 प्रतिशत	1.00
3.	प्राथमिक शाला	40 प्रतिशत	1.25
4.	पूर्व प्राथमिक शाला	40 प्रतिशत	1.25
5.	चिकित्सालय	30 प्रतिशत	1.00
6.	स्वास्थ्य केन्द्र	40 प्रतिशत	1.25
7.	पुलिस थाना	30 प्रतिशत	1.00
8.	अग्निशमन स्थल	30 प्रतिशत	1.00
9.	सामुदायिक भवन	30 प्रतिशत	1.00
10.	शासकीय एवं अर्द्धशासकीय कार्यालय	30 प्रतिशत	1.25

टीप: 5 प्रतिशत अतिरिक्त आच्छादन गैरेज तथा सायकिल स्टैण्ड के लिए अनिवार्य होगा।

6.4.6 सामुदायिक सुविधाएं तथा अन्य उपखण्डीय आवश्यकताओं के मापदंड

1. शैक्षणिक स्वास्थ्य, संचार तथा सांस्कृतिक सुविधाओं के लिए अपेक्षित न्यूनतम भूमि का आकार प्रशासकीय विभाग या किसी नियामक प्राधिकारी या भूखण्ड का न्यूनतम आकार विहित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा विहित किए गए अनुसार होगा।
2. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा निम्न आय समूह गृह निर्माण के लिए अत्यावश्यक सुख सुविधाओं की आवश्यकतायें म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 99 के परिशिष्ट–ञ में दिए गए अनुसार होगी।

3. विकास योजना तैयार करते समय विभिन्न परिक्षेत्रों में स्वीकार्य फर्शी क्षेत्र अनुपात को उस क्षेत्र में प्रस्तावित घनत्व को दृष्टिगत रखते हुए निर्धारित किया गया है। अतः घनत्व का निर्धारण अनुज्ञा देते समय अभिन्यास स्तर पर न किया जाए।
4. उस भूमि के लिए जिसमें कि कोई आवेदक हितबद्ध हो सकता हो विकास रेखांक अथवा परिक्षेत्रीय रेखांक के प्रस्ताव प्राप्त करने के लिए प्राधिकारी को म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 49 की परिषिष्ट–छः में दिए अनुसार विहित प्रारूप में कोई आवेदन किया जा सकता है।

सामुदायिक सुविधाएं तथा अन्य उपखण्डीय आवश्यकताओं के मापदंड सारणी 6–सा–8 में दर्शाए गए हैं।

सामुदायिक सुविधाएं तथा अन्य उपखण्डीय आवश्यकताओं के मापदंड

सारणी 6–सा–8

क्र.	श्रेणी	अधिकतम निर्मित क्षेत्र	एफ. ए. आर.	न्यूनतम मार्ग चौड़ाई (मी. में)	अग्र सीमान्त खुला क्षेत्र (मी. में)	अन्य तीन ओर (मी. में)
1	2	3	4	5	6	7
1	**शैक्षणिक भवन**					
	1. नर्सरी / पूर्व प्राथमिक शाला	40 प्रतिशत	1.25	12.0	6.0	3.0
	2. प्राथमिक विद्यालय	33 प्रतिशत	1.25	12.0	7.5	3.5
	3. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय	30 प्रतिशत	1.00	18.0	12.0	5.0
	4. महाविद्यालय	25 प्रतिशत	1.00	24.0	15.0	6.0
2	**स्वास्थ्य**					
	हास्पिटल – 100 बिस्तर	30 प्रतिशत	1.25	24.00	15.00	06.00
	हास्पिटल – 30 से 100 बिस्तर	30 प्रतिशत	1.25	24.00	15.00	06.00
	हास्पिटल – 0 से 30 बिस्तर	30 प्रतिशत	1.25	18.00	12.00	04.50
	नेचरोपेथी सेन्टर	30 प्रतिशत	1.25	18.00	12.00	04.50
	हेल्थ सेन्टर	30 प्रतिशत	1.25	18.00	12.00	04.50
	नर्सिंग होम	30 प्रतिशत	1.25	18.00	12.00	04.50
	पालीक्लीनिक	30 प्रतिशत	1.25	18.00	12.00	04.50
	पेट क्लीनिक	30 प्रतिशत	1.25	12.00	12.00	04.50
	ब्लड बैंक / पैथालाजी सेन्टर	30 प्रतिशत	1.25	12.00	12.00	04.50

क्र.	श्रेणी	अधिकतम निर्मित क्षेत्र	एफ. ए. आर.	न्यूनतम मार्ग चौड़ाई (मी. में)	अग्र सीमान्त खुला क्षेत्र (मी. में)	अन्य तीन ओर (मी. में)
1	2	3	4	5	6	7
	इत्यादि फिजियोथेरेपी सेन्टर	30 प्रतिशत	1.25	12.00	12.00	04.50
3	**जनउपयोगिता एवं सेवायें** पुलिस चौकी पुलिस स्टेशन आवास गृह सहित सामुदायिक भवन उप अग्निशमन केन्द्र अग्निशमन केन्द्र डाक एवं तार विद्युत सब स्टेशन	 35 प्रतिशत 25 प्रतिशत 35 प्रतिशत 35 प्रतिशत 35 प्रतिशत 35 प्रतिशत –	 1.00 1.00 1.00 1.00 1.00 1.00 –	 – 12.0 12.0 12.0 12.0 12.0 –	 म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 42 के अनुसार मान्य होंगे।	 म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 42 के अनुसार मान्य होंगे।
4	**धार्मिक भवन**	30 प्रतिशत	1.00	12.0		
5	**शासकीय/अर्द्ध–शासकीय कार्यालय**	35 प्रतिशत	1.00	18.0		

नोट– उपरोक्त सारणी में जो सुविधाएं सम्मिलित नहीं हैं उनके भू–आच्छादित क्षेत्र 30 प्रतिशत तथा फर्शी क्षेत्र अनुपात 1.0 से अधिक नहीं होंगे। जो सीमांत खुले क्षेत्र उपरोक्त सारणी में उल्लेखित नहीं हैं, वे मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 के प्रावधानों के अनुसार रहेंगे। किंतु ऐसी सुविधाएं जिनका पुनर्विकास किया गया है उनके लिये यह मापदण्ड लागू न होकर केवल आच्छादित क्षेत्र (कॉलम 3) के अनुसार रहेगा जिसे आवश्यकतानुसार 10 प्रतिशत की सीमा तक बढ़ाया जा सकेगा।

6.5 अन्य नियमन

6.5.1 12.5 मीटर से ऊँचे भवनों संबंधी नियमन

म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 42 के प्रावधानों अनुसार मान्य होंगे।

6.5.2 बहुविध बहुमंज़िली इकाई निर्माण

म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 42 के मापदण्ड अनुसार नियंत्रित होंगे।

6.5.3 फार्म हाउस एवं कृषि पर्यटन सुविधा

म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 17 अनुसार मान्य होंगे।

6.5.4 अनौपचारिक वर्ग के लिए प्रावधान

नवीन वाणिज्यिक केन्द्रों के नियोजन के समय फुटपाथ दुकानें, हाथ ठेला एवं इसी तरह की अन्य गतिविधियों के लिए सारणी 6–सा–9 में दिए गए मानकों के अनुसार अनौपचारिक वर्ग हेतु प्रावधान निर्धारित किए गए हैं।

अनौपचारिक वर्ग के लिए प्रावधान

सारणी 6–सा–9

क्र.	विवरण	मानक
1	2	3
1.	फुटपाथ व्यापार	3 से 4 इकाई प्रति 10 औपचारिक दुकानें
	वृत्त खण्ड केन्द्र	
	उपवृत्त खण्ड केन्द्र	
	सुलभ शॉपिंग	
2.	शासकीय एवं वाणिज्यिक कार्यालय	1 से 2 इकाई प्रति 100 कर्मकार
3.	थोक व्यापार एवं मालभाड़ा कॉम्पलेक्स	3 से 4 इकाई प्रति 10 औपचारिक दुकानें
4.	चिकित्सालय	3 से 4 इकाई प्रति 100 बिस्तर
5.	**विद्यालय**	
	प्राथमिक	3 से 4 इकाई
	माध्यमिक / उच्चतर माध्यमिक	5 से 6 इकाई
6.	**उद्यान**	
	नगर उद्यान	8 से 10 इकाई प्रत्येक प्रमुख प्रवेश द्वार
	स्थानीय उद्यान	2 से 3 इकाई
7.	आवासीय	1 इकाई प्रति 500 जनसंख्या
8.	बस स्थानक / रेल्वे स्टेशन	परियोजना तैयार करते समय किए गए सर्वेक्षण पर निर्भर होगा।

टीपः प्रत्येक इकाई 2.5 से 5 वर्गमीटर के आकार की नियत होगी।

6.5.5 ईंधन भराव एवं भराव सह–सेवा केन्द्र के मानक

ईंधन भराव एवं भराव सह–सेवा केन्द्र म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 53(3)(चार) के अनुरूप होंगे। ई–वाहन चार्जिंग / बैटरी स्वैपिंग स्टेशन शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार लागू होंगे।

6.5.6 यातायात नगर/मैकेनिक नगर के मानक

इस हेतु आवश्यकता अनुसार कृषि भूमि के अंतर्गत स्थल का चयन किया जा सकेगा जिसमें निम्नलिखित गतिविधियाँ स्वीकार्य होंगी– ट्रक टर्मिनल, मोटर गैरेज, वर्कशॉप, स्पेयर पाटर्स, सुधार की दुकानें, रात्रि विश्राम गृह, बोर्डिंग/लॉजिंग, बैंक, पेट्रोल पंप, रेस्टॉरेंट, बुकिंग ऑफिस, वेयर हाउस एवं आनुषंगिक गतिविधियाँ।

यातायात नगर एवं मैकेनिक नगर परिक्षेत्र हेतु नियमन निम्नानुसार हैं।

1. मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई 18 मीटर से कम नहीं होगी।
2. सामुदायिक खुले क्षेत्र का उपयोग पार्किंग के लिए किया जा सकेगा।
3. यातायात नगर के विकास हेतु न्यूनतम क्षेत्रफल वर्णित नहीं किया गया है। स्थल के आधार के अनुसार एक से अधिक गतिविधियाँ स्वीकार्य होंगी।

6.5.7 शॉपिंग मॉल/खुला मॉल

शापिंग मॉल हेतु मापदण्ड मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 96 के अनुरूप होंगे। उक्त गतिविधि विकास योजना में दर्शित वाणिज्यिक एवं मिश्रित भू–उपयोग में मान्य होगी। खुला माल, कृषि भूमि उपयोग के अंतर्गत मान्य होंगे।

6.5.8 वर्तमान विकसित क्षेत्रों के मापदण्ड

1. वर्तमान विकसित क्षेत्रों में भवन की ऊँचाई, भू–आच्छादन, फर्शी क्षेत्रानुपात एवं पार्किंग संबंधी मापदण्ड, नगरीय निकाय द्वारा परिक्षेत्रिक योजना तैयार कर निर्धारित मापदण्डों एवं भवन रेखा के निर्धारण अनुसार लागू होंगे। जब तक परिक्षेत्रिक योजना लागू नहीं होगी तब तक विकास योजना के प्रावधान लागू होंगे।
2. विकसित क्षेत्रों में पुनर्निर्माण की अनुमति स्थानीय निकाय द्वारा दी जा सकेगी।
3. भवन की ऊँचाई, अहाते की दीवार की ऊँचाई एवं वाहन विराम संबंधी मापदण्ड नये क्षेत्रों के मापदण्डों के अनुरूप ही रहेंगे।

6.5.9 होस्टल, वर्किंग वूमन होस्टल, रेस्ट/गेस्ट हाउस, लाजिंग/बोर्डिंग

भूखण्ड का न्यूनतम क्षेत्रफल	500 वर्गमीटर
अधिकतम एफ.ए.आर.	1 : 1.0
अधिकतम भूतल आच्छादन (कवरेज)	33 प्रतिशत
अधिकतम ऊँचाई	12.00 मीटर

सीमांत खुला क्षेत्र

1. सम्मुख 6.0 मीटर
2. अन्य तीन ओर 4.50 मीटर

अन्य नियंत्रण

भूखण्ड के सम्मुख मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई 12.0 मीटर

पार्किंग म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 प्रावधान अनुसार।

6.5.10 मैरिज गार्डन

विकास के नियमन म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के अनुसार

6.5.11 बारात घर/मांगलिक भवन/कल्याण मण्डपम/कम्युनिटी हाल

भूखण्ड का न्यूनतम क्षेत्रफल	500 वर्गमीटर
अधिकतम एफ.ए.आर.	1:0.5
अधिकतम भूतल आच्छादन (कवरेज)	15 प्रतिशत
न्यूनतम भूखण्ड का अग्रभाग	25.00 मीटर
सीमांत खुला क्षेत्र	
सम्मुख	6.00 मीटर
अन्य तीन ओर	4.50 मीटर

अन्य नियंत्रण

- भूखण्ड के सम्मुख मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई 12.00 मीटर।
- भूखण्ड के सम्मुख खुले क्षेत्र का 40 प्रतिशत भाग सार्वजनिक पार्किंग हेतु आरक्षित रहेगा।
- इस गतिविधि से जनित होने वाली पार्किंग की पूर्ण व्यवस्था परिसर के अंदर ही सुनिश्चित की जाएगी।

टीपः शासकीय भूमि अथवा मार्ग पर एवं परिसर के बाहर पार्किंग गतिविधि स्वीकार्य नहीं होगी।

6.5.12 शीतकेन्द्र/वेयर हाउस /गोदाम/अन्य भण्डारण केन्द्र के लिये मापदण्ड

उपरोक्त गतिविधियों के लिए निम्न नियमन लागू रहेंगे।

1. भू–खण्ड का न्यूनतम क्षेत्रफल– 1000 वर्गमीटर
2. अधिकतम तल क्षेत्र का अनुपात– 1:0.40
3. अधिकतम निर्मित क्षेत्र– 40 प्रतिशत
4. भू–खण्ड के सामने मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई– 12.0 मीटर
5. सीमांत खुला क्षेत्र – 6.0 मीटर

6.5.13 छविगृहों के लिए मापदण्ड

म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 53(3) के प्रावधान लागू होंगे।

6.5.14 मल्टीप्लेक्स

मल्टीप्लेक्स हेतु म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 95 के प्रावधान लागू होंगे। मल्टीप्लेक्स आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक एवं मिश्रित भूमि उपयोग में मान्य होंगे

एवं फर्शी क्षेत्रानुपात उस भू–उपयोग के अनुरूप होगा जिसमें उक्त गतिविधि मान्य की गई हो।

6.5.15 उद्यान

1. समस्त प्रकार के आमोद–प्रमोद क्षेत्र अंतर्गत प्रस्तावित उद्यान में 05 प्रतिशत आनुषंगिक गतिविधियाँ स्वीकार्य होगी।
2. स्टेडियम के निर्माण हेतु मापदण्ड खेल विभाग के अनुसार होंगे।

6.6 संवेदनशील क्षेत्रों हेतु नियमन

संवेदनशील क्षेत्र में विकास की गतिविधियां निम्नानुसार प्रावधानित हैं:

1. नदी के दोनों किनारों पर उच्चतम जल स्तर से न्यूनतम 50.00 मीटर तक, एवं नाले, शाखा नहर एवं अन्य जल स्त्रोतों की स्थिति में मध्य प्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 50(ख) में निहित प्रावधानों के अनुसार खुला क्षेत्र रखना अनिवार्य होगा।
2. नहर की स्थिति में दोनों ओर 15.00–15.00 मीटर का क्षेत्र खुला रखा जाएगा।
3. प्रदूषित जल/मल किसी भी स्थिति में नदी में प्रवाहित नहीं किया जाएगा।
4. नाले, शाखा नहर एवं अन्य जल स्त्रोतों के किनारे के क्षेत्रों में भवनों के व्यक्तिगत सेप्टिक टेंक को भवन निर्माण पश्चात् ग्रिडल मल लाईन से जोड़ना अनिवार्य होगा।
5. निवेश क्षेत्र में आने वाले निर्मित भवनों के आच्छादित क्षेत्र में या एफ.ए.आर. में पूर्व की स्वीकृति के अतिरिक्त वृद्धि स्वीकार्य नहीं होगी।
6. नदियों की सुरक्षा एवं जल गुणवत्ता के सुधार एवं संरक्षण हेतु किये जाने वाले कार्य स्वीकार्य होंगे।
7. निम्न श्रेणी के संवदेनशील क्षेत्रों में रख–रखाव से संबंधी कार्य स्वीकार्य होंगे।

ऐतिहासिक महत्व के क्षेत्र:

- नागरिक एवं सांस्कृतिक महत्व के भवन।
- प्राचीन वास्तुकला भवन यदि निजी अधिपत्य में हो, तो भी।
- समय–समय पर उत्खनित/खोजे गए विरासतीय भवन।

8. पुरातात्विक महत्व के स्मारकों से पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा निर्धारित प्रतिबंधित क्षेत्र खुला रखा जायेगा।

अन्य सुविधाएँ

सतना निवेश क्षेत्र में भूमि के विकास तथा अन्य उपखण्डीय आवश्यकताओं हेतु विभिन्न प्रकार की सुविधाएँ म.प्र. भूमि विकास नियम 2012 के नियम 49(1) अनुसार मान्य होंगी।

6.7 उपयोग परिक्षेत्रों में स्वीकृत उपयोग परिसर

उपयोग परिक्षेत्रों में स्वीकृत उपयोग परिसरों का वर्णन सारणी 6–सा–10 में दिया गया है।

उपयोग परिक्षेत्रों में स्वीकृत उपयोग

सारणी 6–सा–10

क्र.	उपयोग	स्वीकृत उपयोग परिसर
1	2	3
1.	आवासीय	आवासीय भूखण्डीय विकास, अपार्टमेंट हाउसिंग/फ्लेटस, अतिथि गृह/रेस्ट हाउस, रात्रि विश्राम गृह, धर्मशाला मैरिज हाल/बारात घर/मांगलिक भवन/कल्याण मंडपम, कम्यूनिटी हॉल, मेरिज गार्डन, बाल सुधार गृह/कामकाजी महिला छात्रावास, होस्टल/लॉजिंग एवं बोर्डिंग, वृद्धाश्रम, सुविधाजनक दुकानें, स्थानीय दुकानें, साप्ताहिक हाट बाजार, क्लिनिक/डिस्पेंसरी, प्रसूति गृह, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नर्सिंग होम, पालतू पशु क्लिनिक/औषधालय, खेल का मैदान/नेबरहुड पार्क, झूलाघर/डे–केयर सेंटर, क्लिनिकल प्रयोगशाला, खुला रंग मंच, सांस्कृतिक एवं सूचना केन्द्र, अनाथालय, योग केन्द्र, ध्यान अध्यात्मिक केन्द्र, सिनेमा हाल, होटल, ईंधन भराव एवं भराव–सह–सेवा केन्द्र, सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग, सामान्य चिकित्सालय, विशिष्ट चिकित्सालय, शैक्षणिक महाविद्यालय/संस्थान, समस्त विद्यालय, कोचिंग सेंटर, कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र, शारीरिक प्रशिक्षण केन्द्र, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संस्थान, अनुसंधान एवं विकास केन्द्र, संगीत/नृत्य/नाटिका प्रशिक्षण केन्द्र, स्थानीय संस्थायें/अर्द्धशासकीय/शासकीय कार्यालय/सुविधायें, कन्वेंशन सेंटर, बस स्टॉप, सामाजिक कल्याण केन्द्र, जल/वेस्ट वाटर शोधन उपचार संयंत्र गृह, मनोरंजन क्लब, खेल मैदान/स्टेडियम, लाइब्रेरी, म्यूजियम, स्टाफ क्वार्टर, बैंक/ए.टी.एम., रेस्टोरेंट, तरणताल, कम्प्यूटर सेंटर, मिश्रित उपयोग।
2.	वाणिज्यिक	
	(अ) सामान्य वाणिज्यिक	आवासीय में स्वीकार्य समस्त गतिविधियां, सिनेमा हाल, होटल, ईंधन भराव एवं भराव–सह–सेवा केन्द्र, प्रिटिंग प्रेस, निजी व्यवसाय कॉर्पोरेट कार्यालय, ऑटो सर्विस स्टेशन/मोटर गैरेज एवं वर्कशॉप, सूचना प्रौद्योगिकी, कोचिंग सेंटर, कम्प्यूटर प्रशिक्षण सेंटर, दूर–संचार केन्द्र, ट्रांसमिशन टॉवर, वायर लेस स्टेशन, रेडियो एवं टेलीविजन स्टेशन, वेदशाला एवं मौसम कार्यालय, अग्निशमन केन्द्र, दूरभाष केन्द्र, पोस्ट ऑफिस, दूर–संचार टावर एवं स्टेशन, पुलिस स्टेशन, पुलिस पोस्ट, माल, मल्टीप्लेक्स, फिटनेस क्लब, मिश्रित

क्र.	उपयोग	स्वीकृत उपयोग परिसर
1	2	3
		उपयोग।
	(ब) वर्गीकृत वाणिज्यिक	आवासीय एवं सामान्य वाणिज्यिक में स्वीकार्य गतिविधियां तथा थोक व्यापार एवं लॉजिस्टिक हब।
3.	औद्योगिक	औद्योगिक भूखण्डीय विकास, अतिथि गृह/रेस्ट हाउस, होस्टल/लॉजिंग एवं बोर्डिंग, सुविधाजनक दुकानें, स्थानीय दुकानें, क्लिनिक/डिस्पेंसरी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नर्सिंग होम, खेल मैदान, बालगृह, दिन देखभाल केन्द्र, धार्मिक परिसर, क्लिनिकल प्रयोगशाला, सिनेमा हाल, होटल, ईंधन भराव एवं भराव–सह–सेवा केन्द्र, शीत संग्रहागार एवं दुग्ध द्रुतशीतजन संयंत्र, जंकयार्ड, पेट्रोलियम उत्पाद डिपो, गैस गोडाउन, प्रिंटिंग प्रेस, ऑटो सर्विस स्टेशन/मोटर गैरेज एवं वर्कशॉप, सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग, डेरी प्लांट, स्लाटर हाउस, फेलैटेड फैक्टरी, स्टोरेज/गोदाम (अज्वलनशील, ज्वलनशील, डीजल स्टोरेज), एक्सटेंसिव–विशिष्ट एक्सट्रेक्टिव उद्योग, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अनुसंधान एवं विकास केन्द्र, स्थानीय संस्थायें/ अर्द्धशासकीय/ शासकीय कार्यालय, दूर–संचार केन्द्र, ट्रांसमिशन टॉवर, वायर लेस स्टेशन, अग्नि शमन केन्द्र, दूर संचार, पोस्ट आफिस, दूरभाष केन्द्र पोस्ट ऑफिस, दूर–संचार टावर एवं स्टेशन, पुलिस स्टेशन, पुलिस पोस्ट, बस स्टॉप, सामाजिक कल्याण केन्द्र, जल/वेस्ट वाटर शोधन संयंत्र, लाइब्रेरी, म्यूजियम, स्टाफ क्वार्टर , बैंक/ए.टी.एम. रेस्टोरेंट, बस स्टैण्ड, यातायात नगर।
4.	मिश्रित उपयोग	आवासीय उपयोग परिक्षेत्र, वाणिज्यिक उपयोग परिक्षेत्र तथा सार्व. एवं अर्द्धसार्वजनिक अंतर्गत उल्लेखित सभी गतिविधियां स्वीकृति योग्य होगी।
5.	सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक	अतिथि गृह/ रेस्ट हाउस, बालगृह, कामकाजी महिला छात्रावास, होस्टल, लॉजिंग एवं बोर्डिंग, वृद्धाश्रम, सुविधाजनक दुकानें, स्थानीय दुकानें, क्लिनिक/डिस्पेंसरी, प्रसूति गृह, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नर्सिंग होम, पालतू पशु औषधालय, खेल का मैदान, नेवरहूड पार्क, झूला घर/डे केयर केन्द्र, धार्मिक परिसर, क्लिनिकल प्रयोगशाला, खुला रंग मंच, सांस्कृतिक एवं सूचना केन्द्र, अनाथालय, योग –ध्यान–अध्यात्मिक केन्द्र, ईंधन भराव एवं भराव–सह–सेवा केन्द्र, निजी व्यवसाय एवं कार्पोरेट कार्यालय, सूचना प्रौद्योगिकी, स्टोरेज/गोदाम (अज्वलनशील), सामान्य चिकित्सालय, विशिष्ट चिकित्सालय, पशु चिकित्सालय, विश्व विद्यालय, शैक्षणिक महाविद्यालय, चिकित्सा/इंजीनियरिंग महाविद्यालय, अन्य व्यवसायिक महाविद्यालय, पॉलीटेक्नीक, माध्यमिक विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय/नर्सरी, प्ले स्कूल, कोचिंग सेंटर, कम्प्यूटर प्रशिक्षण सेंटर, शारीरिक प्रशिक्षण केन्द्र, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संस्थान, विकलांग बच्चों के लिए विद्यालय, (अ–मानसिक

सतना विकास योजना 2035

क्र.	उपयोग	स्वीकृत उपयोग परिसर
1	2	3
		विकलांगता, ब–शारीरिक विकलांगता), समन्वित आवासीय विद्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व्यवसायिक प्रशिक्षण संस्थान/प्रबंधन संस्थान, अनुसंधान एवं विकास केन्द्र, संगीत/नृत्य नाटिका प्रशिक्षण केन्द्र, स्थानीय संस्थायें/ अर्द्धशासकीय/शासकीय कार्यालय, दूर–संचार केन्द्र, ट्रांसमिशन टॉवर, वायर लेस स्टेशन, रेडियो एवं टेलीविजन स्टेशन, वेदशाला एवं मौसम कार्यालय, गृह, मनोरंजन क्लब, आंतरिक एवं बाह्य स्टेडियम, स्पोर्ट्स काम्पलेक्स, लाइब्रेरी, म्यूजियम, स्टाफ क्वार्टर, बैंक/ए.टी.एम. रेस्टोरेंट, तरणताल, होटल मैनेजमेंट संस्थान, कन्वेंशन सेंटर, सामाजिक कल्याण केन्द्र, मिश्रित उपयोग सूचना प्रौद्योगिकी' एवं गैर–प्रदूषणकारी उद्योग"
6.	सार्वजनिक उपयोगितायें एवं सुविधायें	अग्निशमन स्टेशन, दूरभाष केन्द्र, पोस्ट ऑफिस, दूर–संचार टावर / स्टेशन, पुलिस स्टेशन, पुलिस पोस्ट, बस स्टाप, मल/अपशिष्ट उपचार संयंत्र, कब्रिस्तान, शमशान घाट, विद्युत शव–दाह, जल/वेस्ट वाटर शोधन उपचार संयंत्र, रख रखाव कार्यालय, यातायात सुविधाएं, संचार सुविधाएं, अत्यावश्यक सेवाओं संबंधी कार्य।
7.	यातायात एवं परिवहन	रेल्वे स्टेशन एवं रेल्वे लाईन/ रेल्वे साइडिंग/ यार्ड/ आपरेशनल एरिया, बस स्टेण्ड, बस डिपो, ट्रक टर्मिनल–नगर, हवाई पट्टी, माल गोदाम, शीतगृह, सर्विस स्टेशन, रिपेयर वर्कशॉप, अनुषांगिक दुकानें, रेस्टोरेन्ट, मोटल, होटल, पेट्रोल पम्प।
8.	आमोद–प्रमोद	
	(अ) क्षेत्रीय/ नगर उद्यान/ मनोरंजन	खेल का मैदान, पार्क, एम्यूजमेंट पार्क, मनोरंजन साईट, क्लब रिसोर्ट, घुड़सवारी, जिम्नेजियम मय वोट क्लब, आंतरिक स्टेडियम, स्टेडियम, स्पोर्ट कॉम्पलेक्स, ऑरचर्ड, तरणताल, पिकनिक हट, फ्लाईंग क्लब, फिटनेस क्लब, मेला मैदान, नर्सरी, पक्षी अभ्यारण्य, वनस्पति उद्यान, प्राणी उद्यान, मत्स्यालय, केम्पिंग साईट, वाटर पार्क, वाटर पार्क मय राइडर कियोस्क, रिसोर्ट, पर्यटक/कुटीर, खेल उद्यान, नगरीय उद्यान, क्षेत्रीय उद्यान, संग्रहालय, अन्य विशिष्ट उद्यान, सर्कस सूचना केन्द्र, सार्वजनिक शौचालय, स्टोर, चौकीदार निवास, चौकीदार हट, पम्प हाउस, अत्यावश्यक सार्वजनिक सेवाएं/सुविधाएं।
	(ब) स्टेडियम/ खेल मैदान	स्टेडियम/खेल मैदान, नेबरहुड पार्क, एम्यूजमेंट पार्क, क्लब/रिसोर्ट, घुड़सवारी प्रशिक्षण, जिम्नेजियम, वोट क्लब, आंतरिक स्टेडियम, स्टेडियम, स्पोर्ट कॉम्पलेक्स, ऑरचर्ड, तरणताल, पिकनिक हट, फ्लाईंग, फिटनेस क्लब, मेला स्थल, नर्सरी, खेल उद्यान, नगरीय उद्यान, क्षेत्रीय उद्यान, अन्य विशिष्ट उद्यान, सर्कस, सूचना केन्द्र, सार्वजनिक शौचालय, स्टोर, चौकीदार निवास, पम्प हाउस, चौकीदार हट, अत्यावश्यक सार्वजनिक सेवाएं/सुविधाएं।

क्र.	उपयोग	स्वीकृत उपयोग परिसर
1	2	3
	(स) मेला मैदान	मेला मैदान, खेल का मैदान, पार्क, एम्युजमेंट पार्क, क्लब, घुड़सवारी, जिम्मेजियम, वोट क्लब, आंतरिक स्टेडियम–अस्थाई प्रकृति के, ऑरचर्ड, तरणताल, पिकनिक हट, फ्लाईंग, फिटनेस क्लब, नर्सरी, पक्षी अभ्यारण्य, वनस्पति उद्यान, प्राणी उद्यान, केम्पिंग साईट, वाटर पार्क, रिसोर्ट, पर्यटक/कुटीर–अस्थाई प्रकृति के, खेल उद्यान, नगरीय उद्यान, क्षेत्रीय उद्यान, सर्कस सूचना केन्द्र, सार्वजनिक शौचालय, स्टोर, पम्प हाउस, चौकीदार निवास, चौकीदार हट, अत्यावश्यक सार्वजनिक सेवाएं/सुविधाएं।
	(द) हरित क्षेत्र	खेल का मैदान, नेबरहुड पार्क, एम्युजमेंट पार्क, घुड़सवारी प्रशिक्षण, वोट क्लब, ऑरचर्ड, तरणताल, पिकनिक हट, फ्लाईंग, नर्सरी, पक्षी अभ्यारण्य, वनस्पति उद्यान, प्राणी उद्यान, मत्स्यालय, केम्पिंग साईट, वाटर पार्क, खेल उद्यान, पम्प हाउस, नगरीय उद्यान, क्षेत्रीय उद्यान।
	(इ) वृक्षारोपण	पर्यावरण वानिकी, खेल का मैदान नेबरहुड पार्क, एम्युजमेंट पार्क, घुड़सवारी, वोट क्लब, ऑरचर्ड, तरणताल, पिकनिक हट, मेला मैदान, नर्सरी, पक्षी अभ्यारण्य, वनस्पति उद्यान, प्राणी उद्यान, मत्स्यालय, केम्पिंग साईट–अस्थाई प्रकृति की, वाटर पार्क, पर्यटक/ कुटीर–अस्थाई प्रकृति की, खेल उद्यान, नगरीय उद्यान, क्षेत्रीय उद्यान, सर्कस, सूचना केन्द्र, सार्वजनिक शौचालय, स्टोर, पम्प हाउस, चौकीदार निवास, चौकीदार हट, अत्यावश्यक सार्वजनिक सेवाएं/सुविधाएं।
9.	कृषि	ऐसे समस्त स्वीकृत उपयोग जो "**कृषि**" शब्द की परिभाषा में म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 में वर्णित है। श्मशान घाट/कब्रिस्तान, जल–मल शोधन केन्द्र, ईंट भट्टे दुग्ध डेयरी, तेल डिपो, फार्म हाउस, वेयर हाऊस, गोडाउन, विस्फोटक सामग्री संग्रहण, शासकीय/ अर्द्ध–शासकीय/ पंजीकृत संस्थाओं का कार्यालय एवं उनके द्वारा प्रायोजित विशिष्ट स्वास्थ्य/शैक्षणिक/संचार गतिविधियाँ, ग्राम विकास संबंधी गतिविधियाँ (क्लिनिक/डिस्पेंसरी, प्रसूती गृह, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नर्सिंग होम, पालतू पशु क्लिनिक/औषधालय, रात्रि विश्राम गृह, धर्मशाला, मैरिज हाल/बारात घर/मांगलिक भवन/कल्याण मंडपम, कम्यूनिटी हाल, मैरिज गार्डन, बालगृह, होस्टल/लॉजिंग एवं बोर्डिंग, वृद्धाश्रम, सुविधाजनक दुकानें, अनाथालय, योग केन्द्र, ध्यान आध्यात्मिक केन्द्र, ईंधन भराव एवं भराव–सह–सेवा केन्द्र, माध्यमिक विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय/नर्सरी, प्ले स्कूल, कोचिंग सेंटर, कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र, शारीरिक प्रशिक्षण केन्द्र, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संस्थान, विकलांग बच्चों के लिए विद्यालय, (अ–मानसिक विकलांगता ब–शारीरिक विकलांगता), पुलिस स्टेशन, पुलिस पोस्ट बस स्टॉप, सामाजिक कल्याण केन्द्र, जल/वेस्ट

क्र.	उपयोग	स्वीकृत उपयोग परिसर
1	2	3
		वाटर शोधन उपचार संयंत्र, नर्सरी, लाइब्रेरी, सेवाओं/सुविधाओं संबंधी अत्यावश्यक स्टाफ क्वार्टर, बैंक/ए.टी.एम., रेस्टोरेंट ग्राम आबादी विस्तार, भवन सामग्री यार्ड, टिम्बर यार्ड, मैरिज गार्डन, शीत संग्रहागार, दुग्ध द्रुतशीतजन संयंत्र, जंकयार्ड, पेट्रोलियम उत्पाद डिपो, गैस गोडाउन, डेरी प्लांट स्टोरेज/गोदाम (अज्वलनशील, ज्वलनशील, डीजल स्टोरेज), एक्सटेंसिव–विशिष्ट एक्सट्रेक्टिव उद्योग, दूरभाष केन्द्र, पोस्ट ऑफिस, पुलिस पोस्ट, बस स्टाप, मल/अपशिष्ट उपचार संयंत्र, कब्रिस्तान, शमशान घाट, विद्युत शव–दाह, जल/वेस्ट वाटर शोधन उपचार संयत्र, समस्त खेल गतिविधियां/लॉजिस्टिक हब, बस स्टैण्ड, यातायात नगर सूचना प्रौद्योगिकी* एवं गैर–प्रदूषणकारी उद्योग**, कृषि पर्यटन सुविधा*** एवं समस्त प्रकार के भण्डारण।

नोटः

1. *सूचना प्रौद्योगिकी से तात्पर्य है कि मध्य–प्रदेश शासन द्वारा सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग की नीति पत्र में वर्णित उद्योग एवं संस्थाएँ।
2. **गैर प्रदूषणकारी उद्योग से तात्पर्य है मध्य–प्रदेश प्रदूषण निवारण मण्डल द्वारा सफेद श्रेणी में वर्गीकृत उद्योग।
3. ***कृषि पर्यटन सुविधा से तात्पर्य है कि मध्य–प्रदेश भूमि विकास नियम–2012 के निमय 17(क) में वर्णित अनुसार।

6.8 अन्य सुविधाएँ

सतना निवेश क्षेत्र में भूमि के विकास तथा अन्य उपखण्डीय आवश्यकताओं हेतु विभिन्न प्रकार की सुविधाएँ म.प्र. भूमि विकास नियम 2012 के नियम 49(1) अनुसार मान्य होंगी।

6.9 विकास योजना के प्रस्तावों की प्राप्ति हेतु प्रक्रिया

म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के अनुसार।

अध्याय– 7 विकास योजना क्रियान्वयन

विकास योजना के प्रस्ताव औचित्यहीन हैं यदि इसके कियान्वयन एवं प्रभावशील करने हेतु सम्यक प्रयास पूर्ण रूप से नहीं किए जाते। यह अपेक्षित है कि इसमें नागरिकों द्वारा व्यक्तिगत या संगठित रूप से निर्माण, पुनर्निर्माण और विभिन्न उपयोग हेतु भूमि का विकास करके योगदान दिया जाएगा। यह आवश्यक होगा कि ऐसे प्रयासों का मार्गदर्शन, तकनीकी सलाह देकर किया जाए जिससे कि विकास एवं निर्माण विकास योजना या परिक्षेत्रीय योजना के उपबंधों के अनुरूप हो सकें। विकास योजना का प्रभावीकरण तभी संभव हो सकेगा जब म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 के प्रावधानों के अंतर्गत कोई भी विकास कार्य, चाहे वह शासकीय, अर्द्धशासकीय या व्यक्तिगत हो, अनुज्ञा नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय से प्राप्त कर किया जाए।

विकास योजना के क्रियान्वयन हेतु नगर निगम सतना, मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना मण्डल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा उद्योग विभाग द्वारा भी अपने संबंधी निर्माण कार्य से विकास योजना के कार्यान्वयन में मदद मिलेगी। यह अपेक्षित है कि सभी प्रकार की निर्माण गतिविधियों को समन्वित करने हेतु समस्त शासकीय, अर्द्ध शासकीय निकाय विकास योजना के क्रियान्वयन की क्रमावस्था तथा कार्यक्रम पर विशेष ध्यान दें।

7.1 विकास योजना का क्रियान्वयन

विकास योजना के प्रस्ताव सन् 2035 तक की कालावधि के लिए हैं। वर्तमान मूल्यों के अनुसार पूर्ण प्रस्ताव क्रियान्वयन करने में लगभग रुपये 259813.90 लाख का व्यय अनुमानित है। इसमें विभिन्न उपयोग हेतु 1242.33 हेक्टेयर, भूमि के अर्जन हेतु मुआवजा एवं 60 प्रतिशत भूमि के विकास पर व्यय, नए मार्गों का निर्माण, आदि शामिल हैं। भूमि अर्जन की औसत दर रुपये 50.00 लाख प्रति हेक्टर मानी गई है। जहाँ तक विकास व्यय का प्रश्न है, वह भूमि उपयोग के अनुसार अलग–अलग माना गया है। सम्पूर्ण विकास योजना 2035 के क्रियान्वयन की लागत का अनुमान सारणी 7–सा–1 में दर्शाया गया है। क्रियान्वयन की लागत की गणना सांकेतिक स्वरूप की है, वास्तविक गणना प्रस्तावों के क्रियान्वयन के समय की जाएगी।

योजना क्रियान्वयन की लागत –2035

सारणी 7–सा–1

क्र.	भूमि उपयोग	क्षेत्र (हेक्टेयर में)				भू–अर्जन लागत (रू. 50 लाख प्रति हे. की दर से)	विकसित की जाने वाली भूमि का विकास व्यय (कालम नं. 5)			कुल लागत (लाख रू. में) (7+10)
		प्रस्तावित	वर्तमान विकसित	शेष भूमि (3–4)	भू–अर्जन का क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		क्षेत्र (हेक्टेयर में)	दर (लाख रू. में)	लागत (लाख रू. में)	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1.	आवासीय	3656.91	1633.55	2023.36	161.87	8093.43	1214.01	90	109261.30	117354.73
2.	वाणिज्यिक	353.14	179.95	173.19	10.39	519.57	103.91	120	12469.79	12989.37
3.	औद्योगिक	426.88	283.02	143.86	100.70	5034.94	86.31	120	10357.59	15392.54
4.	मिश्रित	537.84	106.28	431.56	215.78	10788.98	258.94	90	23304.19	34093.17
5.	सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक, सार्वजनिक उपयोगिताएँ एवं सुविधाएँ	401.54	277.88	123.66	92.74	4637.21	74.20	90	6677.58	11314.79
6.	आमोद प्रमोद	913.38	226.38	687.00	480.90	24045.17	412.20	55	22671.16	46716.32
7.	यातायात एवं परिवहन	981.37	741.45	239.92	179.94	8997.12	143.95	90	12955.86	21952.98
कुल विकसित क्षेत्र		7271.06	3448.51	3822.55	1242.33	62116.42	2293.53	655.00	197697.48	259813.90

7.2 योजना क्रियान्वयन की नीति

योजना क्रियान्वयन द्वारा नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार हेतु ठोस प्रयास की आवश्यकता है। निम्नलिखित उद्देश्यों की प्राप्ती हेतु योजना क्रियान्वयन नीति निर्धारित की जाएगी:

1. प्राकृतिक पर्यावरण का संरक्षण तथा उत्कृष्ट भू–स्वरूप।
2. भूमि का कुशलतम उपयोग।
3. अधोसंरचना और सेवाओं की उपलब्धता/ संधारण।
4. भूमि प्रदाय तथा संरचना विकास में सहभागिता का प्रस्ताव।
5. समाज के कमजोर वर्गों हेतु आवास प्रदान करना।

इन उद्देश्यों का क्रियान्वयन निम्न क्षेत्रों में किया जाना प्रस्तावित है:

1. पर्यावरण प्रबंधन एवं सेवा सम्बन्धी कार्यक्रम।
2. नगर अधोसंरचना एवं सेवा संबंधी कार्यक्रम।

मुख्य मार्गों के किनारे प्रस्तावित भू–उपयोग विकास हेतु अधिनियम के अन्तर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों का निराकरण इस विधि से किया जाएगा कि मार्गों हेतु प्रस्तावित भूमि स्थानीय संस्था को विकास हेतु उपलब्ध हो सके।

7.3 पर्यावरण प्रबंधन एवं संरक्षण कार्यक्रम

पर्यावरण प्रबंधन एवं संरक्षण से तात्पर्य उन चरम पर्यावरण संबंधी समस्याओं से है जो प्रमुख रूप से नदी के संरक्षण, इनकी जल गुणवत्ता, उत्कृष्टता, भू–स्वरूप तथा जल स्त्रोतों के जल ग्रहण क्षेत्रों से कतिपय भूमि प्रबंधन से संबंधित हैं। अन्य पर्यावरण समस्याएँ जैसे नगरीय अपशिष्ट का उपचार, निराकरण, इनके पुर्नचक्रीकरण एवं नगर विस्तार के परिपेक्ष्य में जनसंख्या से उत्पन्न आर्थिक एवं सामाजिक समस्याओं से संबंधित है।

उपरोक्त संवेदनशील बिन्दु के परिप्रेक्ष्य में निम्न विषय विचारणीय हैं।

1. नदी एवं अन्य जल स्त्रोतों में जल–मल के प्रवाह को रोकने हेतु प्रभावी कदम।
2. तालाबों के फैलाव क्षेत्रों में भू–उपयोग प्रबंधन से तालाबों का प्रदूषण रोकना।
3. जल फैलाव क्षेत्रों में "स्टाप डेम" द्वारा भूमि क्षरण को रोकना एवं इस क्षेत्र में कृषि हेतु उर्वरक का उपयोग निषेध।
4. नदी, नालों, तालाबों के सीमावर्ती क्षेत्रों में नियंत्रण मापदण्डों का प्रभावीकरण।
5. निस्तारी एवं जल गुणवत्ता का स्वतंत्र पर्यवेक्षण।
6. सभी जल स्त्रोतों के जल फैलाव क्षेत्रों में प्रदूषण एवं अन्य पर्यावरणीय गिरावट के नियंत्रण हेतु संस्थागत समन्वय व्यवस्था।

7.4 नगरीय अधोसंरचना एवं सेवा योजना

नगरीय अधोसंरचना एवं सेवा योजना का प्रमुख स्वरूप निम्न नीतिगत उद्देश्यों की पूर्ति हेतु होगा–

1. संस्था का गठन
2. विस्तृत योजना प्रस्ताव तथा भूमि क्षमता के अनुरूप भूमि उपयोग तथा अधोसंरचना विकास हेतु नियमन
3. भौतिक एवं वित्तीय आवश्यकताओं के परिपेक्ष्य में निजी एवं राज्य योजनाओं के स्थल तथा रूपांकन में अधिकतम सक्षम भूमि उपयोग।
4. नगर के रहवासियों एवं क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था के परिपेक्ष्य में भौतिक, आर्थिक एवं सामाजिक अधोसंरचना तथा सेवाओं का युक्तियुक्त प्रावधान।

नगर अधोसंरचना और सेवा कार्यक्रम के प्रमुख तत्वः–

1. नियंत्रित विकास
2. अधोसंरचना भूमि बैंक का गठन
3. एकीकृत नगर विकास कार्यक्रम तैयार करना
4. विकास नियमन हेतु व्यापक दृष्टिकोण
5. समयबद्ध विकास अनुज्ञा हेतु तंत्र उपलब्ध कराना

1. नियंत्रित विकास

विकास कार्यक्रमों में भू–स्वामी/विकासकर्ता/सामुदायिक समूह की भागीदारी के माध्यम से नियंत्रित विकास तंत्र का प्रभावीकरण किया जाएगा। यहाँ समन्वय संस्था की

भूमिका प्रदायकर्ता की होगी। सार्वजनिक संस्थाएँ, प्रमुख सेवाएँ, तंत्र के एकीकृत नियोजन एवं रूपांकन हेतु उत्तरदायी होगी।

2. अधोसंरचना भूमि बैंक का गठन

एकीकृत नगर विकास कार्यक्रम में सहभाग करने वाली सार्वजनिक संस्थाओं तथा निजी संस्थाओं की विभिन्न परियोजनाओं में सम्मिलित भूमि में से अनुपातिक एवं साम्य के आधार पर भूमि अंशदान करने हेतु अधोसंरचना भूमि बैंक की स्थापना प्रस्तावित है। नगर के मुख्य मार्गों एवं सार्वजनिक खुले क्षेत्रों हेतु अधोसंरचना विकास बैंक में भूमि के अंशदान को प्रोत्साहन स्वरूप छूट या लाभ राज्य शासन के सहयोग से प्रदत्त किया जाना प्रस्तावित है।

3. एकीकृत नगर विकास कार्यक्रम तैयार करना

एकीकृत विकास कार्यक्रम को निम्नलिखित नीतिगत ढाँचे के अनुरूप क्रियान्वित एवं तैयार किया जा सकेगा।

वार्षिक योजना/वार्षिक विकास कार्यक्रम तैयार किया जाएगा, जिसमें पंचवर्षीय नगर विकास कार्यक्रम योजना के प्रमुख क्षेत्रों के विकास हेतु प्राथमिकता के आधार पर लिए जाने वाले क्षेत्रों के लिए होगा।

नगर विकास प्रक्रिया में सहभागिता के दृष्टिकोण से समन्वय प्राधिकारी द्वारा वार्षिक कार्यक्रम तैयार किया जाएगा। यह कार्यक्रम भूमि अधिग्रहण लक्ष्य, भूमि विकास प्रस्ताव, वृत्त खण्ड एवं उपवृत्त खण्ड स्तर की सुविधाओं का विकास तथा शासकीय/अर्द्धशासकीय संगठनों के कार्यक्रमों को प्रमुख रूप से दर्शाएगा। यह कार्यक्रम चालू वर्ष में पूर्ण किए जाने वाले नगर मार्ग तंत्र तथा मुख्य सेवा–सुविधाओं को विशेष रूप से प्रदर्शित करेगा। इस निवेश योजना का एकीकृत दृष्टिकोण आलोच्य क्षेत्रों में नगर अधोसंरचना के विकास के लिए समुचित धनराशि को समय पर उपलब्ध कराना होगा। योजना के क्रियान्वयन में सार्वजनिक संस्थाओं की भूमिका सुविधादायक के रूप में होगी।

इस हेतु समन्वित तंत्र तैयार करने की आवश्यकता है। नगर विकास में निवेश के अंतर्गत अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए एकीकृत नगर विकास कार्यक्रम तैयार कर इस कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न सार्वजनिक संस्थाओं के पास उस वर्ष विशेष के लिए उपलब्ध बजट एवं अन्य स्त्रोतों से एकत्रित कर निर्धारित एकीकृत नगर विकास परियोजनाओं में निवेश करने का प्रयास किया जायेगा। एकीकृत नगर विकास योजना कार्यक्रम का क्रियान्वयन निम्नलिखित ढाँचे के अन्तर्गत किया जाकर लक्ष्य पूर्ति किया जाना प्रस्तावित है:

1. एकीकृत नगरीय विकास योजना के तत्वों की पहचान।
2. कार्यक्रम के समन्वय प्राधिकारी एवं अन्य सहभागियों में से निवेश के लिए सर्वसम्मत विषय सूची की पहचान।
3. विकास योजना की प्राथमिकता का निर्धारण।
4. एकीकृत नगरीय विकास योजना तैयार करना।

5. निवेश के ऐसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान करना जो सहभागिता का उपयोग करते हुए विकास का दृष्टिकोण रखते हों।
6. समन्वय अधिकारियों और वृत्त खण्डीय/एजेंसियों की क्रियान्वयन भूमिका को परिभाषित करना।

7.5 विकास नियमन हेतु व्यापक दृष्टिकोण

नगरीय भूमि के अधिकतम सक्षम विकास के साथ–साथ आधुनिक भूमि उपयोग प्रबंधन नीतियों को अंगीकृत करने की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक है कि विकास नियमों को पुर्नभाषित किया जाए। भारतीय जीवन शैली के अनुरूप उपयुक्त निर्मित स्वरूप की प्राप्ति हेतु विकास को नियंत्रित एवं निर्देशित करने के उद्धेश्य से अध्याय–6 में विकास नियमन दिए गए हैं।

7.6 योजना एवं कार्यक्रम

1. आलोच्य क्षेत्रों के विकास हेतु इस योजना का क्रियान्वयन करने के लिए 2 चरणों में प्रावधान हैं। प्रथम चरण सन् 2025 तक की आवश्यकताओं हेतु तथा द्वितीय चरण 2026 से 2035 तक की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु रहेगा।
2. योजना प्रस्तावों के क्रियान्वयन हेतु भूमि स्वामियों, विकासकर्ताओं, सामुदायिक समूहों, निजी विकासकर्ताओं एवं सार्वजनिक संस्थाओं के माध्यम से समाधान गतिशीलता का सहभागिता के आधार पर प्रभावी कार्यक्रम बनाए जाने की आवश्यकता है।
3. योजना प्रस्तावों में निर्धारित समयावधि में क्रियान्वयन करने के लिए नीति को सुविधाजनक बनाने में राज्य शासन की सहयोगी संस्था की भूमिका होगी। उपरोक्त उद्देश्यों की पूर्ति हेतु राज्य शासन और वर्तमान में कार्यरत संस्थाओं के साथ नगर विकास प्राधिकारी द्वारा निम्नलिखित क्षेत्रों में नगर स्तरीय अधोसंरचना विकास किया जाएगा:
    1. भूमि प्रवाह सरलीकरण के लिए नीति तैयार करना।
    2. मार्ग विकास कार्यक्रम निर्धारण करना जो नगर की अन्य सभी गतिविधियों को भी रूप दे सके।
    3. भूमि स्वामियों, विकासकर्ताओं, सामुदायिक समूहों एवं निजी भवन निर्माणकर्ताओं की साझेदारी की दृष्टि से क्रियान्वयन संबंधी कार्यक्रम की नीति तैयार करना।
    4. योजना के दोनों चरणों के लिए आवश्यक जलापूर्ति हेतु वर्तमान क्षमता एवं नवीन स्त्रोतों का विकास।
    5. नगरीय विकास के प्रथम चरण कार्यक्रम की पूर्ति हेतु अधोसंरचना, पावर ग्रिड, जल निकास व्यवस्था का विकास।
    6. भूमि विकास कार्यक्रम नगरीय विकास परियोजनाएँ साथ ही लक्षित समूह आवासों के विकास क्रियान्वयन हेतु एक विशेष नियोजन एवं विकास अनुज्ञा प्रणाली तैयार करना चाहिए।

7. एक विशेष परिणाम मूलक भूमि निष्पादन नीति तैयार करने की आवश्यकता है। ताकि सभी सहभागियों के संसाधनों में गतिशीलता लाई जा सके।
8. मुख्य जल स्त्रोतों की वृद्धि एवं ऊर्जा वितरण केन्द्रों की स्थापना।

7.7 संस्थाओं के प्रयास संबंधी मुख्य तत्व

एकीकृत नगर विकास कार्यक्रम हेतु निर्देशित सिद्धान्त निम्नानुसार हैं–

1. यह सुनिश्चित करना कि संसाधन उपलब्धता तथा उपयुक्त अधोसंरचना में कमी के कारण विकास अवरुद्ध न हो।
2. उपलब्ध व्यपवर्तित नगरीय भूमि का पूरी तरह उपयोग करना।
3. बिखरे हुए नगरीय विकास के लिए पहुँच मार्ग उपलब्ध करना।
4. अर्द्धविकसित एवं अविकसित क्षेत्रों में नगर स्तरीय अधोसंरचना का उन्नयन।
5. भू–स्वामियों, सामाजिक समूहों एवं निजी विकासकर्ताओं के विकास कार्य में सहभागिता के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए भूमि विकास कार्यक्रम हाथ में लेना।

7.8 प्रथम चरण कार्यक्रम

प्रथम चरण के विकास संबंधी घटक

सारणी 7–सा–2

क्र.	विकास के घटक	क्षेत्रफल हे.	प्रस्तावित स्थल
1	2	3	4
1.	आवासीय	53.42	निवेश ईकाइ क्रमांक 3
2.	वाणिज्यिक	3.43	निवेश ईकाइ क्रमांक 4
3.	औद्योगिक	33.23	निवेश ईकाइ क्रमांक 4
3.	मिश्रित	71.21	निवेश ईकाइ क्रमांक 3
4.	सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक, सार्वजनिक उपयोगिताएँ एवं सुविधाएँ	30.61	निवेश ईकाइ क्रमांक 3 एवं 4
5.	आमोद–प्रमोद	158.70	निवेश ईकाइ क्रमांक 1, 2, 3 एवं 4
6.	यातायात	59.38	निवेश ईकाइ क्रमांक 2 एवं 3

प्रथम चरण कार्यक्रम में सामाजिक संस्थाओं के प्रयासों को शामिल करते हुए आलोच्य क्षेत्र के उपयोगों को सारणी 7–सा–2 में वर्णित अनुसार चिन्हित किया गया है।

प्रथम चरण के अन्तर्गत सम्मिलित किए गए कार्यक्रम उनकी लागत प्राप्त होने के आधार पर रखे गए हैं। तथापि नगर की त्वरित आवश्यकताओं को भी प्रथम चरण विकास में लिया गया है। नगर में कार्यरत विभिन्न शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्थाओं को विकास

योजना के कार्यों में जोड़ना आवश्यक है तथा इससे इन विभागों के वार्षिक बजट तथा अन्य संशाधनों को भी उपयोग में लाया जा सकेगा।

विकास योजना के क्रियान्वयन में आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक, सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक गतिविधियों का विकास मुख्यतः निजी संस्थओं के द्वारा किया जाता है। इस हेतु भू–अर्जन की आवश्यकता नहीं होगी।

विकास योजना के प्रथम चरण में चयनित घटकों के क्रियान्वयन द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों के अन्तर्गत 756.87 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित कर विकसित किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित क्रियान्वयन प्रक्रिया के अन्तर्गत भूमि अधिग्रहण की लागत सहित क्षेत्र की वर्तमान विकास दर के अनुसार प्रथम चरण क्रियान्वयन की अनुमानित लागत लगभग 85738.59 लाख होगी। विकास योजना प्रथम चरण क्रियान्वयन की अनुमानित लागत का विस्तृत विवरण सारणी 7–सा–3 में दिया गया है।

प्रथम चरण क्रियान्वयन की लागत

सारणी 7–सा–3

क्र.	भूमि उपयोग विवरण	भू–अर्जन का भौतिक लक्ष्य (हेक्टेयर में)	भू–अर्जन की लागत (रू. 50.0 लाख प्रति हे0) (रू. लाख में)	विकसित की जाने वाली भूमि का विकास व्यय			कुल लागत (रू. लाख में) (4+7)
				भौतिक लक्ष्य (हेक्टेयर में)	विकास दर प्रति हे. (रू. लाख में)	लागत (रू. लाख में)	
1.	2	3	4	5	6	7	8
1.	आवासीय	53.42	2670.83	400.62	90	36056.23	38727.06
2.	वाणिज्यिक	3.43	171.46	34.29	120	4115.03	4286.49
3.	औद्योगिक	33.23	1661.53	28.48	120	3418.01	5079.54
4.	मिश्रित	71.21	3560.36	85.45	90	7690.38	11250.75
5.	सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक, सार्वजनिक उपयोगिताएँ एवं सुविधाएँ	30.61	1530.28	24.48	90	2203.60	3733.88
6.	आमोद प्रमोद	158.70	7934.91	136.03	55	7481.48	15416.39
7.	यातायात एवं परिवहन	59.38	2969.05	47.50	90	4275.43	7244.48
कुल विकसित क्षेत्र		**409.97**	**20498.42**	**756.87**	**655.00**	**65240.17**	**85738.59**

7.9 संसाधन गतिशीलता

नगर नियोजन वास्तव में संसाधन के उत्सर्जन, संसाधन विकास एवं प्रबंधन का अभ्यास है। पूर्व में नगर विकास एवं निवेश हेतु अलग–अलग प्रयास नहीं किए गए, जिसके परिणामस्वरूप संसाधनों का अपव्यय हुआ। नियोजन में निवेश के एकीकृत दृष्टिकोण के माध्यम से गतिशील व्यवस्था की जा सकती है। नगरीय भूमि स्वयं में एक महत्वपूर्ण संसाधन है। स्थानीय राजस्व को सृजित करने के लिए एक निश्चित तंत्र की आवश्यकता है।

वार्षिक आधार पर भूमि विकास क्षेत्रों हेतु चिहिन्त किये गये विकास में सभी सहभागियों के निवेश की गतिशीलता हेतु एक कार्यक्रम का निर्धारण किया जाना चाहिए। यह प्रक्रिया भौतिक अधोसंरचना के तत्वों को अत्यंत तीव्रता से उत्पन्न कर संसाधन संकलित करने में सहयोग प्रदान करेगी।

7.10 योजना पर्यवेक्षण तंत्र


योजना पर्यवेक्षण तंत्र को निम्न सीमा में तैयार करना प्रस्तावित है:

1. पंचवर्षीय आधार पर एकीकृत नगरीय विकास कार्यक्रम के निरंतर तंत्र की स्थापना।
2. आलोच्य क्षेत्रों में वार्षिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक कार्य योजना का निर्धारण।
3. प्रथम चरण क्रियान्वयन योजना के अन्तर्गत नगर विकास हेतु चिन्हित कार्यक्रमों में संलग्न विभिन्न सार्वजनिक संस्थाओं के उपलब्ध निवेश एवं बजट का पर्यवेक्षण करना।
4. वार्षिक भौतिक लक्ष्य एवं अधोसंरचना विकास में निवेश निर्धारण।
5. आलोच्य क्षेत्रों की सार्वजनिक संस्थाओं एवं अन्य सहभागियों की विकास में भूमिका निर्धारण।
6. समन्वित संस्थागत तंत्र की स्थापना।
7. वार्षिक आधार पर एकीकृत नगरीय विकास कार्यक्रम का निर्धारण।
8. सार्वजनिक एवं अन्य संस्थाओं की भूमिका को परिभाषित करते हुये एकीकृत नगर विकास कार्यक्रम परियोजनाओं तथा उप परियोजनाओं के संदर्भ में परिवर्तित करना।
9. योजना पर्यवेक्षण लक्ष्य की पूर्ति निम्न स्तरों के माध्यम से प्राप्त किया जाना प्रस्तावित है।
    1. स्थानीय स्तर पर नियोजन पर्यवेक्षण समिति।
    2. सतना विकास प्राधिकरण द्वारा वार्षिक विकास प्रतिवेदन तैयार करना।
    3. नियोजन पर्यवेक्षण समिति द्वारा विकास प्रतिवेदन का मूल्यांकन।
    4. समिति को प्रतिवेदन प्रस्तुत करना।
    5. वार्षिक विकास प्रतिवेदन पर शासन द्वारा जारी निर्देशों का क्रियान्वयन करना।

विकास योजना की सफलता विकास योजना प्रस्तावों का निर्धारण, समयावधि में क्रियान्वयन, तथा प्रथम चरण कार्यक्रमों के अनुरूप संसाधनों की उपलब्धता तथा संस्थानों की गतिशीलता पर निर्भर करता है। इस योजना के क्रियान्वयन के साथ–साथ विकास योजना के अंगीकृत होने के उपरान्त तद्नुसार कार्यवाही हेतु परिभाषित पर्यवेक्षण तंत्र की स्थापना की आवश्यकता प्रदर्शित है।

- **पर्यवेक्षण समिति का गठन**

विकास योजना प्रस्तावों के क्रियान्वयन का मूलतः दायित्व नगर पालिक निगम सतना का होगा। अपितु इनके क्रियान्वयन में अन्य संस्थाएँ एवं विभाग भी सहभागी होंगी। अतः क्रियान्वयन संस्थाओं से समन्वय एवं पर्यवेक्षण के लिये राज्य शासन के आवास एवं


SATNA
7.1 FIRST PHASE IMPLEMENTATION
Legend
RESIDENTIAL
GENERAL RESIDENTIAL
MIXED LANDUSE
COMMERCIAL
GENERAL
RECREATIONAL
STADIUM
PUBLIC & SEMIPUBLIC
TRANSPORTATION
ROADS
TRANSPORT NAGAR
To Prayagraj
To Shahdol
To Chitrakoot
To Karwi
To Panna
To Rewa
To Maihar
To Satna
To Rewa
To Rewa
To Rewa
To Maihar
BAGAHA
BELAVRIT
GURDARD
SHUKLA
BADKHAR
KHAIRA
AMLOHA KHURD
AMLOHA KALAM
UMRI
BAIRHA-KOLARHA
KRIPALPUR
JOHUTHI
SONOURA CHEK (TAR)
BARHRA
SATNA
MAYDEVA
ITORA
SONOURA
KATTIA
BAGHEDI
DHAWARI
SEL HATA
DILOURA
SONVARSHA
BELHATA
Satna River
Scale
0 0.5 1 1.5 2 2.5 3 3.5 4 Km
District - Satna
Planning Area
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal
Source: Department of Town & Country Planning

पर्यावरण विभाग के आदेश कमांक एफ–3/130/32/97 दिनांक 20.01.1998 एवं संशोधित आदेश कमांक एफ–3/55/32/9 दिनांक 12.08.1998 द्वारा जिलाध्यक्ष सतना की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है, जो संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश मध्यप्रदेश के आदेश क्रमांक 2876 दिनांक 15.05.1998 में उल्लेखित कार्य पद्धति को अपनाते हुये नियोजन एवं पर्यवेक्षण करेगी।

- **वार्षिक विकास प्रतिवेदन का प्रस्तुतीकरण**

नगर पालिक निगम द्वारा नियोजन पर्यवेक्षण समिति के समक्ष वार्षिक विकास प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जायेगा, जिससे नियोजन क्रियान्वयन के सभी पहलू सम्मिलित होने के साथ ही सुधार हेतु अनुशंसित बिन्दु भी सम्मिलित होंगे। समिति अपनी अनुशंसा के साथ संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल के विचारार्थ वार्षिक विकास प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी, जिसे संचालक द्वारा अनुशंसित कर राज्य शासन को प्रस्तुत किया जावेगा।

7.11 योजना की व्याख्या

सतना विकास योजना मूलतः नीतिगत योजना है। विकास योजना में निहित प्रस्ताव विस्तृत तथा सांकेतिक स्वरूप के हैं। अतः विकास प्रस्तावों की व्याख्या करने हेतु निम्नलिखित मापदण्ड निर्धारित किये गये हैं:

1. विकास योजना प्रस्तावों की व्याख्या करते समय तथा विकास अनुज्ञा देने के पूर्व विकास योजना रिपोर्ट में उल्लेखित विषयवस्तु के साथ–साथ संदर्भित नियमों का अनुसरण आवश्यक है।
2. परिक्षेत्र में स्वीकृत एवं स्वीकार्य उपयोग सारणी 6–सा–10 विकास नियमन में वर्णित अनुसार होगी। नेबरहुड के वर्तमान स्थल एवं व्यापक क्षेत्रफल उपखण्ड स्तर तथा खण्ड स्तर की गतिविधियों का क्षेत्र विकास प्रस्तावों में समाहित हैं। अतः उनका रेखांकन नहीं किया गया है।
3. ऐसे भूमि उपयोग/गतिविधियाँ जो प्रमुख भू–उपयोग वर्ग (Major Land Use Zone) में परिभाषित नहीं हैं, भूमि उपयोग परिवर्तन की श्रेणी में मानी जावेगी, किन्तु जो स्वीकृत/ स्वीकार्य भू–उपयोग सारणी में शामिल हैं, वे भूमि उपयोग परिवर्तन की श्रेणी में नहीं आयेंगे।
4. विकास योजना प्रस्ताव क्रियान्वयन के समय प्रमुख मार्ग संरचना में आंशिक परिवर्तन अपरिहार्य होता है। स्थल की स्थिति तथा अभियांत्रिकीय आवश्यकता के आधार पर मार्ग संरचना का निर्धारण आवश्यक होगा। इस संदर्भ में राज्य शासन द्वारा जारी किया गया निर्णय स्वीकृत विकास योजना का अंश माना जायेगा।
5. विभिन्न उपयोग परिक्षेत्रों में प्रस्ताव सांकेतिक स्वरूप के है। इस सम्बन्ध में सक्षम अधिकारी द्वारा की गई व्याख्या अन्तिम मानी जायेगी।
6. विभिन्न उपयोग परिक्षेत्र में भूमि की आवश्यकता से संबंधित व्याख्या निकाय योजना/परिक्षेत्रिक योजना बनाते समय स्थिति अनुसार वास्तविक आवश्यकता के अनुसार पुनः समायोजित की जा सकती है।

अनुसूची

परिभाषायें

001 आवासीय भू–खण्ड भू–खण्डीय आवास

एक या अधिक आवासीय इकाईयों का ऐसा परिसर जिसमें मुख्य भवन खण्ड तथा एक गैरेज/गैरेजेस, सेवक आवास हेतु एक अतिरिक्त खण्ड सम्मिलित हो।

002 आवासीय भू–खण्ड समूह आवास

न्यूनतम 5000 वर्गमीटर का परिसर, जिसमें मूलभूत सेवा सुविधायें जैसे वाहन विराम स्थल, उद्यान, सुविधाजनक दुकानें, सार्वजनिक सुविधायें आदि के साथ आवासीय प्रकोष्ठ स्थित हों

003 आवासीय फ्लेट

एक परिवार के लिए आवासीय इकाई जो कि समूह आवास का भाग या स्वतंत्र हो।

004 आवासीय–सह–कार्य भू–खण्ड

एक परिवार में एक परिवार के लिए उपलब्ध आवासीय जगह हो तथा जिसका कार्य स्थल भूतल तक सीमित हो, ऐसे परिसर केवल सार्वजनिक आवासीय परियोजनाओं में मान्य होंगे।

005 आवासीय परिसर – विशेष क्षेत्र

विशेष क्षेत्र नियमन में दिये अनुसार मिश्रित उपयोग रहित या सहित विशेष क्षेत्र में आवासीय स्थान।

006 छात्रावास (होस्टल)

दीर्घावधि हेतु आवंटित संस्थानों से जुड़े कमरों का परिसर।

007 अतिथिगृह बोर्डिंग एवं लॉजिंग गृह

अतिथिगृह से तात्पर्य अल्पावधि हेतु शासकीय, अर्द्धशासकीय, सार्वजनिक उपक्रम एवं निजी मर्यादित संस्थाओं हेतु आवासीय परिसर। बोर्डिंग हाउस वह परिसर जिसमें कमरों की छात्रावासों की अपेक्षा दीर्घावधि के लिए किराये पर दिये हों ।

008 धर्मशाला एवं इसके समकक्ष

वह परिसर जिसमें बिना किसी लाभ के अल्पावधि के लिए अस्थाई रहवासी जगह उपलब्ध हो।

009 बारात घर

सार्वजनिक संस्था द्वारा संचालित विवाह एवं अन्य सामाजिक कार्यों के उपयोग हेतु स्थान।

010 रैन–बसेरा (नाइट शेल्टर)

ऐसा परिसर जिसमें व्यक्तियों को रात्रि में स्थान बिना किसी शुल्क या सांकेतिक शुल्क के साथ उपलब्ध कराया जाता हो, जो कि स्थानीय संस्था या स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा संचालित हों।

011 फुटकर दुकानें

आवश्यक भण्डारण के साथ उपभोक्ताओं हेतु सीधे आवश्यक वस्तुओं का विक्रय परिसर।

012 मरम्मत दुकान

गृहसामग्री, इलेक्ट्रानिक सामान, आटोमोबाईल, सायकल आदि की मरम्मत हेतु फुटकर दुकानों के समकक्ष परिसर।

013 व्यक्तिगत सेवा दुकान

फुटकर दुकान के समकक्ष ऐसा परिसर जिसमें दर्जी, नाई आदि की सेवायें उपलब्ध हों।

014 बेडिंग बूथ

यांत्रिकी या अन्य व्यवस्था के माध्यम से दैनिक उपयोग की वस्तुओं का विक्रय परिसर जो कि एक बूथ के स्वरूप में हो।

015 सुविधाजनक दुकान केन्द्र

लगभग 5000 जनसंख्या हेतु आवासीय क्षेत्र में अधिकतम 50 दुकानों का समूह।

016 स्थानीय दुकान केन्द्र

लगभग 15 हजार जनसंख्या हेतु आवासीय क्षेत्र में 75 दुकानों का समूह।

017 साप्ताहिक बाजार/अनौपचारिक समूह इकाई

बाजार में सप्ताह में एक बार उपयोगिता अनौपचारिक दुकानों का समूह क्षेत्र। यह बाजार सप्ताह में विभिन्न दिवसों में एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में स्थानांतरित हो।

018 थोक व्यापार

ऐसा परिसर जहां से वस्तुयें एवं सामग्री फुटकर व्यवसायियों को विक्रय हेतु पहुंचाई जाती हों।

019 स्टोरेज गोदाम एवं भण्डारण

ऐसा परिसर जहां केवल विशेष रूप से संबंधित वस्तुओं की आवश्यकता के अनुरूप सामग्री एवं वस्तुओं के भण्डारण का उपयोग किया जाता हो।

020 कोल्ड स्टोरेज (शीतगृह)

आवश्यक तापमान बनाये रखने हेतु यांत्रिकी एवं विद्युत उपकरणों के उपयोग के साथ ऐसी जगह जहां शीघ्र नष्ट होने वाली वस्तुओं का भण्डारण किया जाता हो।

021 गैस गोदाम

ऐसा परिसर जहां खाना पकाने की गैस के सिलेण्डर या अन्य गैस सिलेण्डरों का भंडारण किया जाता हो।

022 तेल डिपो

संबंधित सुविधाओं के साथ पेट्रोलियम उत्पाद भण्डारण का परिसर।

023 कबाड़खाना

अतिशेष वस्तुयें एवं सामग्री के क्रय–विक्रय के साथ बंद, अर्द्धबंद एवं खुला भण्डारण परिसर।

024 वाणिज्यिक कार्यालय

लाभ अर्जित करने वाली संस्थाओं के कार्यालयीन उपयोग का परिसर।

025 बैंक

ऐसा परिसर जहां बैंकिंग कार्य एवं गतिविधियों के कार्यालय स्थित हों।

026 मोटर गैरेज एवं कार्यशाला

वाहनों के मरम्मत एवं सर्विसिंग परिसर।

027 छविगृह

दर्शकों की बैठक व्यवस्था के साथ बंद जगह जहां चलचित्र दिखाये जाने की व्यवस्था हो, ऐसा परिसर।

028 पेट्रोल पंप

ऐसा परिसर जहां उपभोक्ताओं को पेट्रोलियम उत्पाद विक्रय हो, साथ ही वाहन सर्विसिंग व्यवस्था हो।

029 रेस्टॉरेंट/उपहार गृह

ऐसा परिसर जिसका उपयोग व्यवसायिक आधार पर खाने के व्यंजनों को उपलब्ध कराने के लिए किया जाता हो (व्यंजन पकाने की व्यवस्था के साथ) जिसमें खुले, या बंद दोनों प्रकार की बैठक व्यवस्था हो।

030 होटल

ऐसा परिसर, जहां भोजन अथवा बिना भोजन व्यवस्था के 15 व्यक्तियों की सशुल्क रहवास की व्यवस्था हो।

031 मोटल

ऐसा परिसर, जो कि मुख्य राजमार्ग के समीप एवं नगरीय सीमा के बाहर हो तथा जिसका उपयोग सड़क से यात्रा करने वाले व्यक्तियों के सुलभ भोजन व्यवस्था हेतु किया जाता हो।

032 फ्लेटेड समूह उद्योग

ऐसा समूह जिसमें अहानिकारक लघु उद्योग इकाईयों का समूह स्थित हो, यह इकाईयां बहुमंजिला भवन में हो सकती हैं।

033 सेवा केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें विशिष्ट रूप से वाहन मरम्मत, विद्युतीय उपकरण मरम्मत, भवन सामग्री आदि की दुकानें स्थित हों, ताकि पड़ोसी आवासीय क्षेत्रों को आवश्यक सेवा प्रदाय हो सकें।

034 औद्योगिक भूखण्ड – हल्के उद्योग

अहानिकारक 50 कर्मचारियों वाली उद्योग इकाईयों का परिसर।

035 औद्योगिक भूखण्ड विशिष्ट उद्योग ऐसी औद्योगिक इकाईयों का परिसर जिसमें इलेक्ट्रानिक सामग्री आदि जैसी विशिष्ट उत्पादन इकाईयों का समूह सम्मिलित हो।

सतना विकास योजना 2035

036 उद्यान (पार्क)

आमोद–प्रमोद गतिविधियों के उपयोग का परिसर जिसमें भू–दृश्यीकरण, वाहन विराम, सार्वजनिक शौचालय, फैंसिंग आदि संबंधित सुविधायें हों, इसमें लॉन, खुले, हरित क्षेत्र आदि सम्मिलित होंगे।

037 क्रीड़ांगन

बाह्य खेलों के उपयोग में आने वाला परिसर,इसमें भूदृश्यीकरण ,वाहन विराम सुविधा, सार्वजनिक शौचालय सम्मिलित हों।

038 बाह्य खेल स्टेडियम

बाह्य खेलों के लिए ऐसा स्टेडियम जिसमें पवेलियन के साथ दर्शकदीर्घा एवं खिलाड़ियों के लिए संबंधित सुविधायें उपलब्ध हों।

039 आंतरिक खेल स्टेडियम

अहानिकारक खेलों के लिए ऐसा परिसर जिसमें खेल क्षेत्र, दर्शक दीर्घा तथा खिलाड़ियों के लिए संबंधित सुविधायें उपलब्ध हों।

040 आंतरिक खेल हाल

ऐसा परिसर जिसमें आंतरिक खेलों तथा खिलाड़ियों से संबंधित सुविधाओं हेतु आवश्यक क्षेत्र संलग्न हों।

041 शूटिंग रेंज

ऐसा परिसर जिसमें निशानेबाजी के अभ्यास एवं खेल की सुविधायें उपलब्ध हों।

042 तरण पुष्कर

ऐसा परिसर जिसमें तैराकी की सुविधा एवं आकार, मानक एवं उद्देश्य के अनुपात में दर्शकों के बैठने की व्यवस्था हो।

043 आमोद–प्रमोद क्लब

संबंधित सुविधाओं के साथ ऐसा परिसर जहां सामाजिक एवं मनोरंजन के उद्देश्य से व्यक्तियों के समूह का एकत्रीकरण होता हो।

044 ऐतिहासिक स्मारक

ऐसा परिसर जिसमें प्राचीन समय के खण्डहर एवं ढांचे स्थित हों।

045 प्राणी उद्यान एवं मत्स्यालय

संबंधित समस्त सुविधाओं के साथ ऐसा परिसर जिसमें उद्यान, पार्क या मत्स्यालय के रूप में पशु और पक्षियों की प्रजातियां प्रदर्शनी एवं अध्ययन हेतु उपलब्ध हों।

046 पक्षी अभ्यारण्य

पक्षियों के संरक्षण एवं प्रजनन हेतु वन या विस्तृत उद्यान के रूप में संबंधित सर्वसुविधायुक्त परिसर।

047 वनस्पति उद्यान

अनुसंधान एवं प्रदर्शन के लिए उद्यान के स्वरूप में वृक्षारोपण वाला परिसर।

048 पिकनिक हट/केम्पिंग साइट

ऐसा परिसर जहां पर्यटन एवं आमोद-प्रमोद के उद्देश्य से अल्पावधि के लिए परिवार सहित ठहरने की सुविधा उपलब्ध हो।

049 फ्लाईंग क्लब

ऐसा परिसर जहां ग्लाईडिंग एवं छोटे विमानों को उड़ाने का प्रशिक्षण दिये जाने की व्यवस्था हो, साथ ही इसमें मनोरंजन एवं आंतरिक खेल गतिविधियां शामिल हों।

050 माल एवं टिकट घर

ऐसा परिसर जिसका उपयोग एक एयरलाईन द्वारा टिकिट घर एवं माल के भण्डारण केलिए किया जाता हो।

051 रेल माल गोदाम

ऐसा परिसर जिसका उपयोग रेल्वे द्वारा ढोये गये माल के भंडारण हेतु किया जाता हो।

052 रेल टिकट घर

ऐसा परिसर जिसका उपयेाग यात्रियों के प्रवास हेतु रेलवे टिकिट घर के रूप में किया जाता हो।

053 सड़क परिवहन टिकट घर

ऐसा परिसर जिसका उपयोग यात्रियों के प्रवास हेतु सड़क परिवहन द्वारा टिकट घर के रूप में किया जाता हो जिसमें गोदाम भी सम्मिलित हो या सम्मिलित नहीं हो।

054 वाहन विराम

सार्वजनिक वाहन विराम हेतु उपयोग में लाया जाने वाला परिसर जो कि व्यवसायिक या गैर व्यवसायिक आधार पर संचालित किया जाता हो।

055 टेक्सी एवं तिपहिया वाहन स्थानक

ऐसा परिसर जिसका उपयेाग अंतवर्ती सार्वजनिक यातायात वाहनों, जो कि व्यवसायिक आधार पर चलती हों, द्वारा विराम हेतु किया जाता है। वाहन विराम स्थल व्यवसायिक अथवा गैर व्यवसायिक हो।

056 बस अवसान केन्द्र

ऐसा परिसर जिसका उपयोग जनता के उपयोग में आने वाली सार्वजनिक यातायात संस्था की बस द्वारा कम समय के विराम हेतु किया जाता हो। इसमें यात्रियों के लिए आवश्यक सुविधायें शामिल हो सकती हैं।

057 बस स्थानक

ऐसा परिसर जिसका उपयोग सार्वजनिक यातायात संस्था या अन्य किसी संस्था द्वारा बसों के रख--रखाव, मरम्मत एवं विराम हेतु किया जाता हो, इसमें कर्मशाला भी शामिल की जा सकती है अथवा नहीं भी।

058 सार्वजनिक उपयोगिता परिसर

1. पानी की टंकी -- ऐसा परिसंर जिसमें समीपस्थ क्षेत्रों में जल वितरण एवं संग्रहण हेतु पानी की टंकी स्थित हो, इसमें पंप हाऊस भी सम्मिलित किया जा सकता है।
2. भूमिगत टंकी – ऐसा परिसर जिसमें समीपस्थ क्षेत्रों में जल वितरण एवं संग्रहण हेतु पानी की भूमिगत टंकी स्थित हो, इसमें पंप हाऊस भी सम्मिलित किया जा सकता है।
3. आक्सीकरण पौंड – ऐसा परिसर जिसमें स्थित तालाब का उपयोग जल निकास एवं अन्य अवशिष्ट पदार्थों के आक्सीकरण हेतु किया जाता हो।
4. सेप्टिक टेंक – ऐसा परिसर जिसमें जल निकास संकलन एवं उसके निराकरण हेतु भूमिगत टैंक स्थित हो।
5. जल–मल पंपिग स्टेशन – ऐसा परिसर जिसका उपयोग जल–मल को ऊंचाई पर भेजने हेतु पंपिंग स्टेशन हेतु किया जाता हो।
6. सार्वजनिक शौचालय एवं मूत्रालय – ऐसा परिसर जिसमें सार्वजनिक शौचालय एवं मूत्रालय स्थित हो, इसमें पीने के पानी की सुविधा भी सम्मिलित की जा सकती है और नहीं भी।
7. विद्युत उपकेन्द्र – ऐसा परिसर जिसमें विद्युत वितरण हेतु ट्रांसफार्मर एवं संबंधित उपकरण स्थित हो।
8. घूरा एवं कचराघर – ऐसा परिसर जिसका उपयोग अवशिष्ट पदार्थों के एकत्रीकरण एवं आगे गड्ढों को भरने हेतु लदान किया जाता हो।
9. धोबीघाट -- ऐसा परिसर जिसका उपयोग कपड़े धोने, सुखाने इत्यादि के लिए किया जाता हो।

059 केन्द्र शासन के कार्यालय

ऐसा परिसर जिसका उपयोग केन्द्र शासन के कार्यालयों द्वारा किया जाता हो।

060 स्थानीय शासन के कार्यालय

ऐसा परिसर जिसका उपयोग स्थानीय शासन एवं स्थानीय संस्थाओं के कार्यालय हेतु किया जाता हो।

061 सार्वजनिक उपक्रम कार्यालय

ऐसा परिसर जिसका उपयोग सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो अधिनियम के अंतर्गत स्थापित कंपनियों के कार्यालयों द्वारा किया जाता हो।

062 न्यायालय

ऐसा परिसर जिसका उपयोग न्यायालयीन कार्यालयों द्वारा किया जाता हो।

063 शासकीय भूमि (अनिर्धारित उपयोग)

शासकीय भूमि का ऐसा परिसर जिसका उपयोग अनिर्धारित हो।

सतना विकास योजना 2035

064 चिकित्सालय

ऐसा परिसर जिसमें आंतरिक एवं बाह्य रोगियों की सामान्य एवं विशेषीकृत चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध हो।

065 स्वास्थ्य केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें बाह्य रोगियों एवं आंतरिक रोगियों (30 बिस्तर तक) की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो। स्वास्थ्य केन्द्र का प्रबंधन सार्वजनिक एवं धर्मार्थ संस्था द्वारा गैर–व्यवसायिक आधार पर किया जाता है। इसमें परिवार कल्याण केन्द्र भी सम्मिलित है।

066 उपचार केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें 30 बिस्तरों वाले आंतरिक बाह्य रोगियों की चिकित्सा सुविधा हो। जिसका संचालन चिकित्सक या चिकित्सक समूह द्वारा व्यवसायिक आधार पर किया जा सकता है।

067 औषधालय

ऐसा परिसर जिसमें सार्वजनिक अथवा धर्मार्थ संस्थाओं द्वारा चिकित्सकीय परामर्श एवं दवाईयों के प्रबंधन की व्यवस्था हो।

068 क्लीनिक/चिकित्सा केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें चिकित्सक द्वारा वाह्य रोगियों के उपचार की सुविधा हो। पाली क्लीनिक की दशा में चिकित्सकों के समूह द्वारा प्रबंधन किया जायेगा।

069 उपचार प्रयोगशाला

ऐसा परिसर जिसमें रोगों की पुष्टि करने हेतु विभिन्न प्रकार के परीक्षण की सुविधा हो।

070 स्वैच्छिक स्वास्थ्य सेवा

ऐसा परिसर जिसमें स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा रक्त बैंक एवं बाह्य रोगियों के चिकित्सा की सुविधा हो। यह सेवा धर्मार्थ उद्देश्य से अस्थाई कैम्प द्वारा भी उपलब्ध कराई जा सकती है।

071 झूलाघर एवं दिवस देख–रेख केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें दिन में छोटे बच्चों की देखरेख की सुविधा हो। यह केन्द्र व्यक्तिगत अथवा व्यवसायिक अथवा गैर व्यवसायिक संस्था द्वारा संचालित हो सकती है।

072 पूर्व माध्यमिक एवं किंडरगार्डन स्कूल

ऐसा परिसर जिसमें पाठशाला पूर्व बच्चों के खेलने एवं प्रशिक्षण की सेवायें उपलब्ध हों।

073 माध्यमिक शाला

ऐसा परिसर जिसमें कक्षा पाँचवीं तक के छात्रों की शिक्षा एवं खेलने की सुविधा हो।

074 प्राथमिक शाला

ऐसा परिसर जिसमें कक्षा छँटवीं से दसवीं तक के छात्रों के पढ़ने खेलने की सुविधा हो। इसमें वर्तमान में संचालित कक्षा आठवीं तक की माध्यमिक शालायें सम्मिलित हैं।

075 उच्चतर माध्यमिक शाला

ऐसा परिसर जिसमें कक्षा दसवीं से बारहवीं तक के छात्रों के खेलने एवं शिक्षण की व्यवस्था हो।

076 एकीकृत शाला

ऐसा परिसर जिसमें कक्षा बारहवीं तक के छात्रों के खेलने एवं शिक्षण की सुविधा हो।

077 एकीकृत आवासीय शाला

ऐसा परिसर जिसमें कक्षा बारहवीं तक के छात्रों के खेलने एवं शिक्षण की सुविधा हो तथा छात्रों के लिए बोर्डिंग सुविधा हो। इसमें अध्यापकों के आवास भी हो सकते हैं।

078 महाविद्यालय

ऐसा परिसर जिसमें विश्वविद्यालय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर तक के छात्रों के खेलने एवं शिक्षण की सुविधा हो। इसमें सभी व्यवसायिक शिक्षण शामिल हैं।

079 व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें कम अवधि के शिक्षण पाठ्यक्रम तथा कतिपय विशेष व्यवसाय व व्यापार से संबंधित रोजगार हेतु प्रशिक्षण सुविधा हो। ये सार्वजनिक अथवा धार्मिक संस्था द्वारा गैर व्यवसायिक आधार पर संचालित होना चाहिये। इसमें प्रशिक्षण–सह–कार्य केन्द्र शामिल हैं।

080 सामाजिक कल्याण केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें सामुदायिक विकास के उन्नयन एवं कल्याण की सुविधा हो। यह सार्वजनिक अथवा धार्मिक संस्थाओं द्वारा संचालित हो सकता है।

081 अनुसंधान एवं विकास केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें किसी विशेष विषय में अनुसंधान एवं विकास की सुविधा हो।

082 पुस्तकालय

ऐसा परिसर जिसमें एक विशेष वर्ग अथवा सामान्य जनता के पढ़ने एवं संदर्भ के लिए वृहद संख्या में पुस्तकों का संकलन हो।

083 तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें तकनीकी प्रकृति के विषय में प्रशिक्षण की सुविधा हो। इसमें तकनीकी शाला, औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र आदि शामिल है।

084 वाणिज्यिक एवं सचिवालयीन प्रशिक्षण

ऐसा परिसर जिसमें शीघ्रलेखन एवं टंकण, पत्राचार, रिकार्ड रखने आदि के प्रशिक्षण की सुविधा हो ।

085 संगीत, नृत्य एवं नाटक प्रशिक्षण केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें संगीत, नृत्य एवं नाटकों आदि के प्रशिक्षण प्रदान करने की सुविधा हो।

086 खेल प्रशिक्षण केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें तैराकी सहित विभिन्न आंतरिक एवं बाह्य खेलों के प्रशिक्षण की सुविधा हो। इसमें शारीरिक शिक्षा केन्द्र भी शामिल है।

087 वाहन चालन प्रशिक्षण केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें आटो/वाहनों के चालन के प्रशिक्षण की सुविधा हो।

088 बाल यातायात उद्यान

ऐसा परिसर जिसमें बालकों को यातायात एवं संकेतों की शिक्षा–सह–उद्यान की सुविधा हो

089 संग्रहालय

ऐसा परिसर जिसमें प्राचीन वस्तुओं, प्राकृतिक, ऐतिहासिक एवं काल संबंधी वस्तुओं के संकलन एवं प्रदर्शन की सुविधा हो।

090 कला दीर्घा एवं प्रदर्शनी स्थल

ऐसा परिसर जिसमें पेंटिंग, छाया चित्रों, मूर्तियों, भित्ती क्षेत्र, मिट्टी से बनी कलाकृतियों, हाथ करघा अथवा विशेष वर्ग के उत्पादन को प्रदर्शन करने की सुविधा हो।

091 सभागृह (ऑडीटोरियम)

ऐसा परिसर जिसमें संगीत विद्या गतिविधियों के विभिन्न आयोजन हेतु दर्शक दीर्घा सहित मंच हो।

092 खुला रंगमंच

ऐसा परिसर जिसमें आयोजनों के लिए दर्शक दीर्घा व मंच सहित खुला रंगमंच हो।

093 सामुदायिक भवन

ऐसा परिसर जिसमें 15000 की समीपस्थ जनसंख्या की विभिन्न सामाजिक– सांस्कृतिक गतिविधियों हेतु सुविधा हो।

094 मेला मैदान

ऐसा परिसर जिसमें सहभागी समूह के लिए प्रदर्शनी, प्रदर्शन एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों की सुविधायें हों।

095 सांस्कृतिक एवं सूचना केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें संस्था, राज्य तथा देश के लिए सांस्कृतिक व सूचना सेवा की सुविधायें हों।

096 सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था

ऐसा परिसर जिसमें गैर–वाणिज्यिक रूप से सार्वजनिक, स्वैच्छिक अथवा व्यक्तिगत सामाजिक सांस्कृतिक गतिविधियों हेतु सुविधायें हों।

097 सुधार गृह

ऐसा परिसर जिसमें अपराधियों के कारावास एवं सुधार की सुविधा उपलब्ध हो।

सतना विकास योजना 2035

098 अनाथालय

ऐसा परिसर जिसमें अनाथ बच्चों के रहने की सुविधा हो। यह शैक्षणिक सहित या रहित हो सकता है।

100 योग, ध्यान, आध्यात्मिक एवं धार्मिक प्रवचन केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें आत्म चिंतन, शरीर एवं मस्तिष्क की उच्च गुणवत्ता प्राप्ति करना, आध्यात्मिक एवं धार्मिक प्रवचन आदि की सुविधायें शामिल हों।

101 पुलिस चौकी

पुलिस स्टेशन की तुलना में लघु एवं अस्थाई स्थानीय पुलिस चौकी हेतु सुविधायुक्त परिसर।

102 पुलिस स्टेशन

ऐसा परिसर जिसमें स्थानीय पुलिस चौकी के कार्यालयों हेतु सुविधा हो।

103 जिला पुलिस कार्यालय

अर्द्ध सैनिक बलों के कार्यालय हेतु सुविधायुक्त परिसर।

104 नागरिक सुरक्षा एवं नगर सैनिक

आंतरिक सुरक्षा की नागरिक संस्थानों हेतु कार्यालय सुविधा एवं अन्य कार्यकलापों वाला परिसर।

105 न्यायिक विज्ञान प्रयोगशाला

ऐसा परिसर जहां न्यायिक प्रकरणों में चिकित्सा ज्ञान के प्रयोग की सुविधा हो।

106 जेल

ऐसा परिसर जहां कानून के अंतर्गत कारावास/बंदीगृह एवं अपराधियों के सुधार की व्यवस्था हो।

107 अग्निशमन पोस्ट

ऐसा परिसर जहां अल्प स्तर पर अग्निशमन व्यवस्था हो। अग्नि प्रवृत्त गतिविधियों वाले विशिष्ट परिसरों में यह व्यवस्था संलग्नित की जा सकती है।

108 अग्निशमन पोस्ट

एक निर्धारित क्षेत्र हेतु अग्निशमन सुविधा से युक्त परिसर।

109 डाकघर

सार्वजनिक उपयोग के लिए डाक सुविधायुक्त परिसर।

110 डाक एवं तार घर

सार्वजनिक उपयोग के लिए डाक एवं दूरसंचार सुविधायुक्त परिसर।

111 मुख्य डाकघर

सार्वजनिक उपयोग के लिए डाक एवं दूरसंचार सुविधायुक्त परिसर।

112 टेलीफोन एक्सचेंज

परिसर जहां सार्वजनिक टेलीफोन प्रणाली केन्द्र स्थापित हो।

113 रेडियो एवं दूरदर्शन स्टेशन

समाचार एवं अन्य कार्यक्रमों का संबंधित माध्यमों द्वारा प्रचार, प्रसार, रिकार्डिंग आदि सुविधायुक्त परिसर। जिसमें अतिथि कलाकारों के लिए होस्टल व्यवस्था तथा प्रचार (ट्रांसमिशन) के लिए टावर्स जैसे सुविधायें भी सम्मिलित हो सकती हैं।

114 ट्रांसमिशन टावर एवं वायरलेस स्टेशन

ऐसा परिसर जिसका उपयोग संचार के उद्देश्य के लिए टावर निर्माण हेतु किया जाता हो।

115 उपग्रह एवं दूरसंचार केन्द्र

ऐसा परिसर जहां उपग्रह एवं दूरसंचार तकनीकी के अनुसंधान तथा विकास के लिए सुविधा उपलब्ध हो।

116 वैधशाला एवं मौसम कार्यालय

ऐसा परिसर जहां मौसम के आंकड़ों के विश्लेषण एवं विकास तथा इस आधार पर मौसम की पूर्व सूचना किये जाने की सूविधा उपलब्ध हो।

117 बाग (ओरचर्ड)

सघन फल वृक्षों का परिसर, जिसमें फल वृक्षों के साथ उद्यान सम्मिलित हो सकता है।

118 डेरी फार्म

ऐसा परिसर जहां डेयरी उत्पादन के उपचार एवं उत्पादन की सुविधा उपलब्ध हो। जिसमें अस्थायी रूप से पशु एवं पक्षियों के शेड्स सम्मिलित हो सकते हैं।

119 कुक्कुट फार्म

कुक्कुट उत्पाद के प्रजनन एवं उपचार का सुविधायुक्त परिसर जिसमें अस्थायी रूप से पक्षियों के शेड्स सम्मिलित हो सकते हैं।

120 सुअर पालन

सुअर प्रजनन एवं उत्पाद उपचार का सुविधायुक्त परिसर जिसमें सुअरों के लिए अस्थायी स्वरूप के शेड्स सम्मिलित हो सकते हैं।

121 ग्रामीण केन्द्र

एक निश्चित संख्या के ग्रामों हेतु विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन का सुविधायुक्त परिसर।

122 मल्टीप्लेक्स

म.प्र. भूमि विकास नियम 2012 के नियम 95 के अनुसार दो या उससे अधिक सिनेमा के साथ दुकानों, आमोद–प्रमोद की गतिविधियों, कार्यालय, शोरूम, होटल, रेस्टोरेन्ट, शापिंग मॉल संबंधी परिसर।

सतना विकास योजना 2035

परिशिष्ट– 1

(नियम 16 देखिए)

नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 29(1) या 16 के अधीन विकास अनुज्ञा हेतु आवेदन प्ररूप

प्रति,

.....

.....

.....

महोदय,

मैं नगर ..... तहसील ..... जिला ..... के कॉलोनी या मोहल्ला या बाजार ..... ग्राम ..... में स्थित खसरा क्रमांक ..... भू–खण्ड क्रमांक ..... क्षेत्र .....हेक्टर/वर्ग मीटर..... (विकास के प्रयोजन का उल्लेख करें) में तथा मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 16 के अनुसार विकास करना चाहता हूँ और मैं इसके साथ मेरे तथा ..... वास्तुविद् या संरचना इंजीनियर या इंजीनियर नगर निवेशक (नाम स्पष्ट अक्षरों में) अनुज्ञप्ति क्रमांक ..... जो इसके विकास का पर्यवेक्षण करेगा द्वारा सम्यक् हस्ताक्षरित तथा प्राधिकृत निम्नलिखित रेखांक दस्तावेज तथा विशिष्ट विवरण चार प्रतियों में अग्रेषित करता हूँ –

1. मुख्य रेखांक (नियम 16(3) अनुसार) : .....
2. स्थल रेखांक (नियम 16(4) अनुसार) : .....
3. उपविभाग/अभिन्यास योजना (नियम 16(5) अनुसार) : ..... (सबडिवीजन/ले–आउट प्लान)
4. सेवा आयोजना रेखांक (नियम 16(7) अनुसार) : .....
5. प्रस्तावित विकास कार्य को दर्शाते हुए प्रोजेक्ट रिपोर्ट : .....
6. स्थल के संबंध में भूमि स्वामित्व अथवा कोई विधिक अधिकार के सबूत दर्शाने वाले दस्तावेज (नियम 16(11) अनुसार) : .....
7. नजूल अनापत्ति की कापी (नियम 16(11) अनुसार) : .....
8. आवेदन शुल्क की पावती की प्रति (नियम 21(2) (झ) अनुसार) : .....
9. इस आवेदन के साथ स्वामी द्वारा अधिकृत किये गये आवेदक के सबूत प्रस्तुत करें (जहां आवेदक स्वामी से भिन्न हो) : .....
10. पार्किंग संगणना के साथ पार्किंग प्लान : .....
11. ऊपर दिए गए अनुक्रमांक 1 से 10 की इलेक्ट्रॉनिक कापी : .....

मैं निवेदन करता हूँ कि प्रस्तावित विकास कार्यों को अनुमोदित किया जाए और मुझे/हमें कार्य निष्पादित करने की अनुज्ञा प्रदान की जाए।

आवेदक के हस्ताक्षर .....
आवेदक का नाम .....
आवेदक का पता .....
ई–मेल पता .....
दूरभाष/मोबाइल नम्बर .....
दिनांक .....

परिशिष्ट– 2

(नियम 49 टिप्पणी 4 देखिये)

विकास अथवा क्षेत्रिय आयोजना के प्रस्तावों को प्राप्त करने का प्ररूप

प्रति,

प्राधिकारी .....

.....

.....

मध्यप्रदेश

महोदय,

मैं एतद् द्वारा शहर/जिला ..... मौहल्ला/बाजार/तहसील ..... कालोनी/गली/ग्राम ..... में भूखण्ड क्रमांक ..... खसरा क्रमांक भूमि के विकास/पुनर्विकास करने का इच्छुक हूं। क्षेत्र से सबंधित विकास योजना/परिक्षेत्रिक योजना से संबंधित प्रस्ताव ऊपर निर्दिष्ट भूमि के लिये उपखण्ड योजनाएं तैयार करने के लिये उपलब्ध किये जा सकेंगे। विकास योजना/परिक्षेत्रिक योजना संबंधी प्रस्तावों को प्राप्त करने के लिये आवश्यक भुगतान किया जा चुका है और रसीद की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न है।

आवेदक अथवा स्वामी के हस्ताक्षर .....

आवेदक अथवा स्वामी का नाम .....

(स्पष्ट अक्षरों में)

आवेदक अथवा स्वामी का पता .....

दिनांक :– .....

परिशिष्ट– 3

मध्यप्रदेश शासन
आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय
आदेश

भोपाल, दिनांक 20 जनवरी, 1998

क्रमांक एफ–3/130/32/97 राज्य शासन एतद द्वारा मध्यप्रदेश के जिन विभिन्न नगरों की विकास योजनाऐं अनुमोदित है, कि विकास योजनाओं के कियान्वयन हेतु कियान्वित की जाने वाली संस्थाओं से समन्वय एवं पर्यवेक्षण के लिये निम्नानुसार "नियोजन एवं पर्यवेक्षण" समिति का गठन करता है–

1.	संभागीय मुख्यालय के नगरों हेतु संबंधित संभागायुक्त तथा जिला मुख्यालय एवं अन्य नगरों हेतु संबंधित कलेक्टर	अध्यक्ष
2.	नगर तथा ग्राम निवेश का संबंधित क्षेत्रीय/उपक्षेत्रीय अधिकारी	सदस्य
3.	म0प्र0 गृह निर्माण मण्डल का उपायुक्त/कार्यपालन यंत्री	सदस्य
4.	संबंधित आयुक्त, नगर पालिक निगम/मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगर पालिका	सदस्य
5.	लोक निर्माण विभाग का संबंधित अधीक्षण यंत्री/कार्यपालन यंत्री	सदस्य
6.	लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का संबंधित अधीक्षण यंत्री/कार्य पालन यंत्री	सदस्य
7.	म0प्र0 विद्युत मण्डल का संबंधित अधीक्षण यंत्री/ कार्यपालन यंत्री	सदस्य
8.	(अ) संबंधित प्राधिकरण अथवा विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण का मुख्य कार्यपालन अधिकारी (जिन नगरों में प्राधिकरण अथवा विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण स्थापित है।) (ब) संबंधित आयुक्त नगर निगम/मुख्य नगर पालिका अधिकारी (जिन नगरों में प्राधिकरण अथवा विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण गठित नहीं है)	सदस्य सचिव

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा
आदेशानुसार

हस्ताक्षर
(जी0 व्ही0 उपाध्याय)
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
आवास एवं पर्यावरण विभाग

परिशिष्ट– 4

मध्यप्रदेश शासन
आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय
आदेश
भोपाल,दिनांक 12 अगस्त, 1998

क्रमांक एफ–3/55/32/98 राज्य शासन एतद द्वारा नगरों की अनुमोदित विकास योजनाओं के क्रिया।न्वयन एवं क्रियान्वित की जाने वाली संस्थाओं के समन्वय एवं पर्यवेक्षण हेतु इस विभाग के आदेश क्रमांक एफ 3/130/32/97 दिनांक 20.1.98 द्वारा संभागायुक्त/कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित "नियोजन एवं पर्यवेक्षण समिति" में निम्नानुसार आंशिक संशोधन करता है:–

(1) समिति में निम्नलिखित भी सदस्य के रूप में शामिल किये जाते हैं–

1. संसद, संबंधित क्षेत्र
2. अध्यक्ष, सबंधित विकास प्राधिकरण
3. अध्यक्ष, संबंधित जिला पंचायत
4. महापौर, संबंधित नगर पालिक निगम
5. अध्यक्ष, संबंधित नगर पालिका
6. अध्यक्ष, संबंधित नगर पंचायत

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा
आदेशानुसार

हस्ताक्षर
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
आवास एवं पर्यावरण विभाग

परिशिष्ट– 5

आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल
भोपाल, दिनांक 16 अक्टूबर 1981

क्रमांक 6567–32–इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक 904/एफ–1–31–32–74, दिनांक 18.3.74 को निरस्त करते हुए राज्य शासन इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए म0प्र0 नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 13 की उपधारा (1) के अंतर्गत सतना निवेश क्षेत्र का गठन करती है, जिसकी सीमायें नीचे दी गई अनुसूची के अनुसार होंगी :–

अनुसूची

सतना निवेश क्षेत्र की संशोधित सीमाऐं

उत्तर	बगहा, हदबदपुर, कैमाकोठार, बठिया खुर्द तथा नैना ग्राम की उत्तरी सीमा तक।
पूर्व	नैना, बदखर, नीबीवृत्त, कृपालपुर, बैलावृत्त, कटिया, सेजहटा तथा बेलहटा ग्राम की पूवी सीमा तक।
दक्षिण	बेलहटा, सोनवर्षा, डिलौरा, धवारी तथा बघेड़ी ग्राम की दक्षिणी सीमा तक।
पश्चिम	बघेड़ी, महदेवा, अमोधा–खुर्द, चकबन्दी, गिदुरी, करहीहरमल्ला तथा बगहा ग्राम की पश्चिमी सीमा तक।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा अदेशानुसार
सही/–
(एस.यू.नाथ)
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन,
आवास एवं पर्यावरण विभाग

परिशिष्ट– 6

वर्तमान भूमि उपयोग मानचित्र एवं रजिस्टर के अंगीकृत किये जाने संबंधी सूचना (म.प्र. राजपत्र भाग 3(1) दिनांक 6.10.1978 में प्रकाशित)

कार्यालय संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र नियोजन, रीवा (म.प्र.)

सतना निवेश क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामों के वर्तमान भू–उपयोग मानचित्रों एवं रजिस्टरों का अंगीकरण :–

एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि सतना निवेश क्षेत्र के लिए भूमि के वर्तमान उपयोग संबंधी मानचित्र को मध्य प्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 15 की उपधारा (3) के अधीन अंगीकृत किया गया है और उनकी एक प्रति नगर पालिका परिषद्, सतना कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं।

मध्यप्रदेश शासन द्वारा उनके पत्र क्रमांक 905–एफ/1/31/तैंतीस–74 भोपाल, दिनांक 18 मार्च 1974 द्वारा सतना निवेश क्षेत्र की सीमाएं निम्नानुसार परिनिश्चित की गई हैं।

सतना निवेश क्षेत्र की सीमाएं

उत्तर	बगहा, हदबदपुर, कैमाकोठार, बठिया खुर्द तथा नैना ग्राम की उत्तरी सीमा तक।
पूर्व	नैना, बदखर, नीबीवृत्त, कृपालपुर, बैलावृत्त, कटिया, सेजहटा तथा बेलहआ ग्राम की पूवी सीमा तक।
दक्षिण	बेलहटा, सोनवर्षा, डिलौरा, धवारी तथा बघेड़ी ग्राम की दक्षिणी सीमा तक।
पश्चिम	बघेड़ी, महदेवा, अमोधा–खुर्द, चकबन्दी, गिदुरी, करहीहरमल्ला तथा बगहा ग्राम की पश्चिमी सीमा तक।

(आ.वी.लाल)
संयुक्त संचालक

सतना विकास योजना 2035

परिशिष्ट– 7

भाग–1 मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 16 अप्रैल, 2010 672

आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल
भोपाल, दिनांक 30 मार्च, 2010

सूचना

क्र. एफ. 3–32–2009–बत्तीस–मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23, सन् 1973) की धारा 19 की उपधारा (4) के अधीन एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि राज्य सरकार द्वारा सतना निवेश क्षेत्र के लिए विकास योजना मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 19 (1) में अनुमोदित की गई है तथा योजना की प्रति का निम्नलिखित कार्यालयों में कार्यालय समय के दौरान निरीक्षण किया जा सकेगा, अर्थात् –

1. कलेक्टर, जिला सतना (म.प्र.)
2. उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय, सतना,
3. आयुक्त, नगर निगम, सतना

2. यह विकास योजना मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973, की धारा 19 की उपधारा (5) के प्रावधान अनुसार राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवर्तित होगी।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(वर्षा नावलेकर),
उपसचिव

संचालनालय, नगर तथा ग्राम निवेश, मध्यप्रदेश, भोपाल

"कचनार", ई–5, पर्यावरण परिसर, अरेरा कालोनी, हबीबगंज पुलिस थाना के पास, भोपाल

क्रमांक–667–अमृत–वि.यो.–25–रतलाम–नग्रानि–2021.– भोपाल, दिनांक 1 फरवरी 2021

सूचना

एतद् द्वारा यह सूचना दी जाती है कि रतलाम निवेश क्षेत्र के लिए विकास योजना का प्रारूप म.प्र नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्र. 23 सन् 1973) की धारा 18 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार निम्नानुसार प्रकाशित किया गया है, इसकी एक प्रति संचालनालय की वेब साइट– http://mptownplan.gov.in/LU-panel/Ratlam/ratlam2035.pdf पर तथा कार्यालयीन समय में निम्नलिखित कार्यालयों में निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं –

1. आयुक्त, उज्जैन संभाग, उज्जैन
2. कलेक्टर, जिला रतलाम
3. आयुक्त, नगर पालिक निगम, रतलाम
4. उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय रतलाम, म.प्र.

यदि कोई आपत्ति या सुझाव प्रारूप रतलाम विकास योजना के संबंध में हों, उसे लिखित रूप में उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय, रतलाम या ई–मेल आईडी obj-sugg-rtlm@mp.gov.in में इस सूचना के म.प्र. राजपत्र में प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिन की अवधि का अवसान होने के पूर्व, सम्यक विचार हेतु प्रस्तुत किया जा सकता है।

अजीत कुमार, आयुक्त–सह–संचालक.

No-667-Amrut-D.P.-25-Ratlam-TCP-2021 Bhopal, the 1st February 2021


NOTICE

Notice is hereby given that the Draft Development Plan for Ratlam Planning area has been published as under in accordance with the provisions of sub-section [1] of Section 18 of the Madhya Pradesh Nagar Tatha Gram Nivesh Adhiniyam, 1973 (No.23 of 1973), a copy thereof is available for inspection on Directorate's website – http://mptownplan.gov.in/LU-panel/Ratlam/ratlam2035.pdf and at following offices during office hours namely -

1- Commissioner, Ujjain Division, Ujjain
2- Collector, District- Ratlam
3- Commissioner, Nagar Palik Nigam, Ratlam
4- Deputy Director, Town and Country Planning, District office, Ratlam

If there be any objection or suggestion with respect to the said Ratlam Draft Plan, the same may be submitted in writing to the Deputy Director, Town and Country Planning, Ratlam or mail on Email-id- obj-sugg-rtlm@mp.gov.in before the expiry of thirty days from the date of publication of this notice in the Madhya Pradesh Gazette for due consideration .

AJEET KUMAR, Commissioner-Cum-Director.


रतलाम
विकास योजना - 2035 (प्रारूप)
SEJAWATA
GHATLA
BANJLI
DHOSIGAON
BARBADH
BORYANA
BHATUNI
To Julwaniya
RAJGARH
BAJANKHEDA
BHATKHEDI
To Baljna
BIRIYAKHEDI
SURAKHEDI
HARIKHEDI
SAHAWADA
To Dhamnoda
KHETALPUR
SAGOD
To Indore
To Bombay
SALAKHEDI
KARMADI
संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश

प्रस्तावना

मध्यप्रदेश के पश्चिम में मालवा की भूमि पर रेलवे के बड़े जंक्शन के रूप में स्थित रतलाम शहर अपनी अनेक पुरानी अनूठी पहचान व प्रसिद्धि से विख्यात है। मालवा के पठार पर स्थित रतलाम जिला मुख्यालय होकर तीव्र गति से एक वाणिज्यिक एवं औद्योगिक नगर के रूप में उभर रहा है। पौराणिक प्रमाणों व कथाओं में इस शहर को रत्नपुरी 'कीमती रत्नों का शहर' व रत्नलालम नाम से जाना जाता रहा है। भौगोलिक दृष्टि से यह स्थल $23^0 19' 50''$ उत्तरी अक्षांश एवं $75^0 03' 13''$ पूर्वी देशान्तर रेखा पर समुद्र सतह से लगभग 480 मीटर ऊँचाई पर स्थित है।

रतलाम विकास योजना 2021 की अवधि वर्ष 2021 में पूर्ण हो रही है। नगर का बहुआयामी केन्द्र के रूप में विकास करने के उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए रतलाम विकास योजना 2035 में जनसंख्या 5.00 लाख हेतु आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक, सार्वजनिक एवं अर्धसार्वजनिक, आमोद–प्रमोद, परिवहन एवं नगरीय अधोसंरचना के उन्नयन के प्रस्ताव दिये गये हैं।

केन्द्र सरकार की अमृत योजना की उपयोजना के अंतर्गत रतलाम शहर की विकास योजना में सुदूर संवेदन तकनीक एवं भौगोलिक सूचना प्रणाली तथा अमृत मानकों का उपयोग किया गया है। इन प्रणालियों के माध्यम से प्राप्त डाटा विश्वसनीय होकर नियोजन के महत्वपूर्ण निर्णय लेने में भी सहायक होते हैं। अतः विकास योजना तैयार करने के इस कार्य में राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केन्द्र हैदराबाद तथा मध्यप्रदेश विकास एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के वैज्ञानिकों का भी सहयोग लिया गया है। इस कार्य में नगर पालिक निगम, लोक निर्माण विभाग, पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड एवं अन्य संबंधित विभागों, नगर के विषय विशेषज्ञों का भी सहयोग रहा है।

रतलाम विकास योजना 2035 (प्रारूप) का प्रकाशन म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 18 (1) के अंर्तगत, जनसामान्य एवं संस्थाओं से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित करने हेतु किया जा रहा है। मुझे आशा है कि विकास में संलग्न संस्थाएं एवं जनसामान्य अपने व्यावहारिक एवं सृजनशील सुझाव व्यक्त करेंगे जिसके आधार पर योजना प्रस्तावों को अंतिम रूप दिया जाकर क्रियान्वयन किया जावेगा।

(अजीत कुमार)
आयुक्त सह संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश
मध्यप्रदेश भोपाल

रतलाम विकास योजना 2035 : योजना दल

संयुक्त संचालक

राजेश नागल — सी.के. साधव — डॉ. अमित कुमार गजभिये

उप संचालक (प्रभारी)

गोरेलाल वर्मा

सहायक संचालक

अपूर्वा गंगराड़े — इंदु त्रिपाठी

कर्मचारीगण

ललिता कनाश
निहालू मुजाल्दे
अर्पित गुप्ता
सुषमा कनाड़े
मानसी गुज्जेवार

जयंत शील
सरिता ठाकुर
सर्वेश पिड़िहा
अरविन्द सक्सेना
अनिल सक्सेना

म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् (भूमि उपयोग एवं शहरी सर्वेक्षण प्रभाग) का दल

डॉ. विवेक कटारे
प्रमुख

डॉ. देवानु भटनागर
परियोजना समन्वयक

नितिश कुमार गुप्ता
रिसर्च एसोसिएट

शुभम शिवा
जूनियर रिसर्च फेलो

विषय सूची

प्रस्तावना i

रतलाम विकास योजना 2035 : योजना दल iii

विषय सूची v

सारणी सूची xi

अध्याय 1 नगर परिचय, नियोजन एवं विकास संदर्भ 1

1.1 नगर परिचय 1

1.1.1 ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि 1

1.1.2 क्षेत्रीय परिदृश्य 2

1.1.3 दर्शनीय स्थल 3

1.2 अध्ययन क्षेत्र एवं स्थिति 6

1.2.1 भौतिक स्वरूप 6

1.3 नियोजन हेतु प्रयास 7

1.4 निवेश क्षेत्र 9

1.4.1 नगर निगम क्षेत्र 11

अध्याय 2 विकास योजना पुनर्विलोकन कार्यप्रणाली एवं नियोजन दृष्टिकोण 13

2.1 विकास योजना पुनर्विलोकन हेतु सुदूर संवेदन एवं भौगोलिक सूचना प्रणाली का उपयोग 13

2.1.1 अमृत योजना 14

2.1.2 सुदूर संवेदन 14

2.1.3 भौगोलिक सूचना प्रणाली 16

2.2 विकास योजना पुनर्विलोकन कार्यप्रणाली 17

2.2.1 उद्देश्य 18

2.2.2 कार्यप्रणाली 19

2.3 अमृत मानकों की व्याख्या 21

2.3.1 थिमेटिक मानचित्रीकरण (Thematic Mapping) 21

2.4 नगरीय भूमि उपयोग उपयुक्तता 29

2.4.1 नगरीय भूमि उपयुक्तता विकल्प 31

2.5 भूमि उपयोग का आवंटन 36

अध्याय 3 विकास योजना पुनर्विलोकन हेतु अध्ययन एवं विश्लेषण 37

3.1 विकास योजना–2021 क्रियान्वयन परिदृश्य 37

3.2 विकास योजना 2021 क्रियान्वयन का मूल्यांकन 37
3.2.1 आवासीय 39
3.2.2 वाणिज्यिक 40
3.2.3 औद्योगिक 41
3.2.4 सार्वजनिक एवं अर्धसार्वजनिक तथा सार्वजनिक उपयोगिताएं 41
3.2.5 आमोद–प्रमोद 42
3.2.6 यातायात एवं परिवहन 42
3.3 विकास योजना 2021 में उपान्तरण 44
3.4 असंगत एवं अकार्यक्षम भूमि उपयोग 44
3.5 जन सांख्यिकी एवं सामाजिक आर्थिक विश्लेषण 46
3.5.1 जनसंख्या विश्लेषण 46
3.5.2 जनसंख्या लिंगानुपात 50
3.5.3 शिशु जनसंख्या 50
3.5.4 अनुसूचित जाति एवं जनजाति जनसंख्या 51
3.5.5 साक्षरता 52
3.5.6 कार्यशील जनसंख्या 52
3.5.7 जनसंख्या घनत्व 53
3.6 व्यावसायिक संरचना 56
3.7 जनसंख्या परिवर्तन 56
3.8 नगर के मुख्य कार्यकलाप 57
3.9 नगरीय विस्तार 57
3.10 गंदी बस्ती एवं झुग्गी–झोपड़ी क्षेत्र 58
3.11 अनुमानित जनसंख्या 59
3.12 आवास आवश्यकता 62
3.12.1 आवासों की कमी 62
3.12.2 अनुमानित आवास आवश्यकता 63
3.13 भौतिक अधोसंरचना 63
3.13.1 जल प्रदाय 63
3.13.2 जल–मल निकास एवं स्वच्छता 65
3.13.3 वर्षा जल निकासी 66
3.13.4 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन 66
3.13.5 विद्युत प्रदाय 67

3.14 सामाजिक अधोसंरचना 67
3.14.1 शासकीय कार्यालय 67
3.14.2 सामुदायिक सुविधाएं तथा अन्य उपखण्डीय आवश्यकताएं 67
3.14.3 शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य गतिविधियां 67
3.14.4 शमशान घाट एवं कब्रिस्तान 68
3.14.5 अग्निशमन सेवा केन्द्र 68
3.14.6 सी.एन.जी. गैस वितरण केन्द्र 68
अध्याय 4 विकास योजना प्रस्ताव–2035 69
4.1 विकास योजना–2021 का पुनर्विलोकन 69
4.2 नियोजन अवधारणा 69
4.3 विकास योजना में अतिरिक्त क्षेत्र की आवश्यकता 69
4.4 प्रस्तावित भूमि उपयोग 2035 70
4.4.1 आवासीय 71
4.4.2 वाणिज्यिक 71
4.4.3 मिश्रित 71
4.4.4 औद्योगिक 71
4.4.5 सार्वजनिक – अर्धसार्वजनिक एवं सार्वजनिक उपयोगिता 71
4.4.6 आमोद–प्रमोद 72
4.4.7 यातायात एवं परिवहन 72
4.5 निवेश इकाईयाँ 73
4.6 नियोजन एवं नगरीय रूपांकन हेतु नियंत्रित क्षेत्र 74
4.7 संवेदनशील क्षेत्र 75
4.8 असंगत भूमि उपयोग 75
4.9 मध्य क्षेत्र 77
4.10 ग्राम विकास 78
अध्याय 5 प्रस्तावित परिभ्रमण योजना अवधारणा 79
5.1 प्रस्तावित परिभ्रमण योजना अवधारणा 79
5.2 यातायात की वर्तमान स्थिति 80
5.2.1 यातायात अवसान केन्द्र (माल) 80
5.2.2 यात्री अवसान केन्द्र 81
5.2.3 वाहन विराम स्थल 82
5.3 प्रस्तावित यातायात प्रणाली 82

5.4 मार्गों की प्रस्तावित चौड़ाई 84

अध्याय 6 विकास नियमन 89

6.1 प्रवृत्तशीलता 89

6.2 क्षेत्राधिकार 89

6.3 परिभाषायें 92

6.4 भूमि उपयोग परिक्षेत्र 94

6.5 आवासीय 97

6.5.1 नवीन आवासीय क्षेत्र हेतु विकास नियमन 97

6.6 बहुविध बहुमंजिली इकाई निर्माण 99

6.7 फार्म हाउस एवं कृषि पर्यटन सुविधा 99

6.8 मिश्रित उपयोग 100

6.8.1 मिश्रित उपयोग नियमन 100

6.8.2 मिश्रित उपयोग के मार्गदर्शी सिद्धांत 100

6.8.3 मिश्रित उपयोग की सामान्य शर्तें 100

6.9 वाणिज्यिक 101

6.9.1 वाणिज्यिक अभिन्यासों के लिए रूपांकन मार्गदर्शिका 101

6.10 औद्योगिक 102

6.10.1 औद्योगिक विकास के मानक 102

6.11 सामुदायिक सुविधाओं/सेवाओं हेतु नियमन 103

6.12 यातायात 104

6.12.1 यातायात नगर/मैकेनिक नगर/लॉजिस्टिक हब/निजी बस स्थानक 104

6.13 मध्य क्षेत्र हेतु मापदण्ड 104

6.13.1 आवासीय क्षेत्र– मध्य क्षेत्र 104

6.13.2 वाणिज्यिक क्षेत्र – मध्य क्षेत्र 105

6.14 वर्तमान विकसित क्षेत्र हेतु नियमन 106

6.15 वर्तमान विकसित क्षेत्रों के मापदण्ड 106

6.15.1 वर्तमान आवासीय क्षेत्र 106

6.15.2 वर्तमान मार्गों पर वाणिज्यिक गतिविधियां 108

6.15.3 सार्वजनिक तथा अर्धसार्वजनिक 110

6.16 अनौपचारिक वर्ग के लिए प्रावधान 110

6.17 ईंधन भराव एवं भराव सह–सेवा केन्द्र के मानक 111

6.18 शॉपिंग मॉल/खुला मॉल 112

6.19 सामुदायिक सुविधाएं तथा अन्य उपखण्डीय आवश्यकताओं के मापदंड 112
6.20 हॉस्टल, वर्किंग वूमन हॉस्टल, रेस्ट/गेस्ट हाउस, लाजिंग/बोर्डिंग 112
6.21 मैरिज गार्डन 113
6.22 बारात घर/मांगलिक भवन/कल्याण मण्डपम/कम्युनिटी हाल 113
6.23 शीतकेन्द्र/वेयर हाउस/गोदाम/अन्य भण्डारण केन्द्र के लिये मापदण्ड 113
6.24 छविगृहों के लिए मापदण्ड 113
6.25 मल्टीप्लेक्स 114
6.26 उद्यान 114
6.27 संवेदनशील क्षेत्रों हेतु नियमन 114
6.28 ऐतिहासिक महत्व के क्षेत्र 114
6.29 उपयोग परिसर में स्वीकृत/स्वीकार्य गतिविधियां 115
6.30 मिश्रित उपयोग कॉरिडोर 120
6.31 विकास योजना के प्रस्तावों की प्राप्ति हेतु प्रक्रिया 120
अध्याय 7 योजना क्रियान्वयन 121
7.1 विकास योजना का क्रियान्वयन 121
7.2 योजना क्रियान्वयन की नीति 122
7.3 पर्यावरण प्रबंधन एवं संरक्षण कार्यक्रम 123
7.3.1 पर्यावरण प्रबंधन एवं संरक्षण के प्रमुख तत्व 124
7.4 नगरीय अधोसंरचना एवं सेवा योजना 124
7.4.1 नियंत्रित विकास 124
7.4.2 अधोसंरचना भूमि बैंक का गठन 124
7.4.3 एकीकृत नगर विकास कार्यक्रम तैयार करना 125
7.5 विकास नियमन व्यापक दृष्टिकोण 126
7.6 योजना एवं कार्यक्रम 126
7.6.1 संस्थाओं के प्रयास संबंधी मुख्य तत्व 127
7.7 प्रथम चरण के घटक 127
7.8 प्रथम चरण कार्यक्रम 128
7.9 संसाधन गतिशीलता 129
7.10 योजना पर्यवेक्षण तंत्र 129
7.11 योजना की व्याख्या 130
7.12 योजना कालावधि 131
परिभाषाएँ 132
परिशिष्ट 1 144
परिशिष्ट 2 145
परिशिष्ट 3 146
परिशिष्ट 4 148
परिशिष्ट 5 149

सारणी सूची

सारणी क्रमांक	विवरण	पृष्ठ क्र.
सारणी 1–सा–1	रतलाम नगर से अन्य प्रमुख नगरों की दूर	3
सारणी 1–सा–2	रतलाम निवेश क्षेत्र	9
सारणी 2–सा–1	उपग्रह चित्रों के मानक	15
सारणी 2–सा–2	स्पेशियल लेयर्स की क्लासेस एवं सब–क्लासेस	16
सारणी 2–सा–3	जियो स्पेशियल डाटा	21
सारणी 2–सा–4	बिल्डिंग फुटप्रिंट एवं जियो–स्पेशियल डाटा	22
सारणी 2–सा–5	सीमाओं का वर्गीकरण	24
सारणी 2–सा–6	ढलान की विभिन्न श्रेणीयों के अन्तर्गत क्षेत्रफल	25
सारणी 2–सा–7	मृदा विश्लेषण	26
सारणी 2–सा–8	जलाशयों का वर्गीकरण	26
सारणी 2–सा–9	भूमि मूल्य	27
सारणी 2–सा–10	भू–आकृति विज्ञान उपखण्ड एवं क्षेत्रफल	27
सारणी 2–सा–11	जल स्त्रोत बफर क्षेत्रफल	28
सारणी 2–सा–12	भूमि अवक्रमण	28
सारणी 2–सा–13	मार्ग संरचना बफर	29
सारणी 2–सा–14	Weighted Index For Composite Land Suitability	32
सारणी 2–सा–15	Land Suitability Area	35
सारणी 3–सा–1	भूमि उपयोग मूल्यांकन(विकास योजना 2021 अनुसार)	38
सारणी 3–सा–2	भूमि उपयोग मूल्यांकन(विकास योजना 2021 मानचित्र अनुसार)	39
सारणी 3–सा–3	वाणिज्यिक क्रियान्वयन	40
सारणी 3–सा–4	सार्वजनिक एवं अर्धसार्वजनिक क्रियान्वयन	42
सारणी 3–सा–5	भूमि उपयोग उपान्तरण	44
सारणी 3–सा–6	असंगत एवं अकार्यक्षम भूमि उपयोग	45
सारणी 3–सा–7	जनसंख्या विवरण एवं लिंगानुपात	46
सारणी 3–सा–8	वार्ड वार जनसंख्या विश्लेषण	47
सारणी 3–सा–9	वार्ड वार जनसंख्या लिंगानुपात	50
सारणी 3–सा–10	शिशु जनसंख्या प्रतिशत	50
सारणी 3–सा–11	शिशु लिंगानुपात	51

सारणी 3–सा–12	अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति जनसंख्या	51
सारणी 3–सा–13	साक्षरता प्रतिशत	52
सारणी 3–सा–14	कार्यशील (सहभागिता) जनसंख्या 2011	52
सारणी 3–सा–15	वार्ड वार जनसंख्या घनत्व	53
सारणी 3–सा–16	जनसंख्या घनत्व विश्लेषण	55
सारणी 3–सा–17	व्यावसायिक संरचना	56
सारणी 3–सा–18	जनसंख्या परिवर्तन	56
सारणी 3–सा–19	नगरीय विस्तार एवं क्षेत्रफल	57
सारणी 3–सा–20	अधिसूचित गंदी बस्तियां	58
सारणी 3–सा–21	झुग्गी–झोपड़ी क्षेत्र	59
सारणी 3–सा–22	अनुमानित जनसंख्या (Population Projection)	60
सारणी 3–सा–23	जनसंख्या प्रक्षेपण वर्ष 2035	61
सारणी 3–सा–24	आवासों की कमी	62
सारणी 3–सा–25	अनुमानित परिवार एवं आवास आवश्यकता – 2035	63
सारणी 3–सा–26	जल आपूर्ति आकलन	64
सारणी 4–सा–1	वर्ष 2035 के लिए भूमि उपयोग वितरण	70
सारणी 4–सा–2	निवेश इकाईयाँ	73
सारणी 4–सा–3	असंगत भूमि उपयोगों की पुर्नस्थापना एवं रिक्त भूमि का उपयोग	76
सारणी 5–सा–1	क्षेत्रिय बस स्टेण्ड	81
सारणी 5–सा–2	मार्गों की प्रस्तावित चौड़ाई	84
सरणी 5–सा–3	वर्तमान मार्गों की प्रस्तावित चौड़ाई	86
सारणी 6–सा–1	भू उपयोग परिक्षेत्र	95
सारणी 6–सा–2	आवासीय भूखण्डों के विकास मापदण्ड	98
सारणी 6–सा–3	वाणिज्यिक क्षेत्रों के विकास मापदण्ड	101
सारणी 6–सा–4	वाणिज्यिक विकास हेतु अभिन्यास के मानक	102
सारणी 6–सा–5	सामुहिक सुविधाओं/सेवाओं हेतु नियमन	103
सारणी 6–सा–6	मध्य क्षेत्र में आवासीय विकास हेतु मापदण्ड	105
सारणी 6–सा–7	वर्तमान आवासीय क्षेत्र के विकास हेतु भू–खण्ड का आकार एवं निर्मित क्षेत्र	106
सारणी 6–सा–8	वर्तमान वाणिज्यिक क्षेत्र में मार्गों का वर्गीकरण एवं फर्शी क्षेत्रानुपात	108
सारणी 6–सा–9	वाणिज्यिक उपयोग हेतु भू–तल के मापदण्ड	109
सारणी 6–सा–10	सार्वजनिक एवं अर्धसार्वजनिक हेतु विकास मापदण्ड	110
सारणी 6–सा–11	अनौपचारिक वर्ग के लिए प्रावधान	111
सारणी 6–सा–12	अनौपचारिक वर्ग के लिए प्रावधान	115
सारणी 7–सा–1	विकास योजना का क्रियान्वयन	122
सारणी 7–सा–2	प्रथम चरण क्रियान्वयन की लागत	128

मानचित्र सूची

मा. क्र.	शीर्षक	पृष्ठ क्र.
1.1	Regional Setting	2A
1.2	Location Map of Planning Area	2B
1.3	Planning Area	10A
2.1	Satellite Images	14A
2.2	Digital Elevation Model	16A
2.3	Building Footprint	24A
2.4	Slope	24B
2.5	Contour	26A
2.6	Lithology	26B
2.7	Soil Texture	26C
2.8	Ground Water Prospects	26D
2.9	Earthquakes Zones	28A
2.10	Land Value	28B
2.11	Geomorphology	28C
2.12	Water Body Buffer	28D
2.13	Land Degradation	28E
2.14	Road Buffer	30A
2.15	Land Suitability (Model-1)	36A
2.16	Land Suitability (Model-2)	36B
2.17	Land Suitability (Model-3)	36C
3.1	Existing Landuse	38A
3.2	Ward Map	50A
3.3	Ward Wise Sex Ratio	50B
3.4	Ward Wise Child Population (0-6)	50C
3.5	Ward Wise Child Sex Ratio	52A
3.6	Ward Wise SC/ST Population	52B
3.7	Ward Wise Literacy	52C
3.8	Ward Wise Work Participation	52D
3.9	Ward Wise Population Density	54A
3.10	Urban Sprawl	56A

3.11	Slum	58A
3.12	Existing Water Supply Network	64A
3.13	Existing Power Supply Network	68A
3.14	Existing ATM	68B
3.15	Government Land	68C
3.16	Bus Stop	68D
3.17	Existing Community Toilet	68E
4.1	Proposed Landuse	70A
4.2	Planning Unit	74A
4.3	Central Area	78A
5.1	Existing Transport Network	80A
5.2	Proposed Transport Network	82A
7.1	First Phase Implementation	128A

अध्याय 1 नगर परिचय, नियोजन एवं विकास संदर्भ

1.1 नगर परिचय

रतलाम मालवा क्षेत्र के उत्तर–पूर्व भाग में स्थित होकर मध्यप्रदेश का एक प्रमुख जिला है। यह जिला उत्तर दिशा में मंदसौर, दक्षिण दिशा मे धार, झाबुआ तथा पूर्वी दिशा में उज्जैन एवं पश्चिम दिशा में गुजरात के दाहोद व राजस्थान के प्रतापगढ़ एवं बांसवाड़ा जिले से घिरा हुआ है। रतलाम नगर उज्जैन राजस्व संभाग का एक प्रमुख जिला है।

1.1.1 ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि

प्राचीनकाल में रतलाम जिले का नाम रत्नपुरी अथवा रत्नलालम था। शाहजहाँ के शासनकाल में उदयपुर के जागीरदार शूरसिंह की जागीर में रतलाम नगर एक छोटा सा ग्राम था। राठौर वंश के उत्तराधिकारी रतनसिंह ने सन् 1652 में अपनी राजधानी रतनपुर (रत्नलालम) को बनाया, जिसको वर्तमान में रतलाम नाम से जाना जाता है। सन् 1694 में औरंगजेब द्वारा राठौर वंश से जागीर वापिस लेकर शाहजादा आजम को सौंपी गई। सन् 1702 में रतलाम जागीर को फिर से रतनसिंह के पांचवे पुत्र छत्रसाल को सौंपा गया। रतलाम रियासत के प्रशासक एवं ब्रिटिश साम्राज्य के राजनैतिक एजेन्ट कर्नल–बार्थविक ने नगर में सफाई एवं नगर के विस्तार में बहुत रूचि दिखाई, जिसके कारण चांदनी चौक एवं आसपास के क्षेत्र में चौड़े मार्ग एवं नियमित पथ संरचना देखने को मिलती है।

सन् 1864 में राजा रणजीतसिंह के नाबालिग होने से रियासत का प्रशासन श्री मीर–समीत–अली द्वारा हाथ में लिया गया। उन्होंने अस्थाई रूप से नगर हेतु एक विकास योजना बनाकर उसका कार्यान्वयन भी प्रारंभ किया। वर्तमान माणकचौक क्षेत्र के पूर्व में उद्यान एवं उसके आसपास गंदी बस्तियां एवं सकरी गलियां स्थित थी। प्रशासक ने सभी खंडहर भवनों को गिराकर सकरी गलियों को चौड़ा करवाकर उस क्षेत्र को एक अच्छे बाज़ार केन्द्र में परिवर्तित किया। इसी कार्यकाल में डालूमोदी बाजार, तोपखाना, धानमण्डी, घास बाजार, शहर सराय आदि सेवा सुविधाऐं एवं रणजीत ग्राम महल, रानी राजकुमार अस्पताल, सेन्ट्रल जेल, झाली तालाब आदि वास्तुशिल्पी भवनों एवं मार्गों का निर्माण हुआ।

यह मध्यप्रदेश का पहला व्यवसायिक शहर है। यह शहर अफीम, तंबाकू और नमक के व्यापार के लिए जाना जाता था।

सन् 1872 में खण्डवा को रेलवे लाईन से जोड़ा गया, इससे रतलाम को बहुत अधिक फायदा हुआ। सन् 1892 में रतलाम नगर को रेलवे की बड़ी लाईन द्वारा दिल्ली और मुम्बई से जोड़ा गया, उसके बाद नगर को महू और नीमच से मीटरगेज रेलवे लाईन से जोड़ा गया। नीमच एवं महू में सेना के केन्द्र स्थित होने से इन रेलवे लाईनों एवं उसको जोड़ने वाले

मार्गों को विशेष महत्व प्राप्त हुआ। इन गतिविधियों तथा नगर में रेलवे जंक्शन एवं रेलवे विभाग का विभागीय कार्यालय स्थापित होने से नगर को वाणिज्यिक केन्द्र के रूप में भी महत्व प्राप्त हुआ।

रेलवे संभागीय कार्यालय, रेलवे कॉलोनी, औद्योगिक बस्ती, जवाहर नगर, गांधी नगर, ऑफिसर कॉलोनी, शासकीय महाविद्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, पुट्ठा मिल, मदिरा कारखाना की नगर के विकास में मुख्य भूमिका है।

1.1.2 क्षेत्रीय परिदृश्य

मध्यप्रदेश के पश्चिम क्षेत्र में मालवा पठार पर स्थित रतलाम नगर ऐतिहासिक वैभव, प्राकृतिक सौंदर्य से समन्वित होकर अपने आप में अद्वितीय है। पूर्वकाल में रतलाम एक स्वतंत्र रियासत थी, इसमें पूर्व राज्य के रतलाम, जावरा, सैलाना, पिपलोदा, देवास की रिंगनोद तहसील, आलोट और कुछ भाग, ग्वालियर राज्य की मंदसौर तहसील तथा धार राज्य के कुछ गांव को मिलाकर बनाया गया।

रतलाम शहर समुद्र सतह से 480 मीटर ऊँचाई पर $23^0 19'50''$ उत्तरी अक्षांश एवं $75^0 03'13''$ पूर्वी देशान्तर पर स्थित है। यह नगर संभागीय मुख्यालय उज्जैन से लगभग 100 कि.मी. की दूरी पर स्थित है।

रतलाम म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 4 के अंतर्गत अधिसूचित "इंदौर कृषि औद्योगिक क्षेत्र" प्रादेशिक क्षेत्र का तीसरा बड़ा नगर है। विगत वर्षों में नगर की कतिपय प्रमुख औद्योगिक इकाईयों के बंद हो जाने के कारण यहां का भौतिक एवं आर्थिक विकास प्रभावित हुआ है। नगर में "अ" श्रेणी की कृषि उपज मंडी कार्यरत है। रतलाम किराना, तेल एवं अन्य उपभोक्ता वस्तुओं का प्रमुख थोक बाजार केन्द्र एवं नमकीन के कारण भी प्रसिद्ध है। नमकीन की प्रसिद्धि को बढ़ावा देने के लिए शासन के उद्योग विभाग द्वारा नमकीन क्लस्टर की स्थापना की गई है। इसके अतिरिक्त नगर सोना एवं चांदी के व्यापार का भी प्रमुख केन्द्र है। ग्रामीण अंचलों में कपास, मूंगफली, गेहूँ, मक्का, सोयाबीन, दालें एवं हरी सब्जियां बहुतायत से उत्पादित होती है, जिसका लाभ इंदौर, क्षेत्रीय मुख्यालयों के साथ–साथ राज्य की राजधानी भोपाल एवं अन्य प्रदेशों के समीपस्थ प्रमुख नगर बड़ोदा एवं बॉसवाड़ा को भी प्राप्त होता है। रतलाम के आस–पास के ग्रामों में फल उत्पादन भी उन्नत तरीके से किया जा रहा है। क्षेत्र में अंगूर की पैंदावार को बढ़ावा देने के लिए अंगूर अनुसंधान केन्द्र की स्थापना की गई है। यह नगर सड़क एवं रेल मार्गों द्वारा देश एवं प्रदेश के प्रमुख नगरों से जुड़ा हुआ है। रतलाम पश्चिम रेलवे क्षेत्र का जंक्शन है।

RATLAM
1.1 - REGIONAL SETTING
Legend
City Centre
Route
Railway Line
Waterbody
Forest
State Boundary
District Boundary
Scale
0 8.5 17 25.5 34 42.5 51 59.5 68 Km
N
District - Ratlam
Planning Area
Ratlam
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source: Survey of India, Toposheet
Rajasthan
Madhya Pradesh
Gujarat
Agar Malwa
Ujjain
Indore
Dhar
Jhabua
NH 47
NH 927A
75 K.M
50 K.M
100 K.M
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal

1.2 - Regional Location Map
Ratlam
India
Madhya Pradesh
Ujjain Region
Agar Malwa
Shajapur
Dewas
Indore
Ujjain
Dhar
Ratlam
Jhabua
Legend
National Highway
State Highway
Bypass
Route
Railway Line
Buildup Area
Waterbody
Planning Area Boundary
To Dhamnada
To Indore
To Mhow
To Jhabua
To Sailana
To Jaora
To Dhatabad
To Nagda
To Delhi
N
0 0.5 1 1.5 2 2.5 3 3.5 4 Km
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal
Landuse & Urban Survey Division Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal

रतलाम नगर से अन्य प्रमुख नगरों की दूरी

सारणी 1–सा–1

क्रमांक	समीपस्थ नगर	दूरी (कि.मी.)
1	2	3
1	बांसवाड़ा (राजस्थान)	84
2	मंदसौर	88
3	नीमच	143
4	नागदा	49
5	धार	93
6	उज्जैन	100
7	झाबुआ	92
8	इन्दौर	140
9	भोपाल	322

1.1.3 दर्शनीय स्थल

रतलाम जिले में एक समृद्ध ऐतिहासिक परंपरा है और जिले में ऐतिहासिक महत्व के कई स्थान है।

- **महालक्ष्मी मन्दिर**

रतलाम नगर के माणक चौक में यह मंदिर स्थित है। यह माताजी श्रीमाली ब्राह्मण समाज की कुल देवी है। यह मंदिर रतलाम रियासत के समय का मंदिर है। इस मंदिर को लेकर यह मान्यता है कि दीपावली के अवसर पर जो भी अपनी धन सम्पदा इस मंदिर में रखता है। सालभर उस धनराशि में बढ़ोतरी होती है।

- **कालिका माता मंदिर**

अंग्रेजी वर्ष 1556 से 1600 के बीच शहर के मध्य अष्टकोणीय झाली तालाब के किनारे माँ कालिका मंदिर की स्थापना की गई। रतलाम के इस मंदिर में दर्शनार्थी सिर पर कलश में दीपक रखकर गरबों के माध्यम से शक्ति की आराधना करते हैं। नवरात्रि पर यहां मेले का आयोजन किया जाता है।

- **गुलाब चक्कर**

रतलाम शहर में वर्तमान के पुरातत्व संग्रहालय गुलाब चक्कर का निर्माण लगभग 1879 ईस्वीं में महाराजा रणजीत सिंह के काल में हुआ था। इनका नाम माहाराजा रणजीत सिंह की पुत्री राजकुमारी गुलाब कुंवर साहिबा के नाम पर पड़ा। वर्षों से इसका रखरखाव न होने से यह जर्जर अवस्था में पहुंच गया था। जीर्णोद्धार होकर अब यह संग्रहालय अपने प्राचीन सुंदरता के साथ लोगों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ।

- **बिल्केश्वर मंदिर**

यह मंदिर रतलाम नगर से 18 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह महू–नीमच राजमार्ग से 03 किलोमीटर पूर्व दिशा में ग्राम बिलपांक में स्थित है। इस मंदिर का निर्माण लगभग 10–11 वीं शताब्दी में किया गया था।

- **केदारेश्वर मंदिर**

रतलाम नगर से लगभग 25 कि.मी. की दूरी पर सैलाना नगर के नजदीक स्थित है। यहाँ लोग भगवान भोलेनाथ को नमन करने और प्राकृतिक सुंदरता का आनंद उठाने आते हैं। महाकेदारेश्वर मंदिर करीब 278 साल पुराना है। सन् 1736 में सैलाना के महाराज जयसिंह ने यहाँ एक सुंदर मंदिर का निर्माण करवाया और यह स्थान 'केदारेश्वर महादेव मंदिर' के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

- **कैक्टस गार्डन**

रतलाम बांसवाड़ा राजमार्ग पर रतलाम जिले से 21 किलोमीटर दूर सैलाना में कैक्टस गार्डन स्थित है। कैक्टस गार्डन में 1200 से अधिक प्रजातियों के कैक्टस हैं। इस गार्डन को यहां के महाराजा जसवंत सिंह ने बनवाया था। एशिया में पाई जाने वाली लगभग सभी कैक्टस पौधे की प्रजातियां इस गार्डन में देखने को मिल जाएगी। कैक्टस का जड़ीबूटी में भी उपयोग होता है। इस पौधे में खिलने वाले फूल भी दुनिया के सबसे सुंदर फूलों में गिने जाते हैं।

- **खरमौर पक्षी अभ्यारण्य**

खरमौर अभ्यारण्य की स्थापना सन् 1983 में हुई थी। इसे सैलाना पक्षी अभ्यारण्य के नाम से भी जाना जाता है। यह उद्यान 13 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। यह अभ्यारण्य दुर्लभ प्रवासी पक्षी (खरमौर) के लिए जाना जाता है। घने जंगल होने से ओर प्रकृति के करीब महसूस करने से यह पक्षी जुलाई से सितम्बर के बीच में यहा विचरण करने आते हैं।

- **सातरूंडा माता मंदिर**

रतलाम जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर नयागांव लेबड़ फोरलेन पर स्थित ग्राम सातरूंडा चौराहे से मात्र 03 किलोमीटर की दूरी पर पहाड़ी पर पांडव कालीन ऐतिहासिक माँ कालका का मंदिर है। माँ कालका सुबह में बाल्यावस्था दोपहर में युवावस्था एवं शाम को वृद्धावस्था में भक्तों को दर्शन देती हैं। माँ सातरूंडा मंदिर पर चैत्र नवरात्रि में श्रृद्धालुओं का हुजुम उमड़ता है, चारों तरफ दूर–दूर तक समतल जमीन के बीच यह पहाड़ी कुदरत के अनोखे रूप को दर्शाती है।

- **विरूपाक्ष महादेव मंदिर बिलपांक**

शहर से 15 कि.मी. दूर स्थित बिलपांक देश ही नहीं दुनिया का अनोखा शिव विरूपाक्ष महादेव मंदिर है। जिसे भूल भुलैया वाले शिव मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। मंदिर की स्थापना मध्ययुग से पहले परमार राजाओं के द्वारा की गई थी। भगवान भोलेनाथ के ग्यारह रूद्र अवतारों में से पांचवें रूद्र अवतार के नाम पर इस मंदिर का नाम विरूपाक्ष महादेव मंदिर रखा गया। मंदिर के चारों कोनों में चार मंडप बनाए गए हैं, जिसमें भगवान गणेश, माँ पार्वती और भगवान सूर्य की प्रतिमा स्थापित है। इस प्राचीन विरूपाक्ष महादेव मंदिर के अंदर 34 खम्बों का एक मंडप है और सभी चारों कोनों पर खम्बों की गिनती 14–14 बनती है जबकि 08 खम्बे अंदर गर्भगृह में हैं। इसी कारण से लोग इसे भूल भुलैया वाला शिव मंदिर भी कहते हैं। सावन में भक्त यहाँ दूर–दूर से दर्शन करने आते हैं।

- **श्री ऊंकाला खड़ा गणपति मंदिर**

सर्वप्रथम शहर में सबसे बड़े सवा ग्यारह फीट के गणपति ऊंकाला गणपति के नाम से ऊंकाला क्षेत्र में विराजमान है। इस मंदिर में की गई मनोकामना पूर्ण होती है। शहरवासी घर में मांगलिक कार्य होने पर सर्वप्रथम भगवान के चरणों में पत्रिका अर्पित करते है। हर बुधवार को यहां पर भक्तों का जमावड़ा लगा रहता है। पंचान तागलसात कसारा ऊंकाला समाज के श्रीराम मंदिर के पास शहर की सबसे प्राचीन मुर्ती है। यहां मंगलनाथ महादेव मंदिर, हनुमानजी मंदिर व खड़े गणेश जी की ऐतिहासिक प्रतिमा है।

- **वरोठ माता मंदिर**

रतलाम के पितलिया परिवार का यह प्राचीन मंदिर है। मुगल सम्राट अकबर के काल में माताजी की बहुमूल्य भव्य प्रतिमा इस मंदिर में विद्धयमान थी किन्तु मुगलिया बदनीयती के

कारण मंदिर के उत्तरी द्वार से अदृश्य होकर माता मंदिर के निकट के माया कुंड में समाविष्ट हो गई। प्रतिमा रहित भव्य मंदिर भग्नावस्था में आज भी विद्यमान है।

मंदिर में माँ की प्रतिमा न होने से पितलिया परिवार दुखी होकर नवीन मंदिर बनाने हेतु सतीमाता से प्रार्थना की माँ ज्वालिया सतीमाता ने अपनी इच्छा व्यक्त करते हुए कहा मालवा की पावन नगरी रतलाम में मंदिर की रचना का समय आ गया है। ज्वालिया सतीमाता के आदेश से रतलाम–मालवा में एक छोटे से मंदिर की रचना कर उसमें वरोठ माता की प्रतिमा स्थापित करने का संकल्प लिए मंदिर का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया, किन्तु वरोठ माता की असीम कृपा का प्रतिफल मिलने से बगैर किसी विशेषज्ञ और मानचित्र के सहयोग से माताजी का भव्य शिखर मंदिर वर्तमान में आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

- **पदमावति मंदिर महलवाड़ा**

पेयजल के दुरूपयोग को रोकने तथा प्रदाय व्यवस्था में उच्चतर उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने के लिए सेवा मीटर स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त जब तक जल के वास्तविक उपयोग पर आधारित न किया जावे तब तक जल दरों की व्यवस्था का निर्माण दक्षताओं हेतु आवश्यक है।

3.13.2 जल–मल निकास एवं स्वच्छता

घरेलू मल निकासी हेतु सेनेटिरी नालियां तथा वर्षा जल की निकासी हेतु वर्षा जल प्रवाह नालियां, इस प्रकार पृथक–पृथक नालियां उपलब्ध कराई जाएगी। शहर में निकासी व्यवस्था हेतु निम्नलिखित दृष्टिकोण बनाए गए हैं:–

1. 100 प्रतिशत नगर को सम्मिलित करती हुई नाली व्यवस्था।
2. जल निकासी व्यवस्था का निर्धारण तथा सेवाओं पर निगरानी।
3. अपशिष्ट जल के प्रबंधन हेतु उपचारण, पुनर्चक्रीकरण व पुनः उपयोग।
4. वाणिज्यिक स्थानों, बगीचों तथा लोक स्थानों पर सुव्यवस्थित सशुल्क शौचालय।
5. पर्यटकों की सुविधा हेतु चलित–शौचालय अथवा स्वच्छ आधुनिक (मॉड्यूलर)/जैविक शौचालय की व्यवस्था।
6. जन सामान्य हेतु उक्त सभी व्यवस्थाएं आर्थिक रूप से वहन किए जाने योग्य होगी।

3.13.2.1 अपशिष्ट जल प्रवाह

अपशिष्ट जल प्रवाह की दर जनसामान्य को प्रदाय की गई जल की दर तथा भू–जल रिसावों की दर पर निर्भर करती है। सामान्य व्यवहार के अनुसार अनुमानतः जल उपभोग का 80 प्रतिशत अपशिष्ट जल प्रवाह में परिवर्तित होता है। सामान्यतः अधिकांश क्षेत्र में पाईपलाईनों का स्तर भूमि जल स्तर के ऊपर होना प्रस्तावित है और इसलिए भूमि जल रिसाव को अनदेखा कर दिया जाता है। भूमि जल रिसाव के लिए विस्तृत प्रोजेक्ट वैज्ञानिक

तथा तकनीकी अध्ययन अनुसार तैयार किया जाना प्रस्तावित है, जिससे जल संसाधन का अधिकतम संरक्षण किया जा सकें।

वर्तमान में शहर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट उपलब्ध नहीं हैं, जिसके परिणामस्वरूप अपशिष्ट जल, अनुपचारित ही नालियों के माध्यम से बड़े नालों में प्रवाहित हो रहा है। अतः नगर के नियोजित विकास के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट एवं सीवरेज प्रणाली का विकास किया जाना प्रस्तावित है।

शहर के विकास को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2035 की प्रस्तावित जनसंख्या 5.00 लाख अनुसार 54 एम.एल.डी. अपशिष्ट जल उपचार हेतु शोधन संयंत्र की आवश्यकता है।

3.13.3 वर्षा जल निकासी

नगर की भूमि सामान्यतः समतल है। वर्तमान औद्योगिक बस्ती थोड़ी ऊंचाई पर स्थित होकर इस स्थान से बायीं ओर हल्का सा ढाल है, प्रमुख रूप से यह ढाल दक्षिण की ओर है। नगर के पास में मुख्य रूप से दो तालाब बड़बड़ एवं अमृत सागर तालाब स्थित है। इसके अतिरिक्त निवेश क्षेत्र में स्थित ग्राम करमदी, सालाखेड़ी, सनावदा, बाजनखेड़ा, घटला, सेजावता एवं बंजली में भी तालाब स्थित है। नगर का जल बहाव मुखतः दक्षिण की ओर है लेकिन औद्योगिक बस्ती के उत्तर में स्थित क्षेत्र का ढाल उत्तर–पूर्व दिशा की ओर है।

वर्षा का पानी प्रमुख रूप से दो नालों में एकत्रित होता है। निवेश क्षेत्र के उत्तर में दो तालाब स्थित होकर इनका आमोद–प्रमोद गतिविधि हेतु उपयोग हो सकता है। तालाब के किनारे स्थित सपाट पहाड़ियों को गहन वृक्षारोपण से रॉक गार्डन में परिवर्तित करना संभव होगा। भौतिक ढाल, पर्वत श्रेणियों, घाटियों आदि से क्षेत्रिय मार्गों, भावी जल निकास व्यवस्था एवं नगरीयकरण योग्य क्षेत्रों हेतु उपयुक्त स्थान प्राप्त हो सकेंगे।

3.13.4 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन

ठोस अपशिष्ट एक अवांछित पदार्थ है, जो रहवासी क्षेत्र, वाणिज्यिक एवं व्यापार केन्द्रों, कृषि, उद्योगों तथा अस्पतालों तथा सार्वजनिक सेवाओं से उत्पन्न होता है। नगर में आवासीय एवं वाणिज्यिक क्षेत्रों की वृद्धि एवं विकास होने से ठोस अपशिष्ट का नगर के विभिन्न खुले क्षेत्रों में निस्तारण कर दिया जाता है, जो पर्यावरण एवं नगरवासियों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है।

रतलाम नगर में उत्पन्न ठोस अपशिष्ट का निस्तारण नगर से 04 कि.मी. की दूरी पर ग्राम जुलवानिया में निर्मित ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर किया जाता है तथा कुछ ठोस अपशिष्ट का भूमि भरण हेतु किया जाता है। नगर में प्रतिदिन 81.00 टन ठोस अपशिष्ट उत्पन्न होता है,

जिसे ट्रेक्टर ट्रॉली, डम्पर एवं कंटेनर द्वारा डोर टू डोर (Door To Door) एकत्रित कर ट्रेचिंग ग्राउण्ड एवं Land Fill Sites तक ले जाया जाता है।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तंत्र प्रणाली के अंतर्गत पुनर्चक्रीकरण प्रणाली अपनाई जातीं है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के प्रावधानों के अंतर्गत किया जा रहा है। नगरीय निकाय द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत इस कार्य को वैज्ञानिक विधि से संचालित किया जा रहा है।

3.13.5 विद्युत प्रदाय

वर्तमान में निवेश क्षेत्र के अंतर्गत 33/11 केवी के 9 सब स्टेशन निम्न स्थानों पर स्थापित है, जिससे विद्युत आपूर्ति की जाती है :–

1. बिरियाखेड़ी	2. गंगा सागर	3. अर्जुन नगर(दिलीप नगर)
4. चंबल कॉलोनी	5. अहिंसा ग्राम	6. महु रोड
7. पॉवर हाउस रोड	8. त्रिवेणी	9. विनोबा नगर

नगर में विद्युत प्रदाय की कोई समस्या नहीं है। विभिन्न स्त्रोतों से विद्युत प्रदाय नगर को उपलब्ध हो रही है। जिले में सौर ऊर्जा आधारित एवं वायु ऊर्जा आधारित कई प्लांट संचालित है।

3.14 सामाजिक अधोसंरचना

3.14.1 शासकीय कार्यालय

रतलाम नगर जिला मुख्यालय होकर नगर में लगभग सभी विभागों के जिला कार्यालय स्थापित हैं।

3.14.2 सामुदायिक सुविधाएं तथा अन्य उपखण्डीय आवश्यकताएं

सामाजिक अधोसंरचना का विश्लेषण यू.आर.डी.पी.एफ.आई. (URDPFI) के मानकों के अनुसार शैक्षणिक स्वास्थ्य एवं अन्य सुविधाओं की वर्तमान स्थिति की तुलना मानकों के अनुसार वर्तमान आवश्यकता तथा भावी आवश्यकता का आकलन किया गया है।

3.14.3 शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य गतिविधियां

नगर में वर्तमान में कार्यरत स्कूल एवं स्वास्थ्य सुविधाएं भावी आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं किन्तु निवास स्थल से दूरी के आधार पर विश्लेषण का विषय ज़ोनल प्लान का है। ज़ोनल प्लान तैयार करते समय नेबरहुड तथा सेक्टर स्तर पर अर्थात् 5000 से 1 लाख आबादी तक आवश्यक गतिविधियों का विश्लेषण एवं वर्तमान आबादी में शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य

गतिविधियों का आकलन किया जाकर विसंगति को दूर किया जाने का प्रयास किया जाना प्रस्तावित है। समस्त शैक्षणिक, स्वास्थ्य एवं अन्य गतिविधियों का जनसंख्या के आधार पर विश्लेषण किया गया है।

नगर स्तरीय गतिविधियों का मुख्य भूमि उपयोग के अंतर्गत विकास हो सकेगा। ज़ोनल प्लान स्तर की गतिविधियों को अन्य भूमि उपयोग में भी विकसित किया जा सकता है जैसे कि आवासीय भूमि उपयोग अन्तर्गत स्कूल, नर्सिंग होम, आंगनबाड़ी, खेल के मैदान एवं वृद्धाश्रम आदि विकसित किये जा सकते हैं।

3.14.4 शमशान घाट एवं कब्रिस्तान


नगर में वर्तमान में विद्यमान शमशान एवं कब्रिस्तान को यथावत नियोजन में समाहित किया गया है। नगर के भावी विकास को दृष्टिगत रखते हुए नये शमशान एवं कब्रिस्तान, कृषि उपयोग के अंतर्गत अनुज्ञेय होंगे, किन्तु इनके स्थलों का चयन जन सामान्य की मांग पर कलेक्टर, स्थानीय संस्था एवं नगर तथा ग्राम निवेश की सहमति से किया जावेगा।


3.14.5 अग्निशमन सेवा केन्द्र


नगर में अग्निशमन सुरक्षा एवं प्रबंधन हेतु 2 लाख जनसंख्या पर एक फायर स्टेशन आवश्यक होता है। प्रति अग्निशमन स्टेशन हेतु मानक अनुसार 1 हेक्टेयर भूमि आवश्यक है ताकि आपात स्थिति के समय अग्निशमन उपलब्ध हो सके। अग्निशमन हेतु स्थापित केन्द्र एवं उपकेन्द्र ऐसे स्थानों पर नियोजित होना चाहिए जहाँ से शीघ्र अतिशीघ्र अग्निशमन वाहन, अग्नि दुर्घटना के समय अपने गंतव्य तक पहुँच सके। वर्तमान में नगर निगम में 05 फायर ब्रिगेड उपलब्ध हैं, जिनमें से 04 की क्षमता 5000 लीटर एवं 01 की क्षमता 4000 लीटर है। नगर निगम का नगर के मध्य में स्थित होने से नगर के किसी भी स्थान पर शीघ्र पहुंचना सुलभ है।


3.14.6 सी.एन.जी. गैस वितरण केन्द्र


वर्तमान में रतलाम नगर में खाना बनाने में एल.पी.जी. गैस सिलेण्डरों के माध्यम से घरों में पहुंचाई जाती है। प्रस्तावित विकास योजना 2035 में सी.एन.जी. गैस पाईपलाइन द्वारा गैस की सप्लाई दी जाना प्रस्तावित है।


RATLAM
3.13 - POWER SUPPLY NETWORK
Legend
Electric Sub Station
Transformer
33 Kv Line
11 Kv Line
National Highway
State Highway
Bypass
Roads
Railway Line
Waterbody
Planning Area Boundary
Village Boundary
Municipal Area Boundary
Scale
0 0.5 1 1.5 2 2.5 3 3.5 4 Km
N
District - Ratlam
Planning Area
Ratlam
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source: MPPKVV Company Ltd.
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal
To Nagda
To Dewas
To Dhansuta
To Indore
To Itawa
To Indore
To Mandsaur
To Mandsaur
To Jaora
To Sailana
To Jaora
To Bajna
To Dhaloda


RATLAM
3.14 - EXISTING ATM
Legend
ATM
National Highway
National Highway
Roads
Railway Line
Railway Station
Bus Stand
Waterbody
Planning Area Boundary
Village Boundary
Scale
0
0.5
1 Km
N
Distrct - Ratlam
Planning Area
Ratlam
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source: Ground Verification
Directorate


RATLAM
3.18 - GOVERNMENT LAND
Legend
Land Ownership
Private Land
Government Land
National Highway
State Highway
Bypass
Roads
Railway Line
Waterbody
Planning Area Boundary
Village Boundary
Municipal Area Boundary
Scale
0 0.5 1 1.5 2 2.5 3 3.5 4 Km
N
District - Ratlam
Planning Area
Ratlam
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source: Commissioner Land Records (01 OCT, 2019)
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal
To Nagda
To Dhamnada
To Indore
To Nawa
To Indore
To Mandsaur
To Mandsaur
To Jhabua
To Sailana
To Jaitaran
To Bajna
To Dhodsar
To Mandsaur


RATLAM
3.16 - BUS STOP
Legend
Bus Stop
National Highway
State Highway
Roads
Railway Line
Railway Station
Bus Stand
Waterbody
Planning Area Boundary
Village Boundary
Scale
0
0.5
1 Km
N
District - Ratlam
Planning Area
Ratlam
Landuse & Uroan Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source: Ground Verification
Directorate of Town & Country Planning, Madhya Pradesh, Bhopal


RATLAM
3.17 - EXISTING COMMUNITY TOILET
Legend
Community Toilet
National Highway
State Highway
Bypass
Roads
Railway Line
Airstrip
Bus Stand
Waterbody
Planning Area Boundary
Village Boundary
Municipal Area Boundary
Scale
0 0.5 1 1.5 2 2.5 3 3.5 4 Km
N
District - Ratlam
Planning Area
Ratlam
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source: Ground Verification
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal
To Nagda
To Dohad
To Dhansuta
To Indore
To Ratlam
To Indore
To Mandsaur
To Mandsaur
To Jaora
To Salkana
To Jhirwaniya
To Bajna
To Dholakhad
To Meghnagar
Bypass
Bypass
NH 59
NH 27 A
SH 31
SH 31

अध्याय 4 विकास योजना प्रस्ताव–2035

4.1 विकास योजना–2021 का पुनर्विलोकन

रतलाम विकास योजना–2021 तैयार करने हेतु निवेश क्षेत्र की अनुमानित जनसंख्या 3.5 लाख मानते हुये नियोजन प्रस्ताव दिये गये थे। अमृत योजना के अंतर्गत विकास योजना–2035 को जी.आई.एस. आधार पर तैयार किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। रतलाम निवेश क्षेत्र की वर्ष 2035 की अनुमानित जनसंख्या 5.00 लाख अनुमानित कर रतलाम विकास योजना 2021 का पुनर्विलोकन वर्ष 2035 की कालावधि हेतु किये जाने की आवश्यकता है। चूंकि अमृत योजना के अंतर्गत जी.आई.एस. आधारित विकास योजना तैयार की जाना है, अतः वर्ष 2021 तक की जनसंख्या का आकलन कर वर्तमान भूमि उपयोग का पूर्व अध्याय में विश्लेषण किया गया है।

4.2 नियोजन अवधारणा

रतलाम विकास योजना 2035 की अवधारणा निम्न बिन्दुओं पर आधारित है।

- नगर का बहुआयामी केन्द्र के रूप में विकास।
- जिला स्तरीय प्रशासकीय एवं शैक्षणिक केन्द्र का विकास।
- आवासीय क्षेत्रों का कार्य केन्द्रों से सामीप्य।
- वाणिज्यिक एवं आवासीय दबाव को कम करने हेतु विभिन्न क्षेत्रों में नवीन प्रस्ताव।
- वर्तमान एवं भावी यातायात को दृष्टिगत रखते हुए सक्षम परिभ्रमण संरचना।
- प्रमुख व्यापारिक, वाणिज्यिक एवं कृषि आधारित उत्पाद आधारित औद्योगिक केन्द्र।
- निवेश क्षेत्र के अंतर्गत नालों, जलाशयों के किनारे वृक्षारोपण।
- प्राकृतिक जल स्त्रोतों का संरक्षण एवं संवर्धन।
- मुख्य मार्गों के आसपास मिश्रित उपयोग कॉरिडोर विकास प्रस्ताव।

4.3 विकास योजना में अतिरिक्त क्षेत्र की आवश्यकता

रतलाम विकास योजना 2021 के अनुसार रतलाम निवेश क्षेत्र के वर्ष 2020 में जनसंख्या 3.50 लाख के आसपास रहेगी एवं वर्ष 2035 तक वृद्धिगत जनसंख्या 5.00 लाख प्रक्षेपित की गई है। वर्तमान विकसित क्षेत्र में आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक, सार्वजनिक एवं अर्धसावर्जनिक तथा सेवाएं तथा सुविधाएं, आमोद–प्रमोद एवं यातयात परिवहन का क्षेत्र सम्मिलित है तथा रिक्त भूमि में जलाशय, वन क्षेत्र, ग्रामीण निर्मित क्षेत्र एवं कृषि भूमि सम्मिलित है। Urban and Regional Plan Formulation and Implementation (URDPFI) मानक

अनुसार मध्यम श्रेणी के नगरों के लिये 100–125 व्यक्ति प्रति हेक्टेयर जनसंख्या घनत्व अनुशंसित है। रतलाम मध्यम श्रेणी का नगर होकर इसकी प्राकृतिक संरचना के कारण यहाँ पर कम एवं मध्यम ऊँचाई के भवन ही निर्मित हैं। रतलाम निवेश क्षेत्र में प्रस्तावित उपयोग हेतु भूमि का चयन करने के लिये समन्वित भूमि उपयोग उपयुक्तता का विश्लेषण किया गया है, जिसका मुख्य आधार भौगोलिक विशेषताएं एवं पर्यावरणीय घटकों का संयुक्त रूप से "Multicriteria Index" के माध्यम से विश्लेषण किया गया है।


4.4 प्रस्तावित भूमि उपयोग 2035

रतलाम विकास योजना 2035 में नगर के संतुलित एवं नियोजित विकास को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न भू–उपयोगों के अन्तर्गत प्रस्तावित क्षेत्र 13.10 हेक्टेयर प्रति हजार व्यक्ति की भू–उपयोग दर से नगरीय विकास के प्रस्ताव प्रस्तावित किये गये हैं, जिसका विवरण निम्न सारणी क्रमांक 4–सा–1 में किया गया है।

वर्ष 2035 के लिए भूमि उपयोग विवरण

सारणी 4–सा– 1

क्र.	भू–उपयोग	प्रस्तावित क्षेत्र 2021			विकसित क्षेत्र 2019			प्रस्तावित क्षेत्र 2035		
		क्षेत्रफल (हेक्टे. में)	प्रति–शत	भूमि उप–योगिता दर	क्षेत्रफल (हेक्टे. में)	प्रति–शत	भूमि उप–योगिता दर	कुल क्षेत्रफल वर्तमान सहित (हेक्टे.में)	प्रतिशत	भूमि उपयोगिता दर
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	आवासीय	2569.87	49.13	7.34	1161.60	47.45	3.32	2892.21	43.82	5.78
2	वाणिज्यिक	196.32	3.75	0.56	89.20	3.64	0.25	192.14	2.91	0.38
3	मिश्रित	-	-	-	-	-	-	810.21	12.28	1.62
4	औद्योगिक	547.33	10.46	1.56	261.00	10.66	0.75	590.03	8.94	1.18
5	सार्वजनिक एवं अर्धसार्वजनिक	279.83	5.35	0.80	258.48	10.56	0.74	407.86	6.18	0.82
6	सार्वजनिक उपयोगिताएं एवं सुविधाएं									
7	आमोद–प्रमोद	629.54	12.04	1.80	60.79	2.48	0.17	684.63	10.37	1.37
8	यातायात एवं परिवहन	1007.73	19.27	2.88	616.84	25.20	1.76	1023.16	15.50	2.05
	योग	**5230.61**	**100**	**14.94**	**2447.91**	**100.00**	**6.99**	**6600.24**	**100.00**	**13.20**


RATLAM
4.1 - DEVELOPMENT PLAN 2035 (DRAFT)
PROPOSED LANDUSE
Legend
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source: Archive Master Plan By T&CP
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal
To Nagda
To Delhi
To Dhansauda
To Indore
To Ujjain
To Sailana
To Jaora
To Jhalawadya
To Bajna
To Mandsaur
GHATLA
BHATUNI
KAJWATA
BAKHUHEDA
GHATKHEDI
SAKHAVADA
SUBAKHEDI
KAKWADI
BORVANA
KAJWADI
RATLAM
BARBAJOLI
GHIYAKHEDI
KHETAJUR
BAGOD
BAHALI

4.4.1 आवासीय

आवासीय उपयोग के प्रस्ताव वर्तमान आवासीय को सम्माहित करते हुये नगर के चारों दिशाओं में दिये गये हैं, ताकि नगर का संतुलित विकास हो सके। आवासीय उपयोग के अंतर्गत वर्तमान आवासीय सहित 2892.21 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है जो कि कुल प्रस्तावित क्षेत्र का 43.82 प्रतिशत है।

4.4.2 वाणिज्यिक

वाणिज्यिक उपयोग के प्रस्ताव वर्तमान वाणिज्यिक को यथावत् रखते हुये मुख्य मार्गों पर प्रस्तावित आवासीय क्षेत्रों के समीप प्रस्तावित किये गये हैं, ताकि आवासीय क्षेत्र को वाणिज्यिक गतिविधियों की सुविधा प्राप्त हो सके। वाणिज्यिक उपयोग के अंतर्गत वर्तमान वाणिज्यिक सहित 192.14 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है, जो कि प्रस्तावित क्षेत्र का 2.91 प्रतिशत है।

4.4.3 मिश्रित

आवासीय परिसरों में बाजार के आर्थिक बल के कारण सामाजिक एवं वाणिज्यिक गतिविधियों का विकास आवासीय परिसरों में हुआ है। बाजार के आर्थिक बल होने के कारण आवासीय परिसरों में वाणिज्यिक गतिविधियों की मांग और बढ़ रही है। अतः अब ऐसी नीति बनाने की आवश्यकता है, जिसके फलस्वरूप नागरिकों की वास्तविक आवश्यकता एवं नागरिकों की सुविधा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के मध्य संतुलन बना रहे। भविष्य की आवश्यकता की पूर्ति हेतु 810.21 हेक्टेयर भूमि मिश्रित उपयोग हेतु प्रस्तावित की गई है जो कि प्रस्तावित भूमि का 12.28 प्रतिशत क्षेत्र है।

4.4.4 औद्योगिक

नगर में औद्योगिक विकास, स्थानीय खनिज, वनोपज एवं कृषि उपज के आधार पर स्थापित होने वाले प्रदूषण रहित औद्योगिक इकाईयों के रूप में प्रस्तावित है। इन औद्योगिक इकाईयों के लिए वर्तमान औद्योगिक क्षेत्रों के समीप कुल 590.03 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है। औद्योगिक उपयोग के लिए प्रस्तावित भूमि का 8.94 प्रतिशत है।

4.4.5 सार्वजनिक एवं अर्धसार्वजनिक तथा सार्वजनिक उपयोगिता एवं सुविधाएं

सार्वजनिक एवं अर्धसार्वजनिक तथा सार्वजनिक उपयोगिता एवं सुविधाएं भूमि उपयोग के अंतर्गत वर्तमान सहित 407.86 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है, जो कि कुल प्रस्तावित क्षेत्र का 6.18 प्रतिशत है।

4.4.6 आमोद–प्रमोद

विकास योजना में आमोद–प्रमोद के अन्तर्गत 684.62 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित है, जो कुल प्रस्तावित क्षेत्र का 10.37 **प्रतिशत** है। इस उपयोग के अन्तर्गत निर्मित ऐतिहासिक पर्यटन से संलग्न भवनों की बनावट के अनुरूप भू–दृश्यीकरण विकसित करना भी प्रस्तावित है, इसके अतिरिक्त नालों के किनारे भूमि विकास नियमानुसार निर्धारित सीमा तथा तालाबों के जलग्रहण क्षेत्र के चारों ओर निर्धारित सीमा तक वृक्षारोपण भी प्रस्तावित है।

- **नगर उद्यान**

विकास योजना 2035 में नगर स्तरीय आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए कस्बा रतलाम ग्राम बड़बड़ एवं झाबुआ मार्ग पर ग्राम करमदी में 28.80 हेक्टेयर क्षेत्र नगर उद्यान हेतु प्रस्तावित किया गया है।

- **नगर वन**

विकास योजना में नगर वन हेतु निवेश क्षेत्र में स्थित तालाबों के चारों ओर 30 मीटर हरित क्षेत्र का प्रावधान किया गया है तथा नालों के दोनों ओर 9–9 मीटर भूमि प्रस्तावित की गई है।

- **तरण ताल**

वर्तमान में नगर में 1 तरण ताल की सुविधा उपलब्ध है।

- **स्टेडियम एवं स्पोर्ट काम्पलेक्स**

खेल गतिविधियों के विकास हेतु निवेश इकाई क्र. 5 में स्पोर्ट काम्पलेक्स एवं स्टेडियम हेतु लगभग 22 हेक्टेयर भूमि बायपास मार्ग एवं खाचरोद मार्ग के संगम पर आरक्षित की गई है।

4.4.7 यातायात एवं परिवहन

विकास योजना में यातायात क्षेत्र के अन्तर्गत 1023.16 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है, यह भूमि विकास के लिए प्रस्तावित भूमि का 15.50 **प्रतिशत** है। यातायात एवं परिवहन उपयोग के अन्तर्गत नगरीय मार्गों का विस्तार, बायपास मार्ग का निर्माण तथा स्थानीय मार्गों की यातायात संरचना पदानुक्रम में विकास के लिए प्रस्तावित की गई है।

4.5 निवेश इकाईयाँ

रतलाम विकास योजना 2035 में पदानुक्रम नियोजन, नगर संरचना को सुनियोजित विकसित करने पर आधारित है। रतलाम निवेश क्षेत्र को 6 निवेश इकाईयों में विभक्त किया गया है। विकास योजना में इन निवेश इकाईयों को आधार मानकर प्रस्ताव दिये गये हैं। ये निवेश इकाईयाँ वाणिज्यिक, आवासीय, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा आमोद–प्रमोद की दृष्टि से आत्मनिर्भर होंगी। निवेश इकाई निर्धारण में जनसंख्या एवं मानव निर्मित सीमाओं को आधार माना गया है। प्रत्येक निवेश इकाई को मुख्य कार्यकेन्द्र एवं यातायात संरचना से युक्तियुक्त रूप से जोड़ा गया है, ताकि ये इकाईयाँ सर्व–सुविधाओं के साथ आत्मनिर्भर हो सकें।

रतलाम विकास योजना 2021 में निवेश क्षेत्र को 6 निवेश इकाईयों में विभक्त किया गया था, जिसमें वाणिज्यिक, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के कार्यकेन्द्रों के संबंध में प्रत्येक इकाई का एकात्मक कार्य सुनिश्चित किया गया था। इसको आधार मानकर विकास योजना 2035 में भी पूर्व निवेश इकाईयों के क्षेत्र को यथावत रखा गया है। निवेश इकाई का विवरण सारणी 4–सा–2 में दर्शाया गया है।

निवेश इकाईयाँ

सारणी 4–सा– 2

क्र.	निवेश इकाईयाँ	
	निवेश इकाईयाँ	कुल क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)
1	2	3
1	निवेश इकाई क्रमांक –1	234.77
2	निवेश इकाई क्रमांक –2	2120.21
3	निवेश इकाई क्रमांक –3	1807.25
4	निवेश इकाई क्रमांक –4	2531.28
5	निवेश इकाई क्रमांक –5	1474.96
6	निवेश इकाई क्रमांक –6	2149.66
योग		**10318.13**

स्त्रोत :– नगर तथा ग्राम निवेश

- **निवेश इकाई क्रमांक –1**

इस निवेश इकाई में मध्य क्षेत्र सम्मिलित है। इस इकाई का क्षेत्रफल 234.77 हेक्टेयर है।

- **निवेश इकाई क्रमांक –2**

इस निवेश इकाई में सैलाना मार्ग एवं मुम्बई की ओर जाने वाली रेलवे लाईन के मध्यवर्ती क्षेत्र सम्मिलित है। इस इकाई का क्षेत्रफल 2120.21 हेक्टेयर है।

- **निवेश इकाई क्रमांक– 3**

इस निवेश इकाई में सैलाना मार्ग एवं मंदसौर को जाने वाले मार्ग के मध्य क्षेत्र सम्मिलित है। इस इकाई का क्षेत्रफल 1807.25 हेक्टेयर है।

- **निवेश इकाई क्रमांक– 4**

इस निवेश इकाई में मंदसौर मार्ग एवं नागदा को जाने वाले मार्ग के मध्य क्षेत्र सम्मिलित है। इस इकाई का क्षेत्रफल 2531.28 हेक्टेयर है।

- **निवेश इकाई क्रमांक– 5**

इस निवेश इकाई में नागदा मार्ग एवं इटावा को जाने वाले मार्ग के मध्य क्षेत्र सम्मिलित हैं। इस इकाई का क्षेत्रफल 1474.96 हेक्टेयर है।


- **निवेश इकाई क्रमांक– 6**

इस निवेश इकाई में इटावा को जाने वाले मार्ग एवं मुम्बई को जाने वाली रेलवे लाईन के मध्य क्षेत्र सम्मिलित हैं। इस इकाई का क्षेत्रफल 2149.66 हेक्टेयर है।

4.6 नियोजन एवं नगरीय रूपांकन हेतु नियंत्रित क्षेत्र

नगर के कुछ क्षेत्रों जैसे नगरीय धरोहर, आमोद–प्रमोद के केन्द्र, धार्मिक तथा दर्शनीय स्थलों के आसपास नियोजन एवं विकास नियंत्रण आवश्यक है ताकि निर्माण से उस क्षेत्र का मूल स्वरूप नष्ट नहीं हो। नगरीय रूपांकन एवं नियोजन के संदर्भ में नियंत्रित क्षेत्र निम्नानुसार रहेगा।

1. अमृत सागर तालाब।
2. कालिका माता परिसर।
3. हनुमान ताल।
4. ग्राम सालाखेड़ी में स्थित तालाब।
5. छत्रियां।
6. करमदी तालाब।
7. सागौद तालाब।


RATLAM
4.2 - PLANNING UNIT
Legend
Planning Unit Boundary (1)
Planning Unit Boundary (2)
Planning Unit Boundary (3)
Planning Unit Boundary (4)
Planning Unit Boundary (5)
Planning Unit Boundary (6)
National Highway
State Highway
Bypass
Roads
Railway Line
Waterbody
Planning Area Boundary
Village Boundary
Municipal Area Boundary
Scale
0 0.5 1 1.5 2 2.5 3 3.5 4 Km
N
District - Ratlam
Planning Area
Ratlam
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source: Department of Town & Country Planning
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal
To Nagda
To Dewas
To Mandsaur
To Mandsaur
To Dhamnoda
To Indore
To Kawa
To Indore
To Jhabua
To Salkana
To Julwaniya
To Bajna
To Khachrod
To Dholakhad
RAJMOHEDA
SANAWADA
BYPASS
BARKHEDI
RAJOURIA
KAJRANDI
RATLAM
DHAMNOD
PARWARIA
SAWAD
1
2
3
4
5
6

4.7 संवेदनशील क्षेत्र

परिस्थितिकीय दृष्टिकोण से नदी, तालाब एवं जल भराव वाले क्षेत्र संवेदनशील क्षेत्र हैं। संवेदनशील क्षेत्रों के अंतर्गत मुख्यतः तालाबों के आसपास का क्षेत्र, नालों का जल फैलाव क्षेत्र एवं उनका जलग्रहण क्षेत्र आता है। इन क्षेत्रों के संरक्षण एवं व्यवस्थापन की विशिष्ट अनुशंसाएं निम्नानुसार हैः–

- नालों एवं जलाशयों के किनारे सघन वृक्षारोपण कर प्रदूषण स्तर को नियंत्रित किया जावे। ठोस निस्तार के प्रबंधन का सावधानीपूर्वक अध्ययन एवं क्रियान्वयन किया जाना है, ताकि यह पर्यावरण एवं जल स्त्रोत प्रदूषित ना हो। बायोगैस उत्पादन, वर्मी कल्चर, माक्रोविक पद्धति तथा निस्तार पदार्थों के जैविक वर्गीकरण से भिन्न–भिन्न धुआं रहित ईंधन केन्द्र व भवन निर्माण सामग्री (ब्लॉक्स) के निर्माण की संभावनाओं की खोज की जानी चाहिए।
- अध्ययन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी जल स्त्रोतों का प्रबंधन एक स्थानीय विकास प्राधिकारी के द्वारा किया जाना चाहिए, जो विधि–विधानों के प्रावधानों के अध्यधीन इसके संरक्षण की जवाबदारी से युक्त हो।
- संवेदनशील क्षेत्रों के आसपास भवन निर्माण गतिविधियों के लिए अलग नियमन का प्रावधान किया जाना आवश्यक है।
- कीचड़, मल निकास, सेप्टिक टेंक निकास किसी भी स्थिति में नदी–नालों व तालाबों में प्रवाहित नहीं किया जावेगा।
- पेट्रोलियम आधारित उर्वरकों का उपयोग कर जल स्त्रोतों के केचमेंट एरिया में कृषि कार्य को प्रतिबंधित किया जावेगा, जिससे कि तालाबों में जलीय घासफूल एवं अन्य ऐसी गतिविधियां जो भूमि कटाव करती हैं, को रोका जा सके। संबंधित विभाग द्वारा इस संबंध में आवश्यक उपाय किया जाना चाहिए।
- नियंत्रित क्षेत्र में सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से पर्यटकों के परोक्ष आमोद–प्रमोद, प्रोत्साहन, दर्शनीय स्थलों के विस्तार एवं अन्य कार्य स्वीकार्य होंगे। नियंत्रित क्षेत्र से बाहर के खुले क्षेत्रों में उपरोक्त श्रेणियों के निर्माण के अतिरिक्त अन्य निर्माण प्रतिबंधित होंगे।
- हवाई अड्डा/हवाई पट्टी के प्रतिबंधित नियंत्रित क्षेत्र में उड्डयन विभाग से अनापत्ति प्राप्त करना आवश्यक है।

4.8 असंगत भूमि उपयोग

रतलाम विकास योजना 2035 में विभिन्न गतिविधियों की पुनर्स्थापना से रिक्त हुए स्थल के उपयोग के प्रस्ताव निम्नलिखित सारणी में दर्शाये गये हैं।

असंगत भूमि उपयोगों की पुनर्स्थापना एवं रिक्त भूमि का उपयोग

सारणी 4–सा– 3

क्र.	उपयोगों का स्थानांतरण	वर्तमान स्थिति	प्रस्तावित स्थिति	भूमि रिक्त होने पर उपयोग
1	2	3	4	5
1	आवासीय	गंदे नालों के किनारे स्थित बस्तियां	निवेश इकाई क्रमांक–6	वृक्षारोपण
2	फुटकर सब्जी बाजार	माणक चौक	बाजना बस स्टेण्ड	पार्किंग के स्थान
3	अग्रेषण अभिकरण	शहर सराय	यातायात नगर	वाणिज्यिक
4	लकड़ी गोदाम	बाजना मार्ग	निवेश इकाई क्र.3	वाणिज्यिक
5	घास मंडी	(अ) गौशाला मार्ग (ब) हाट मार्ग	बाजना बस स्टेण्ड	यातायात हेतु
6	पत्थर गोदाम	(अ) सिलावटों का वास (ब) गौशाला मार्ग	निवेश इकाई क्र.3	आवासीय
7	कबाड़ी बाजार	(अ) मिशन मार्ग (ब) पावर हाउस मार्ग	निवेश इकाई क्र.3	आवासीय
8	फुटपाथ पर स्थित दुकानें	(अ) हाट मार्ग (ब) हास्पीटल के पास (स) मिशन चौराहा	राजबाई बावड़ी क्षेत्र	मार्ग/फुटपाथ
9	तेल मिलें	हाट मार्ग	निवेश इकाई क्र.5	आवासीय
10	गौशाला	गौशाला मार्ग	नवीन प्रस्तावित क्षेत्र	आवासीय
11	दीपक वायर इंडस्ट्रीज	जिला मुख्यालय अहाता	निवेश इकाई क्रमांक–4/5 में औद्योगिक क्षेत्र	आवासीय
12	बस डिपो	शहर सराय	प्रस्तावित बस स्टेण्ड (इंदौर मार्ग)	वाणिज्यिक
13	निजी बस स्टेण्ड (मार्ग पर संचालित)	सैलाना मार्ग	सैलाना मार्ग पर प्रस्तावित बस स्टैण्ड	मार्ग
14	शासकीय स्नात्तकोतर महाविद्यालय	मध्य क्षेत्र से लगकर	प्रस्तावित सार्वजनिक अर्ध सार्वाजनिक (इन्दौर मार्ग)	मिश्रित
15	सज्जन मिल	सैलाना मार्ग	बंद	आवासीय
16	वैंकटेश जिनिंग मिल	सैलाना मार्ग	बंद	आवासीय

नोट :–

पुनर्विलोकित विकास योजना में जिला जेल हेतु प्रस्ताव ग्राम सालाखेड़ी में दिये गये हैं। किन्तु जेल विभाग को शासन द्वारा निवेश क्षेत्र के बाहर ग्राम बिबड़ोद में भूमि आवंटित की गई है। वर्तमान जिला जेल जो कि मध्य क्षेत्र में स्थित है, उक्त जेल को निवेश क्षेत्र के बाहर स्थानांतरित होने के पश्चात् रिक्त भूमि का उपयोग सार्वजनिक एवं अर्धसार्वजनिक (कार्यालयों हेतु) प्रस्तावित किया गया था। चूंकि यह क्षेत्र जिला चिकित्सालय परिसर से लगा हुआ है। अतः इस क्षेत्र का उपयोग चिकित्सीय परिसर के विस्तार हेतु किया जाना अनुसंशित है तथापि चिकित्सीय परिसर के विस्तारीकरण की आवश्यकता ना होने पर अन्य उपयोग हेतु भी उपयोग किया जा सकता है।

उपरोक्त के अलावा वर्तमान जिला जेल एवं रेलवे बस्ती के निकट स्थित इंडियन ऑयल डिपो को पूर्ववत् अकार्यक्षम भूमि उपयोग की श्रेणी में रखा गया है। ये गतिविधियां वर्तमान स्थल पर बिना विस्तार के कार्यरत रह सकेंगी। किन्तु स्थानांतरित करने की दशा में जिला जेल से रिक्त भवन/भूमि का उपयोग अन्य सार्वजनिक अर्धसार्वजनिक उपयोग (सिविल अस्पताल विस्तार) अंतर्गत किया जावेगा। जेल की पुनर्स्थापना हेतु स्थल का चयन जिला प्रशासन अधिकारियों के परामर्श से नगर तथा ग्राम निवेश द्वारा किया जावेगा। तेल एवं ऑयल डिपो को दिल्ली–मुम्बई रेलवे लाईन के उत्तर में लोको शेड के निकट स्थानांतरित किया जा सकेगा।


4.9 मध्य क्षेत्र

रतलाम विकास योजना 2021 में मध्यक्षेत्र की समस्याओं का विस्तृत वर्णन किया गया है। इसमें मध्यवर्ती क्षेत्र की सीमायें रतलाम शहर के मुख्य वाणिज्यिक केन्द्र तक ही सीमित थी, जिसमें शहर की पुरानी घनी आबादी वाले क्षेत्र को सम्मिलित नहीं किया गया था। रतलाम विकास योजना 2021 में प्रस्तावित मध्यक्षेत्र की सीमाओं को विकास योजना 2035 में भी यथावत रखा गया है। मध्यक्षेत्र की सीमायें निम्नानुसार है :–

पूर्व दिशा	–	आनन्द कॉलोनी मार्ग से ऑफिसर कॉलोनी मार्ग संगम तक
पश्चिम दिशा	–	बाजना बस स्टेण्ड मार्ग से गौशाला मार्ग हाट रोड तक
उत्तर दिशा	–	हाट रोड, शहर सराय, कॉलेज रोड, कालिका माता मंदिर तक
दक्षिण दिशा	–	हरमाला रोड, त्रिपोलिया गेट, अमृत सागर तालाब तक

4.10 ग्राम विकास

निवेश क्षेत्र में स्थित जो ग्राम आबादी प्रस्तावित नगरीय क्षेत्र में शामिल नहीं हुई है, उनका विस्तार वर्तमान आबादी के आसपास 200 मीटर की परिधि में आवासीय उपयोग स्वीकार्य होगा। साथ ही ग्राम विकास की अन्य गतिविधियां भी स्वीकार्य होगीं। यह विकास/विस्तार सक्षम प्राधिकारी की अनुज्ञा से ग्राम विकास के रूप में ही किया जा सकेगा।


RATLAM
4.3 EXISTING LANDUSE
CENTRAL AREA
Legend
RESIDENTIAL
COMMERCIAL
INDUSTRIAL
RECREATIONAL
PUBLIC & SEMIPUBLIC
TRANSPORTATION
WATERBODIES
BOUNDARIES
Scale
0
0.5
Km
N
District - Ratlam
Planning Area
Ratlam
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source: World View-II,2016 Satellite Data & Ground Verification
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal

अध्याय 5 प्रस्तावित परिभ्रमण योजना अवधारणा

5.1 प्रस्तावित परिभ्रमण योजना अवधारणा

शहरी व्यवस्थापन हेतु प्रभावपूर्ण परिभ्रमण संरचना की आवश्यकता होती है, ताकि नगर के निवासियों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवागमन की व्यवस्था प्राप्त हो सके। प्रस्तावित परिभ्रमण संरचना नगर के भावी आकार एवं स्वरूप का निर्धारण करने के साथ–साथ नगरीय अर्थव्यवस्था एवं नियोजन को भी प्रभावित करती है। रतलाम नगर की यातायात संरचना निम्नलिखित अवधारणा पर आधारित है।

- क्षेत्रीय यातायात एवं नगरीय यातायात का पृथक्करण,
- नगर के प्रस्तावित भावी विकास एवं विस्तार के सम्बन्ध में उपयुक्त परिभ्रमण संरचना,
- नगर के विभिन्न कार्य केन्द्रों के मध्य सम्पर्क स्थापित करना,
- नगर की विभिन्न बसाहटों के मध्य सामन्जस्य स्थापित करना,
- मिश्रित यातायात के अनुरूप सुसंगठित मार्ग संरचना,
- **रेल मार्ग**

यह नगर पश्चिम मध्य रेलवे का जंक्शन है। रेल यातायात द्वारा दिल्ली–मुम्बई, जयपुर–भोपाल एवं रतलाम डॉ. अम्बेडकर नगर तक ब्रॉडगेज रेलवे लाईन जंक्शन पर स्थित होने के कारण देश के विभिन्न क्षेत्रों से सीधा जुड़ा हुआ है। रतलाम रेलवे स्टेशन क्षेत्र के यातायात दबाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

- **मार्ग**

रतलाम नगर, महू–नीमच मुख्य मार्ग पर स्थित है, जिसे शासन द्वारा राज्य राजमार्ग क्रमांक–31 घोषित किया गया है। रतलाम से झाबुआ मार्ग भी गुजरता है, जो कि राजमार्ग क्रमांक –39 के नाम से घोषित है। इसके अतिरिक्त रतलाम से सैलाना को जाने वाले मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–927 ए के नाम से प्रस्तावित किया गया है।

रतलाम नगर का राष्ट्रीय यातायात प्रणाली में भी महत्वपूर्ण स्थान है। रतलाम नगर विभिन्न प्रमुख नगरों जैसे– भोपाल, इंदौर, दिल्ली तथा मुंबई से रेलवे मार्ग से जुड़ा है। यह क्षेत्रीय एवं जिला स्तरीय केन्द्रों से भी जुड़ा हुआ है। क्षेत्रीय केंद्र के साथ–साथ सुविधाओं एवं सामग्री के वितरण हेतु भी नगर की महत्वपूर्ण भूमिका है।

दिल्ली–मुंबई रेल मार्ग, जयपुर–भोपाल, एवं रतलाम– डॉ. अम्बेडकर नगर रेल मार्ग, राज्य राजमार्ग के मिलने तथा नगरीय यातायात के मिश्रित होने से यातायात प्रबंधन की दृष्टि से बायपास मार्ग प्रस्तावित किए गए हैं, जिसमें से **पूर्वी दिशा** का बायपास निर्मित हो चुका है, तथा **पश्चिमी दिशा में भी** बायपास मार्ग प्रस्तावित किया गया है। **वर्तमान में पश्चिमी ओर** स्थित मार्ग सैलाना, बाजाना एवं धोलावड़ की ओर जाते हैं, जिन पर यातायात का इतना दबाव नहीं है। यद्यपि सैलाना मार्ग को भी मंदसौर मार्ग से 18 मीटर चौड़े मार्ग से लिंक किया गया है, जिससे यातायात सुगम हो गया है।

5.2 यातायात की वर्तमान स्थिति

नगर के भौतिक विकास का स्वरूप मुख्यतः परिवहन संरचना पर निर्भर करता है। भूमि उपयोग एवं यातायात आवश्यकताओं का आपस में घनिष्ठ संबंध रहा है। वर्तमान परिवहन व्यवस्था के अध्ययन से ज्ञात होता है कि वर्ष 2001 के पश्चात् नगर में सतत् रूप से सार्वजनिक वाहनों एवं अन्य वाहनों की संख्या में बहुत अधिक वृद्धि परिलक्षित हुई है। नगर यातायात हेतु छोटे यात्री वाहन जैसे कि टेम्पो, मैजिक वाहन एवं ऑटो रिक्शा नगर में यातायात के प्रमुख साधन होकर नगर की यातायात प्रणाली में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। तीव्र एवं मंद गति वाहनों द्वारा नगर मार्गों का मिश्रित उपयोग करना सुरक्षित एवं सुविधाजनक यातायात के लिए गंभीर समस्या है। नगर में सार्वजनिक यातायात प्रणाली उपलब्ध नहीं है।

भारत सरकार सड़क एवं परिवहन विभाग द्वारा प्रस्तावित दिल्ली–मुम्बई एक्सप्रेस हाईवे (आठ लेन) रतलाम निवेश क्षेत्र के बाहर बांसवाड़ा मार्ग पर लगभग 13 कि.मी. दूरी पर तहसील रतलाम (ग्रामीण) के ग्राम धामनोद से एवं चितौड़गढ़–खरगोन–भुसावल मार्ग पर लगभग 25 किमी दूरी पर तहसील रतलाम (ग्रामीण) के ग्राम भदवासा से होकर प्रस्तावित है। उक्त एक्सप्रेस हाईवे के विकसित होने से रतलाम नगर में व्यापार एवं उद्योग से संबंधित गतिविधियों में वृद्धि होने की संभावना है।


5.2.1 यातायात अवसान केन्द्र (माल)

- **रेलवे गुड्स यार्ड एवं लोको शेड**

रेलवे लाइन पर स्थित वर्तमान गुड्स यार्ड यथावत रहेंगे। इसके अलावा लोको शेड के विस्तार हेतु रेलवे लाईनों के दोनों ओर पर्याप्त स्थान आरक्षित रखा गया है ।

- **ट्रक स्थानक**

मण्डी, औद्योगिक क्षेत्र, ट्रांसपोर्ट नगर आदि यातायात उद्गम केन्द्रों पर ट्रकों के खड़े करने हेतु स्थान प्रावधानित किये गये हैं। इस संबंध में विस्तृत विवरण परिक्षेत्रिक योजना में दिया जावेगा ।


RATLAM
6.1 - EXISTING TRANSPORT NETWORK
Legend
National Highway
State Highway
By-Pass
Major District Road
Other District Road
Major City Road
Minor City Road
Other Public Road
Other Private Road
Service Road
Village road
Cart track
Bridges
Flyover
Airstrip
Railway Station
Bus Stand
Parking
Waterbody
Planning Area Boundary
Village Boundary
Municipal Area Boundary
Scale
0 0.5 1 1.5 2 2.5 3 3.5 4 Km
N
District - Ratlam
Planning Area
Ratlam
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source: Worldview-II Satellite data
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal
To Neemuch
To Dewas
To Mandsaur
To Mandsaur
To Salbana
To Jaora
To Indore
To Indore
To Dhansuta
To Nagda
To Jhabua
To Jaora
To Bajna
To Dholabad
BAJANKHEDA
GHATLA
BHATUNI
BHATKHEDI
SAHAVADA
SEJAWATA
BORVANA
SURAKHEDI
HARIKHEDI
SAJAKHEDI
KARMADI
DHOBIGHAT
BARBADH
RAJGARH
RATLAM
BANJLI
BIRDYAKHEDI
KHETALPUR
SAGOD
Bypass
SH 31
SH 39
SH 27 A

- **हवाई पट्टी**

रतलाम नगर से 100 कि.मी. की दूरी पर स्थित इंदौर में स्थित विमान तल से नगर की इस संबंध में आवश्यकता की पूर्ति होती रहती है। तथापि सैलाना मार्ग पर नगर के उत्तर में निवेश क्षेत्र की सीमा पर जो हवाई पट्टी स्थित है, उससे आपातकालीन समय में कार्य लिया जाता है। हवाई पट्टी के परिधि में विकास/निर्माण के पूर्व नागरिक उड्डयन विभाग की अनुमति/अनापत्ति प्राप्त करना आवश्यक होगा।

5.2.2 यात्री अवसान केन्द्र

- **रेलवे स्टेशन**

वर्तमान में रतलाम रेलवे स्टेशन नगर के मध्य में स्थित है। नगर के मध्य में पहुँच हेतु अन्य क्षेत्रों से पहुँच मार्ग उपलब्ध है। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों हेतु पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं।

- **क्षेत्रीय बस स्टेण्ड**

रतलाम नगर के बस स्टेण्ड एवं पिकअप स्टेशन हेतु विकास योजना 2035 के प्रस्ताव निम्न सारणी में दर्शाया गया है :–

क्षेत्रीय बस स्टेण्ड

सारणी 5–सा– 1

क्रमांक	बस स्टेण्ड	आवागमन स्थान	विकास योजना 2035 में प्रस्ताव
1	2	3	4
1	डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बस स्टेण्ड, रेलवे लाईन के पास	इंदौर, मंदसौर, उज्जैन, नीमच, धार, बड़वानी, खण्डवा एवं अन्य राज्य	यात्रियों हेतु सेवाओं में उन्नयन।
2	मध्य क्षेत्र में दीनदयाल नगर के पास	बाजना	यात्रियों हेतु सेवाओं में उन्नयन।
3	त्रिपुलिया गेट पर (स्थायी)	झाबुआ	पिकअप स्टेशन के रूप में स्थानीय प्रशासन द्वारा विकसित किया जाना प्रस्तावित है।
4	महाराणा प्रताप ओवर ब्रिज के पास (स्थायी)	सैलाना	पिकअप स्टेशन के रूप में स्थानीय प्रशासन द्वारा विकसित किया जाना प्रस्तावित है।

5.2.3 वाहन विराम स्थल

मध्य क्षेत्र में निम्न स्थलों को वाहन पार्किंग स्थल के विकास हेतु प्रस्तावित है, जिन्हें नगर पालिक निगम को पार्किंग के रूप में व्यवस्थित एवं विकसित करना चाहिये।

- कालिका माता मंदिर के पास।
- डालूमोदी बाजार में डॉ. देवीसिंह के भवन के पीछे।
- माणकचौक स्थित सब्जी मण्डी को स्थानांतरित कर रिक्त भूमि पर।
- तोपखाना मार्ग व धानमंडी मार्ग के मध्य।
- नाहरपुरा के पीछे स्कूल के सामने।
- धनजी बाई के नोहरे पर।
- बाज़ना बस स्टेण्ड ।
- आज़ाद चौक (चांदनी चौक) पर।

5.3 प्रस्तावित यातायात प्रणाली

वर्तमान क्षेत्रीय मार्ग मंदसौर, नागदा, इंदौर, झाबुआ, बांसवाड़ा को जाते हैं। नगर के मध्य से गुजरने वाले क्षेत्रीय मार्गों को जोड़ने हेतु रतलाम विकास योजना 2035 में क्षेत्रीय वृत्तीय मार्ग (बायपास) प्रस्तावित किया गया है। इसी प्रकार नगर के विभिन्न हिस्सों को जोड़ने के लिए मुख्य मार्ग एवं अन्य मार्ग प्रस्तावित है।

- **राष्ट्रीय राजमार्ग**


रतलाम निवेश क्षेत्र मे रतलाम से स्वरूपगंज (राजस्थान) तक राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक **927–ए प्रस्तावित है, जो कि निवेश क्षेत्र में सैलाना मार्ग से ग्राम बंजली से नगर** में होते हुये सालाखेड़ी गांव में बायपास मार्ग तक प्रस्तावित है।

- **राजमार्ग**

रतलाम निवेश क्षेत्र में से चितौड़गढ़–खरगोन–भुसावल राज्य राजमार्ग क्रमांक 31 नगर के पूर्वी भाग से होकर गुजरता है। क्षेत्र में यातायात के दबाव को दृष्टिगत रखते हुए राजमार्गों को परिवर्तित करते हुये निवेश क्षेत्र के पूर्वी भाग में बायापास मार्ग का निर्माण किया गया है। **इसी प्रकार पश्चिम भाग के यातायात के दबाव को कम करने हेतु पश्चिमी बायपास मार्ग** विकसित किया जाना प्रस्तावित है।

- **बायपास मार्ग**

रतलाम नगर विभिन्न क्षेत्रीय मार्गों द्वारा नीमच, प्रतापगढ़, उज्जैन, बासवाड़ा, खाचरोद, झाबुआ से जुड़ा है। महू–नीमच राजमार्ग पर क्षेत्रीय यातायात एवं स्थानीय आंतरिक यातायात


RATLAM
5.2 - DEVELOPMENT PLAN 2035 (DRAFT)
Proposed Transport Network
Legend
TRANSPORTATION
STATE HIGHWAY
REGIONAL ROAD
MAJOR ROAD
SECTOR ROAD
BUS STAND
TRANSPORT NAGAR
BRIDGE
परिवहन
राज्यमार्ग
क्षेत्रीय मार्ग
मुख्य मार्ग
खण्डीय मार्ग
बस स्थानक
यातायात नगर
पुल
ROAD NAME | ROAD WIDTH
Km - 1 | 60 M
STATE HIGHWAY | 60 M
MR - 1 | 30 M
MR - 2 | 30 M
MR - 2 | 30 M
MR - 3 | 30 M
MR - 4 | 30 M
MR - 5 | 24 M
MR - 6 | 30 M
MR - 7 | 24 M
MR - 8 | 24 M
MR - 9 | 30 M
MR - 10 | 24 M
MR - 11 | 24 M
ROAD NAME | ROAD WIDTH
MR - 12 | 45 M
MR - 13 | 30 M
MR - 14 | 30 M
MR - 15 | 30 M
MR - 16 | 30 M
MR - 17 | 24 M
MR - 18 | 24 M
MR - 19 | 30 M
MR - 20 | 30 M
MR - 21 | 24 M
MR - 22 | 45 M
MR - 23 | 30 M
SR | 18 M
Scale 0 0.5 1 1.5 2 2.5 3 Km
District - Ratlam
Planning Area
Ratlam
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source: Archive Master Plan By T&CP
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal
To Neemuch
To Delhi
To Mandsaur
To Barkheda
To Sailana
To Jaora
To Jujhwanhya
To Bajna
To Dhamnoda
To Indore
To Ujjain
To Indore
GHATLA
BEJAWATA
BHATUNI
BAJANKHEDA
BORKHANA
DHOSIKACHI
GARBADA
RAJGARH
BANJI
SUBAKHEDI
NAMKHEDI
BANAVADA
BHATKHEDI
BALAKHEDI
KARMADI
RATLAM
BIRIYAKHEDI
KHETALPUR
BAGOD
Bypass
NH 927 A
NH 59
NH 59 A

मिश्रित होने से इस मार्ग पर यातायात का बहुत अधिक दबाव रहता है। अतः क्षेत्रीय यातायात को नगरीय यातायात से पृथक करने एवं नगर के बाहर से निकालने की दृष्टि से महू–नीमच राजमार्ग वर्तमान में निर्मित होकर संचालित है। इसके अतिरिक्त निवेश क्षेत्र के पश्चिमी भाग में मंदसौर मार्ग से सैलाना मार्ग, बाजना मार्ग एवं धोलाबड़ मार्ग होते हुए इन्दौर मार्ग को मिलता हुए 60.00 मीटर चौड़ा बायपास/वृत्तीय मार्ग प्रस्तावित किया गया है।

- **क्षेत्रीय मार्ग**

महू–नीमच मार्ग नगर के मध्य से निकलता है। इस मार्ग पर क्षेत्रीय यातायात एवं स्थानीय यातायात मिश्रित होने से इस मार्ग पर यातायात का बहुत अधिक दबाव रहता है। अतः महू–नीमच मार्ग, सैलाना मार्ग, बाजना मार्ग, झाबुआ मार्ग, नागदा मार्ग की ओर से आने वाले सीधे यातायात को बाहर से निकालने हेतु आर.आर.–1 मार्ग प्रस्तावित किया गया है। इस मार्ग के प्रस्तावित एलाईनमेंट के स्थान पर मंदसौर की ओर जाने वाली रेलवे लाईन की लेवल क्रासिंग के पास से सैलाना मार्ग तक लिंक निर्मित किया गया है। इससे सैलाना एवं मंदसौर से इंदौर की ओर से आने वाले एवं इंदौर की ओर जाने वाले यातायात को नगर के बाहर की ओर ही संचालित किया जा सकता है। सेजावता से बंजली को जाने वाला आर.आर.–1 मार्ग के भाग का विकास हो चुका है। आरआर. 1 गार्ग की वर्तगान रिथति को विकास योजना 2035 गें यथावत रखा गया है।

- **मुख्य मार्ग**

रतलाम विकास योजना 2035 में 24 मुख्य मार्ग प्रस्तावित किये गये हैं, जिनकी चौड़ाई 24 से 45 मीटर तक रखी गई है। मुख्य मार्ग क्रमांक 20 हरमाला मार्ग से बायपास तक का निर्माण पुराने इन्दौर–मंदसौर बायपास मार्ग तक हुआ है।

- **वृत्त खण्ड स्तरीय मार्ग**

निवेश इकाईयों में आंतरिक यातायात की दृष्टि से यह मार्ग महत्वपूर्ण है तथा इनका उपयोग आवासीय क्षेत्रों की गतिविधि केन्द्रों को जोड़ने हेतु किया जाता है। इन मार्गों की प्रस्तावित चौड़ाई 12 से 18 मीटर प्रस्तावित है। इन मार्गों पर सार्वजनिक परिवहन के साथ नगर बस सेवा भी प्रारंभ की जा सकती है। इन मार्गों के किनारे जल प्रदाय, विद्युत प्रदाय एवं मल निकासी से संबंधित वितरण व्यवस्था की जा सकेगी।

- **उप खण्ड स्तरीय मार्ग**

यह मार्ग मुख्य रूप से आवासीय वृत्त खण्डों के आंतरिक यातायात हेतु प्रस्तावित होने से इनको खण्डस्तरीय एवं प्रमुख मार्गों से जोड़ा जावेगा। इन मार्गों का मार्गाधिकार 12 से 15 मीटर प्रस्तावित है, जो वर्तमान विकसित क्षेत्र में न्यूनतम 12 मीटर तथा प्रस्तावित क्षेत्र में 15 मीटर चौड़े रहेंगे।

- **स्थानीय मार्ग**

स्थानीय मार्ग आवासीय वृत्त खण्डों के आंतरिक यातायात के लिए होता है तथा इन्हीं मार्गों से भवनों को पहुँच उपलब्ध होती है। इन मार्गों पर समस्त स्थानीय सेवायें जैसे– जल प्रदाय, मल निकास, विद्युत लाईन आदि स्थित होती है। इन मार्गों का मार्गाधिकार 9 से 12 मीटर प्रस्तावित है जो वर्तमान विकसित क्षेत्र में न्यूनतम 9 मीटर एवं प्रस्तावित क्षेत्र में 12 मीटर रहेगी। बाजार परिसर, दुकानें एवं अन्य गैर आवासीय गतिविधियों के क्षेत्रों में, विकास अनुज्ञा सेवा मार्ग एवं पार्किंग के आवश्यक प्रावधान के साथ दी जावेगी ।

- **पदचारी मार्ग**

पदयात्री पथ परिभ्रमण संरचना का एक अति आवश्यक अंग है। पद यात्री पथ चालकों के साथ वृद्ध व्यक्तियों के लिए भी अत्यंत आवश्यक है ताकि वे दुकानों, वाचनालयों, पुस्तकालयों तथा पाठशालाओं तक की दूरी सुरक्षित एवं सुगमतापूर्वक तय कर सकें। पदचारी पथ एक आवासीय खण्ड को दूसरे खण्ड से जोड़ने हेतु भी प्रस्तावित है। इनके विस्तृत प्रस्ताव परिक्षेत्रीय योजना में प्रस्तावित किये जावेंगे।

5.4 मार्गों की प्रस्तावित चौड़ाई

मार्गों की चौड़ाई प्रस्तावित करते समय उनका महत्व दीर्घकालीन यातायात की सघनता, यातायात का स्वरूप व विशेषताएं आदि को ध्यान में रखा गया है। निम्न सारणी 5–सा–2 में विभिन्न मार्गों की प्रस्तावित चौड़ाई दर्शायी गई है।

मार्गों की प्रस्तावित चौड़ाई

सारणी 5–सा– 2

क्र.	मार्ग	प्रस्तावित चौड़ाई मीटर में
1	2	3
1	राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 927–ए	60
2	राजमार्ग क्रमांक 31 (अ) इंदौर मार्ग से मंदसौर मार्ग तक (बायपास) राजमार्ग क्रमांक 39 (ब) धानासुता मार्ग से झाबुआ मार्ग (आर.आर.1) तक	60 60
3	वृत्तीय मार्ग (अ) मंदसौर मार्ग से इंदौर मार्ग तक (आर.आर.1)	60

क्र.	मार्ग	प्रस्तावित चौड़ाई मीटर में
1	2	3
4	क्षेत्रीय मार्ग	
i.	सैलाना मार्ग (अ) सैलाना ओव्हर ब्रिज से आरो आश्रम तक (ब) आरो आश्रम से सैलाना की ओर	 36 60
ii.	बाजना मार्ग (अ) बाजना बस स्टेण्ड से एम.आर.–6 तक (ब) एम.आर.–6 से बाजना की ओर	 36 60
iii.	झाबुआ मार्ग (आर.आर.1 से झाबुआ की ओर)	60
iv.	धानासुता मार्ग	30
v.	नागदा मार्ग (बायपास से नागदा की ओर)	45
vi.	धोलावड़ मार्ग (आर.आर.1 से धोलावड़ की ओर)	30
vii.	इटावा माता मार्ग (बायपास से इटावा की ओर)	30
viii.	डायवर्सन गार्ग	30
5	मुख्य मार्ग	
i.	एम.आर.–1	30
ii.	एम.आर.–2 (आर.आर.–1 से बायपास तक)	30
iii.	एम.आर.–3	30
iv.	एम.आर.–4	30
v.	एम.आर.–5	24
vi.	एम.आर.–6 (बाजना मार्ग से सैलाना मार्ग तक 24 मीटर)	30
vii.	एम.आर.–7	24
viii.	एम.आर.–8	24
ix.	एम.आर.–9	30
x.	एम.आर.–10	24
xi.	एम.आर.–11	24
xii.	एम.आर.–12	45
xiii.	एम.आर.–13	30
xiv.	एम.आर.–14	30

क्र.	मार्ग	प्रस्तावित चौड़ाई मीटर में
1	2	3
xv.	एम.आर.–15	30
xvi.	एम.आर.–16	24
xvii.	एम.आर.–17	24
xviii.	एम.आर.–18	24
xix.	एम.आर.–19	30
xx.	एम.आर.–20 (हरमाला मार्ग से बायपास तक)	24
xxi.	एम.आर.–21	24
xxii.	एम.आर.–22	45
xxiii.	एम.आर.–23	30
xxiv.	एम.आर.–24	24
6	खण्ड स्तरीय मार्ग	18
7	उप खण्ड स्तरीय मार्ग	12 15
8	स्थानीय मार्ग	9 12

वर्तमान मार्गों की प्रस्तावित चौड़ाई

सारणी 5–सा– 3

क्रमांक	मार्गों का नाम	वर्तमान चौड़ाई (मीटर में)	प्रस्तावित न्यूनतम चौड़ाई (मीटर में)
1	2	3	4
	मुख्य मार्ग		
1	पावर हाउस मार्ग महाराणा प्रताप स्टेच्यू से दो बत्ती चौराहे तक	18–24	24
2	महात्मा गांधी मार्ग, घोड़ा चौराहे से जावरा फाटक तक	18–24	24
3	राजेन्द्र प्रसाद मार्ग (अस्पताल से घोड़ा चौराहे तक)	12–18	24
4	जवाहर मार्ग (न्यू रोड) दो बत्ती से शहर सराय तक	18–20	24
5	वीर सावरकर मार्ग (अम्बेडकर स्टेचू से महू नीमच रोड के फव्वारे तक)	22–25	24

क्रमांक	मार्गों का नाम	वर्तमान चौड़ाई (मीटर में)	प्रस्तावित न्यूनतम चौड़ाई (मीटर में)
1	2	3	4
6	लोकेन्द्र भवन रोड	15–18	18
7	रेलवे स्टेशन मार्ग (जावरा फाटक से स्टेशन तक)	08–10	18
8	शास्त्री नगर रोड (न्यू रोड से पावर हाउस लिंक रोड)	15–18	18
9	फ्रिगंज रोड	15–18	18
	अन्य मार्ग		
1	दयानंद मार्ग (हाट रोड से त्रिपोलिया गेट तक)	18–22	24
2	सुभाष मार्ग (रानीजी मंदिर तक)	18–22	24
3	नोलाईपुरा	15–18	18
4	नाहरपुरा गार्ग (डालूमोदी चौक से माणकचौक तक)	15–18	18
5	माणकचौक मार्ग (घास बाजार चौक तक)	9–12	12
6	दौलतगंज मार्ग (घास बाजार तक)	9–12	12
7	घासबाजार मार्ग (सेठजी के बाजार तक)	18–22	24
8	घास बाजार मार्ग (सेठजी के बाजार से हरमाला रोड तक)	15–18	18
9	कसेरा बाजार मार्ग	15–18	18
10	धानमण्डी मार्ग (नाहरपुरा चौक से हरदेवलाला पिपली)	18–22	24
11	नीमचौक मार्ग	15–18	18
12	बजाजखाना मार्ग	12–15	15
13	डालूमोदी चौक से बजाजखाना मार्ग तक	9–12	12
14	भुट्टा बाजार (तिलक मार्ग)	9–12	12
15	चौमुखी पुल मार्ग (घास बाजार से चांदनी चौक तक)	18–20	24
16	लक्कड़पीठा मार्ग (चांदनी चौक से बाजना बस स्टैण्ड तक)	15–18	18
17	बिहारीलाल मार्ग (नाहरपुरा चौक से पूर्णेश्वर महादेव मंदिर)	15–18	18
18	मोचीपुरा मार्ग (सुरज पोल से नाले तक)	9–12	12
19	भरावा कुई मार्ग (कसेरा बाजार चौक से घास बाजार तक)	15–18	18
20	रंगरेज मार्ग	10–12	12

क्रमांक	मार्गों का नाम	वर्तमान चौड़ाई (मीटर में)	प्रस्तावित न्यूनतम चौड़ाई (मीटर में)
1	2	3	4
21	मराठों का वास मार्ग	09–12	12
22	गौशाला मार्ग	12–15	15
23	ईदगाँह मार्ग	12–15	15
24	रामगढ़ मार्ग	12–15	15
25	रामगढ़ मेला क्षेत्र मार्ग	15–18	18
26	सेठजी का बाजार मार्ग	8–10	12
27	पैलेस रोड (डालूमोदी चौक से चिंताहरण गणेश मंदिर)	8–10	18
28	पैलेस गेट से नगर निगम चौक तक	24	24
29	चिंताहरण गणेश मंदिर से पैलेस रोड तक	12–15	18
30	सुरज पोल रोड (थावरिया से सूरजमौर तक)	12–15	15
31	मोतीपुरा से कालकामाता मंदिर तक	8–10	12
मध्य क्षेत्र परिधीय मार्ग			
1	शहर सराय, हाट रोड, बाजना बस स्टैण्ड , अमृत, सागर तालाब, त्रिपोलिया गेट चमारिया नाका, हरमाला रोड, हाकिम वाड़ा, काजीपुरा, आनंद कॉलोनी रोड, वीर सावरकर मार्ग, अम्बेडकर चोराहा, नाहरपुरा चौक से शहर सराय	–	18–24 मीटर
2	नाहरपुरा से सुभाष मार्ग धानमंडी को जाने वाली अण्डागली मार्ग, माणक चौक से नागरवास तरफ के प्रवेश मार्ग, माणक चौक से डालूमोदी बाजार तरफ के प्रवेश मार्ग	–	9 मीटर

अध्याय 6 विकास नियमन

6.1 प्रवृत्तशीलता

इन नियमनों का उद्देश्य निवेश क्षेत्र के नगरवासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। यह नियमन निम्न गतिविधियों को नियंत्रित करेंगे :–

- निवेश क्षेत्र के अंदर समस्त विकास।
- भूमि के स्वरूप में परिवर्तन जिसमें भूमि का उप विभाजन, संयुक्तिकरण, संविलियन, उपांतरण एवं भूमि का उपयोग सम्मिलित है।
- समूह आवासीय परियोजनाओं का सम्मिलित संस्थागत विकास।
- किसी भी प्रकार के भवन जिसमें भवन की ऊँचाई सम्मिलित हो।
- ऐसे क्षेत्र में, जो निवेश क्षेत्र सीमा के अंदर हैं, भूमि का विकास, भवनों का निर्माण/परिवर्तन एवं तोड़ना।

6.2 क्षेत्राधिकार

1. इस अध्याय में वर्णित विकास नियमन, राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 13 के अंतर्गत गठित निवेश क्षेत्र पर लागू होंगे तथा जो नियमन इस अध्याय में वर्णित नहीं है, वे म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 में निहित प्रावधानों एवं शासन द्वारा नियमों में किये जाने वाले संशोधन के अनुरूप लागू होंगे।

2. इस अध्याय में वर्णित सक्षम प्राधिकारी से तात्पर्य है, संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश या उनके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी जो विकास योजना में विभिन्न उपयोगों के अन्तर्गत स्वीकार्य गतिविधियों हेतु विकास अनुज्ञा देने हेतु सक्षम हैं।

3. विकास योजना प्रस्तावों का विस्तृतीकरण परिक्षेत्रिक योजना में किया जाता है। यह संभावना है कि विकास योजना में परिभ्रमण एवं उपयोग परिक्षेत्रों के निर्धारण संबंधी प्रस्तावों के क्रियान्वयन संबंधी यांत्रिकी आवश्यकताओं के परिप्रेक्ष्य में संशोधित करना पड़े। ऐसे संशोधनों के संबंध में सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्णय लिया जा सकेगा। यदि किसी विवाद/विरोधाभास की स्थिति निर्मित होती है, तो उस दशा में राज्य शासन का निर्णय अंतिम होगा, जो कि योजना प्रस्तावों का एकीकृत भाग माना जायेगा।

4. विकास योजना पुस्तक के मानचित्र में चिन्हित प्रस्ताव सांकेतिक एवं स्थूल स्वरूप के हैं, तथा उक्त प्रस्ताव नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 17 के आधार पर चिन्हित किए गए हैं। उदाहरणार्थ आवासीय परिक्षेत्र, जो विकास योजना मानचित्र में दर्शाया गया है, उसमें आंतरिक मार्ग, खुले तथा हरित क्षेत्र, नागरिकों के लिए आवश्यक शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं हेतु क्षेत्रफल, तथा नगरीय विकास हेतु अनुपयोगी भूमि, वर्तमान वृक्ष समूहों द्वारा व्याप्त भूमि आवासीय क्षेत्र के अभिन्न अंग के रूप में सम्मिलित हैं। इस कारण उक्त क्षेत्र विकास योजना मानचित्र में नहीं दर्शाए गए हैं।

5. वर्तमान भूमि उपयोग को अंगीकृत विकास योजना में दर्शाये अनुसार खसरा मानचित्र पर वास्तविक उपयोग अनुसार हस्तांतरित किया जावेगा।

6. आस–पास विद्यमान/निर्मित एवं धारा–30 में स्वीकृत मार्गों का समन्वय कर म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा–27, 28 व 29 में प्राप्त प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। निवेश क्षेत्र में ऐसे निर्मित मार्ग, जो मौके पर विद्यमान हैं, परन्तु जिनके प्रस्ताव विकास योजना में उप–दर्शित नहीं है अथवा उप–दर्शित है, परन्तु चौड़ाई का उल्लेख नहीं है, ऐसे मार्गों की उनकी मौके पर उपलब्ध चौड़ाई अनुसार निरंतरता समन्वय के साथ सुनिश्चित की जावेगी।

7. विकास योजना मानचित्र में निर्धारित किसी भी उपयोग परिक्षेत्र में सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदाय विकास अनुज्ञा, स्वीकृत वर्तमान भवन, वर्तमान अवस्था में तथा वर्तमान अधिभोग हेतु क्रियान्वित होने पर यथावत रहेंगे।

8. किसी भी उपयोग परिक्षेत्र में उपयोगिता अधोसंरचना से संबंधित निर्माण अथवा गतिविधि, जो स्थल पर आवश्यकता के अनुरूप उपयुक्त अधोसंरचना नियोजन एवं रूपांकन के अनुरूप तथा सक्षम अधिकारी द्वारा अनुमोदित हो, स्वीकार्य होगी।

9. संचालक द्वारा अनुमोदित अभिन्यास की समयावधि, यदि विकास योजना प्रकाशन की तिथि पर वैध है तो उस दशा में स्वीकृत अभिन्यास का व्यापक भूमि उपयोग मान्य किया जावेगा।

10. अपरिहार्य परिस्थितियों तथा सार्वजनिक हित में, राज्य शासन नगर जनसंख्या को सामूहिक लाभ देने वाली राष्ट्रीय, राज्य अथवा नगर स्तर की गतिविधि हेतु विकास अनुज्ञा पर विचार कर सकती है भले ही वह विकास योजना में उल्लेखित न हो।

11. ऐसे क्षेत्र जहां जन सुरक्षा की दृष्टि से प्रतिबंध लगाया जाना आवश्यक हो, उसके लिये आदेश जारी करने हेतु राज्य शासन सक्षम होगा।

12. विकास अनुज्ञा के लिये प्रस्तुत मानचित्र में अगर कोई सुधार आवश्यक हो तो सक्षम अधिकारी द्वारा मानचित्र सुधार कर पुनः प्रस्तुत करने हेतु आवेदक को वापिस किया जायेगा।

13. विभिन्न उपयोग परिसरों की पार्किंग की आवश्यकताएं, उसी उपयोग परिसर के अन्दर ही आवश्यक रूप से करना होगी। उक्त पार्किंग की व्यवस्था यदि समस्त भूखण्डों को प्रगणित करते हुये एकीकृत अथवा समूह में अभिन्यास स्तर पर की गई हो तो परिसर के अंदर पृथक से पार्किंग की बाध्यता नहीं होगी।

14. नगर में निर्मित होने वाले फ्लायओवर/स्काय वॉक के नीचे के स्थान को पार्किंग एवं अन्य जनहित उपयोगी गतिविधियों में उपयोग की अनुमति स्थल विशेष की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुये दी जायेगी, परंतु ऐसी गतिविधि हेतु सक्षम अधिकारी से पूर्व अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होगा।

15. विकास योजना में नदी/नालों के दोनों ओर दर्शाया गया हरित क्षेत्र सांकेतिक स्वरूप का है। नदी के दोनों किनारों पर उच्चतम जल स्तर से न्यूनतम 30 मीटर तक एवं नालों की स्थिति में मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 50(ख) में निहित प्रावधानों के अनुसार खुला क्षेत्र रखना अनिवार्य होगा, इस भूमि पर मार्ग तथा सार्वजनिक सेवा एवं सुविधा का निर्माण स्वीकार्य होगा।

16. झुग्गियों में रहने वाले निवासी, नगरीय केन्द्र की विभिन्न गतिविधियों में सेवा कार्य से जुड़े होते हैं। यदि झुग्गी–झोपड़ी का किसी स्थान पर विस्थापन कर उसे विकसित किया जाना है, तो उस दशा में जल स्त्रोतों के क्षेत्र, आमोद–प्रमोद के क्षेत्र तथा प्रस्तावित मार्ग के क्षेत्र को छोड़कर शेष भूमि उपयोग परिक्षेत्रों में झुग्गी–झोपड़ी का विस्थापन ग्राह्य होगा।

17. विकास योजना मानचित्र जो पुस्तक के साथ संलग्न है, वह मशीन द्वारा छोटा/बड़ा किया गया मानचित्र है। इस कारण उक्त मानचित्र के आधार पर भूमि की न तो लंबाई–चौड़ाई नापी जाये, न ही इस मानचित्र के क्षेत्रफल को नापा जाये। लंबाई–चौड़ाई एवं क्षेत्रफल नापने तथा भू–उपयोग की जानकारी की कार्यवाही हेतु सर्वे मानचित्र जो 1:4000 की माप पर तैयार किया गया है, उसके आधार पर किया जाये। विकास योजना में दर्शित वर्तमान भूमि उपयोग, स्थल की वास्तविक स्थिति के अनुसार ही खसरा मानचित्र पर अंकित किए जाये तथा इस संबंध में स्थल निरीक्षण/अभिलेख का परीक्षण कर अंतिम निर्णय लिया जा सकेगा।

18. परिक्षेत्रिक योजना तैयार करने की पद्धति विकास योजना तैयार करने के ही समान है। विकास के स्वरूप के अनुसार अलग–अलग विकास नियमन–परिक्षेत्रिक नियमनों की आवश्यकता हो सकती है किन्तु परिक्षेत्रिक योजना के प्रकाशित एवं प्रभावशील होने तक इस अध्याय में वर्णित नियमनों के आधार पर विकास अनुज्ञा दी जायेगी।

19. प्रत्येक उपयोग परिसर की परिक्षेत्रिक योजना/विस्तृत अभिन्यास में दी गई स्थिति एवं सीमायें, स्थल पर विद्यमान वर्तमान मार्ग/गाड़ी मार्ग एवं अन्य भौतिक स्वरूपों को संदर्भ माना जायेगा।

20. विकास योजना में दर्शित वर्तमान उपयोग स्थल पर विकसित एवं उक्त के राजस्व अभिलेख में दर्ज अनुसार ही मान्य होंगे। उससे लगकर स्थित भूमि पर संस्पर्शी भूमि उपयोग ही अधिमान्य होंगे।

21. विकास योजना में विभिन्न भूमि उपयोगों के विकास हेतु नियमन दिये गये हैं। नियमनों में यदि किसी प्रकार की विरोधाभास की स्थिति निर्मित होती है अथवा किसी व्याख्या की आवश्यकता होती है तो इस संबंध में राज्य शासन का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

22. शासकीय विभागों द्वारा धारित भूमि एवं उससे संलग्न भूमि के भूमि उपयोग का निर्धारण एवं सत्यापन स्थल की स्थिति के अनुसार मान्य होगा तथा विकास योजना में मुद्रित मानचित्र के आकार से भिन्न होने पर, खसरों के आधार पर ही किया जायेगा।

23. नियमन में वर्णित गतिविधि के समानार्थी गतिविधि जिसका उल्लेख नियमनों में नहीं है, समानता के आधार पर मान्य किये जा सकेंगे।

24. विकास योजना मानचित्र में निर्दिष्ट भू–उपयोग व पुस्तक में वर्णित किसी लेख में विरोधाभास की स्थिति पर पुस्तक में वर्णित लेख मान्य होंगे।

6.3 परिभाषायें

उपयोग परिक्षेत्र — मुख्य भू–उपयोग से संबंधित प्रस्तावित विशिष्ट नगरीय कार्यकलापों में से किसी एक कार्यकलाप का क्षेत्र।

उपयोग परिसर — उपयोग परिसर से तात्पर्य ऐसा परिसर जो कि उपयोग परिक्षेत्र के उपविभाजन का एक भाग हो एवं जिसे अभिन्यास तैयार करते समय एक विशिष्ट मुख्य उपयोग या गतिविधि के लिए स्पष्ट किया गया हो।

अभिन्यास	अभिन्यास से तात्पर्य उप विभाजित योजना से है, जिसमें उपयोग परिसर के सभी आकार एवं प्रकार इंगित हो।
भूमि उपयोग मानचित्र	सभी उपयोग परिक्षेत्रों को दर्शाने वाला मानचित्र भूमि उपयोग मानचित्र कहलायेगा।
परिक्षेत्रिक योजना	निवेश क्षेत्र के एक परिक्षेत्र की योजना, जिसमें नियोजन के प्रावधानों का विस्तार, सामाजिक अधोसंरचना, उद्यान, खुले क्षेत्र एवं यातायात तंत्र संबंधी विस्तृत जानकारी प्रावधानित हो।
नगरीय ग्राम	भूमि उपयोग मानचित्र में दर्शाये एवं प्रस्तावित उपयोग परिक्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण आबादी, नगरीय ग्राम कहलायेंगे।
नगरीय विरासत का क्षेत्र	नगरीय विरासत से तात्पर्य है, ऐसा परिसर जिसमें कि पुरातत्व महत्व के ऐतिहासिक भवन एवं उसके आसपास का परिसर सम्मिलित हो।
विकसित क्षेत्र	विकसित क्षेत्र से तात्पर्य विकास योजना के रंगीन गानचित्र गें दर्शित वर्तगान उपयोग।
एकल/संयुक्त परिवार हेतु भूखण्डीय विकास	अपने सभी समानान्तर एवं ज्यामितीय बदलाव के साथ भूखंडीय विकास से तात्पर्य, परिवार हेतु भूखंडीय विकास (अभिन्यास) का भूखंडों में उप–विभाजन, जिसका नगरीय उपयोग प्रमुखतः एकल परिवार, संयुक्त परिवार के आवास हेतु किया जाना हो।
मिश्रित उपयोग	मिश्रित उपयोग से तात्पर्य ऐसे उपयोग परिक्षेत्र से है जो कि इस विकास योजना में उल्लेखित किया गया है। इस उपयोग परिक्षेत्र में आवासीय, वाणिज्यिक तथा सार्वजनिक एवं अर्धसार्वजनिक परिक्षेत्र तथा उनमें स्वीकार्य गतिविधियां मान्य होंगी।
ऊँचे भवनों का विकास	ऊँचे भवनों का विकास, म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 2 के उपनियम (38) सहपठित नियम 42 के अनुसार नियंत्रित होगा।
फर्शी क्षेत्र अनुपात	फर्शी क्षेत्र अनुपात से तात्पर्य है, म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 2 (30) के अनुसार।

भवन की ऊँचाई अन्यथा उल्लेखित न हो तो भवन की ऊँचाई से तात्पर्य है, म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 2 (9) के अनुसार।

संवेदनशील क्षेत्र परिस्थितिजन्य पर्यावरणीय, ईकोलॉजिकल एवं विरासत के आधार पर सीमांकित क्षेत्र **संवेदनशील** क्षेत्र कहलाएगा। इसके अंतर्गत नदी, तालाबों के निकटवर्ती क्षेत्र भी सम्मिलित होंगे।

अन्य परिभाषायें व नियमन म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 में निहित प्रावधानों के अनुरूप लागू होंगे।

6.4 भूमि उपयोग परिक्षेत्र

उपयोग परिक्षेत्रों में तत्संबंधी विभिन्न स्वीकृत एवं स्वीकार्य गतिविधियों को दृष्टिगत रखते हुये उपयोग परिक्षेत्रों को निम्नलिखित तालिका में **दर्शाये अनुसार उप–परिक्षेत्रों** में विभक्त किया गया है। प्रत्येक उपयोग परिक्षेत्र आगे विभिन्न उपयोग परिसरों के रूप में उपविभाजित किये गये हैं। निर्धारित मुख्य भू–उपयोगों के अनुरूप ही उपयोग परिक्षेत्र रहेंगे यथा आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक, आमोद–प्रमोद, सार्वजनिक एवं अर्धसार्वजनिक, विशेष प्रयोजन, यातायात एवं परिवहन, सार्वजनिक उपयोगिता एवं सेवाएं, जलाशय एवं कृषि। उपयोग परिक्षेत्रों का विभाजन एवं उपयोग श्रेणियों का विवरण सारणी 6–सा–1 में दिया गया है।

भू–उपयोग परिक्षेत्र

सारणी 6–सा– 1

क्र.	भू–उपयोग परिक्षेत्र	भू–उपयोग उप–परिक्षेत्र	नाम पद्धति
(1)	(2)	(3)	(4)
1	आवासीय	आवासीय	(आर 1)
		भू–तल पर दुकानों की कतारों सहित आवासीय	(आर 2)
		मध्यम घनत्व	(आर 3)
		निम्न घनत्व	(आर 4)
2	वाणिज्यिक	शहर केन्द्र	(सी 1)
		उपनगर केन्द्र	(सी 2)
		सामुदायिक केन्द्र	(सी 3)
		स्थानीय व्यावसायिक केन्द्र	(सी 4)
		सुविधा व्यावसायिक केन्द्र	(सी 5)
		मण्डी	(सी 6)
		वर्गीकृत बाजार	(सी 7)
3	औद्योगिक	सेवा उद्योग	(आई 1)
		सामान्य उद्योग	(आई 2)
		विशेष उद्योग	(आई 3)
4	मनोरंजन	उद्यान	(जी 1)
		हरित क्षेत्र या उपरोक्त वर्णित क्षेत्र	(जी 2)
		क्षेत्रीय उद्यान (प्राणिशास्त्रीय या वनस्पतिशास्त्र उद्यान)	(जी 3)
		प्राकृतिक क्षेत्रों या भू–दृश्य क्षेत्रों का संरक्षण	(जी 4)
		खेल मैदान	(जी 5)
		स्टेडियम	(जी 6)
		झील के सामने का विकास	(जी 7)
		प्रदर्शनी मैदान	(जी 8)
5	सार्वजनिक एवं अर्धसार्वजनिक	सार्वजनिक संस्थान और प्रशासनिक क्षेत्रों/शिक्षा और अनुसंधान/स्वास्थ्य/सामाजिक/सांस्कृतिक संस्थागत गतिविधियां	(पी)
6	विशेष प्रयोजन	पर्यटन प्रवर्धन परिक्षेत्र	(एस पी 1)
		संरक्षित परिक्षेत्र	(एस पी 2)

क्र.	भू–उपयोग परिक्षेत्र	भू–उपयोग उप–परिक्षेत्र	नाम पद्धति
(1)	(2)	(3)	(4)
		शुष्क पत्तन या कंटेनर डिपो	(एस पी 3)
		तेल डिपो या ज्वलनशील पदार्थ डिपो	(एस पी 4)
		भवन निर्माण सामग्री यार्ड	(एस पी 5)
		प्रदूषणकारी उद्योग	(एस पी 6)
		सेज (एस.ई.जेड)	(एस पी 7)
		खनन क्षेत्र	(एस पी 8)
		आरक्षित वन या राष्ट्रीय उद्यान या वन्यजीव अभ्यारण्य	(एस पी 9)
		अन्य	(एस पी 10)
7	परिवहन	बस स्टैण्ड या टर्मिनर्स	(टी 1)
		बस पिकअप स्टेशन	(टी 2)
		सड़कें	(टी 3)
		रेलवे स्टेशन	(टी 4)
		रेलपे लाइन	(टी 5)
		बस डिपो	(टी 6)
		ट्रांसपोर्ट नगर	(टी 7)
		हैलीपेड/हवाई अड्डा	(टी 8)
		मेट्रो रेल स्टेशन	(टी 9)
8	सार्वजनिक उपयोगिताएं और सुविधाएं	जल शोधन संयंत्र	(पीयूएफ 1)
		मल शोधन संयंत्र/आक्सीकरण ताल	(पीयूएफ 2)
		विद्युत सब स्टेशन	(पीयूएफ 3)
		ट्रेचिंग ग्राउण्ड्स	(पीयूएफ 4)
		ट्रंकलाइन कॉरीडोर, जल/मल/अतिरिक्त वोल्टेज विद्युत लाइनें/गैस या तेल पाइप लाइनें और संबंधित संरचनाएं	(पीयूएफ 5)
		रेडियो/टी.वी. स्टेशन	(पीयूएफ 6)
		दूरसंचार केन्द्र	(पीयूएफ 7)
		अग्नि नियंत्रण स्टेशन	(पीयूएफ 8)
		ठोस अपशिष्ट निपटान संयंत्र/अपघटन संयंत्र	(पीयूएफ 9)

क्र.	भू–उपयोग परिक्षेत्र	भू–उपयोग उप–परिक्षेत्र	नाम पद्धति
(1)	(2)	(3)	(4)
		जल शोधन संयंत्र	(पीयूएफ 1)
		जल–मल शोधन संयंत्र	(पीयूएफ 2)
		विद्युत सब स्टेशन	(पीयूएफ 3)
		ट्रेंचिंग ग्राउण्ड	(पीयूएफ 4)
		ठोस अपशिष्ट निपटान संयंत्र/अपघटन संयंत्र	(पीयूएफ 9)
		कब्रिस्तान/शमशान घाट	(पीयूएफ 10)
9	जल निकाय	नदियां	(डब्ल्यू 1)
		झील/तालाब/जलाशय	(डब्ल्यू 2)
		नाला/नहर	(डब्ल्यू 3)
		बाढ़ प्रभावित क्षेत्र	(डब्ल्यू 4)
10	कृषि	कृषि भूमि	(ए 1)
		ग्राम आबादी विस्तार	(ए 2)

टीप :– उपरोक्त सारणी में भूमि विकास नियम, 2012 में दर्शित समस्त भू–उपयोग परिक्षेत्र एवं उप–परिक्षेत्र वर्णित है, जिनमें से रतलाम नगर की आवयश्यकता के अनुसार लिये गये हैं।

6.5 आवासीय

6.5.1 नवीन आवासीय क्षेत्र हेतु विकास नियमन

नवीन आवासीय क्षेत्र हेतु नियमन म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के मापदण्डों के अनुसार नियंत्रित होंगे। आवासीय क्षेत्र हेतु विकास नियमन सारणी 6–सा–2 में दिए गए हैं।

1. इन नियमन का उद्देश्य परिक्षेत्रों के अभिन्यास तैयार करने में मार्गदर्शन देना है। इन नियमों में परिभ्रमण संरचना एवं सुविधाओं के प्रावधानों के मानक सम्मिलित है। ऐसे अभिन्यासों से जुड़े सेवा प्रावधान जैसे भौतिक संरचनायें, जल प्रदाय, जल–मल निकास आदि संबंधित नियमों के अनुरूप होंगे।
2. सामान्यतः भूखण्ड की चौड़ाई एवं गहराई का अनुपात 1:1.5 से 1:3 होना चाहिए, किन्तु स्थल की स्थिति के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा इसके अतिरिक्त अनुपात का निर्णय लिया जायेगा।
3. भवन निर्माता/वास्तुविदों को अपने भवन नियोजन हेतु आवासीय विकास के संदर्भ में भूखण्ड आकार, भूखण्ड प्रकार, फर्शी क्षेत्रानुपात, भू–तल आच्छादन, भवन की ऊँचाई

तथा स्वीकार्य आवासीय इकाईयों के मानकों की आवश्यकता होती है। नीचे दी गई सारणी में आवासीय क्षेत्रों के आच्छादन तथा सीमान्त खुला क्षेत्र वर्णित है एवं सारणी में दर्शाये भूखण्ड स्वीकृत अभिन्यास का भाग होना आवश्यक है।

4. म.प्र. नगर पालिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बंधन एवं शर्तें) नियम, 1998 एवं मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (कॉलोनियों का विकास) नियम, 2014 के प्रावधानों के अनुरूप अल्प आय वर्ग एवं कमजोर आय वर्ग हेतु प्रावधान किये जावेंगे।

5. म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 99 (परिशिष्ट–ञ) में निहित प्रावधानों के अनुरूप विशेषतः अल्प आय वर्ग का अभिन्यास तैयार किया जाना चाहिये।

6. पहुंच मार्ग की चौड़ाई 18.00 मीटर से अधिक होने पर मिश्रित उपयोग हेतु अनुमति दी जा सकेगी। ऐसे मिश्रित उपयोग भवन के पुनर्निर्माण में भी अनुज्ञात किये जा सकेंगे।

आवासीय भूखण्डों के विकास मापदण्ड

सारणी 6–सा– 2

क्र.	भूखण्ड का आकार (मी. में)	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) न्यूनतम	विकास का प्रकार	भू–आच्छादन क्षेत्र प्रतिशत में	एफ.ए.आर. अधिकतम	एम.ओ.एस. (मी.) में				भूखण्ड के सामने मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई (मी.में)	अधिकतम ऊँचाई (मी. में)	एक भूखण्ड पर अधिकतम स्वीकार्य आवासीय ईकाइयां
						अग्र	पार्श्व	आजू	बाजू			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
1	4.0X8.0	32	पंक्ति	60	1.25	3.00	0.0	0.0	0.0	6	9.5	2
2	4.0X12.0	48	पंक्ति	60	1.25	3.00	1.5	0.0	0.0	6	9.5	2
3	5.0X15.0	75	पंक्ति	60	1.25	3.00	1.5	0.0	0.0	6	9.5	2
4	7.0X15.0	105	पंक्ति	50	1.25	3.00	1.5	0.0	0.0	7.5	9.5	2
5	9.0X15.0	135	अर्धपृथक्कृत	50	1.25	3.00	1.5	2.5	0.0	7.5	12.5	3
6	11.10X18.0	200	अर्धपृथक्कृत	50	1.25	3.00	2.5	2.5	0.0	9.0	12.5	4
7	12.0X18.0	216	अर्धपृथक्कृत	42	1.25	3.5	2.5	3.0	0.0	9.0	12.5	4
8	12.0X24.0	288	पृथक्कृत	40	1.25	4.5	2.5	3.5	1.5	9.0	12.5	4
9	12.0X24.0	360	पृथक्कृत	35	1.25	6.0	2.5	3.0	3.0	12.0	12.5	5
10	15.0X27.0	405	पृथक्कृत	35	1.25	6.0	3.0	3.5	3.0	12.0	12.5	5
11	18.0X30.0	540	पृथक्कृत	33	1.25	6.0	3.0	4.0	3.0	12.0	12.5	7
12	20.0X30.0	600	पृथकृत	33	1.25	6.0	3.0	4.5	3.0	12.0	12.5	7
13	25.0X30.0	750	पृथक्कृत	30	1.25	6.0	4.5	4.5	4.5	12.0	12.5	7
14	30.0X33.0	990	पृथक्कृत	30	1.25	6.0	4.5	4.5	4.5	12.0	12.5	7

नोटः–

1. उपरोक्त तालिका सांकेतिक स्वरूप की है जिसे मार्गदर्शिका के रूप में उपयोग किया जा सकेगा।
2. मिश्रित उपयोग के अंतर्गत ऐसे भूखण्ड जिसमें न्यूनतम भूखण्ड क्षेत्रफल की अर्हता पूर्ण होती है, हेतु भी उपरोक्त मापदण्ड लागू होंगे। (आवासीय इकाई छोड़कर)
3. **सारणी के अनुक्रमांक 9 से 14 में दर्शाये भूखण्ड आकार को केवल प्रस्तावित आवासीय** क्षेत्रों में बहु ईकाई भूखण्डीय विकास के रूप में मान्य किया जा सकता है।
4. ऐसे भूखण्ड जिनका क्षेत्र सारणी में दर्शायी श्रेणियों के मध्य के आकार के हो, को इसके पूर्व की श्रेणी के एम.ओ.एस. आच्छादन, एफ.ए.आर. के अनुसार अथवा नियोजन अनुज्ञा में वर्णित अनुसार स्वीकृति दी जानी चाहिए। ऐसे आच्छादित क्षेत्र अथवा एम.ओ.एस. (MOS) में निर्धारित करते समय यदि कतिपय भिन्नता आती है तो आच्छादित क्षेत्र अथवा एम.ओ. एस. में से किसी एक को निश्चित कर स्वीकृति दी जायेगी। किन्तु ऐसे प्रकरणों में भवन रेखा निर्धारित कर ही स्वीकृति दी जायेगी।
5. घनत्वीय गणना हेतु एक आवासीय इकाई में औसतन 4.8 व्यक्ति तथा कर्मचारी आवास में औसतन 2.4 व्यक्ति का रहवास माना जावेगा।
6. वाहन विराम स्थल की गणना म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के अनुसार की जायेगी।
7. झुग्गियों की पुनर्स्थापना की दशा में **32 वर्गमीटर से कम** क्षेत्रफल के भूखण्ड स्वीकार्य होंगे।
8. अनुक्रमांक 9 से 14 के भूखण्डों के समक्ष 12 मीटर से कम चौड़ा मार्ग होने पर केवल 4 आवासीय ईकाइयां मान्य होंगी।
9. आवासीय भवन का निर्माण 2.4 मीटर ऊँचाई के स्टिल्ट पर, स्वीकार्य ग्राउण्ड कवरेज की सीमा तक किया जाता है, तो स्टिल्ट फ्लोर की ऊँचाई तथा ऐसे निर्मित क्षेत्र की गणना, भवन ऊँचाई तथा एफ.ए.आर. में नहीं की जाएगी। स्टिल्ट पार्किंग हेतु भूखण्ड के आकार/क्षेत्रफल का बंधन नहीं होगा।

6.6 बहुविध बहुमंजिली इकाई निर्माण

मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 42 के मापदण्ड अनुसार नियंत्रित होंगे।

6.7 फार्म हाउस एवं कृषि पर्यटन सुविधा

फार्म हाउस एवं कृषि पर्यटन सुविधायें हेतु मानक मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 17 अनुसार मान्य होंगे।

6.8 मिश्रित उपयोग

आवासीय/वाणिज्यिक/सार्वजनिक अर्धसार्वजनिक गतिविधियां।

6.8.1 मिश्रित उपयोग नियमन

मिश्रित उपयोग पारंपरिक नगर नियोजन तथा भारतीय सामाजिक–आर्थिक–सांस्कृतिक परिवेश पर आधारित है। बाजार के आर्थिक आवश्यक बल के कारण सार्वजनिक एवं वाणिज्यिक गतिविधियों का विकास आवासीय परिसरों में हुआ है। इसी प्रकार वाणिज्यिक उपयोग हेतु निर्धारित क्षेत्र में आवासीय तथा सार्वजनिक/अर्धसार्वजनिक गतिविधियों का विकास हुआ है। बाजार के आर्थिक आवश्यक बल के कारण आवासीय परिसरों में वाणिज्यिक गतिविधियों की मांग और बढ़ रही है। अतः वास्तविकता को अनदेखा करना नियोजन की दृष्टि से उचित नहीं होगा। अतः अब ऐसी नीति बनाने की आवश्यकता है, जिसके फलस्वरूप नागरिकों की वास्तविक आवश्यकता एवं नागरिकों की सुविधा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के मध्य संतुलन बना रहे। इस हेतु आवासीय परिसरों में मिश्रित उपयोग स्वीकार्य करने हेतु स्पष्ट सिद्धांत एवं प्रक्रिया का निर्धारण आवश्यक है ।

6.8.2 मिश्रित उपयोग के मार्गदर्शी सिद्धांत

1. मिश्रित उपयोग का आशय आवासीय/वाणिज्यिक/सार्वजनिक अर्धसार्वजनिक परिक्षेत्र से संबंधित गतिविधि किये जाने से है।
2. ऐसे कार्यकलापों की सामाजिक, आर्थिक आवश्यकता तथा आवासीय क्षेत्र में उक्त कार्यकलापों से पर्यावरण पर पड़ने वाले संभावित विपरीत प्रभाव के बीच संतुलन बनाये रखना आवश्यक है।
3. मिश्रित उपयोग से, अलग–अलग मोहल्लों में निकटतम क्षेत्र में व्यावसायिक सुविधायें प्राप्त हो सकेंगी जिससे आवागमन में कमी आयेगी किन्तु इससे रिहायशी इलाकों में भीड़–भाड़ बढ़ने, पार्किंग की असुविधा एवं अन्य पर्यावरणीय दुष्प्रभाव भी पड़ना संभावित है। प्रस्तावित नियमन से इन प्रभावों का प्रबंधन एवं नियंत्रण संभव होगा ।

6.8.3 मिश्रित उपयोग की सामान्य शर्तें

1. मिश्रित उपयोग हेतु विकास नियंत्रण के उपयोग परिक्षेत्र में लागू मापदण्ड (एफ.ए.आर. ग्राउण्ड कवरेज इत्यादि) मिश्रित उपयोग के लिये भी लागू रहेंगे।
2. मिश्रित उपयोग के यह नियमन नवीन प्रस्तावित क्षेत्रों में लागू होंगे, तथा पार्किंग हेतु मानक उपयोग परिसर के अनुसार मान्य होंगे।
3. 18.0 मीटर एवं अधिक चौड़े मार्ग पर ही गैर–आवासीय गतिविधियां जैसे वाणिज्यिक तथा सार्वजनिक एवं अर्धसार्वजनिक गतिविधियां मान्य की जा सकेंगी।

6.9 वाणिज्यिक

6.9.1 वाणिज्यिक अभिन्यासों के लिए रूपांकन मार्गदर्शिका

वाणिज्यिक क्षेत्रों के विकास मापदण्ड

सारणी 6–सा– 3

क्र.	भूखण्ड का आकार (मीटर में)	क्षेत्र (वर्गमीटर में)	मार्ग की चौड़ाई (मीटर में)	भवन रेखा (मीटर में मार्ग के मध्य से)	अग्र कॉरीडोर	भू–आच्छादन	फर्शी क्षेत्रानुपात (FAR)
1	2	3	4	5	6	7	8
1	6.0 X 9.0	54	12 या अधिक	9.0	3.0	80	1.5
2	9.0 X 15.0	135	12 या अधिक	9.0	3.0	80	1.5
3	9.0 X 15.0	135	12 या अधिक	9.0	3.0	80	1.5
4	12.0 X 18.0	216	12 या अधिक	9.0	3.0	60	1.5
5	12.0 X 18.0	216	12 या अधिक	9.0	3.0	60	1.5
6	18.0 X 30.0	540	12 या अधिक	9.0	3.0	60	1.5
7	30.0 X 33.0	990 से अधिक	12 या अधिक	9.0	3.0	40	1.5

टीप :–

- 18 मीटर तथा उससे अधिक चौड़े मार्गों के लिए मार्ग की चौड़ाई के आधार निम्नानुसार एफ.ए.आर. देय होगा।
  - 18 मीटर तक 1.75
  - 24 मीटर से अधिक 2.0
- यह मापदण्ड सभी वाणिज्यिक क्षेत्रों में लागू होंगे। सारणी में दर्शाये गये क्षेत्रफल से कम होने की स्थिति में उसके पूर्व सरल क्रमांकों के मानक लागू होंगे।
- वाहन विराम स्थल की गणना म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के अनुसार की जायेगी।
- 12.0 मीटर से अधिक चौड़े मार्गों पर भवन रेखा निम्नानुसार निर्धारित की जायेंगी।

मार्ग चौड़ाई	भवन रेखा (मार्ग मध्य से)
12.0 मीटर	09.0 मीटर
18.0 मीटर	13.5 मीटर
24.0 मीटर	15.0 मीटर

अग्र कॉरिडोर की भूमि का किसी अन्य प्रयोजन हेतु उपयोग निषेध होगा।

वाणिज्यिक विकास हेतु अभिन्यास के मानक

सारणी 6–सा– 4

क्र.	वर्ग	कुल क्षेत्र का प्रतिशत
1	2	3
1	भूखण्डों का क्षेत्र	अधिकतम 50 प्रतिशत
2	परिभ्रमण एवं वाहन विराम स्थल का क्षेत्र	अधिकतम 40 प्रतिशत
3	खुले स्थानों को सम्मिलित कर सुविधाओं का क्षेत्र	न्यूनतम 10 प्रतिशत (8 : 2)
4	मार्गों की चौड़ाई – बाजार से गुजरने वाले मुख्य सीधे मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई – दुकानों के सामने ट्रकों के खड़े एवं मुड़ने के लिये न्यूनतम चौड़ाई – दुकानों के सामने पादचारी की न्यूनतम चौड़ाई	 12 मीटर 18 मीटर 7.5 मीटर
5	दुकानों के आकार	मार्ग सर्वेक्षण एवं प्रोजेक्शन के आधार पर
6	विराम स्थल	म.प्र. भूमि विकास नियम 2012 के अनुसार

6.10 औद्योगिक

6.10.1 औद्योगिक विकास के मानक

औद्योगिक विकास के मानक म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के अनुसार होंगे।

6.11 सामुदायिक सुविधाओं/सेवाओं हेतु नियमन

सामुदायिक सुविधाओं/सेवाओं हेतु नियमन

सारणी 6–सा– 5

क्र.	श्रेणी	अधिकतम निर्मित क्षेत्र	एफ.ए.आर.	न्यूनतम मार्ग चौड़ाई (मी. में)	अग्र सीमान्त खुला क्षेत्र (मी. में)	अन्य तीन ओर (मी. में)
1	2	3	4	5	6	7
1	**शैक्षणिक भवन**					
	1. नर्सरी/पूर्व प्राथमिक शाला	40 प्रतिशत	1.25	12.0	6.0	3.0
	2. प्राथमिक विद्यालय	33 प्रतिशत	1.25	12.0	7.5	3.5
	3. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय	30 प्रतिशत	1.00	18.0	12.0	5.0
	4. महाविद्यालय	25 प्रतिशत	1.00	24.0	15.0	6.0
2	**स्वास्थ्य**					
	हॉस्पिटल – 100 बिस्तर	30 प्रतिशत	1.25	24.00	15.00	06.00
	हॉस्पिटल – 30 से 100 बिस्तर	30 प्रतिशत	1.25	24.00	15.00	06.00
	हॉस्पिटल – 0 से 30 बिस्तर	30 प्रतिशत	1.25	18.00	12.00	04.50
	नेचरोपेथी सेन्टर	30 प्रतिशत	1.25	18.00	12.00	04.50
	हेल्थ रोन्टर	30 प्रतिशत	1.25	18.00	12.00	04.50
	नर्सिंग होम	30 प्रतिशत	1.25	18.00	12.00	04.50
	पालीक्लीनिक	30 प्रतिशत	1.25	18.00	12.00	04.50
	पेट क्लीनिक	30 प्रतिशत	1.25	12.00	12.00	04.50
	ब्लड बैंक/पैथालाजी सेन्टर इत्यादि	30 प्रतिशत	1.25	12.00	12.00	04.50
	फिजियोथेरेपी सेन्टर	30 प्रतिशत	1.25	12.00	12.00	04.50
3	**जनउपयोगिता एवं सेवायें**					
	पुलिस चौकी	35 प्रतिशत	1.00	–	म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 42 के अनुसार मान्य होंगे।	म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 42 के अनुसार मान्य होंगे।
	पुलिस स्टेशन आवास गृह सहित	25 प्रतिशत	1.00	12.0		
	सामुदायिक भवन	35 प्रतिशत	1.00	12.0		
	उप अग्निशमन केन्द्र	35 प्रतिशत	1.00	12.0		
	अग्निशमन केन्द्र	35 प्रतिशत	1.00	12.0		
	डाक एवं तार	35 प्रतिशत	1.00	12.0		
	विद्युत सब स्टेशन	–	–	–		
4	**धार्मिक भवन**	30 प्रतिशत	1.00	12.0		
5	**शासकीय/अर्ध–शासकीय कार्यालय**	35 प्रतिशत	1.00	18.0		

नोट –उपरोक्त सारणी में जो सुविधाएं सम्मिलित नहीं हैं उनके भू–आच्छादित क्षेत्र 30 प्रतिशत तथा फर्शी क्षेत्र अनुपात 1.0 से अधिक नहीं होंगे। जो सीमांत खुले क्षेत्र उपरोक्त सारणी में उल्लेखित नहीं हैं, वे मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 के प्रावधानों के अनुसार रहेंगे। किंतु ऐसी सुविधाएं जिनका पुनर्विकास किया गया है उनके लिये यह मापदण्ड लागू न होकर केवल आच्छादित क्षेत्र (कॉलम 3) के अनुसार रहेगा, जिसे आवश्यकतानुसार 10 प्रतिशत की सीमा तक बढ़ाया जा सकता है।

6.12 यातायात

6.12.1 यातायात नगर/मैकेनिक नगर/लॉजिस्टिक हब/निजी बस स्थानक

(अ) इस उपयोग के अंतर्गत निम्नलिखित गतिविधियां स्वीकार्य होंगी– ट्रक टर्मिनल, मोटर गैरेज, वर्कशॉप, स्पेयर पार्टस एवं सुधार की दुकानें रात्रि विश्राम गृह बोर्डिंग/लाजिंग, बैंक, पेट्रोल पंप, रेस्टोरेंट, बुकिंग ऑफिस, वेयर हाउस एवं अनुशांगिक गतिविधियां।

(ब) यातायात नगर एवं मैकेनिक नगर परिक्षेत्र हेतु नियमन।

- मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई 18 मीटर से कम नहीं होगी।
- सामुदायिक खुले क्षेत्र का उपयोग पार्किंग के लिए किया जा सकेगा।
- यातायात नगर के विकास हेतु न्यूनतम क्षेत्रफल वर्णित नहीं किया गया है। स्थल के आकार के अनुसार एक से अधिक गतिविधियां स्वीकार्य होंगी।

6.13 मध्य क्षेत्र हेतु मापदण्ड

6.13.1 आवासीय क्षेत्र– मध्य क्षेत्र

मध्यक्षेत्र के वर्तमान निर्मित क्षेत्र में भूखण्ड का सुव्यवस्थित तथा न्यूनतम आकार निर्धारित करना संभव नहीं है। मध्यक्षेत्र में बहुत से आवासों के भूखण्ड अव्यवस्थित आकार के हैं। मध्यक्षेत्र में कार्यस्थलों पर रोशनदान, सूर्य का प्रकाश आदि स्वस्थ्य परिवेश की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तावित घनत्व की प्राप्ति हेतु फर्शी एवं निर्मित क्षेत्र प्रस्तावित किया गया है। मध्य क्षेत्र में आवासीय परिसरों का उपविभाजन प्रतिबंधित रहेगा।

मध्य क्षेत्र में आवासीय विकास हेतु मापदण्ड

सारणी 6–सा– 6

क्र	भूखण्ड का आकार/क्षेत्रफल	भूतल पर स्वीकार्य निर्मित क्षेत्र	सीमांत खुला क्षेत्र			
			सामने	पीछे	आजू	बाजू
1	2	3	4	5	6	7
1	100 वर्ग मीटर तक	75 प्रतिशत	2.5	1.5	–	–
2	100 से अधिक व 200 वर्गमीटर तक	60 प्रतिशत	3.0	1.5	–	–
3	200 से अधिक व 350 वर्गमीटर तक	50 प्रतिशत	4.5	2.5	2.5	2.5
4	350 से अधिक व 500 वर्गमीटर तक	45 प्रतिशत	6.0	2.5	4.5	2.5

टीप –

1. 12 मीटर से अधिक चौड़ाई वाले भूखण्डों में 2.5 मीटर सीमान्त खुला क्षेत्र भूखण्ड के एक ओर छोड़ना होगा।
2. 500 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले भूखण्डों के लिए विकास मापदण्ड सारणी 6–सा–2 के अनुरूप मान्य होंगे।

अन्य शर्तें –

– संयुक्तीकरण किए गए भूखण्डों पर बहुइकाई प्रकोष्ठ मान्य नहीं होंगे।

– फर्शी क्षेत्र अनुपात (अधिकतम) –

(अ) 9 मीटर तक चौड़े मार्गों पर – 1.00

(ब) 9 मीटर से अधिक – 1.25

6.13.2 वाणिज्यिक क्षेत्र – मध्य क्षेत्र

वाणिज्यिक मार्गों पर भूतल पर अधिकतम निर्मित क्षेत्र निम्नानुसार मान्य होगा –

– 150 वर्गमीटर क्षेत्रफल तक के भूखण्ड – 70 प्रतिशत

– 150 वर्गमीटर क्षेत्रफल से अधिक के भूखण्ड– 60 प्रतिशत

ऊपर के तलों का निर्मित क्षेत्र एवं अन्य मापदण्ड परिसर के व्यवसाय के आधार पर नियंत्रित होंगे। अपितु विभिन्न वाणिज्यिक मार्गों पर पर्याप्त वाहन पार्किंग व्यवस्था के प्रावधान के साथ निम्न सामान्य फर्शी क्षेत्र अनुपात (अधिकतम) मान्य किया जा सकेगा –

- 9 मीटर तक चौड़े मार्ग 1.00
- 9 मीटर से अधिक 15 मीटर चौड़े मार्ग 1.25
- 15 मीटर से अधिक 18 मीटर चौड़े मार्ग 1.50
- 18 मीटर से अधिक चौड़े मार्ग 1.75

किसी भी भूखण्ड के स्वामी द्वारा अपने भूखण्डों में से मार्ग, फुटपाथ, पार्किंग इत्यादि सार्वजनिक उपयोग हेतु भूमि छोड़ी जाती है तो ऐसी दशा में उक्त भूखण्ड पर निर्माण किये जा रहे भवन में सार्वजनिक उपयोग हेतु छोड़ी गई भूमि का दोगुना फर्शी क्षेत्र अनुपात अतिरिक्त स्वीकार्य होगा। इससे भवन के सामने सार्वजनिक उपयोग हेतु भूमि छोड़ने को प्रोत्साहन मिलेगा तथा छोड़ी गई भूमि की क्षतिपूर्ति भी हो सकेगी।

वाणिज्यिक मार्गों पर वाणिज्यिक विकास की गहराई मार्ग की चौड़ाई का दोगुना या 10 मीटर, जो भी कम हो, से अधिक नहीं होगा। वाणिज्यिक मार्गों पर 4.5 मीटर पार्किंग के पश्चात् 1.5 मीटर का कॉरीडोर रखना आवश्यक होगा। वाणिज्यिक मार्गों पर भूतल पर दुकानें एवं ऊपरी मंजिल पर आवासीय उपयोग किया जा सकेगा।

6.14 वर्तमान विकसित क्षेत्र हेतु नियमन

वर्तमान विकसित क्षेत्रों में भवन की ऊँचाई, भू–आच्छादन, FAR एवं पार्किंग संबंधी मापदण्ड, नगरीय निकाय द्वारा जोनल प्लान तैयार कर निर्धारित मापदण्ड लागू किए जा सकेंगे। जोनल प्लान लागू होने तक विकास योजना के प्रावधान लागू होंगे।

विकसित क्षेत्रों में पुनर्निर्माण की अनुमति स्थानीय निकाय द्वारा दी जा सकेगी।

6.15 वर्तमान विकसित क्षेत्रों के मापदण्ड

भवन की ऊँचाई, अहाते की दीवार की ऊँचाई एवं वाहन विराम संबंधी मापदण्ड नये क्षेत्रों के मापदण्डों के अनुरूप ही रहेंगे।

6.15.1 वर्तमान आवासीय क्षेत्र

वर्तमान आवासीय क्षेत्रों में विकास निम्न मापदण्डों से नियंत्रित होगा।

वर्तमान आवासीय क्षेत्र के विकास हेतु भूखण्ड का आकार एवं निर्मित क्षेत्र

सारणी 6–सा– 7

भूखण्ड का क्षेत्र	आच्छादित क्षेत्र	फर्शी क्षेत्रानुपात
1	2	3
90 वर्गमीटर से कम	66 प्रतिशत	1.25
90 से अधिक 180 वर्गमीटर तक	60 प्रतिशत	1.00
180 वर्गमीटर से अधिक	50 प्रतिशत	1.00

टीपः– मार्ग की चौड़ाई 9.00 मीटर से अधिक होने की दशा में 180 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले भूखण्डों के लिये फर्शी क्षेत्रानुपात 1.25 तक अनुज्ञेय होगा।

1. आवासीय विकसित कॉलोनियों हेतु मापदण्ड

जिन कालोनियों में किसी मार्ग पर 75 प्रतिशत भवन निर्मित हो गये हों, उस क्षेत्र को वर्तमान आवासीय क्षेत्र माना जायेगा। ऐसे मार्गों पर स्थित रिक्त भूखण्डों पर भवनों के निर्माण हेतु उस मार्ग पर स्थित अन्य भवनों के निर्माण हेतु अपनाये गये मापदण्ड लागू होंगे, जबकि कॉलोनी के अन्य मार्गों पर विकास/निर्माण के लिये नवीन आवासीय क्षेत्र के लिये निर्धारित मापदण्ड लागू होंगे।

2. वर्तमान वाणिज्यिक क्षेत्र

निम्नलिखित शर्तों के अधीन वाणिज्यिक क्षेत्रों में पुनर्निमाण एवं परिवर्तन की अनुज्ञा दी जा सकेगी।

(1) मार्गों की चौड़ाई, विकास योजना में प्रस्तावित मापदण्डों के अनुरूप हो।

(2) अन्य तल यदि आवासीय उपयोग में हों, तो आवासीय क्षेत्र, भू–तल पर प्रस्तावित कुल फर्शी क्षेत्र के 3/4 से अधिक नहीं होगा।

(3) फर्शी क्षेत्र अनुपात को ध्यान में रखते हुये फर्शी क्षेत्र निर्धारित होगा।

(4) वाणिज्यिक विकास की गहराई, भवन जिस मार्ग पर हो, उस मार्ग की चौड़ाई के 1.5 गुना या 30 मीटर, जो भी कम हो, उससे अधिक नहीं होगी।

(5) वाणिज्यिक भूखण्ड का अधिकतम आकार 400 वर्ग मीटर से अधिक नहीं होगा, किन्तु होटल, डिपार्टमेन्टल स्टोर एवं वाणिज्यिक परिसर हेतु आवंटित भूखण्डों पर यह सीमा लागू नहीं होगी।

वर्तमान वाणिज्यिक क्षेत्रों में, वाणिज्यिक परिसरों के लिये अधिकतम निर्मित क्षेत्र निम्नानुसार रहेगा।

25 वर्गमीटर से कम क्षेत्रफल वाले भूखण्ड	100 प्रतिशत
25 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले भूखण्ड	80 प्रतिशत
फर्शी क्षेत्र अनुपात	1:1.50

टीप :–

1. वर्तमान भवन रेखा यथावत रखी जायेगी।
2. किसी भूखण्ड के स्वामी द्वारा अपने भूखण्डों में से मार्ग, फुटपाथ आदि सार्वजनिक उपयोग हेतु भूमि छोड़ी जाती है तो ऐसी दशा में उक्त भूखण्ड का निर्माण किये जा रहे भवन में सार्वजनिक उपयोग हेतु छोड़ी गयी भूमि का दोगुना फर्शी क्षेत्र अनुपात अतिरिक्त रूप से स्वीकार होगा। इससे भवन के आगे सार्वजनिक उपयोग हेतु भूमि छोड़ने को प्रोत्साहन मिलेगा तथा छोड़ी गई भूमि की क्षतिपूर्ति भी हो सकेगी।

6.15.2 वर्तमान मार्गों पर वाणिज्यिक गतिविधियां

वर्तमान विकसित क्षेत्र में अधिकतर वाणिज्यिक गतिविधियां मार्गों पर संचालित हैं। अतः इन मार्गों को उनके उपयोग के अनुसार निम्न दो श्रेणियों में रखा गया है :–

(1) वाणिज्यिक मार्ग (सी)

(2) वाणिज्यिक–सह–आवासीय मार्ग (आर.सी.)

इन मार्गों पर पुनर्निर्माण एवं परिवर्तन हेतु निम्न मापदण्ड निर्धारित किये जा सकेंगे।

वर्तमान वाणिज्यिक क्षेत्र में मार्गों का वर्गीकरण एवं फर्शी क्षेत्रानुपात

सारणी 6–सा– 8

क्र.	मार्ग का नाम	वर्गीकरण	FAR
1	2	3	4
1	दयानंद मार्ग (हाट रोड से त्रिपोलिया गेट तक)	सी	2.50
2	सुभाष मार्ग (रानीजी मंदिर तक)	सी	2.50
3	नोलाईपुरा	सी	2.50
4	नाहरपुरा मार्ग (डालूमोदी चौक से माणकचौक तक)	सी	2.50
5	माणकचौक मार्ग (घास बाजार चौक तक)	सी	2.50
6	दौलतगंज मार्ग (घास बाजार तक)	आर.सी.	2.00
7	घासबाजार मार्ग (सेठजी के बाजार तक)	सी	2.50
8	घास बाजार मार्ग (सेठजी के बाजार से हरमाला रोड तक)	सी	2.50
9	कसेरा बाजार मार्ग	सी	2.50
10	धानमण्डी मार्ग (नाहरपुरा चौक से हरदेवलाला पिपली)	आर.सी.	2.00
11	नीमचौक मार्ग	आर.सी.	2.00
12	बजाजखाना मार्ग	सी	2.50
13	डालूमोदी चौक से बजाजखाना मार्ग तक	आर.सी.	2.00
14	भुट्टा बाजार (तिलक मार्ग)	आर.सी.	2.00
15	चौमुखी पुल मार्ग (घास बाजार से चांदनी चौक तक)	आर.सी.	2.00
16	लक्कड़पीठा मार्ग (चांदनी चौक से बाजना बस स्टैण्ड तक)	आर.सी. सी आर.सी.	2.00 2.50 2.00
17	बिहारीलाल मार्ग (नाहरपुरा चौक से पूर्णेश्वर महादेव मंदिर)	आर.सी.	2.00
18	मोचीपुरा मार्ग (सूरजमौर से नाले तक)	आर.सी.	2.00
19	भरावा कुई मार्ग (कसेरा बाजार चौक से घास बाजार तक)	आर.सी.	2.00
20	रंगरेज मार्ग	आर.सी.	2.00

क्र.	मार्ग का नाम	वर्गीकरण	FAR
1	2	3	4
21	पावर हाउस मार्ग राणा प्रताप स्टेच्यू से दो बत्ती चौराहे तक	आर.सी.	2.00
22	महात्मा गांधी मार्ग, घोड़ा चौराहे से जावरा फाटक तक	आर.सी.	2.00
23	राजेन्द्र प्रसाद मार्ग (अस्पताल से घोड़ा चौराहे तक)	आर.सी.	2.00
24	जवाहर मार्ग (न्यू रोड) दो बत्ती से शहर सराय तक	आर.सी.	2.00
25	वीर सावरकर मार्ग (अम्बेडकर स्टेचू से महू नीमच रोड के फव्वारे तक)	आर.सी.	2.00
26	लोकेन्द्र भवन रोड	आर.सी.	2.00
27	रेलवे स्टेशन मार्ग (जावरा फाटक से स्टेशन तक)	आर.सी.	2.00
28	शास्त्री नगर रोड (न्यू रोड से पावर हाउस लिंक रोड)	आर.सी.	2.00
29	फ्रीगंज रोड	आर.सी.	2.00

नोट :–

1. उपरोक्त मार्ग खण्डों के वर्तमान उपयोग के आधार पर कॉलम 3 अनुसार मार्गों का वर्गीकरण किया गया है। अतः निर्धारित मापदण्ड अथवा वाणिज्यिक–सह–आवासीय उपयोग अन्तर्गत वर्तमान मार्ग खण्ड के लिये ही लागू होंगे।

2. भूखण्ड का क्षेत्रफल 200 वर्गमीटर या उससे अधिक होने पर कम से कम 4.5 मीटर अग्र खुला क्षेत्र वाहन विराम हेतु खुला छोड़ना होगा।

3. वाणिज्यिक एवं वाणिज्यिक–सह–आवासीय मार्गों एवं वाणिज्यिक उपयोग, प्रस्तावित मार्ग की चौड़ाई से दोगुना या 30 मीटर गहराई तक, जो भी कम हो स्वीकार होगा।

• निर्मित क्षेत्र

वाणिज्यिक उपयोग हेतु भू–तल पर अधिकतम निर्मित क्षेत्र की गणना निम्नानुसार की जायेगी।

वाणिज्यिक उपयोग हेतु भू–तल के मापदण्ड

सारणी 6–सा– 9

क्रमांक	भूखण्ड का क्षेत्रफल	भू–तल पर निर्मित क्षेत्र अधिकतम
1	2	3
1	अधिकतम 200 वर्ग मीटर तक	66 प्रतिशत
2	200 वर्ग मीटर से अधिक 400 वर्गमीटर तक	60 प्रतिशत
3	400 वर्गमीटर से अधिक	50 प्रतिशत

6.15.3 सार्वजनिक तथा अर्धसार्वजनिक

इस उपयोग अंतर्गत स्वीकार्य निर्मित क्षेत्र तथा फर्शी क्षेत्र अनुपात वर्तमान सघन क्षेत्र के लिये निम्न सारणी में दर्शाये गयें।

सार्वजनिक तथा अर्धसार्वजनिक हेतु विकास मापदण्ड

सारणी 6–सा– 10

क्र.	विवरण	भू–आच्छादित क्षेत्र	फर्शी क्षेत्रानुपात
1	2	3	4
1	महाविद्यालय	30 प्रतिशत	1.0
2	उच्चतर माध्यमिक विद्यालय	30 प्रतिशत	1.0
3	प्राथमिक शाला	40 प्रतिशत	1.25
4	पूर्व प्राथमिक शाला	40 प्रतिशत	1.25
5	चिकित्सालय	30 प्रतिशत	1.0
6	स्वास्थ्य केन्द्र	40 प्रतिशत	1.25
7	पुलिस थाना	30 प्रतिशत	1.0
8	अग्निशमन भवन	30 प्रतिशत	1.0
9	सामुदायिक भवन	30 प्रतिशत	1.0
10	शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्यालय	30 प्रतिशत	1.25

भू–आच्छादित क्षेत्र का 5 प्रतिशत अतिरिक्त आच्छादन, गैरेज तथा साइकल स्टैण्ड के लिये स्वीकार्य होगा।

6.16 अनौपचारिक वर्ग के लिए प्रावधान

नवीन वाणिज्यिक केन्द्रों के नियोजन के समय फुटपाथ दुकानें, हाथ ठेला एवं इसी तरह की अन्य गतिविधियों के लिए निम्न सारणी में दिए गए मानकों के अनुसार अनौपचारिक वर्ग हेतु प्रावधान निर्धारित किए गए हैं।

अनौपचारिक वर्ग के लिए प्रावधान

सारणी 6–सा– 11

क्रमांक	विवरण	मानक
1	2	3
1	फुटपाथ व्यापार – वृत्त खण्ड केन्द्र – उपवृत्त खण्ड केन्द्र – सुलभ शॉपिंग	3 से 4 इकाई प्रति 10 औपचारिक दुकानें
2	शासकीय एवं वाणिज्यिक कार्यालय	1 से 2 इकाई प्रति 100 कर्मकार
3	थोक व्यापार एवं मालभाड़ा कॉम्पलेक्स	3 से 4 इकाई प्रति 10 औपचारिक दुकानें
4	चिकित्सालय	3 से 4 इकाई प्रति 100 बिस्तर
5	विद्यालय – प्राथमिक – माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक	 3 से 4 इकाई 5 से 6 इकाई
6	उद्यान – नगर उद्यान – स्थानीय उद्यान	 8 से 10 इकाई प्रत्येक प्रमुख प्रवेश द्वार 2 से 3 इकाई
7	आवासीय	1 इकाई प्रति 500 जनसंख्या
8	बस स्थानक/रेल्वे स्टेशन	परियोजना तैयार करते समय किये गये सर्वेक्षण पर निर्भर होगा।

टीपः– प्रत्येक इकाई 2.5 से 5 वर्गमीटर के आकार की नियत होगी।

6.17 ईंधन भराव एवं भराव सह–सेवा केन्द्र के मानक

ईंधन भराव एवं भराव सह–सेवा केन्द्र 18.00 मीटर चौड़े विद्यमान मार्ग पर स्वीकार्य होंगे तथा शेष मानक म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 53 (3)(चार) के अनुरूप होंगे। ई–वाहन/बैटरी चार्जिंग स्टेशन के मानक शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार लागू होंगे।

6.18 शॉपिंग मॉल/खुला मॉल

शापिंग मॉल हेतु मापदण्ड मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 96 के अनुरूप होंगे। उक्त गतिविधि विकास योजना में दर्शित वाणिज्यिक एवं मिश्रित भू–उपयोग में मान्य होगी। खुला माल, कृषि भूमि उपयोग के अंतर्गत मान्य होंगे।

6.19 सामुदायिक सुविधाएं तथा अन्य उपखण्डीय आवश्यकताओं के मापदंड

- शैक्षणिक स्वास्थ्य, संचार तथा सांस्कृतिक सुविधाओं के लिए अपेक्षित न्यूनतम भूमि का आकार प्रशासकीय विभाग या किसी नियामक प्राधिकारी या भूखण्ड का न्यूनतम आकार विहित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा विहित किए गए अनुसार होगा।
- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा निम्न आय समूह गृह निर्माण के लिए अत्यावश्यक सुख सुविधाओं की आवश्यकतायें म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 19 के परिशिष्ट–ञ में दिए गए अनुसार होगी।
- विकास योजना तैयार करते समय विभिन्न परिक्षेत्रों में स्वीकार्य फर्शी क्षेत्र अनुपात को उस क्षेत्र में प्रस्तावित धनत्व को दृष्टिगत रखते हुये निर्धारण किया गया है। अतः घनत्व का निर्धारण अनुज्ञा देते समय अभिन्यास स्तर पर न किया जावे।
- उस भूमि के लिए जिसमें कि कोई आवेदक हितबद्ध हो सकता हो विकास रेखांक अथवा परिक्षेत्रीय रेखांक के प्रस्ताव प्राप्त करने के लिए प्राधिकारी को म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 49 की परिशिष्ट–छः में विहित प्रारूप में आवेदन किया जा सकता है।

6.20 हॉस्टल, वर्किंग वूमन हॉस्टल, रेस्ट/गेस्ट हाउस, लाजिंग/बोर्डिंग

हॉस्टल, वर्किंग वूमन हॉस्टल, रेस्ट/गेस्ट हाउस, लॉजिंग/बोर्डिंग के लिए नियमन–

भूखण्ड का न्यूनतम क्षेत्रफल 500 वर्गमीटर
अधिकतम एफ.ए.आर. 1 : 1.0
अधिकतम भूतल आच्छादन (कवरेज) 33 प्रतिशत
अधिकतम ऊँचाई 12.00 मीटर

सीमांत खुला क्षेत्र –

(अ) सम्मुख 6.0 मीटर
(ब) अन्य तीन ओर 4.50 मीटर

अन्य नियंत्रण –

भूखण्ड के सम्मुख मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई 12.0 मीटर
पार्किंग म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 प्रावधान अनुसार।

6.21 मैरिज गार्डन

मैरिज गार्डन विकास के नियमन म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के अनुसार मान्य होंगे।

6.22 बारात घर/मांगलिक भवन/कल्याण मण्डपम/कम्युनिटी हाल

बारात घर/मांगलिक भवन/कल्याण मण्डपम/कम्युनिटी हाल विकास के नियमन निम्नानुसार होंगे :–

भूखण्ड का न्यूनतम क्षेत्रफल 500 वर्गमीटर
अधिकतम एफ.ए.आर. 1 : 0.5
अधिकतम भूतल आच्छादन (कवरेज) 15 प्रतिशत
न्यूनतम भूखण्ड का अग्रभाग 25.0 मीटर
सीमांत खुला क्षेत्र –
सम्मुख 6.0 मीटर
अन्य तीन ओर 4.50 मीटर

अन्य नियंत्रण :–

भूखण्ड के सम्मुख मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई 12.0 मीटर।

भूखण्ड के सम्मुख खुले क्षेत्र का 40 प्रतिशत भाग सार्वजनिक पार्किंग हेतु आरक्षित रहेगा।

इस गतिविधि से जनित होने वाली पार्किंग की पूर्ण व्यवस्था परिसर के अंदर ही सुनिश्चित की जायेगी।

टीप– शासकीय भूमि अथवा मार्ग पर एवं परिसर के बाहर पार्किंग गतिविधि स्वीकार्य नहीं होगी।

6.23 शीतकेन्द्र/वेयर हाउस/गोदाम/अन्य भण्डारण केन्द्र के लिये मापदण्ड

उपरोक्त गतिविधियों के लिए निम्न नियमन लागू रहेंगे।

भूखण्ड का न्यूनतम क्षेत्रफल–	1000 वर्गमीटर
अधिकतम निर्मित क्षेत्र–	40 प्रतिशत
भूखण्ड के सामने मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई–	12.0 मीटर
सीमांत खुला क्षेत्र –	6.0 मीटर

6.24 छविगृहों के लिए मापदण्ड

म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 53(3) के प्रावधान लागू होंगे।

6.25 मल्टीप्लेक्स

मल्टीप्लेक्स हेतु म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 95 के प्रावधान लागू होंगे। मल्टीप्लेक्स आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक एवं मिश्रित भूमि उपयोग में मान्य होंगे एवं फर्शी क्षेत्रानुपात उस भू–उपयोग के अनुरूप होगा, जिसमें उक्त गतिविधि मान्य की गई हो।

6.26 उद्यान

समस्त प्रकार के आमोद–प्रमोद क्षेत्र अंतर्गत प्रस्तावित उद्यान में 05 प्रतिशत आनुशांगिक गतिविधियाँ स्वीकार्य होगी।

स्टेडियम के निर्माण हेतु मापदण्ड खेल विभाग के अनुसार होंगे।

6.27 संवेदनशील क्षेत्रों हेतु नियमन

संवेदनशील क्षेत्र में विकास की गतिविधियां निम्नानुसार प्रावधानित हैं :–

- नदी, नाले, शाखा नहर एवं अन्य जल स्त्रोतों के किनारे छोड़ा जाने वाला खुला क्षेत्र मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 के नियमों के अनुसार होगा।
- नहर की स्थिति में सिंचाई विभाग द्वारा अधिग्रहण की गई भूमियों से दोनों ओर 3.0–3.0 मीटर का क्षेत्र खुला रखा जाएगा।
- प्रदूषित जल/मल किसी भी स्थिति में नदी में प्रवाहित नहीं किया जावेगा।
- नाले, शाखा नहर एवं अन्य जल स्त्रोतों के किनारे के क्षेत्रों में भवनों के व्यक्तिगत सेप्टिक टेंक को भवन निर्माण पश्चात् ग्रिडल मल लाईन से जोड़ना अनिवार्य होगा।
- निवेश क्षेत्र में आने वाले निर्मित भवनों के आच्छादित क्षेत्र में या एफ.ए.आर. में पूर्व की स्वीकृति के अतिरिक्त वृद्धि स्वीकार्य नहीं होगी।
- नदियों के संरक्षण एवं जल गुणवत्ता में सुधार हेतु किये जाने वाले कार्य स्वीकार्य होंगे।
- संवदेनशील क्षेत्रों में रख–रखाव से संबंधी कार्य स्वीकार्य होंगे।

6.28 ऐतिहासिक महत्व के क्षेत्र

- नागरिक एवं सांस्कृतिक महत्व के भवन।
- प्राचीन वास्तुकला भवन यदि निजी आधिपत्य में हो, तो भी।
- समय–समय पर उत्खनित/खोजे गए विरासतीय भवन।

पुरातात्विक महत्व के स्मारकों से पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा निर्धारित प्रतिबंधित क्षेत्र खुला रखा जायेगा।

6.29 उपयोग परिसर में स्वीकृत/स्वीकार्य गतिविधियां

सारणी 6–सा– 12

क्र.	उपयोग	स्वीकृत उपयोग परिसर
1	2	3
1	आवासीय	आवासीय भूखण्डीय विकास, अपार्टमेंट हाउसिंग/फ्लेटस, अतिथि गृह/रेस्ट हाउस, रात्रि विश्राम गृह, धर्मशाला मैरिज हाल/बारात घर/मांगलिक भवन/कल्याण मंडपम, कम्यूनिटी हॉल, मेरिज गार्डन, बाल सुधार गृह/कामकाजी महिला छात्रावास, होस्टल/लॉजिंग एवं बोर्डिंग, वृद्धाश्रम, सुविधाजनक दुकानें, स्थानीय दुकानें, साप्ताहिक हाट बाजार, क्लिनिक/डिस्पेंसरी, प्रसूती गृह, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नर्सिंग होम, पालतू पशु क्लिनिक/औषधालय, खेल का मैदान/ नेवरहुड पार्क, झूलाघर/डे–केयर सेंटर, क्लिनिकल प्रयोगशाला, खुला रंग मंच, सांस्कृतिक एवं सूचना केन्द्र, अनाथालय, योग केन्द्र, ध्यान अध्यात्मिक केन्द्र, सिनेमा हाल, होटल, ईंधन भराव एवं भराव–सह–सेवा केन्द्र, सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग, सामान्य चिकित्सालय, विशिष्ट चिकित्सालय, शैक्षणिक महाविद्यालय/संस्थान, समस्त विद्यालय, कोचिंग सेंटर, कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र, शारीरिक प्रशिक्षण केन्द्र, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संस्थान, अनुसंधान एवं विकास केन्द्र, संगीत/नृत्य/नाटिका प्रशिक्षण केन्द्र, स्थानीय संस्थायें/अर्धशासकीय/शासकीय कार्यालय/सुविधायें, कन्वेंशन सेंटर, बस स्टॉप, सामाजिक कल्याण केन्द्र, जल/वेस्ट वाटर शोधन उपचार संयंत्र, गृह, मनोरंजन क्लब, खेल मैदान/स्टेडियम, लाइब्रेरी, म्यूजियम, स्टाफ क्वार्टर, बैंक/ए.टी.एम., रेस्टारेंट, तरणताल, कम्प्यूटर सेंटर।
2	**वाणिज्यिक**	
(अ)	सामान्य वाणिज्यिक	आवासीय में स्वीकार्य समस्त गतिविधियां, सिनेमा हाल, होटल, ईंधन भराव एवं भराव–सह–सेवा केन्द्र, प्रिंटिंग प्रेस, निजी व्यवसाय कॉर्पोरेट कार्यालय, ऑटो सर्विस स्टेशन/मोटर गैरेज एवं वर्कशॉप, सूचना प्रौद्योगिकी, कोचिंग सेंटर, कम्प्यूटर प्रशिक्षण सेंटर, दूरसंचार केन्द्र, ट्रांसमिशन टॉवर, वायर लेस स्टेशन, रेडियो एवं टेलीविजन स्टेशन, वेदशाला एवं मौसम कार्यालय, अग्निशमन केन्द्र, दूरभाष केन्द्र, पोस्ट ऑफिस, दूर–संचार टावर एवं स्टेशन, पुलिस स्टेशन, पुलिस पोस्ट, माल, मल्टीप्लेक्स, फिटनेस क्लब।

क्र.	उपयोग	स्वीकृत उपयोग परिसर
1	2	3
(ब)	वर्गीकृत वाणिज्यिक	आवासीय एवं सामान्य वाणिज्यिक में स्वीकार्य गतिविधियां तथा थोक व्यापार एवं लॉजिस्टिक हब।
3	औद्योगिक	औद्योगिक भूखण्डीय विकास, अतिथि गृह/रेस्ट हाउस, होस्टल/लॉजिंग एवं बोर्डिंग, सुविधाजनक दुकानें, स्थानीय दुकानें, क्लिनिक/डिस्पेंसरी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नर्सिंग होम, खेल मैदान, बालगृह, दिन देखभाल केन्द्र, धार्मिक परिसर, क्लिनीकल प्रयोगशाला, सिनेमा हाल, होटल, ईंधन भराव एवं भराव–सह–सेवा केन्द्र, शीत संग्रहागार एवं दुग्ध द्रुतशीतजन संयंत्र, जंकयार्ड, पेट्रोलियम उत्पाद डिपो, गैस गोडाउन, प्रिटिंग प्रेस, ऑटो सर्विस स्टेशन/मोटर गैरेज एवं वर्कशॉप, सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग, डेरी प्लांट, स्लाटर हाउस, फेलैटेड फैक्टरी, स्टोरेज/गोदाम (अज्वलनशील, ज्वलनशील, डीजल स्टोरेज), एक्सटेंसिव–विशिष्ट एक्सट्रेक्टिव उद्योग, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अनुसंधान एवं विकास केन्द्र, स्थानीय संस्थायें/ अर्धशासकीय/ शासकीय कार्यालय, दूर–संचार केन्द्र, ट्रांसमिशन टॉवर, वायर लेस स्टेशन, अग्नि शमन केन्द्र, दूर संचार, पोस्ट आफिस, दूरभाष केन्द्र पोस्ट ऑफिस, दूर–संचार टावर एवं स्टेशन, पुलिस स्टेशन, पुलिस पोस्ट, बस स्टॉप, सामाजिक कल्याण केन्द्र, जल/वेस्ट वाटर शोधन संयंत्र, लाइब्रेरी, म्यूजियम, स्टाफ क्वार्टर , बैंक/ए.टी.एम. रेस्टोरेंट।
4	सार्वजनिक एवं अर्धसार्वजनिक	अतिथि गृह/ रेस्ट हाउस, बालगृह, कामकाजी महिला छात्रावास, होस्टल, लॉजिंग एवं बोर्डिंग, वृद्धाश्रम, सुविधाजनक दुकानें, स्थानीय दुकानें, क्लिनिक/डिस्पेंसरी, प्रसूति गृह, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नर्सिंग होम, पालतू पशु औषधालय, खेल का मैदान, नेवरहूड पार्क, झूला घर/डे केयर केन्द्र, धार्मिक परिसर, क्लिनीकल प्रयोगशाला, खुला रंग मंच, सांस्कृतिक एवं सूचना केन्द्र, अनाथालय, योग –ध्यान–अध्यात्मिक केन्द्र, ईंधन भराव एवं भराव–सह–सेवा केन्द्र, निजि व्यवसाय एवं कार्पोरेट कार्यालय, सूचना प्रौद्योगिकी, स्टोरेज/गोदाम (अज्वलनशील), सामान्य चिकित्सालय, विशिष्ट चिकित्सालय, पशु चिकित्सालय, विश्व विद्यालय, शैक्षणिक महाविद्यालय, चिकित्सा/इंजीनियरिंग महाविद्यालय, अन्य व्यवसायिक महाविद्यालय, पॉलीटेक्निक, माध्यमिक विद्यालय,

क्र.	उपयोग	स्वीकृत उपयोग परिसर
1	2	3
		प्राथमिक विद्यालय/नर्सरी, प्ले स्कूल, कोचिंग सेंटर, कम्प्यूटर प्रशिक्षण सेंटर, शारीरिक प्रशिक्षण केन्द्र, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संस्थान, विकलांग बच्चों के लिए विद्यालय, (अ–मानसिक विकलांगता, ब–शारीरिक विकलांगता), समन्वित आवासीय विद्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व्यवसायिक प्रशिक्षण संस्थान/प्रबंधन संस्थान, अनुसंधान एवं विकास केन्द्र, संगीत/नृत्य नाटिका प्रशिक्षण केन्द्र, स्थानीय संस्थायें/ अर्धशासकीय/शासकीय कार्यालय, दूर–संचार केन्द्र, ट्रांसमिशन टॉवर, वायर लेस स्टेशन, रेडियो एवं टेलीविजन स्टेशन, वेदशाला एवं मौसम कार्यालय, गृह, मनोरंजन क्लब, आंतरिक एवं बाह्य स्टेडियम, स्पोर्ट्स काम्पलेक्स, लाइब्रेरी, म्यूजियम, स्टाफ क्वार्टर, बैंक/ए.टी.एम. रेस्टोरेंट, तरणताल, होटल मैनेजमेंट संस्थान, कन्वेंशन सेंटर, सामाजिक कल्याण केन्द्र, सूचना प्रौद्योगिकी* एवं गैर–प्रदूषणकारी उद्योग**
5	सार्वजनिक उपयोगितायें एवं सुविधायें	अग्निशमन स्टेशन, दूरभाष केन्द्र, पोरट ऑफिस, दूर–संचार टावर/ स्टेशन, पुलिस स्टेशन, पुलिस पोस्ट, बस स्टाप, मल/अपशिष्ट उपचार संयंत्र, कब्रिस्तान, शमशान घाट, विद्युत शव–दाह, जल/वेस्ट वाटर शोधन उपचार संयंत्र, रख रखाव कार्यालय, यातायात सुविधाएं, संचार **सुविधाएं, अत्यावश्यक सेवाओं संबंधी कार्य।**
6	यातायात एवं परिवहन	रेलवे स्टेशन एवं रेलवे लाईन/रेलवे साइडिंग/यार्ड/आपरेशनल एरिया, बस स्टेण्ड, बस डिपो, ट्रक टर्मिनल–नगर, हवाई पट्टी, माल गोदाम, शीतगृह, सर्विस स्टेशन, रिपेयर वर्कशॉप, अनुशांगिक दुकानें, रेस्टोरेन्ट, मोटल, होटल, पेट्रोल पम्प।
7	आमोद–प्रमोद	
(अ)	क्षेत्रीय/नगर उद्यान/ मनोरंजन	खेल का मैदान , पार्क, एम्यूजमेंट पार्क, मनोरंजन साईट, क्लब रिसोर्ट, घुड़सवारी, जिमनेजियम मय वोट क्लब, आंतरिक स्टेडियम, स्टेडियम, स्पोर्ट कॉम्पलेक्स, ऑरचर्ड, तरणताल, पिकनिक हट, फ्लाईंग क्लब, फिटनेस क्लब, मेला मैदान, नर्सरी, पक्षी अभ्यारण्य, वनस्पति उद्यान, प्राणी उद्यान, मत्स्यालय, केम्पिंग साईट, वाटर पार्क, वाटर पार्क मय

क्र.	उपयोग	स्वीकृत उपयोग परिसर
1	2	3
		राइडर कियोस्क, रिसोर्ट, पर्यटक/कुटीर, खेल उद्यान, नगरीय उद्यान, क्षेत्रीय उद्यान, संग्रहालय, अन्य विशिष्ट उद्यान, सर्कस सूचना केन्द्र, सार्वजनिक शौचालय, स्टोर, चौकीदार निवास, चौकीदार हट, पम्प हाउस, अत्यावश्यक सार्वजनिक सेवाएं/सुविधाएं।
(ब)	स्टेडियम/ खेल मैदान	स्टेडियम/खेल मैदान, नेबरहुड पार्क, एम्यूजमेंट पार्क, क्लब/रिसोर्ट, घुड़सवारी प्रशिक्षण, जिम्नेंजियम, वोट क्लब, आंतरिक स्टेडियम, स्टेडियम, स्पोर्ट कॉम्पलेक्स, ऑरचर्ड, तरणताल, पिकनिक हट, फ्लाईंग, फिटनेस क्लब, मेला स्थल, नर्सरी, खेल उद्यान, नगरीय उद्यान, क्षेत्रीय उद्यान, अन्य विशिष्ट उद्यान, सर्कस, सूचना केन्द्र, सार्वजनिक शौचालय, स्टोर, चौकीदार निवास, पम्प हाउस, चौकीदार हट, अत्यावश्यक सार्वजनिक सेवाएं/सुविधाएं।
(स)	मेला मैदान	मेला मैदान, खेल का मैदान, पार्क, एम्युजमेंट पार्क, क्लब, घुड़सवारी, जिमनेजियम, वोट क्लब, आंतरिक स्टेडियम–अस्थाई प्रकृति के, ऑरचर्ड, तरणताल, पिकनिक हट, फ्लाईंग, फिटनेस क्लब, नर्सरी, पक्षी अभ्यारण्य, वनस्पति उद्यान, प्राणी उद्यान, केम्पिंग साईट, वाटर पार्क, रिसोर्ट, पर्यटक/कुटीर–अस्थाई प्रकृति के, खेल उद्यान, नगरीय उद्यान, क्षेत्रीय उद्यान, सर्कस सूचना केन्द्र, सार्वजनिक शौचालय, स्टोर, पम्प हाउस, चौकीदार निवास, चौकीदार हट, अत्यावश्यक सार्वजनिक सेवाएं/सुविधाएं।
(द)	हरित क्षेत्र	खेल का मैदान, नेबरहुड पार्क, एम्युजमेंट पार्क, घुड़सवारी प्रशिक्षण, वोट क्लब, ऑरचर्ड, तरणताल, पिकनिक हट, फ्लाईंग, नर्सरी, पक्षी अभ्यारण्य, वनस्पति उद्यान, प्राणी उद्यान, मत्स्यालय, केम्पिंग साईट, वाटर पार्क, खेल उद्यान, पम्प हाउस, नगरीय उद्यान, क्षेत्रीय उद्यान।
(इ)	वृक्षारोपण	पर्यावरण वानिकी, खेल का मैदान नेबरहुड पार्क, एम्युजमेंट पार्क, घुड़सवारी, वोट क्लब, ऑरचर्ड, तरणताल, पिकनिक हट, मेला मैदान, नर्सरी, पक्षी अभ्यारण्य, वनस्पति उद्यान, प्राणी उद्यान, मत्स्यालय, केम्पिंग साईट–अस्थाई प्रकृति की, वाटर पार्क, पर्यटक/ कुटीर–अस्थाई प्रकृति की, खेल उद्यान, नगरीय उद्यान, क्षेत्रीय उद्यान, सर्कस, सूचना केन्द्र, सार्वजनिक शौचालय, स्टोर, पम्प हाउस, चौकीदार निवास, चौकीदार हट, अत्यावश्यक सार्वजनिक सेवाएं/सुविधाएं।

क्र.	उपयोग	स्वीकृत उपयोग परिसर
1	2	3
8	वन	वन विभाग के प्रावधानानुसार
9	कृषि	ऐसे समस्त स्वीकृत उपयोग जो **"कृषि"** शब्द की परिभाषा में म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 में वर्णित है। श्मशान घाट/कब्रिस्तान, जल–मल शोधन केन्द्र, ईंट भट्टे दुग्ध डेयरी, तेल डिपो, फार्म हाउस, वेयर हाऊस, गोडाउन, विस्फोटक सामग्री संग्रहण, शासकीय/ अर्ध–शासकीय/ पंजीकृत संस्थाओं का कार्यालय एवं उनके द्वारा प्रायोजित विशिष्ट स्वास्थ्य/शैक्षणिक/संचार गतिविधियाँ, ग्राम विकास संबंधी गतिविधियाँ (क्लिनिक/डिस्पेंसरी, प्रसूती गृह, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नर्सिंग होम, पालतू पशु क्लिनिक/औषधालय, रात्रि विश्राम गृह, धर्मशाला, मैरिज हाल/बारात घर/मांगलिक भवन/कल्याण मंडपम, कम्यूनिटी हाल, मैरिज गार्डन, बालगृह, होस्टल/लॉजिंग एवं बोर्डिंग, वृद्धाश्रम, सुविधाजनक दुकानें, अनाथालय, योग केन्द्र, ध्यान आध्यात्मिक केन्द्र, ईंधन भराव एवं भराव–सह–सेवा केन्द्र, माध्यमिक विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय/नर्सरी, प्ले स्कूल, कोचिंग सेंटर, कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र, शारीरिक प्रशिक्षण केन्द्र, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संस्थान, विकलांग बच्चों के लिए विद्यालय, (अ–मानसिक विकलांगता ब–शारीरिक विकलांगता), पुलिस स्टेशन, पुलिस पोस्ट बस स्टॉप, सामाजिक कल्याण केन्द्र, जल/वेस्ट वाटर शोधन उपचार संयंत्र, नर्सरी, लाइब्रेरी, सेवाओं/सुविधाओं संबंधी अत्यावश्यक स्टाफ क्वार्टर, बैंक/ए.टी.एम., रेस्टोरेंट ग्राम आबादी विस्तार, भवन सामग्री यार्ड, टिम्बर यार्ड, मैरिज गार्डन, शीत संग्रहागार, दुग्ध द्रुतशीतजन संयंत्र, जंकयार्ड, पेट्रोलियम उत्पाद डिपो, गैस गोडाउन, डेरी प्लांट स्टोरेज/गोदाम (अज्वलनशील, ज्वलनशील, डीजल स्टोरेज), एक्सटेंसिव–विशिष्ट एक्सट्रेक्टिव उद्योग, दूरभाष केन्द्र, पोस्ट ऑफिस, पुलिस पोस्ट, बस स्टाप, मल/अपशिष्ट उपचार संयंत्र, कब्रिस्तान, शमशान घाट, विद्युत शव–दाह, जल/वेस्ट वाटर शोधन उपचार संयत्र, समस्त खेल गतिविधियां/लॉजिस्टिक हब, सूचना प्रौद्योगिकी* एवं गैर–प्रदूषणकारी उद्योग**, कृषि पर्यटन सुविधाऐं*** समस्त प्रकार के भण्डारण।

व्याख्या:–

(1) *सूचना प्रौद्योगिकी से तात्पर्य है, मध्यप्रदेश शासन द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के नीति पत्र में वर्णित उद्योग एवं संस्थायें।

(2) **गैर–प्रदूषणकारी उद्योग से तात्पर्य है, मध्यप्रदेश प्रदूषण निवारण मण्डल द्वारा सफेद श्रेणी में वर्गीकृत उद्योग।

(3) ***कृषि पर्यटन सुविधा मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 17(क) के अनुसार मान्य होगा।

6.30 मिश्रित उपयोग कॉरिडोर

इस उपयोग के अंतर्गत आर.आर.–1 की दोनों तरफ 200–200 मीटर गहराई तक, आर.आर.–1 से सैलाना की ओर निवेश क्षेत्र सीमा तक मार्गों के दोनों ओर 250 मीटर गहराई तक तथा सेजावता से बंजली मार्ग के एक ओर 150 मीटर गहराई तक, आर.आर.–1 से मंदसौर की ओर मार्ग के दोनों ओर 250 मीटर गहराई तक मिश्रित उपयोग कॉरिडोर प्रस्तावित किया गया है, जिसके अंतर्गत आवासीय, वाणिज्यिक, सार्वजनिक एवं अर्धशासकीय उपयोग स्वीकार्य होंगे।

6.31 विकास योजना के प्रस्तावों की प्राप्ति हेतु प्रक्रिया

म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के अनुसार

अध्याय 7 योजना क्रियान्वयन

विकॉंस योजना के प्रस्ताव औचित्यहीन है, यदि इसके क्रियॉंन्वयन एवं प्रभावशील करने हेतु सम्यक प्रयास पूर्ण रूप से नहीं किये जाते हैं। यह अपेक्षित है कि, इसमें नगरवासियों को व्यक्तिगत या संगठित रूप से निर्माण, पुनर्निर्माण और विभिन्न उपयोग हेतु भूमि विकास करके योगदान करना होगा। इसलिए यह आवश्यक है कि, ऐसे प्रयासों का मार्गदर्शन, तकनीकी सलाह देकर किया जावे, ताकि विकास एवं निर्माण, विकास योजना या परिक्षेत्रीय योजना के उपबंधों के अनुरूप हो सकें। विकास योजना का प्रभावीकरण तभी संभव हो सकेगॉं, जब म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 के प्रावधानों के अंतर्गत कोई भी विकास कार्य चाहे वह शासकीय, अर्धशासकीय या व्यक्तिगत हो, उसकी अनुज्ञा नगर तथा ग्राम निवेश से प्राप्त कर किया जावें।

विकास योजना के प्रस्तावों के क्रियान्वयन का दायित्व मुख्यतः रतलाम विकास प्राधिकरण के द्वारा किया जाना था किन्तु विकास प्राधिकरण द्वारा विकास कार्य नहीं किया गया। इसके अतिरिक्त म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, लोक निर्माण विभाग, उद्योग विभाग, नगर पालिका द्वारा भी अपने संबंधित कार्य क्षेत्र में निर्माण कार्य किया जाता है, इससे विकास योजना के क्रियान्वयन में मदद मिलेगी। इसलिए यह अपेक्षित होगा कि, सभी प्रकार की निर्माण गतिविधियों को समन्वित करने हेतु शासकीय, अर्धशासकीय निकाय, विकास योजना के क्रियान्वयन की क्रमावस्था तथा कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दें।

7.1 विकास योजना का क्रियान्वयन

विकास योजना के प्रस्ताव सन् 2035 तक के लिए है। वर्तमान मूल्यों के अनुसार पूर्ण प्रस्ताव क्रियान्वयन करने में रूपये 297134.90 लाख का व्यय अनुमानित है, इसमें विभिन्न भूमि उपयोग हेतु 1357.14 हेक्टेयर भूमि के अर्जन हेतु मुआवजा एवं भूमि के विकास पर व्यय, जिसमें नये मार्गों का निर्माण आदि शामिल है।

भूमि अर्जन की औसत दर रूपये 50.0 लाख प्रति हेक्टेयर मानी गई है। इस पर विकास संबंधी व्यय भूमि का दस गुना अनुमानित है। विकास व्यय का जहां तक प्रश्न है, वह भूमि उपयोग के प्रकार अनुसार अलग–अलग माना गया है। संपूर्ण विकास योजना 2035 के क्रियान्वयन की लागत का अनुमान सारणी 7–सा–1 में दर्शाया गया है।

विकास योजना का क्रियान्वयन

सारणी 7–सा– 1

क्र	भूमि उपयोग विवरण	क्षेत्र (हेक्टेयर में)				भू– अर्जन लागत (रू. 50.0 लाख प्रति हे. की दर से)	विकसित की जाने वाली भूमि का विकास व्यय			कुल लागत (रू. लाख में) (7+10)
		प्रस्तावित (हे. में)	वर्तमान (हे. में)	शेष (हे. में)	भूमि अर्जन का क्षेत्रफल (हे. में)		क्षेत्र (हेक्टेयर में)	विकास दर प्रति हे. (रू. लाख में)	लागत (रू. लाख में)	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	आवासीय	2892.21	1161.60	1730.61	173.06	865.31	1038.37	100.00	103836.60	104701.91
2	वाणिज्यिक	192.14	89.20	102.94	10.29	1544.10	61.76	100.00	6176.40	7720.50
3	औद्योगिक	590.03	261.00	329.03	246.77	10693.48	197.42	100.00	19741.80	30435.28
4	सार्व./अर्ध सार्वजनिक तथा सार्वजनिक सेवाएं एवं सुविधाएं	407.86	258.48	149.38	104.57	4854.85	89.63	100.00	8962.80	13817.65
5	आमोद–प्रमोद	684.63	60.79	623.84	436.69	23394.00	374.30	50.00	18715.20	42109.20
6	यातायात एवं परिवहन	1023.16	616.84	406.32	304.74	13205.40	247.79	100.00	24379.20	37584.60
7	मिश्रित	810.21	619.36	810.21	81.02	12153.15	486.13	100.00	48612.60	60765.75
योग:–		**6600.24**	**2447.91**	**4152.33**	**1357.14**	**66710.29**	**2491.40**	**650.00**	**230424.60**	**297134.89**

नोट :– भू–अर्जन की दर वर्ष 2020–21 की गाईडलाईन पर आधारित है। अतः असिंचित भूमि एवं सिंचित भूमि की दर प्रति हेक्टेयर 7.0 लाख से 60 लाख एवं सिंचित भूमि 14 लाख से 75 लाख तक का औसत दर को ध्यान मे रखते हुये भू–अर्जन की दर 50 लाख प्रति हेक्टेयर रखी गई है।

7.2 योजना क्रियान्वयन की नीति

रतलाम विकास योजना 2021 के क्रियान्वयन का मूल्यांकन करने से यह स्पष्ट होता है कि विकास योजना के अधिकांश प्रस्तावों का वास्तविक क्रियान्वयन नहीं हो पाया है। उपयुक्त प्रबंधन की कमी के कारण जिन क्षेत्रों की योजना प्रभावित हुई है, जिसका उल्लेख अध्याय 3 में किया गया है जिस पर पुनर्विचार करते हुए योजना के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हेतु नीति निर्धारण अनिवार्य है।

अतएव निम्नलिखित उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु योजना क्रियान्वयन नीति निर्धारण की नितांत आवश्यकता है :–

1. प्राकृतिक पर्यावरण का संरक्षण तथा उत्कृष्ट भू–स्वरूप,
2. सांस्कृतिक धरोहरों के क्षेत्र का संरक्षण,
3. भूमि का कुशलतम उपयोग,
4. अधोसंरचना और सेवाओं की उपलब्धता/संधारणाएं
5. भूमि प्रदाय तथा अधोसंरचना विकास में सहभागिता का प्रस्ताव,
6. समाज के कमजोर वर्गों के लिए आवास प्रदान करना,

विकास योजना क्रियान्वयन हेतु उपरोक्त उद्देश्यों का क्रियान्वयन निम्न क्षेत्रों में किया जाना प्रस्तावित है :–

अ) पर्यावरण प्रबंधन एवं संरक्षण कार्यक्रम,

ब) नगर अधोसंरचना एवं सेवा संबंधी कार्यक्रम,

7. मुख्य मार्गों के किनारे प्रस्तावित भू–उपयोग के क्रियान्वयन के अंतर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों का निराकरण इस विधि से किया जावेगा कि मार्गों हेतु प्रस्तावित भूमि स्थानीय प्राधिकारी को विकास हेतु उपलब्ध हो सके।
8. किसी भी तरह के स्वीकार्य उपयोग 12 मीटर चौड़ाई से कम चौड़ाई वाले मार्ग पर विकसित नहीं किये जा सकेंगे।
9. आवासीय परिक्षेत्रों में चिकित्सा एवं इलेक्ट्रॉनिक गतसार से संबंधित उपक्रम विद्युत शक्ति की सीमा से मुक्त होंगे।
10. प्रत्येक अभिन्यास के खुले क्षेत्र में प्रत्येक 100 आवासीय इकाईयों के लिए एक बालवाड़ी, एक झूलाघर हेतु क्षेत्र आरक्षित रखना होगा। इसके अतिरिक्त उपयुक्त स्थान पर बंद कचराघर हेतु कम से कम 20 फीट स्थान आरक्षित रखना होगा। जहां से स्थानीय संस्थाएं सुविधापूर्वक कचरे का उठान कर सके, जिससे कि पर्यावरणीय दुष्प्रभाव न पड़े।
11. ऐसे आवासीय प्रक्षेत्र में भूखण्ड का आकार म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 53(1) एवं (2) के अनुसार एवं खुला क्षेत्र नियम 55 एवं 56 के अनुसार जहां कहीं विशेष रूप से उल्लेखित न किया गया हो, नियंत्रित होगा।

7.3 पर्यावरण प्रबंधन एवं संरक्षण कार्यक्रम

योजना क्रियान्वयन द्वारा नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार हेतु ठोस प्रयास की आवश्यकता है, जो प्रमुख रूप से तालाबों के संरक्षण इनकी जल गुणवत्ता, उत्कृष्ट, भू–स्वरूप तथा जल स्त्रोतों के जल ग्रहण क्षेत्रों से संबंधित कतिपय भूमि प्रबंधन से संबंधित है। अन्य पर्यावरण समस्याएं जैसे नगरीय अपशिष्ट के उपचार एवं निराकरण।

7.3.1 पर्यावरण प्रबंधन एवं संरक्षण के प्रमुख तत्व

उपरोक्त संवेदनशील बिन्दु के परिप्रेक्ष्य में निम्न विषय विचारणीय है :–

1. नदी एवं अन्य जल स्त्रोतों में जल–मल के प्रवाह को रोकने हेतु प्रभावी कदम।
2. तालाबों के फैलाव क्षेत्रों में भू–उपयोग प्रबंधन से तालाबों का प्रदूषण रोकना।
3. जल फैलाव क्षेत्रों में "स्टापडेम" द्वारा भूमि क्षरण को रोकना एवं इस क्षेत्र में कृषि हेतु उर्वरक का उपयोग निषेध।
4. नदी, नालों, तालाबों के सीमावर्ती क्षेत्रों में नियंत्रण मापदण्डों का प्रभावीकरण।
5. निस्तारी एवं जल गुणवत्ता का स्वतंत्र पर्यवेक्षण।
6. सभी जल स्त्रोतों के जल फैलाव क्षेत्रों में प्रदूषण एवं अन्य पर्यावरणीय गिरावट के नियंत्रण हेतु संस्थागत समन्वय व्यवस्था।

7.4 नगरीय अधोसंरचना एवं सेवा योजना

नगरीय अधोसंरचना एवं सेवा योजना का प्रमुख स्वरूप निम्न नीतिगत उद्देश्यों की पूर्ति हेतु होगा। :–

1. संस्था का गठन,
2. विस्तृत योजना प्रस्ताव तथा भूमि क्षमता के अनुरूप भूमि उपयोग तथा अधोसंरचना विकास हेतु नियमन,
3. भौतिक एवं वित्तीय आवश्यकताओं के परिपेक्ष्य में निजी एवं राज्य योजनाओं के स्थल तथा रूपांकन में अधिकतम सक्षम भूमि उपयोग,
4. नगरवासियों एवं क्षेत्रीय अर्थ व्यवस्था के परिपेक्ष्य में आर्थिक एवं सामाजिक अधोसंरचना तथा सेवाओं का युक्तियुक्त प्रावधान,

7.4.1 नियंत्रित विकास

विकास कार्यक्रमों में भूमि स्वामी/विकासकर्ता/सामुदायिक समूह की भागीदारी के माध्यम से नियंत्रित विकास तंत्र का प्रभावीकरण किया जावेगा। यहाँ समन्वयक संस्था की भूमिका प्रदायकर्ता की होगी। सार्वजनिक संस्थाएं, प्रमुख सेवाएं, तंत्र के एकीकृत नियोजन एवं रूपांकन हेतु उत्तरदायी होगी।

7.4.2 अधोसंरचना भूमि बैंक का गठन

एकीकृत नगर विकास कार्यक्रम में सहभागिता करने वाली सार्वजनिक संस्थाओं एवं निजी संस्थाओं की विभिन्न परियोजनाओं में सम्मिलित भूमि में से अनुपातिक एवं साम्य के आधार पर भूमि अंशदान करने हेतु अधोसंरचना भूमि बैंक की स्थापना प्रस्तावित है। नगर के

मुख्य मार्गों एवं सार्वजनिक खुले क्षेत्रों हेतु अधोसंरचना विकास बैंक में भूमि के अंशदान को प्रोत्साहन स्वरूप छूट या लाभ राज्य शासन के सहयोग से प्रदत्त किया जाना प्रस्तावित है।

7.4.3 एकीकृत नगर विकास कार्यक्रम तैयार करना

एकीकृत नगर विकास कार्यक्रम को निम्नलिखित नीतिगत ढांचे के अनुरूप तैयार कर क्रियान्वित किया जा सकेगा।

वार्षिक योजना/वार्षिक विकास कार्यक्रम तैयार किया जाना चाहिए, जिससे कि पंचवर्षीय नगर विकास कार्यक्रम सामने आ सके। मूलतः यह कार्यक्रम योजना के प्रमुख क्षेत्रों के विकास हेतु प्राथमिकता के आधार पर लिए जाने वाले क्षेत्रों के लिए विकास कार्यक्रम होगा। यह कार्यक्रम भूमि अधिग्रहण, लक्ष्य, भूमि विकास प्रस्ताव, वृत्तखण्ड तथा उपवृत्तखण्ड स्तर की सुविधाओं का विकास तथा शासकीय एवं अर्धशासकीय संगठनों के कार्यक्रमों को प्रमुख रूप से दर्शायेगा। यह कार्यक्रम चालू वर्ष में पूर्ण किये जाने वाले नगरीय मार्ग तंत्र तथा प्रमुख सेवा सुविधाओं को विशेष रूप से प्रदर्शित करेगा। इस विकास योजना का एकीकृत दृष्टिकोण आलोच्य क्षेत्रों में नगर अधोसंरचना के विकास के लिए समुचित धनराशि का समय पर उपलब्ध कराने का प्रयास होगा।

योजना के क्रियान्वयन में सार्वजनिक संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका "सुविधादायक" के रूप में होना चाहिए। इस हेतु समन्वित तंत्र तैयार करने की आवश्यकता है। नगर विकास में निवेश के अंतर्गत अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए एकीकृत नगर विकास कार्यक्रम तैयार कर इस कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न सार्वजनिक संस्थाओं के पास उस वर्ष विशेष के लिए उपलब्ध बजट एवं अन्य स्त्रोतों से एकत्रित कर निर्धारित एकीकृत नगर विकास परियोजनाओं में निवेश करने का प्रयास किया जायेगा। एकीकृत नगर विकास योजना कार्यक्रम का क्रियान्वयन निम्नलिखित ढांचे के अंतर्गत किया जाकर लक्ष्य की पूर्ति की जाना प्रस्तावित है।

1. एकीकृत नगर विकास योजना के तत्वों की पहचान,
2. एकीकृत नगर विकास योजना तैयार करना
3. कार्यक्रम के समन्वय प्राधिकारी एवं अन्य सहभागियों में से निवेश के लिए सर्वसम्मत विषय सूची की पहचान,
4. विकास परियोजनाओं की प्राथमिकता का निर्धारण,
5. निवेश के ऐसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान करना, जो सहभागिता का उपयोग करते हुए विकास में समन्वित विकास का दृष्टिकोण रखते हैं,
6. समन्वय अधिकारियों और अन्य खण्डीय/एजेन्सियों की क्रियान्वयन भूमिका को परिभाषित करना।

7.5 विकास नियमन व्यापक दृष्टिकोण

नगरीय भूमि के अधिकतम सक्षम उपयोग के साथ–साथ आधुनिक भूमि उपयोग की प्रबंधन नीतियों को अंगीकृत करने की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए यह आवश्यक है कि विकास नियमों को पुनर्भाषित किया जावे। भारतीय जीवन शैली के अनुरूप विकास को नियंत्रित एवं निर्देशित करने के उद्देश्य से अध्याय–6 में नियमन वर्णित किये गये हैं।

7.6 योजना एवं कार्यक्रम

(अ) क्षेत्रों के विकास हेतु क्रियान्वयन तीन चरणों में करने का प्रावधान है। प्रथम चरण में वर्ष 2025 तक की आवश्यकताओं, द्वितीय चरण में वर्ष 2026 से 2031 तथा तृतीय चरण में वर्ष 2035 तक की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु रहेगा।

(ब) योजना प्रस्तावों के क्रियान्वयन हेतु भूमि–स्वामियों, विकासकर्ताओं, सामुदायिक समूहों, निजी विकासकर्ताओं एवं सार्वजनिक संस्थाओं के माध्यम से संसाधन गतिशीलता का सहभागिता के आधार पर प्रभावी कार्यक्रम बनाये जाने की आवश्यकता है।

(स) योजना प्रस्तावों में निर्धारित समयावधि में क्रियान्वयन करने के लिये नीति को सुविधाजनक बनाने में राज्य शासन की सहयोगी संस्था की भूमिका होगी। इन उद्देश्यों की पूर्ति हेतु राज्य शासन और वर्तमान में कार्यरत संस्थाओं के साथ नगर विकास प्राधिकारी/स्थानीय प्राधिकारी द्वारा निम्नलिखित क्षेत्रों में नगर स्तरीय अधोसंरचना विकास क्रियान्वित किया जावेगा :–

1. भूमि प्रवाह सरलीकरण के लिए नीति तैयार करना।
2. मार्ग विकास कार्यक्रम निर्धारित करना, जो नगर की अन्य सभी गतिविधियों को भी कार्यरूप दे सके।
3. भूमि स्वामियों, विकासकर्ताओं, सामुदायिक समूहों एवं निजी भवन निर्माणकर्ताओं की साझेदारी की दृष्टि से क्रियान्वयन संबंधी भूमि विकास कार्यक्रम की नीतियों को तैयार करना।
4. परिसीमन अधोसंरचना के प्रावधान के साथ–साथ लगभग पांच से दस हेक्टेयर आकार के अर्धविकसित भूखण्डों को सार्वजनिक संस्थाओं के माध्यम से प्राप्त करने हेतु विकास कार्यक्रम को मूर्तरूप देना।
5. योजना के तीनों चरणों की आवश्यकता, जलपूर्ति हेतु वर्तमान क्षमता एवं नवीन स्त्रोत का विकास।

7.6.1 संस्थाओं के प्रयास संबंधी मुख्य तत्व

एकीकृत नगरीय विकास कार्यक्रम हेतु निर्देशित सिद्धांत निम्नानुसार है :–

- यह सुनिश्चित करना कि, भूमि उपलब्धता में कमी तथा उपयुक्त अधोसंरचना के कारण विकास अवरूद्ध न हो।
- उपलब्ध नगरीय भूमि का पूरी तरह उपयोग करना।
- बिखरे हुए नगरीय विकास के लिये पहुंच मार्ग उपलब्ध कराना।
- अर्धविकसित एवं अविकसित क्षेत्रों में नगर स्तरीय अधोसंरचना का उन्नयन।
- भू–स्वामियों, सार्वजनिक समूहों एवं निजी विकासकर्ताओं के विकास कार्य में सहभागिता के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए भूमि विकास कार्यक्रम हाथ में लेना।

7.7 प्रथम चरण के घटक

प्रथम चरण के घटक में सार्वजनिक संस्थाओं के प्रयासों को शामिल करते हुए आलोच्य क्षेत्र के उपयोगों को निम्नानुसार चिन्हित किया गया है :–

(अ) आवासीय

1. निवेश इकाई–1 मुख्य मार्ग क्र. 4 पर
2. निवेश इकाई–2 संजीत मार्ग से लगकर ग्राम टिगरिया।

(ब) वाणिज्यिक

थोक एवं विशिष्ट बाजार : निवेश इकाई क्र. 1 में नीमच मार्ग पर यातायात नगर के सामने।

(स) औद्योगिक

1. औद्योगिक क्षेत्र : निवेश इकाई क्र. 3 मंदसौर–रतलाम मार्ग पर ग्राम अजीजखेडी।
2. निवेश इकाई क्रमांक 2 में ग्राम जग्गाखेडी।

(द) यातायात एवं परिवहन

1. मुख्य मार्ग क्रमांक 4 एवं 5 का निर्माण।
2. ग्राम कायमखेड़ा रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण।

(इ) सार्वजनिक एवं अर्धसार्वजनिक

1. प्रशासनीक केन्द्र एवं स्वास्थ्य उपयोग निवेश इकाई क्र. 3 में बायपास पर।

(उ) आमोद–प्रमोद

1. बायपास मार्ग पर दाउदखेड़ी में उद्यान का विकास।

7.8 प्रथम चरण कार्यक्रम


विकास योजना के प्रथम चरण में चयनित घटकों के क्रियान्वयन द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न भूमि उपयोग के अन्तर्गत 365.22 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित कर विकसित किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित क्रियान्वयन प्रक्रिया के अन्तर्गत भूमि अधिग्रहण की लागत सहित क्षेत्र की वर्तमान विकास दर के अनुसार प्रथम चरण क्रियान्वयन की अनुमानित लागत लगभग 94317.31 लाख होगी।

विकास योजना प्रथम चरण क्रियान्वयन की अनुमानित लागत का विस्तृत विवरण निम्न सारणी में दिया गया है :–

प्रथम चरण क्रियान्वयन की लागत

सारणी 7–सा– 2

क्र.	कार्य विवरण	भू अर्जन क्षेत्रफल (हे. में)	भू– अर्जन की लागत (रू. 50 लाख प्रति हे. की दर से)	विकसित की जाने वाली भूमि विकास व्यय			कुल व्यय (रू. लाख में)
				भौतिक लक्ष्य (हे. में)	व्यय रूपये लाख में		
					दर	लागत	
1	2	3	4	5	6	7	8
1	आवासीय	52.70	2634.855	351.31	100.00	35131.40	37766.26
2	वाणिज्यिक	3.08	153.975	20.53	100.00	2053.00	2206.98
3	औद्योगिक	27.13	1356.585	180.88	100.00	18087.80	19444.39
4	सार्वजनिक एवं अर्धसार्वजनिक तथा सार्वजनिक सुविधाएं	63.50	3175.095	60.48	100.00	6047.80	9222.90
5	आमोद–प्रमोद	16.25	812.595	15.48	100.00	1547.80	2360.40
6	यातायात एवं परिवहन **1. मार्ग** अ. आर.आर–1 लंबाई 17.12किमी चौड़ाई 60.0 मीटर ब. एम.आर.–4 लंबाई 4.57 कि.मी. चौड़ाई 30.0 मीटर स. एम.आर.–5 लंबाई 2.75 कि.मी. चौड़ाई 30 मीटर स. ओव्हर ब्रीज	116.72	5835.9	111.16	50.00	5558.00	11393.90
7	मिश्रित	85.84	4292.1	76.30	100.00	7630.40	11922.50
	योग	**365.22**	**48755**	**816.14**	**100.00**	**76056.2**	**94317.31**


RATLAM
7.1 - FIRST PHASE
Legend
EXISTING
PROPOSED
RESIDENTIAL
GENERAL RESIDENTIAL
MIXED LANDUSE
COMMERCIAL
GENERAL
INDUSTRIAL
GENERAL INDUSTRIES
RECREATIONAL
PARK
STADIUM
PUBLIC & SEMIPUBLIC
TRANSPORTATION
BUS STAND
ROAD
RAILWAY LINE
TRANSPORT NAGAR
BRIDGE
WATER BODIES
BOUNDARIES
PLANNING AREA
VILLAGE
MUNICIPAL
Scale
0 0.5 1 1.5 2 2.5 3 3.5 4 Km
N
District - Ratlam
Planning Area
Ratlam
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source: World View-II,2016 Data & Archive Master Plan
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal
To Nagda
To Delhi
To Dhamnod
To Indore
To Itawa
To Mandsaur
To Jaora
To Sailana
To Jhirwaniya
To Bajna
To Mumbai
To Dholabad
BAJANKHEDA
GHATLA
BHATUNI
BHATKHEDI
RAMNIYA
SURAKHEDI
HAPUKHEDI
SALAKHEDI
SEJAWATA
KORVANA
DHORGRAON
BARBADHI
RAJGARH
RATLAM
KARMADI
BANJU
BIRIYAKHEDI
JOHETALPUR
BAGOD

7.9 संसाधन गतिशीलता

नगर नियोजन वास्तव में संसाधन के उत्सर्जन, संसाधन विकास एवं प्रबंधन का अभ्यास है। वर्तमान में नगर विकास एवं निवेश हेतु अलग–अलग प्रयास नहीं किये गये हैं, जिसके परिणामस्वरूप संसाधनों का अपव्यय होता है। नियोजन में निवेश के एकीकृत दृष्टिकोण के माध्यम से गतिशील व्यवस्था की जा सकती है। नगरीय भूमि स्वयं में एक महत्वपूर्ण संसाधन है। वर्तमान में भूमि का उपयोग कर नगर विकास में निवेश के प्रयास तदर्थ एवं पृथक–पृथक रहे हैं, जिसमें उपलब्धता एवं क्षमता को रतलाम जैसे नगर के लिए नगरीय वृद्धि एवं नगरीयकरण के परिपेक्ष्य में कार्यरत भूमि बाजार को रोकते हुए गतिशीलता दी जा सकती है। स्थानीय राजस्व को सृजित करने के लिए एक निश्चित तंत्र की आवश्यकता है, जो कि नगर में कार्यरत नगर भूमि बाजार को रोकने में मदद कर सकती है।

वार्षिक आधार पर भूमि विकास क्षेत्रों हेतु चिन्हित किये गये विकास में सभी सहभागियों के निवेश की गतिशीलता हेतु एक कार्यक्रम का निर्धारण किया जाना चाहिए। यह प्रक्रिया भौतिक अधोसंरचना के तत्वों को अत्यंत तीव्रता से उत्पन्न कर संसाधन संकलित करने में सहयोग प्रदान करेगा।

7.10 योजना पर्यवेक्षण तंत्र

1. विकास योजना की सफलता विकास योजना प्रस्तावों का निर्धारित समयावधि में क्रियान्वयन तथा प्रथम चरण कार्यक्रम के अनुरूप संसाधनों की उपलब्धता तथा संसाधनों की गतिशीलता पर निर्भर करती है। यह योजना क्रियान्वयन एवं पुनर्विलोकन के साथ–साथ विकास योजना के अंगीकृत होने के उपरांत तदनुसार पर्यवेक्षण तंत्र की स्थापना की आवश्यकता प्रदर्शित करता है।
2. योजना पर्यवेक्षण तंत्र को निम्नानुसार तैयार करना प्रस्तावित है :–

(अ) पंचवर्षीय आधार पर एकीकृत नगरीय विकास कार्यक्रम के निरंतर पर्यवेक्षण तंत्र की स्थापना।

(ब) आलोच्य क्षेत्रों में वार्षिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिकताओं वाली कार्य योजना का निर्धारण।

(स) प्रथम चरण क्रियान्वयन योजना के अंतर्गत नगर विकास हेतु चिन्हित कार्यक्रमों में संलग्न विभिन्न सार्वजनिक संस्थाओं के उपलब्ध निवेश एवं बजट का पर्यवेक्षण करना।

(द) वार्षिक भौतिक लक्ष्य एवं आलोच्य अधोसंरचना क्षेत्र में निवेश का निर्धारण।

(इ) आलोच्य क्षेत्रों के सार्वजनिक संस्थाओं एवं अन्य सहभागियों की विकास में भूमिका का निर्धारण।

(फ) समन्वित संस्थागत तंत्र की स्थापना।
(ग) वार्षिक आधार पर एकीकृत नगरीय विकास कार्यक्रम का निर्धारण।
(ड) सार्वजनिक एवं अन्य संस्थाओं की भूमि को परिभाषित करते हुए एकीकृत नगर विकास कार्यक्रम को परियोजनाओं तथा उप परियोजनाओं के संदर्भ में परिवर्तित करना।

3. नियोजन पर्यवेक्षण तंत्र :– योजना पर्यवेक्षण के लक्ष्य की पूर्ति हेतु निम्न स्तरों के माध्यम से प्राप्त किया जाना प्रस्तावित है :–

(अ) स्थानीय स्तर पर नियोजन पर्यवेक्षण समिति।
(ब) नगर विकास प्राधिकरण अथवा नगर पालिका द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन तैयार करना।
(स) नियोजन पर्यवेक्षण समिति द्वारा विकास कार्यक्रम/क्रियान्वयन का मूल्यांकन।
(द) समिति को प्रतिवेदन प्रस्तुत करना।
(इ) वार्षिक विकास प्रतिवेदन पर शासन द्वारा जारी निर्देशों का क्रियान्वयन।

4. नियोजन पर्यवेक्षण समिति का गठन विकास योजना प्रस्तावों के क्रियान्वयन का मूलतः दायित्व रतलाम विकास प्राधिकरण का होगा। विकास प्राधिकरण के गठन होने तक रतलाम नगर पालिक निगम द्वारा उक्त दायित्वों का निर्वहन किया जाएगा। अपितु इसके क्रियान्वयन में अन्य संस्थाएं एवं विभाग भी सहभागी होंगे। अतः संस्थाओं से समन्वय एवं पर्यवेक्षण के लिए राज्य शासन के आवास एवं पर्यावरण विभाग के आदेश क्रमांक एफ–3/45/32/2010 दिनांक 15/04/2010 द्वारा जिलाध्यक्ष रतलाम की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है, जो संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश के ज्ञापन क्रमांक 2876 दिनांक 15/05/1998 में उल्लेखित कार्यपद्धति को अपनाते हुए नियोजन एवं पर्यवेक्षण करेगी।

5. वार्षिक विकास प्रतिवेदन का प्रस्तुतीकरण : रतलाम विकास नियोजन एवं पर्यवेक्षण समिति के समक्ष वार्षिक विकास प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जावेगा, जिसमें नियोजन क्रियान्वयन के सभी पहलू सम्मिलित होने के साथ ही सुधार हेतु अनुशंसित बिन्दु भी सम्मिलित होंगे। समिति अपनी अनुशंसा के साथ संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, म.प्र. भोपाल के विचारार्थ वार्षिक विकास प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी, जिसे संचालक द्वारा उक्त प्रतिवेदन को अनुशंसित कर राज्य शासन को प्रस्तुत किया जावेगा।

7.11 योजना की व्याख्या

रतलाम विकास योजना मूलतः नीतिगत योजना है। विकास योजना में निहित प्रस्ताव विस्तृत तथा सांकेतिक स्वरूप के हैं। अतः विकास प्रस्तावों की व्याख्या करने हेतु निम्नलिखित मापदण्ड निर्धारित किये गये हैं :–

1. विकास योजना प्रस्तावों की व्याख्या करते समय तथा विकास अनुज्ञा देने के पूर्व विकास योजना रिपोर्ट में उल्लेखित विषयवस्तु के साथ–साथ संदर्भित नियमों का अनुसरण आवश्यक है।
2. परिक्षेत्र में स्वीकृत एवं स्वीकार्य उपयोग, सारणी एवं विकास नियमन के अध्याय–6 में वर्णित प्रक्रिया अनुसार होगी। नेवरहुड के वर्तमान स्थल एवं व्यापक क्षेत्रफल उपखण्ड स्तर तथा खण्ड स्तर की गतिविधियों का क्षेत्र विकास प्रस्तावों में समाहित है। अतः उनका रेखांकन नहीं किया गया है।
3. ऐसे भूमि उपयोग/गतिविधियां जो प्रमुख भू–उपयोग वर्ग (मेजर लैण्ड यूज झोन) में परिभाषित नहीं है, वे भूमि उपयोग परिवर्तन की श्रेणी में मानी जावेगी, किन्तु जो स्वीकार्य भूमि उपयोग/स्वीकृत भूमि उपयोग सूची में सम्बद्ध तालिका में शामिल है, वे भू–उपयोग परिवर्तन की श्रेणी में नहीं आवेंगे।
4. विकास योजना प्रस्ताव क्रियान्वयन के समय प्रमुख मार्ग संरचना में आंशिक बदलाव **अपरिहार्य होता है, स्थल की स्थिति तथा अभियांत्रिकी आवश्यकता के आधार पर मार्ग** संरचना का **निर्धारण आवश्यक होगा। इस संदर्भ में राज्य शासन द्वारा जारी किया गया** निर्णय स्वीकृत विकास योजना का भाग माना जावेगा।
5. विभिन्न उपयोग परिक्षेत्रों में प्रस्ताव सांकेतिक स्वरूप के हैं। इस सम्बन्ध में सक्षम अधिकारी द्वारा की गई व्याख्या अन्तिम मानी जायेगी।
6. यह कि नीतिगत दस्तावेज है, विभिन्न उपयोग परिक्षेत्र में **भूमि से आवश्यकता से** संबंधित व्याख्या विकास योजना/परिक्षेत्रिक योजना बनाते समय स्थिति अनुसार **वास्तविक आवश्यकता के अनुसार पुनर्समायोजित** की जा सकती है।

7.12 योजना कालावधि

नगरीय विकास एक सतत् प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया में अनेक घटकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सभी घटकों में कालावधि को नगर के विकास तथा नियोजन हेतु आधार माना जाता है, इसलिए नियोजन प्रक्रिया में कालावधि का निर्धारण किया जाता है। कालावधि के आधार पर नगर की भावी जनसंख्या, आवश्यकताओं आदि को अनुमानित कर नगर का भावी स्वरूप निर्धारित किया जाता है। नगर की वर्तमान एवं भावी जनसंख्या एवं अन्य आवश्यकताओं का निर्धारण कालावधि के लिये किया गया है, साथ ही इसमें दीर्घकालीन आवश्यकताओं को भी ध्यान में रखा गया है। रतलाम विकास योजना के प्रस्ताव वर्ष 2035 तक की कालावधि के लिये प्रस्तावित किये गये हैं। विकास योजना के प्रस्ताव, योजना कालावधि के उपरांन्त भी विकास योजना पुनर्विलोकन एवं उपांतरण होने तक अथवा विकास योजना प्रस्ताव के संतृप्त होने तक प्रभावशील रहेंगे।

परिभाषाएँ

001 आवासीय भूखण्ड भूखण्डीय आवास

एक या अधिक आवासीय इकाईयों का ऐसा परिसर जिसमें मुख्य भवन खण्ड तथा एक गैरेज/गैरेजेस, सेवक आवास हेतु एक अतिरिक्त खण्ड सम्मिलित हो।

002 आवासीय भूखण्ड समूह आवास

न्यूनतम 5000 वर्गमीटर का परिसर, जिसमें मूलभूत सेवा सुविधायें जैसे वाहन विराम स्थल, उद्यान, सुविधाजनक दुकानें, सार्वजनिक सुविधायें आदि के साथ आवासीय प्रकोष्ठ स्थित हों

003 आवासीय फ्लेट

एक परिवार के लिए आवासीय इकाई जो कि समूह आवास का भाग या स्वतंत्र हो।

004 आवासीय–सह–कार्य भूखण्ड

एक परिवार में एक परिवार के लिए उपलब्ध आवासीय जगह हो तथा जिसका कार्य स्थल भूतल तक सीमित हो, ऐसे परिसर केवल सार्वजनिक आवासीय परियोजनाओं में मान्य होंगे।

005 आवासीय परिसर – विशेष क्षेत्र

विशेष क्षेत्र नियमन में दिये अनुसार मिश्रित उपयोग रहित या सहित विशेष क्षेत्र में आवासीय स्थान।

006 छात्रावास (हॉस्टल)

दीर्घावधि हेतु आवंटित रांरधागों रो जुड़े कगरों का परिसर।

007 अतिथिगृह बोर्डिंग एवं लॉजिंग गृह

अतिथिगृह से तात्पर्य अल्पावधि हेतु शासकीय, अर्द्धशासकीय, सार्वजनिक उपक्रम एवं निजी मर्यादित संस्थाओं हेतु आवासीय परिसर। बोर्डिंग हाउस वह परिसर जिसमें कमरों की छात्रावासों की अपेक्षा दीर्घावधि के लिए किराये पर दिये हों ।

008 धर्मशाला एवं इसके समकक्ष

वह परिसर जिसमें बिना किसी लाभ के अल्पावधि के लिए अस्थाई रहवासी जगह उपलब्ध हो।

009 बारात घर

सार्वजनिक संस्था द्वारा संचालित विवाह एवं अन्य सामाजिक कार्यों के उपयोग हेतु स्थान।

010 रैन–बसेरा (नाइट शेल्टर)

ऐसा परिसर जिसमें व्यक्तियों को रात्रि में स्थान बिना किसी शुल्क या सांकेतिक शुल्क के साथ उपलब्ध कराया जाता हो, जो कि स्थानीय संस्था या स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा संचालित हों।

011 फुटकर दुकानें

आवश्यक भण्डारण के साथ उपभोक्ताओं हेतु सीधे आवश्यक वस्तुओं का विक्रय परिसर।

012 मरम्मत दुकान

गृह सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक सामान, आटोमोबाईल, सायकल आदि की मरम्मत हेतु फुटकर दुकानों के समकक्ष परिसर।

013 व्यक्तिगत सेवा दुकान

फुटकर दुकान के समकक्ष ऐसा परिसर जिसमें दर्जी, नाई आदि की सेवायें उपलब्ध हों।

014 बेडिंग बूथ

यांत्रिकी या अन्य व्यवस्था के माध्यम से दैनिक उपयोग की वस्तुओं का विक्रय परिसर जो कि एक बूथ के स्वरूप में हो।

015 सुविधाजनक दुकान केन्द्र

लगभग 5000 जनसंख्या हेतु आवासीय क्षेत्र में अधिकतम 50 दुकानों का समूह।

016 स्थानीय दुकान केन्द्र

लगभग 15 हजार जनसंख्या हेतु आवासीय क्षेत्र में 75 दुकानों का समूह।

017 साप्ताहिक बाजार/अनौपचारिक समूह इकाई

बाजार में सप्ताह में एक बार उपयोगिता अनौपचारिक दुकानों का समूह क्षेत्र। यह बाजार सप्ताह में विभिन्न दिवसों में एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में स्थानांतरित हो।

018 थोक व्यापार

ऐसा परिसर जहां से वस्तुयें एवं सामग्री फुटकर व्यवसायियों को विक्रय हेतु पहुंचाई जाती हों।

019 स्टोरेज गोदाम एवं भण्डारण

ऐसा परिसर जहां केवल विशेष रूप से संबंधित वस्तुओं की आवश्यकता के अनुरूप सामग्री एवं वस्तुओं के भण्डारण का उपयोग किया जाता हो।

020 कोल्ड स्टोरेज (शीतगृह)

आवश्यक तापमान बनाये रखने हेतु यांत्रिकी एवं विद्युत उपकरणों के उपयोग के साथ ऐसी बंद जगह जहां शीघ्र नष्ट होने वाली वस्तुओं का भण्डारण किया जाता हो।

021 गैस गोदाम

ऐसा परिसर जहां खाना पकाने की गैस के सिलेण्डर या अन्य गैस सिलेण्डरों का भंडारण किया जाता हो।

022 तेल डिपो

संबंधित सुविधाओं के साथ पेट्रोलियम उत्पाद भण्डारण का परिसर।

023 कबाड़खाना

अतिशेष वस्तुयें एवं सामग्री के क्रय–विक्रय के साथ बंद, अर्द्धबंद एवं खुला भण्डारण परिसर।

024 वाणिज्यिक कार्यालय

लाभ अर्जित करने वाली संस्थाओं के कार्यालयीन उपयोग का परिसर।

025 बैंक

ऐसा परिसर जहां बैंकिंग कार्य एवं गतिविधियों के कार्यालय स्थित हों।

026 मोटर गैरेज एवं कार्यशाला

वाहनों के मरम्मत एवं सर्विसिंग परिसर।

027 छविगृह

दर्शकों की बैठक व्यवस्था के साथ बंद जगह जहां चलचित्र दिखाये जाने की व्यवस्था हो, ऐसा परिसर।

028 पेट्रोल पंप

ऐसा परिसर जहां उपभोक्ताओं को पेट्रोलियम उत्पाद विक्रय हो, साथ ही वाहन सर्विसिंग व्यवस्था हो।

029 रेस्टोरेंट/उपहार गृह

ऐसा परिसर जिसका उपयोग व्यवसायिक आधार पर खाने के व्यंजनों को उपलब्ध कराने के लिए किया जाता हो (व्यंजन पकाने की व्यवस्था के साथ) जिसमें खुले या बंद दोनों प्रकार की बैठक व्यवस्था हो।

030 होटल

ऐसा परिसर, जहां भोजन अथवा बिना भोजन व्यवस्था के 15 व्यक्तियों की सशुल्क रहवास की व्यवस्था हो।

031 मोटल

ऐसा परिसर, जो कि मुख्य राजमार्ग के समीप एवं नगरीय सीमा के बाहर हो तथा जिसका उपयोग सड़क से यात्रा करने वाले व्यक्तियों के सुलभ भोजन व्यवस्था हेतु किया जाता हो।

032 फ्लेटेड समूह उद्योग

ऐसा समूह जिसमें अहानिकारक लघु उद्योग इकाईयों का समूह स्थित हो, यह इकाईयां बहुमंजिला भवन में हो सकती हैं।

033 सेवा केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें विशिष्ट रूप से वाहन मरम्मत, विद्युतीय उपकरण मरम्मत, भवन सामग्री आदि की दुकानें स्थित हों, ताकि पड़ोसी आवासीय क्षेत्रों को आवश्यक सेवा प्रदाय हो सके।

034 औद्योगिक भूखण्ड – हल्के उद्योग

अहानिकारक 50 कर्मचारियों वाली उद्योग इकाईयों का परिसर।

035 औद्योगिक भूखण्ड विशिष्ट उद्योग

ऐसी औद्योगिक इकाईयों का परिसर जिसमें इलेक्ट्रानिक सामग्री आदि जैसी विशिष्ट उत्पादन इकाईयों का समूह सम्मिलित हो।

036 उद्यान (पार्क)

आमोद–प्रमोद गतिविधियों के उपयोग का परिसर जिसमें भू–दृश्यीकरण, वाहन विराम, सार्वजनिक शौचालय, फैंसिंग आदि संबंधित सुविधायें हों, इसमें लॉन, खुले, हरित क्षेत्र आदि सम्मिलित होंगे।

037 क्रीड़ांगन

बाह्य खेलों के उपयोग में आने वाला परिसर, इसमें भूदृश्यीकरण, वाहन विराम सुविधा, सार्वजनिक शौचालय सम्मिलित हों।

038 बाह्य खेल स्टेडियम

बाह्य खेलों के लिए ऐसा स्टेडियम जिसमें पवेलियन के साथ दर्शकदीर्घा एवं खिलाड़ियों के लिए संबंधित सुविधायें उपलब्ध हों।

039 आंतरिक खेल स्टेडियम

अहानिकारक खेलों के लिए ऐसा परिसर जिसमें खेल क्षेत्र, दर्शक दीर्घा तथा खिलाड़ियों के लिए संबंधित सुविधायें उपलब्ध हों।

040 आंतरिक खेल हाल

ऐसा परिसर जिसमें आंतरिक खेलों तथा खिलाड़ियों से संबंधित सुविधाओं हेतु आवश्यक क्षेत्र संलग्न हों।

041 शूटिंग रेंज

ऐसा परिसर जिसमें निशानेबाजी के अभ्यास एवं खेल की सुविधायें उपलब्ध हों।

042 तरण पुष्कर

ऐसा परिसर जिसमें तैराकी की सुविधा एवं आकार, मानक एवं उद्देश्य के अनुपात में दर्शकों के बैठने की व्यवस्था हो।

043 आमोद–प्रमोद क्लब

संबंधित सुविधाओं के साथ ऐसा परिसर जहां सामाजिक एवं मनोरंजन के उद्देश्य से व्यक्तियों के समूह का एकत्रीकरण होता हो।

044 ऐतिहासिक स्मारक

ऐसा परिसर जिसमें प्राचीन समय के खण्डहर एवं ढांचे स्थित हों।

045 प्राणी उद्यान एवं मत्स्यालय

संबंधित समस्त सुविधाओं के साथ ऐसा परिसर जिसमें उद्यान, पार्क या मत्स्यालय के रूप में पशु और पक्षियों की प्रजातियां प्रदर्शनी एवं अध्ययन हेतु उपलब्ध हों।

046 पक्षी अभ्यारण्य

पक्षियों के संरक्षण एवं प्रजनन हेतु वन या विस्तत उद्यान के रूप में संबंधित सर्वसुविधायुक्त परिसर।

047 वनस्पति उद्यान

अनुसंधान एवं प्रदर्शन के लिए उद्यान के स्वरूप में वृक्षारोपण वाला परिसर।

048 पिकनिक हट/केम्पिंग साइट

ऐसा परिसर जहां पर्यटन एवं आमोद–प्रमोद के उद्देश्य से अल्पावधि के लिए परिवार सहित ठहरने की सुविधा उपलब्ध हो।

049 फ्लाईंग क्लब

ऐसा परिसर जहां ग्लाईडिंग एवं छोटे विमानों को उड़ाने का प्रशिक्षण दिये जाने की व्यवस्था हो, साथ ही इसमें मनोरंजन एवं आंतरिक खेल गतिविधियां शामिल हों।

050 माल एवं टिकट घर

ऐसा परिसर जिसका उपयोग एक एयरलाईन द्वारा टिकिट घर एवं माल के भण्डारण के लिए किया जाता हो।

051 रेल माल गोदाम

ऐसा परिसर जिसका उपयोग रेलवे द्वारा ढोये गये माल के भंडारण हेतु किया जाता हो।

052 रेल टिकट घर

ऐसा परिसर जिसका उपयोग यात्रियों के प्रवास हेतु रेलवे टिकिट घर के रूप में किया जाता हो।

053 सड़क परिवहन टिकट घर

ऐसा परिसर जिसका उपयोग यात्रियों के प्रवास हेतु सड़क परिवहन द्वारा टिकट घर के रूप में किया जाता हो जिसमें गोदाम भी सम्मिलित हो या सम्मिलित नहीं हो।

054 वाहन विराम

सार्वजनिक वाहन विराम हेतु उपयोग में लाया जाने वाला परिसर जो कि व्यवसायिक या गैर व्यवसायिक आधार पर संचालित किया जाता हो।

055 टैक्सी एवं तिपहिया वाहन स्थानक

ऐसा परिसर जिसका उपयोग अंतवर्ती सार्वजनिक यातायात वाहनों, जो कि व्यवसायिक आधार पर चलती हों, द्वारा विराम हेतु किया जाता है। वाहन विराम स्थल व्यवसायिक अथवा गैर व्यवसायिक हो।

056 बस अवसान केन्द्र

ऐसा परिसर जिसका उपयोग जनता के उपयोग में आने वाली सार्वजनिक यातायात संस्था की बस द्वारा कम समय के विराम हेतु किया जाता हो। इसमें यात्रियों के लिए आवश्यक सुविधायें शामिल हो सकती हैं।

057 बस स्थानक

ऐसा परिसर जिसका उपयोग सार्वजनिक यातायात संस्था या अन्य किसी संस्था द्वारा बसों के रख–रखाव, मरम्मत एवं विराम हेतु किया जाता हो, इसमें कर्मशाला भी शामिल की जा सकती है अथवा नहीं भी।

058 सार्वजनिक उपयोगिता परिसर

1. पानी की टंकी – ऐसा परिसर जिसमें समीपस्थ क्षेत्रों में जल वितरण एवं संग्रहण हेतु पानी की टंकी स्थित हो, इसमें पंप हाऊस भी सम्मिलित किया जा सकता है।
2. भूमिगत टंकी – ऐसा परिसर जिसमें समीपस्थ क्षेत्रों में जल वितरण एवं संग्रहण हेतु पानी की भूमिगत टंकी स्थित हो, इसमें पंप हाऊस भी सम्मिलित किया जा सकता है।
3. आक्सीकरण पौंड – ऐसा परिसर जिसमें स्थित तालाब का उपयोग जल निकास एवं अन्य अवशिष्ट पदार्थों के आक्सीकरण हेतु किया जाता हो।
4. सेप्टिक टेंक – ऐसा परिसर जिसमें जल निकास संकलन एवं उसके निराकरण हेतु भूमिगत टैंक स्थित हो।
5. जल–मल पंपिग स्टेशन – ऐसा परिसर जिसका उपयोग जल–मल को ऊंचाई पर भेजने हेतु पंपिंग स्टेशन हेतु किया जाता हो।
6. सार्वजनिक शौचालय एवं मूत्रालय – ऐसा परिसर जिसमें सार्वजनिक शौचालय एवं मूत्रालय स्थित हो, इसमें पीने के पानी की सुविधा भी सम्मिलित की जा सकती है और नहीं भी।
7. विद्युत उपकेन्द्र – ऐसा परिसर जिसमें विद्युत वितरण हेतु ट्रांसफार्मर एवं संबंधित उपकरण स्थित हो।
8. घूरा एवं कचराघर – ऐसा परिसर जिसका उपयोग अवशिष्ट पदार्थों के एकत्रीकरण एवं आगे गड्ढों को भरने हेतु लदान किया जाता हो।
9. धोबीघाट – ऐसा परिसर जिसका उपयोग कपड़े धोने, सुखाने इत्यादि के लिए किया जाता हो।

059 केन्द्र शासन के कार्यालय

ऐसा परिसर जिसका उपयोग केन्द्र शासन के कार्यालयों द्वारा किया जाता हो।

060 स्थानीय शासन के कार्यालय

ऐसा परिसर जिसका उपयोग स्थानीय शासन एवं स्थानीय संस्थाओं के कार्यालय हेतु किया जाता हो।

061 सार्वजनिक उपक्रम कार्यालय

ऐसा परिसर-जिसका उपयोग सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो अधिनियम के अंतर्गत स्थापित कंपनियों के कार्यालयों द्वारा किया जाता हो।

062 न्यायालय

ऐसा परिसर जिसका उपयोग न्यायालयीन कार्यालयों द्वारा किया जाता हो।

063 शासकीय भूमि (अनिर्धारित उपयोग)

शासकीय भूमि का ऐसा परिसर जिसका उपयोग अनिर्धारित हो।

064 चिकित्सालय

ऐसा परिसर जिसमें आंतरिक एवं बाह्य रोगियों की सामान्य एवं विशेषीकृत चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध हो।

065 स्वास्थ्य केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें बाह्य रोगियों एवं आंतरिक रोगियों (30 बिस्तर तक) की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो। स्वास्थ्य केन्द्र का प्रबंधन सार्वजनिक एवं धर्मार्थ संस्था द्वारा गैर–व्यवसायिक आधार पर किया जाता है। इसमें परिवार कल्याण केन्द्र भी सम्मिलित है।

066 उपचार केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें 30 बिस्तरों वाले आंतरिक बाह्य रोगियों की चिकित्सा सुविधा हो। जिसका संचालन चिकित्सक या चिकित्सक समूह द्वारा व्यवसायिक आधार पर किया जा सकता है।

067 औषधालय

ऐसा परिसर जिसमें सार्वजनिक अथवा धर्मार्थ संस्थाओं द्वारा चिकित्सकीय परामर्श एवं दवाईयों के प्रबंधन की व्यवस्था हो।

068 क्लीनिक/चिकित्सा केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें चिकित्सक द्वारा बाह्य रोगियों के उपचार की सुविधा हो। पाली क्लीनिक की दशा में चिकित्सकों के समूह द्वारा प्रबंधन किया जायेगा।

069 उपचार प्रयोगशाला

ऐसा परिसर जिसमें रोगों की पुष्टि करने हेतु विभिन्न प्रकार के परीक्षण की सुविधा हो।

070 स्वैच्छिक स्वास्थ्य सेवा

ऐसा परिसर जिसमें स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा रक्त बैंक एवं बाह्य रोगियों के चिकित्सा की सुविधा हो। यह सेवा धर्मार्थ उद्देश्य से अस्थाई कैम्प द्वारा भी उपलब्ध कराई जा सकती है।

071 झूलाघर एवं दिवस देख–रेख केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें दिन में छोटे बच्चों की देखरेख की सुविधा हो। यह केन्द्र व्यक्तिगत अथवा व्यवसायिक अथवा गैर व्यवसायिक संस्था द्वारा संचालित हो सकती है।

072 पूर्व माध्यमिक एवं किंडरगार्डन स्कूल

ऐसा परिसर जिसमें पाठशाला पूर्व बच्चों के खेलने एवं प्रशिक्षण की सेवायें उपलब्ध हों।

073 माध्यमिक शाला

ऐसा परिसर जिसमें कक्षा पाँचवीं तक के छात्रों की शिक्षा एवं खेलने की सुविधा हो।

074 प्राथमिक शाला

ऐसा परिसर जिसमें कक्षा छठवीं से दसवीं तक के छात्रों के पढ़ने खेलने की सुविधा हो। इसमें वर्तमान में संचालित कक्षा आठवीं तक की माध्यमिक शालायें सम्मिलित हैं।

075 उच्चतर माध्यमिक शाला

ऐसा परिसर जिसमें कक्षा दसवीं से बारहवीं तक के छात्रों के खेलने एवं शिक्षण की व्यवस्था हो।

076 एकीकृत शाला

ऐसा परिसर जिसमें कक्षा बारहवीं तक के छात्रों के खेलने एवं शिक्षण की सुविधा हो।

077 एकीकृत आवासीय शाला

ऐसा परिसर जिसमें कक्षा बारहवीं तक के छात्रों के खेलने एवं शिक्षण की सुविधा हो तथा छात्रों के लिए बोर्डिंग सुविधा हो। इसमें अध्यापकों के आवास भी हो सकते हैं।

078 महाविद्यालय

ऐसा परिसर जिसमें विश्वविद्यालय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर तक के छात्रों के खेलने एवं शिक्षण की सुविधा हो। इसमें सभी व्यवसायिक शिक्षण शामिल हैं।

079 व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें कम अवधि के शिक्षण पाठ्यक्रम तथा कतिपय विशेष व्यवसाय व व्यापार से संबंधित रोजगार हेतु प्रशिक्षण सुविधा हो। ये सार्वजनिक अथवा धार्मिक संस्था द्वारा गैर व्यवसायिक आधार पर संचालित होना चाहिये। इसमें प्रशिक्षण–सह–कार्य केन्द्र शामिल हैं।

080 सामाजिक कल्याण केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें सामुदायिक विकास के उन्नयन एवं कल्याण की सुविधा हो। यह सार्वजनिक अथवा धार्मिक संस्थाओं द्वारा संचालित हो सकता है।

081 अनुसंधान एवं विकास केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें किसी विशेष विषय में अनुसंधान एवं विकास की सुविधा हो।

082 पुस्तकालय

ऐसा परिसर जिसमें एक विशेष वर्ग अथवा सामान्य जनता के पढ़ने एवं संदर्भ के लिए वृहद संख्या में पुस्तकों का संकलन हो।

083 तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें तकनीकी प्रकृति के विषय में प्रशिक्षण की सुविधा हो। इसमें तकनीकी शाला, औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र आदि शामिल है।

084 वाणिज्यिक एवं सचिवालयीन प्रशिक्षण

ऐसा परिसर जिसमें शीघ्रलेखन एवं टंकण, पत्राचार, रिकॉर्ड रखने आदि के प्रशिक्षण की सुविधा हो।

085 संगीत, नृत्य एवं नाटक प्रशिक्षण केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें संगीत, नृत्य एवं नाटकों आदि के प्रशिक्षण प्रदान करने की सुविधा हो।

086 खेल प्रशिक्षण केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें तैराकी सहित विभिन्न आंतरिक एवं बाह्य खेलों के प्रशिक्षण की सुविधा हो। इसमें शारीरिक शिक्षा केन्द्र भी शामिल है।

087 वाहन चालन प्रशिक्षण केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें ऑटो/वाहनों के चालन के प्रशिक्षण की सुविधा हो।

088 बाल यातायात उद्यान

ऐसा परिसर जिसमें बालकों को यातायात एवं संकेतों की शिक्षा–सह–उद्यान की सुविधा हो।

089 संग्रहालय

ऐसा परिसर जिसमें प्राचीन वस्तुओं, प्राकृतिक, ऐतिहासिक एवं काल संबंधी वस्तुओं के संकलन एवं प्रदर्शन की सुविधा हो।

090 कला दीर्घा एवं प्रदर्शनी स्थल

ऐसा परिसर जिसमें पेंटिंग, छाया चित्रों, मूर्तियों, भित्ती क्षेत्र, मिट्टी से बनी कलाकृतियों, हाथ करघा अथवा विशेष वर्ग के उत्पादन को प्रदर्शन करने की सुविधा हो।

091 सभागृह (ऑडीटोरियम)

ऐसा परिसर जिसमें संगीत विद्या गतिविधियों के विभिन्न आयोजन हेतु दर्शक दीर्घा सहित मंच हो।

092 खुला रंगमंच

ऐसा परिसर जिसमें आयोजनों के लिए दर्शक दीर्घा व मंच सहित खुला रंगमंच हो।

093 सामुदायिक भवन

ऐसा परिसर जिसमें 15000 की समीपस्थ जनसंख्या की विभिन्न सामाजिक– सांस्कृतिक गतिविधियों हेतु सुविधा हो।

094 मेला मैदान

ऐसा परिसर जिसमें सहभागी समूह के लिए प्रदर्शनी, प्रदर्शन एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों की सुविधायें हों।

095 सांस्कृतिक एवं सूचना केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें संस्था, राज्य तथा देश के लिए सांस्कृतिक व सूचना सेवा की सुविधायें हों।

096 सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था

ऐसा परिसर जिसमें गैर–वाणिज्यिक रूप से सार्वजनिक, स्वैच्छिक अथवा व्यक्तिगत सामाजिक सांस्कृतिक गतिविधियों हेतु सुविधायें हों।

097 सुधार गृह

ऐसा परिसर जिसमें अपराधियों के कारावास एवं सुधार की सुविधा उपलब्ध हो।

098 अनाथालय

ऐसा परिसर जिसमें अनाथ बच्चों के रहने की सुविधा हो। यह शैक्षणिक सहित या रहित हो सकता है।

100 योग, ध्यान, आध्यात्मिक एवं धार्मिक प्रवचन केन्द्र

ऐसा परिसर जिसमें आत्म चिंतन, शरीर एवं मस्तिष्क की उच्च गुणवत्ता प्राप्ति करना, आध्यात्मिक एवं धार्मिक प्रवचन आदि की सुविधायें शामिल हों।

101 पुलिस चौकी

पुलिस स्टेशन की तुलना में लघु एवं अस्थाई स्थानीय पुलिस चौकी हेतु सुविधायुक्त परिसर।

102 पुलिस स्टेशन

ऐसा परिसर जिसमें स्थानीय पुलिस चौकी के कार्यालयों हेतु सुविधा हो।

103 जिला पुलिस कार्यालय

अर्ध सैनिक बलों के कार्यालय हेतु सुविधायुक्त परिसर।

104 नागरिक सुरक्षा एवं नगर सैनिक

आंतरिक सुरक्षा की नागरिक संस्थानों हेतु कार्यालय सुविधा एवं अन्य कार्यकलापों वाला परिसर।

105 न्यायिक विज्ञान प्रयोगशाला

ऐसा परिसर जहां न्यायिक प्रकरणों में चिकित्सा ज्ञान के प्रयोग की सुविधा हो।

106 जेल

ऐसा परिसर जहां कानून के अंतर्गत कारावास/बंदीगृह एवं अपराधियों के सुधार की व्यवस्था हो।

107 अग्निशमन पोस्ट

ऐसा परिसर जहां अल्प स्तर पर अग्निशमन व्यवस्था हो। अग्नि प्रवृत्त गतिविधियों वाले विशिष्ट परिसरों में यह व्यवस्था संलग्नित की जा सकती है।

108 अग्निशमन पोस्ट

एक निर्धारित क्षेत्र हेतु अग्निशमन सुविधा से युक्त परिसर।

109 डाकघर

सार्वजनिक उपयोग के लिए डाक सुविधायुक्त परिसर।

110 डाक एवं तार घर

सार्वजनिक उपयोग के लिए डाक एवं दूरसंचार सुविधायुक्त परिसर।

111 मुख्य डाकघर

सार्वजनिक उपयोग के लिए डाक एवं दूरसंचार सुविधायुक्त परिसर।

112 टेलीफोन एक्सचेंज

परिसर जहां सार्वजनिक टेलीफोन प्रणाली केन्द्र स्थापित हो।

113 रेडियो एवं दूरदर्शन स्टेशन

समाचार एवं अन्य कार्यक्रमों का संबंधित माध्यमों द्वारा प्रचार, प्रसार, रिकार्डिंग आदि सुविधायुक्त परिसर, जिसमें अतिथि कलाकारों के लिए होस्टल व्यवस्था तथा प्रचार (ट्रांसमिशन) के लिए टावर्स जैसे सुविधायें भी सम्मिलित हो सकती हैं।

114 ट्रांसमिशन टॉवर एवं वायरलेस स्टेशन

ऐसा परिसर जिसका उपयोग संचार के उद्देश्य के लिए टॉवर निर्माण हेतु किया जाता हो।

115 उपग्रह एवं दूरसंचार केन्द्र

ऐसा परिसर जहां उपग्रह एवं दूरसंचार तकनीकी के अनुसंधान तथा विकास के लिए सुविधा उपलब्ध हो।

116 वैधशाला एवं मौसम कार्यालय

ऐसा परिसर जहां मौसम के आंकड़ों के विश्लेषण एवं विकास तथा इस आधार पर मौसम की पूर्व सूचना किये जाने की सूविधा उपलब्ध हो।

117 बाग (ओरचर्ड)

सघन फल वृक्षों का परिसर, जिसमें फल वृक्षों के साथ उद्यान सम्मिलित हो सकता है।

118 डेयरी फार्म

ऐसा परिसर जहां डेयरी उत्पादन के उपचार एवं उत्पादन की सुविधा उपलब्ध हो, जिसमें अस्थायी रूप से पशु एवं पक्षियों के शेड्स सम्मिलित हों सकते हैं।

119 कुक्कुट फार्म

कुक्कुट उत्पाद के प्रजनन एवं उपचार का सुविधायुक्त परिसर, जिसमें अस्थायी रूप से पक्षियों के शेड्स सम्मिलित हो सकते हैं।

120 सुअर पालन

सुअर प्रजनन एवं उत्पाद उपचार का सुविधायुक्त परिसर, जिसमें सुअरों के लिए अस्थायी स्वरूप के शेड्स सम्मिलित हो सकते हैं।

121 ग्रामीण केन्द्र

एक निश्चित संख्या के ग्रामों हेतु विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन का सुविधायुक्त परिसर।

122 मल्टीप्लेक्स

म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 95 के अनुसार दो या उससे अधिक सिनेमा के साथ दुकानों, आमोद–प्रमोद की गतिविधियों, कार्यालय, शोरूम, होटल, रेस्टोरेन्ट, शापिंग मॉल संबंधी परिसर।

123 URDPFI

Urban and Regional Development Plan Formulation and Implementation Guidelines

124 GIS

Geographical Information System

125 TDR

Transfer of Development Rights

126 DEM

Digital Elevation Model

127 NRSC

National Remote Sensing Centre

128 RS

Remote Sensing

परिशिष्ट 1

मध्यप्रदेश राजपत्र भाग – 2 दिनांक 01.01.1974 में प्रकाशित

मध्यप्रदेश शासन

नगर एवं ग्रामीण नियोजन विभाग

अधिसूचना

भोपाल, दिनांक 22 नवम्बर 1973

क्रमांक 2957/1–90/33/73 मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 13 (1) के अधीन, मध्यप्रदेश शासन द्वारा उपरोक्त रतलाम नगर के लिये निवेश क्षेत्र का गठन कर उसकी सीमायें निम्नानुसार परिनिश्चित की गई हैं :–

अनुसूची

रतलाम निवेश क्षेत्र की सीमायें

1. उत्तर – बंजली, सेजावता, घटला, बोरवना, डोसीगांव, राजगढ़ एवं बडबड़ ग्राम की उत्तरी सीमा तक
2. पश्चिम – बिरियाखेड़ी, खेतलपुर एवं सागोद ग्राम की पश्चिमी सीमा तक।
3. दक्षिण – गोरूगढ़, दिलीप नगर, कचनारी एवं धोलाखेड़ी ग्राम की दक्षिणी सीमा तक।
4. पूर्वी – सनावदा, हापूखेडी, सुराखेडी, भाटखेड़ी, बाजनखेड़ा एव भटूनी ग्राम की पूर्वी सीमा तक।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

हस्ता/–
(एस.सी. जैन)
उप सचिव
मध्य प्रदेश शासन
नगर एवं ग्रामीण नियोजन

परिशिष्ट 2

रतलाम नगर हेतु भूमि के वर्तमान उपयोग संबंधी मानचित्र अंगीकृत करने की सूचना अधिसूचना

जनता की सामान्य जानकारी हेतु यह सूचना दी जाती है कि मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 15(3) के अंतर्गत रतलाम नगर के निम्नलिखित अनुसूची में दर्शाये निवेश क्षेत्र हेतु भूमि के वर्तमान उपयोग संबंधी मानचित्र संचालक नगर एवं ग्रामीण नियोजन, मध्यप्रदेश द्वारा अंगीकृत किये जा चुके हैं। इस अधिसूचना की प्रतिलिपि उपरोक्त अधिनियम की धारा 15(3) के अधीन म.प्र. राजपत्र में प्रकाशित करने हेतु भेजी जा रही है तथा यह इस बात का निश्चयात्मक साक्ष्य होगा कि मानचित्र सम्यक रूप से तैयार तथा अंगीकृत कर लिया गया है।

अनुसूची

रतलाम निवेश क्षेत्र की सीमायें

1. उत्तर – बंजली, सेजावता, घटला, बोरवना, डोसीगॉव, राजगढ एवं बडबड़ ग्राम की उत्तरी सीमा तक
2. पश्चिम – बिरियाखेड़ी, खेतलपुर एवं सागोद ग्राम की पश्चिमी सीमा तक।
3. दक्षिण – भेरूगढ़, दिलीप नगर, करमदी एवं सलाखेडी ग्राम की दक्षिणी सीमा तक।
4. पूर्वी – सनावदा, हापूखेड़ी, सुराखेड़ी, भाटखेड़ी, बाजनखेड़ा एवं भटूनी ग्राम की पूर्वी सीमा तक।

उपरोक्त अंगीकृत मानचित्र निरीक्षण हेतु निम्नलिखित स्थान पर दिनांक 19.7.1976 से 26.7.1976 तक (छुट्टी के दिनों को छोड़कर) कार्यालयीन समय में उपलब्ध रहेगा।

निरीक्षण का स्थानः–
कार्यालय सहायक संचालक,
नगर एवं ग्रामीण नियोजन
उपक्षेत्रीय कार्यालय, पैलेस मार्ग,
रतलाम

हस्ता.
(व्ही.के. जैन)
संयुक्त संचालक
नगर एवं ग्रामीण नियोजन, इन्दौर

परिशिष्ट 3

मध्यप्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं आवास विभाग
मंत्रालय, भोपाल

आदेश

भोपाल दिनांक 13/01/2021

क्र. एफ–3–04/2021/18–5 राज्य शासन एतद् द्वारा मध्य प्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 17–क (1) के अंतर्गत रतलाम **विकास योजना हेतु मध्यप्रदेश शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग के आदेश क्र. एफ–3–23/2008/बत्तीस** भोपाल, दिनांक **03.03.2008 को निरस्त करते हुये रतलाम विकास योजना पुनर्विलोकन एवं संशोधन हेतु** निम्नानुसार समिति का पुर्नगठन किया जाता है। यह समिति अधिनियम की धारा 17–क (2) में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार कार्य करेगी।

अधिनियम की धारा 17–क(1) की उपधारा	पद/व्यक्ति का नाम	संस्था/पता	समिति में पद
1	2	3	4
(क)	महापौर	नगर निगम, रतलाम	सदस्य
(ख)	अध्यक्ष	जिला पंचायत, रतलाम	सदस्य
(ग)	संसद सदस्य	लोक सभा क्षेत्र, झाबुआ–रतलाम	सदस्य
(घ)	विधायक	विधानसभा क्षेत्र, रतलाम (नगरीय एवं ग्रामीण)	सदस्य
(ड़)	अध्यक्ष	नगर विकास प्राधिकरण/साडा	सदस्य
(च)	अध्यक्ष	जनपद पंचायत, रतलाम	सदस्य
(छ)	1. सरपंच	ग्राम पंचायत बंजली (ग्राम बंजली बरगड़)	सदस्य
	2. सरपंच	ग्राम पंचायत सागौद	सदस्य
	3. सरपंच	ग्राम पंचायत सनावदा	सदस्य
	4. सरपंच	ग्राम पंचायत करमदी	सदस्य
	5. सरपंच	ग्राम पंचायत सालाखेड़ी	सदस्य
	6. सरपंच	ग्राम पंचायत सेजावता	सदस्य
	7. सरपंच	ग्राम पंचायत जड़वासा खुर्द (ग्राम बाजन खेड़ा)	सदस्य
	8. सरपंच	ग्राम पंचायत घटला (ग्राम घटला, भटूनी, बोरवना)	सदस्य
	9. सरपंच	ग्राम पंचायत नगरा (हापूखेड़ी, सुराखेड़ी, भाटखेड़ी)	सदस्य
(ज)	10. प्रतिनिधि	कलेक्टर, जिला रतलाम	सदस्य
	11. प्रतिनिधि	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, रतलाम	सदस्य
	12. प्रतिनिधि	कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, रतलाम	सदस्य
	13. प्रतिनिधि	महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र, रतलाम	सदस्य
	14. प्रतिनिधि	इंस्टिट्यूट ऑफ टाउन प्लानर्स इंडिया,	सदस्य
	15. प्रतिनिधि	इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियर्स इंडिया,	सदस्य
	16. प्रतिनिधि	कौंसिल ऑफ आर्किटेक्चर,	सदस्य
(झ)	समिति संयोजक	संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, उज्जैन म.प्र.	संयोजक

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार
हस्ता/–
(डॉ. शुभाशीष बैनर्जी)
उप सचिव

परिशिष्ट 4

मध्यप्रदेश शासन
आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय
आदेश

भोपाल, दिनांक 20 जनवरी 1998

क्र. एफ–3/130/32/97 राज्य शासन एतद् द्वारा मध्यप्रदेश के जिन विभिन्न नगरों की विकास योजनायें अनुमोदित है, कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु क्रियान्वित की जाने वाली संस्थाओं से समन्वय एवं पर्यवेक्षण के लिये निम्नानुसार "नियोजन एवं पर्यवेक्षण" समिति का गठन करता है :–

1.	संभागीय मुख्यालय के नगरों हेतु संबंधित संभागायुक्त तथा जिला मुख्यालय एवं अन्य नगरों हेतु संबंधित कलेक्टर	अध्यक्ष
2.	नगर तथा ग्राम निवेा का संबंधित क्षेत्रीय/उपक्षेत्रीय अधिकारी	सदस्य
3.	म.प्र. गृह निर्माण मंडल का उपायुक्त/कार्यपालन यंत्री	सदस्य
4.	संबंधित आयुक्त, नगर पालिक निगम/मुख्य कार्यपालन अधि.न.पालिका	सदस्य
5.	लोक निर्माण विभाग का संबंधित अधीक्षण यंत्री/कार्यपालन यंत्री	सदस्य
6.	लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का संबंधित अधीक्षण/कार्यपालन यत्री	सदस्य
7.	म.प्र. विद्युत मंडल का संबंधित अधीक्षण यंत्री/कार्यपालन यंत्री	सदस्य
8.	(अ) संबंधित प्राधिकरण अथवा विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण का मुख्य कार्यपालन अधिकारी (जिन नगरों में प्राधिकरण अथवा विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण स्थापित है)	सदस्य सचिव
	(ब) संबंधित आयुक्त नगर निगम/मुख्य नगर पालिका अधिकारी जिन नगरों में प्राधिकरण अथवा विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण स्थापित नहीं है)	सदस्य सचिव

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार
हस्ता/–
(जी.व्ही. उपाध्याय)
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन, आवास एवं पर्यावरण
विभाग

परिशिष्ट 5

मध्यप्रदेश शासन
आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय

संशोधन

भोपाल, दिनांक 12 अगस्त 1998

क्र. एफ–3/55/32/98 राज्य शासन एतद् द्वारा नगरों की अनुमोदित विकास योजनाओं के क्रियान्वयन एवं क्रियान्वित की जाने वाली संस्थाओं के समन्वय एवं पर्यवेक्षण हेतु इस विभाग के आदेश क्रमांक एफ–3/130/32/97 दिनांक 20–1–1998 द्वारा संभागायुक्त/कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित "नियोजन एवं पर्यवेक्षण समिति" में निम्नानुसार आंशिक संशोधन करता है :–

(1) समिति में निम्नलिखित भी सदस्य के रूप में शामिल किये जाते हैं :–

1. सांसद, संबंधित क्षेत्र
2. अध्यक्ष, संबंधित विकास प्राधिकरण
3. अध्यक्ष, संबंधित जिला पंचायत
4. अध्यक्ष, संबंधित नगर पालिक निगम
5. अध्यक्ष, संबंधित नगर पालिका
6. अध्यक्ष, संबंधित नगर पंचायत

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार
हस्ता/–
(जी.व्ही. उपाध्याय)
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन, आवास एवं पर्यावरण
विभाग